2.1

कृष्णदास संस्कृत सीरीज 91

श्रीभट्टोजिदीक्षितविरचिता

प्रौढमनोरमा

[श्रीहरिदीक्षितविरचित 'लघुशब्दरत्न' विभूषित]

सविमर्श 'भावप्रकाशिका' 'भावबोधिनी'

संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेता

(पञ्चसन्धिपर्यन्ता)

व्याख्याकारः सम्पादकश्च

डॉ. जयशङ्करलाल त्रिपाठी

चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

Name Pankaj Parsai - Shastri I year
नाम - पंकज परसाई

~~नाम जितेन्द्र द्विवेदि~~

~~कक्षा उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष~~
~~द्वितीय वर्ष~~

जितेन्द्र द्विवेदी

कृष्णदास संस्कृत सीरीज

९१

❀❀❀❀

म० म० श्रीभट्टोजिदीक्षितविरचिता

प्रौढमनोरमा

म० म० श्रीहरिदीक्षितकृत-

लघुशब्दरत्नेन व्याख्यानेनालङ्कृता

सा च सविमर्श 'भावप्रकाशिका' 'भावबोधिनी'

संस्कृतहिन्दीव्याख्याद्वयोपेता

[पञ्चसन्धिपर्यन्ता]

व्याख्याकारः सम्पादकश्च

डॉ० जयशङ्कर लाल त्रिपाठी

व्याकरणाचार्यः (लब्धस्वर्णपदकः), एम० ए०, पी-एच्० डी०, डी० लिट्०

रीडर, संस्कृत-विभागः, कलासङ्कायः,

काशी हिन्दू विश्वविद्यालयः, वाराणसी

कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

प्रकाशक : कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी
संस्करण : पुनर्मुद्रित सम्बत् २०५९, सन् २००२
मूल्य : १००.००

ISBN : 81 - 218 - 0026 - 9

पोस्ट बॉक्स नं० १११८
के. ३७/११८, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास, वाराणसी-२२१ ००१ (भारत)
फोन : ३३५०२०
e-mail : cssoffice@satyam.net.in

अपरं च प्राप्तिस्थानम्

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस

पुस्तक प्रकाशक एवं वितरक
पोस्ट बॉक्स नं० १००८, के. ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
वाराणसी-२२१ ००१ (भारत)
फोन : ३३३४५८ (आफिस), ३३४०३२ एवं ३३५०२० (आवास)
e-mail : cssoffice@satyam.net.in

KRISHNADAS SANSKRIT SERIES

89

PRAUDHAMANORAMĀ

OF

M. M. BHATTOJI DISHITA

With

'LAGUSHABDARATNA' COMMENTARY

By

Pt. Shree Hari Dikshita

[Pancha-Sandhyanta]

Edited With

Bhāvaprakāśikā and **Bhāvabodhinī**

Sanskrit-Hindi Commentaries

By

Dr. Jaya Shankar Lal Tripathi

M. A., Acharya (Goldmedalist), Ph. D., D. Litt.

Reader, Department of Sanskrit, Faculty of Arts

Banaras Hindu University, Varanasi

KRISHNADAS ACADEMY

VARANASI

Publisher : Krishnadas Academy, Varanasi.
Printer : Chowkhamba Press, Varanasi.

Oriental Publishers & Distributors
Post Box No. 1118
K. 37/118, Gopal Mandir Lane
Varanasi-221 001
Phone : 335020
e-mail : cssoffice@satyam.net.in

Also can be had from

CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE
K. 37/99, Gopal Mandir Lane
Near Golghar (Maidagin)
Post Box No. 1008, Varanasi-221 001 (India)
Phone : Off. 333458, Resi. : 334032 & 335020
e-mail : cssoffice@satyam.net.in

सम्पादकीय

संस्कृत भाषा और उसका व्याकरण विश्व में सर्वोत्कृष्ट है। इसमें महान् वैयाकरण पाणिनि का योगदान सर्वाधिक है। लाघवप्रिय पाणिनि ने अपने व्याकरणसूत्रों में प्रत्येक वर्ण सुचिन्तित और सप्रयोजन रखा है। इसीलिए सूत्रशैली के आचार्यों में पाणिनि का स्थान सर्वोपरि है। पाणिनि ने संस्कृत का विशाल वाङ्मय, इसी शैली के केवल चार सहस्र सूत्रों से; नियन्त्रित करने में अद्भुत सफलता प्राप्त की है। परन्तु उनकी इस सूत्र-शैली से अध्येताओं के लिए कुछ जटिल समस्यायें भी उपस्थित हो गयीं। इसका अनुभव स्वयं पाणिनि ने भी किया था। इसीलिये इन्होंने अपने सूत्रों पर स्वोपज्ञ वृत्ति भी लिखी थी।

आचार्य पाणिनि के उत्तरवर्ती आचार्य कात्यायन और पतञ्जलि जैसे मेधावी विद्वानों के प्रयास के फलस्वरूप पाणिनीय व्याकरण पल्लवित, पुष्पित होता हुआ सुप्रतिष्ठित हो गया। इन 'मुनित्रय' के आगे प्राचीन समस्त वैयाकरणों के कार्य समाप्तप्राय हो गये। अपने उत्कर्ष के चरम शिखर पर पहुँचने के लिए समय समय पर इसके अध्ययन-अध्यापन की पद्धतियों में परिवर्तन भी होते रहे। कभी अष्टाध्यायीक्रमानुसारी पद्धति लोकप्रिय थी तो कभी प्रतिपद शास्त्रार्थपरक प्रक्रियाक्रमानुसारी पद्धति। द्वितीय पद्धति की उद्भावना का श्रेय यद्यपि धर्मकीर्ति को दिया जाता है, परन्तु इसका प्रौढ, उपयोगी और परिपूर्ण रूप प्रदान करने की यशः प्राप्ति के अधिकारी नव्य वैयाकरण-शिरोमणि भट्टोजिदीक्षित ही हैं।

दीक्षित ने महाभाष्य का गम्भीर अध्ययन और प्रचुर अभ्यास किया था। फलस्वरूप भाष्यविरुद्ध किसी मत को सहन करना इनके लिए असह्य था। यदि इनके पूज्य गुरु शेषकृष्ण का भी कोई कथन भाष्यविरुद्ध प्रतीत हुआ तो उसकी भी समालोचना करने में इन्होंने संकोच नहीं किया। इन्होंने पहले सूत्रों के विशद व्याख्यान के रूप में 'शब्दकौस्तुभ' नामक ग्रन्थ की रचना की थी। बाद में व्यावहारिक उपयोगिता देखकर प्रक्रिया-क्रमानुसारी लक्ष्यसिद्धिप्रधान विवेचन करने के लिये 'वैयाकरण-सिद्धान्त-कौमुदी' की रचना की। इसकी रचना से एक नया युग ही प्रतिष्ठित होने लगा। इन्होंने पूर्ववर्ती विद्वानों के भ्रामक मत देखे। उनका खण्डन और

सिद्धान्तकौमुदी में अप्रदर्शित उपयोगी विचारों को प्रस्तुत करने के लिए 'सिद्धान्त-कौमुदी' की टीका के रूप में **'प्रौढमनोरमा'** नामक ग्रन्थ की रचना की। इसे पढ़कर विद्वानों में व्याकुलता छा गयी। कारण स्पष्ट था—अपने गुरुसहित प्राचीन विभिन्न आचार्यों के अपवक्तव्यों का प्रबल खण्डन। परिणाम यह हुआ कि दो दल बन गये—१. दीक्षित-विरोधी और २. दीक्षित-समर्थक। दोनों दलों के विद्वानों की ओर से खण्डनमण्डनपरक अनेक ग्रन्थ लिखे जाने लगे।

दीक्षित के पौत्र हरिदीक्षित ने भी अपने पितामह के सदृश महाभाष्य का गंभीर अध्ययन और अभ्यास करके प्रौढ पाण्डित्य अर्जित किया था। इन्होंने अपने समक्ष उपस्थित 'प्रौढमनोरमा' के खण्डनमण्डनपरक समस्त ग्रन्थों का परिशीलन करके प्रतिपक्षियों के विरोध के रूप में प्रौढमनोरमा का **'बृहच्छब्दरत्न'** नामक व्याख्यान लिखा। इसके वाद अपने शिष्य नागेश भट्ट के सहयोग से **'लघुशब्दरत्न'** नामक दूसरा व्याख्यान लिखा। इन व्याख्यानों की गम्भीरता सर्वविदित है।

इस प्रकार 'सिद्धान्तकौमुदी' की टीका 'प्रौढमनोरमा' और इसकी टीका 'लघुशब्दरत्न' विद्वानों में प्रतिष्ठित हो गयीं। परन्तु इन टीकाओं की कठिनता का अनुभव सभी कर रहे थे। अतः नागेश के साक्षात् शिष्य वैद्यनाथ पायगुण्डे ने 'लघुशब्दरत्न' पर 'भावप्रकाश' नामक अति उपयोगी व्याख्या लिखी। कुछ समय पश्चात् उसी परम्परा के दूसरे काशीस्थ विद्वान् भैरव मिश्र ने 'भैरवी' नामक उत्कृष्ट व्याख्या लिखी। इन दोनों का महत्त्व सर्वविदित है।

उपर्युक्त दोनों व्याख्यायें अति गम्भीर और विशद हैं। उनमें प्रमुख रूप से शब्दरत्न का ही व्याख्यान किया गया है। यत्र तत्र 'प्रौढमनोरमा' का भी व्याख्यान है।

आज के अध्येता के समक्ष कई समस्यायें हैं। प्राचीन काल के समान रटने और अभ्यास करने की परम्परा शनैः शनैः लुप्त होती जा रही है। अतः मूल, टीका और प्रटीका समझ सकना उसकी शक्ति से बाहर हो रहा है। प्राचीन व्याख्याओं की प्रौढता प्रसिद्ध है। अतः एक ऐसी सरल, सीधी-सादी, और उपयोगी अंशमात्र की संस्कृत-व्याख्या की अपेक्षा थी जो आधुनिक छात्रों की आवश्यकता के अनुरूप हो। इस उद्देश्य से यह **'भावप्रकाशिका'**-संस्कृत-व्याख्या लिखी गई है। इसमें 'सिद्धान्तकौमुदी' के उन अंशों को भी उद्धृत किया गया है जिनमें से प्रतीक लेकर

'प्रौढमनोरमा' व्याख्या लिखी गयी है। इस व्याख्या में 'प्रौढमनोरमा' और 'लघुशब्दरत्न' दोनों के व्याख्येय अंश स्पष्ट किये गये हैं। ऐसा प्रथमतः ही किया जा रहा है। जिन विषयों की स्पष्टता के लिए शास्त्रीय पारिभाषिक शब्दावली अपेक्षित थी, वहाँ उसका आश्रयण किया गया है। अब इसकी उपयोगिता का निर्णय छात्र और निर्मत्सर विद्वान् ही करेंगे।

सम्प्रति संस्कृत-अध्ययन-अध्यापन की दुरवस्था से सभी संस्कृतज्ञ परिचित हैं। शास्त्रों की रक्षा और शास्त्रीय ज्ञान-प्रसार की महती आवश्यकता है। अन्य विषयों के समान व्याकरणशास्त्र का अध्येता भी हिन्दी-व्याख्या चाहता है क्योंकि उससे श्रम और समय दोनों की बचत होती है।

विगत अनेक वर्षों से अध्ययन-अध्यापन और लेखन में व्यापृत रहते हुए मेरे मन में यह संकल्प उठा कि संस्कृत-व्याकरण के उपयोगी, प्रसिद्ध और कठिन ग्रन्थों की हिन्दी-व्याख्या लिखूँ। कार्य जटिल है। फिर भी, यथाशक्ति प्रयास करके 'महाभाष्यपस्पशाह्निक' 'परमलघुमञ्जूषा', 'काशिकावृत्ति' की हिन्दी व्याख्या प्रकाशित करने के बाद अब 'प्रौढमनोरमाशब्दरत्न' की 'भावबोधिनी' हिन्दी-व्याख्या प्रकाशित की जा रही है।

'भावबोधिनी' हिन्दी व्याख्या में मूलग्रन्थ के अभिप्राय को अधिक से अधिक स्पष्ट करने का पूर्ण प्रयास किया गया है। सामान्य अनुवाद से जहाँ आशय स्पष्ट नहीं हो सका है वहाँ कोष्ठकों में अतिरिक्त अंश जोड़ा गया है। इसमें सबसे बड़ी विशेषता है प्रतीकों के माध्यम से व्याख्या करना। इसमें तीन प्रतीकों का उपयोग किया गया है—[सि०कौ०], [मनो०], [शब्द०]। सामान्य व्याख्या से जो अंश स्पष्ट नहीं हो सके उन्हें अच्छी प्रकार समझाने के लिए 'विमर्श' के अन्तर्गत विशद प्रतिपादन है। इस प्रकार इस हिन्दी-व्याख्या से जिज्ञासु छात्र अधिक से अधिक लाभान्वित होंगे, ऐसी आशा है।

प्रस्तुत दोनों व्याख्यायें लिखने में वैद्यनाथ की 'भावप्रकाश', भैरव मिश्र की 'भैरवी', पं० गोपालशास्त्री नेने और पं० सभापति शर्मोपाध्याय की टिप्पणियों से सहायता ली गयी है। अतः इन विद्वानों की अधमर्णता हृदय से स्वीकार है। इस प्रसङ्ग में पूज्य गुरुवर प्रो० पं० मुरलीधर मिश्र, प्रो० पं० भूपेन्द्रपति त्रिपाठी और प्रो० पं० कालिकाप्रसाद शुक्ल (सभी-भूतपूर्व व्याकरण-विभागाध्यक्ष, सं० सं० वि० वाराणसी) के चरणों में

अपनी भक्ति श्रद्धा व्यक्त करता हूँ क्योंकि उनके आशीर्वाद से इस कार्य को सम्पादित करने की शक्ति प्राप्त हो सकी।

प्रो० डा० विश्वनाथ भट्टाचार्य, संस्कृत-विभाग, काशी हिन्दू विश्व-विद्यालय, वाराणसी ने इस ग्रंथ के लेखन और सम्पादनकार्य में अनेक उपयोगी परामर्श दिये, एतदर्थ उनका हृदय से आभारी हूँ।

मेरे विभागीय मित्र डा० सुधाकर मालवीय ने इसके प्रकाशन में सदैव अपेक्षित सहयोग प्रदान किया। अतः उनको हार्दिक धन्यवाद प्रदान करता हूँ।

आज इस महर्घता के युग में विशाल ग्रंथों का प्रकाशन सबके वश की बात नहीं है। अतः इस ग्रन्थ को सुन्दर रूप में प्रकाशित करने के लिये 'चौखम्बा संस्कृत सीरीज' और 'कृष्णदास अकादमी' के संचालक-गण विशेषरूप से धन्यवाद के पात्र हैं।

पूर्ण प्रयास करने पर भी यत्र तत्र सामान्य त्रुटियाँ रह जाना स्वाभाविक है, विद्वज्जन उन्हें सुधार कर अनुगृहीत करेंगे।

विनयावनत

विजयादशमी —जयशङ्करलाल त्रिपाठी

१९४३

विषयानुक्रमणी

सशब्दरत्न-प्रौढमनोरमा

पृष्ठाङ्काः

संज्ञाप्रकरणम्

हल्सन्धि-प्रकरणम्

विसर्गसन्धिप्रकरणम्

स्वादिसन्धिप्रकरणम्

अशुद्धि-पत्रम्

प्रौढमनोरमायाम्

पृष्ठः	पङ्क्तिः	अशुद्धिः	शुद्धिः
२१	३	ब्रह्मण	ब्राह्मण

५३	१	प्रत्यय	प्रत्ययो
५८	३	स्ज्ञायाः	संज्ञायाः
७५	१	विनव	विनैव
७५	२	काय	कार्यं
१२२	४	स्वाराणो	स्वराणो
१९१	३	प्रामाणिक	प्रामाणिकैः
१९८	१	द्यो	द्यौः
२०१	२	इण न	इण् न
२१७	२	लापे	लोपे
२७९	४	तवव	तवैव
२९१	१	उपगर्ग	उपसर्गं
३३२	४	प्लुतगृह्या	प्लुतप्रगृह्या
३५०	१	त्प्रयुक्ताः	प्रत्युक्ताः
३५२	२	चत्वस्य	चत्वंस्य
३७६	४	द्वतम्	द्वैतम्
३९६	२	नकवचनम्	नैकवचनम्
४१६	५	ग्नहणम्	ग्रहणम्

शब्दरत्ने

७	१	पुमक्ह	पुमक्ह्
३७	६	ङ्गत्यापत्तेः	सङ्गत्यापत्तेः
४६	२	० मर्शसम्भवे	० मर्शासम्भवे
५६	४	त्यादिति	त्यादीति
८२	१	जसघुः प्त्वात्	जसः सुप्त्वात्
११४	२	त्येतत्	इत्येतत्
१२२	३	स्थितिति	स्थितमिति
१८९	६	पत्तो ।	पत्तौ
३१७	३	वै लिक	वैकल्पिक
३३८	१०	० स्वारप्राप्तिः	० स्वाराप्राप्तिः

भावप्रकाशिकायाम्

११	७	त्यस्यवृत्त्येति	त्यस्यावृत्त्येति
१२	४	सो	स
७०	५	बहुहिरिति	बहुव्रीहिरिति
७७	१६	:व्यवहिन्यते	व्यवह्रियन्ते

९६	१	वर्णाना माम्य०	वर्णानामाम्य०
९७	७	सामान्य=शास्त्र	सामान्य-शास्त्र
१०४	१३	सरकार०	सकार०
१५१	११	इत्यर्थक सद्वित्व	इत्यर्थकसद्वित्व
१५४	४	स्थनाशब्देति	स्थानशब्देति
१७७	२३	प्रथमाध्ययस्थ	प्रथमाध्यायस्थ
१७८	२	बोधोपकारकारत्व	बोधोपकारकत्व
१७८	४	निवेशानाधि०	निवेशेनाधि०
२०२	२०	तनेति	तेनेति
२०८	२	रेफषकाभ्यां	रेफषकाराभ्यां
२०८	१२	इकार	ईकार
२०८	१४	मग्रिमं	मग्रिमं
२१२	९	एञ्चेति	एवञ्चेति
२१७	२	सो	स
२४०	२	तस्येव	तस्यैव
२५५	७	सङ्गतित	सङ्गतिरतः
२५९	४	पाणिनिणा	पाणिनिना
३७६	६	परमेट्ति	परमाट्ति

भावबोधिन्याम्

१६	१	न 'विभक्तौ'	'न-विभक्तौ'
१८	२०	पदार्थं	परार्थं
२६	२१	अन्तर्भाव	अन्तर्भाव करके
४९	१८	लाभ	सूत्र से भी लाभ
५०	१६-१७ पंक्तियों की हिन्दी को १–२ पंक्तियों की हिन्दी समझ कर प्रारम्भ में ही पढ़ना चाहिये—"प्रायिक है अतः असंज्ञा में भी.... दाय—घजन्त हैं।..."		
९२	१५	नपुंक	नपुंसक
१०३	१०	दर्शनाभाभाव	दर्शनाभावाभाव
२५४	६	क्योंकि	[मनो०] क्योंकि
२७३	२	दूसरा वह	वह दूसरा
२७३	१५	क्योंकि षष्ठ कहना चाहिए	कहना चाहिए क्योंकि षष्ठ
२७७	१०	जिघाययिषति	जिघाययिषति
२९५	६	एको	इको

भूमिका

संस्कृतव्याकरण की प्राचीनता और महत्ता

भाषा के सूक्ष्म चिन्तन का सर्वप्रथम गौरव यदि किसी देश को प्राप्त है तो वह है भारतवर्ष। हमारे मनीषियों ने अति प्राचीन काल से ही शब्दतत्त्व के विषय में सोचना प्रारम्भ कर दिया था। उन्होंने भाषा और शब्द की विभिन्न अवस्थाओं पर विचार किया था। इसका स्पष्ट प्रमाण है यहाँ का विशाल व्याकरण-साहित्य। पतञ्जलि ने अपने भाष्य में एक उपाख्यान का संकेत किया है। उसके अनुसार बृहस्पति ने इन्द्र को प्रतिपद अन्वाख्यान करते हुये शब्दों का अनुशासन किया था[1]। किन्तु उस पद्धति के द्वारा अध्यापन और अध्ययन में प्रश्नवाचक चिन्ह पतञ्जलि ने लगा दिया था। कारण स्पष्ट था कि उस पद्धति में अत्यधिक विस्तार था। अतः सामान्य मनुष्य के लिये वह सम्भव नहीं थी।[2]

कालान्तर में इस दिशा में चिन्तन करते हुए विद्वानों ने एक नयी पद्धति का आविष्कार किया। इसके अनुसार प्रत्येक शब्द पर विचार न करके कुछ सामान्य और कुछ अपवाद नियम बनाकर शब्दानुशासन पर महत्त्व दिया जाने लगा।[3] इस पद्धति का आश्रयण आचार्य पाणिनि ने अपने ग्रन्थ अष्टाध्यायी में सर्वत्र किया है। परन्तु पाणिनि ही प्रथम आचार्य नहीं थे। इनसे पूर्व भी अनेक आचार्य हो चुके थे। उनका संकेत या स्पष्ट उल्लेख स्वयं पाणिनि ने किया है।[4] उनमें कुछ आचार्यों के सम्प्रदाय भी प्रचलित थे।

---

१. एवं हि श्रूयते—बृहस्पतिरिन्द्राय दिव्यं वर्षसहस्रं प्रतिपदोक्तानां शब्दानां शब्दपारायणं प्रोवाच, नान्तं जगाम। म० भा० परस्पशा०

२. तस्मादनभ्युपायः शब्दानां प्रतिपत्तौ प्रतिपदपाठः। पस्पशा०

३. किञ्चित् सामान्यविशेषवल्लक्षणं प्रवर्त्यं येनाल्पेन यत्नेन महतो महतः शब्दौघान् प्रतिपद्येरन्। पस्पशा०

४. आपिशलि (पा० सू० ६।१।९२), काश्यप (पा० सू० १।२।२५), गार्ग्य (पा० सू० ८।३।२०), गालव (पा० सू० ८।४।६७), चाक्रवर्मण (पा० सू० ६।१।१३०), भारद्वाज (पा० सू० ७।२।६३), शाकटायन (पा० सू० ८।४।५०) शाकल्य (पा० सू० ८।३।१९), सेनक (पा० सू० ५।४।११२), स्फोटायन (पा० सू० ६।१।१२३)।

व्याकरणशास्त्र की प्राचीनता वैदिक काल से ही प्रतीत होती है। पाणिनीय व्याकरण में प्रयुक्त कुछ संज्ञाओं का स्पष्ट उल्लेख गोपथ-ब्राह्मण में है।[१] इसके अतिरिक्त रामायण[२], महाभारत[३], निरुक्त,[४] महाभाष्य[५] और काशिका आदि के उल्लेखों से व्याकरण शास्त्र की प्राचीनता स्पष्ट है। जिस समय से वेदाङ्गों की सत्ता बनी तब से व्याकरण का अस्तित्व मानना आवश्यक है। पतञ्जलि ने महाभाष्य में एक वचन उद्धृत करके षडङ्ग-सहित व्याकरण का अध्ययन ब्राह्मण का कर्तव्य बताया है—"ब्राह्मणेन निष्कारणो धर्मः षडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्चेति।"

विविध व्याकरण-सम्प्रदाय

ऊपर यह संकेत किया जा चुका है कि आचार्य पाणिनि के पहले भी अनेक व्याकरण-सम्प्रदाय सत्ता में थे। कहीं आठ[६] और कहीं नौ[७] व्याकरण-सम्प्रदायों का उल्लेख है। जो सम्प्रदाय विशेष प्रतिष्ठित हो सके उनमें 'ऐन्द्र' और 'शैव' प्रधान माने जाते हैं। ऐन्द्र व्याकरण अतिविशाल था। उसकी तुलना में पाणिनि का व्याकरण बहुत छोटा[८] है। पाणिनीय व्याकरण 'शैव' सम्प्रदाय का प्रतिनिधि है।

१. आचार्य पाणिनि

पाणिनि के समान दूसरा वैयाकरण विश्व में नहीं हुआ है। इनके समक्ष संस्कृत का विशाल वाङ्मय उपस्थित था। विभिन्न स्थानों पर प्रयुक्त शब्दों के

---

१. ओंकारं पृच्छामः—को धातुः, किं प्रातिपदिकम्, किं नामाख्यातम्.........।
गो० ब्रा० पू० १।२४
२. नूनं व्याकरणं कृत्स्नमनेन बहुधा श्रुतम्। वाल्मीकि कि० कां० ३।२९
३. सर्वार्थानां व्याकरणाद् वैयाकरण उच्यते।
तन्मूलतो व्याकरणं व्याकरोतीति तत्तथा॥ महाभा० उ० प० ४३।६१
४. नामाख्याते चोपसर्गनिपाताश्चेति वैयाकरणाः। निरुक्त १३।२
५. पुराकल्पे एतदासीत्...... । म० भा० पस्पशा०।
६. इन्द्रश्चन्द्रः काशकृत्स्नापिशली शाकटायनः।
पाणिन्यमरजैनेन्द्राः जयन्त्यष्टादिशाब्दिकाः॥ कविकल्पद्रुम
७. ऐन्द्रं चान्द्रं काशकृत्स्नं कौमारं शाकटायनम्।
सारस्वतं चापिशलं शाकल्यं पाणिनीयकम्॥ श्रीतत्त्वविधि
८. (क) समुद्रवद् व्याकरणं महेश्वरे, तदर्धकुम्भोद्धरणं बृहस्पतौ।
तद्भागभागाच्च गतं पुरन्दरे कुशाग्रबिन्दूत्पतितं हि पाणिनौ॥ सारस्वतभाष्य
(ख) यान्युज्जहार माहेन्द्राद् व्यासो व्याकरणार्णवात्।
पदरत्नानि किं तानि सन्ति पाणिनिगोष्पदे॥ देवबोध

रूपों और उनके अर्थों में भी कहीं-कहीं अन्तर था।[1] प्राचीन आचार्यों के शब्दानुशासन भी विद्यमान थे। इन सभी का अध्ययन और चिन्तन करना आवश्यक था। पाणिनि ने अपनी विलक्षण लोकोत्तर प्रतिभा से इस दिशा में अति प्रशंसनीय कार्य किया। उन्होंने प्राचीन नियमों की अनावश्यकता देखकर उन्हें समाप्त किया[2]। नयी कल्पनायें कीं। स्वर आदि के महत्व को समझ कर विभिन्न प्रत्ययादि की कल्पना की।[3] यही नहीं, विभिन्नदेशीय शब्दों के विषय में भी नियम स्थिर करने का प्रयास किया।[4] इन सबके फलस्वरूप इन्होंने एक सर्वाङ्गीण व्याकरण प्रस्तुत करने में आशातीत सफलता प्राप्त की। इनके व्याकरण की व्यापकता; गम्भीरता, सूक्ष्मता और उपयोगिता देखकर भारत के ही नहीं, अपितु विश्व के समीक्षक नतमस्तक हो जाते हैं।[5]

पाणिनि का देश (जन्मस्थान)–

यह दुःख का विषय है कि इस महान् आचार्य के देश (जन्मस्थान) के बारे में विद्वान् एकमत नहीं हो सके हैं। त्रिकाण्डशेष-कोष में इनका एक नाम 'शालातुरीय' दिया गया है। इस शब्द की व्याख्या करते हुये जैन विद्वान् वर्धमान ने गणरत्नमहोदधि में यह लिखा है—

"शालातुरो नाम ग्रामः। सोऽभिजनोऽस्यातीति शालातुरीयस्तत्रभवान् पाणिनिः।"[6]

---

१. एतस्मिंश्चातिमहति शब्दस्य प्रयोगविषये ते ते शब्दास्तत्र तत्र नियतविषया दृश्यन्ते।······म० भा० पस्पशा०

२. प्रधानप्रत्ययार्थवचनमर्थस्यान्यप्रमाणत्वात्। पा० सू० १।२।५३। कालोपसर्जने च तुल्यम्। पा० सू० १।२।५७

३. (क) 'च्लि लुङि।' चकारः स्वरार्थः। काशिका ३।१।४३। (ख) 'च्लेः सिच्।' चकारः स्वरार्थः। काशिका ३।१।४४। (ग) 'कर्त्तरि शप्' पकारः स्वरार्थः। काशिका ३।१।६८

४. एङ् प्राचां देशे १।१।७५। उदक् च विपाशः। ४।२।७४। उदीच्यग्रामाच्च बह्वचोऽन्तोदात्तात्। ४।२।१०५। प्राचां कटादेः ४।२।१३९। आदिसूत्रों पर काशिका द्र०।

५. प्रो० मोनियर विलियम्, प्रो० मैक्समूलर, प्रो० कोलब्रुक तथा हण्टर के मत युधिष्ठिर मीमांसक के 'संस्कृत व्याकरण का इतिहास' पृ० २०० में उद्धृत।

६. गणरत्नमहोदधि पृ० १।

'अभिजन' तथा 'निवास' में भेद है—

"अभिजनो नाम यत्र पूर्वैरुषितम्, निवासो नाम यत्र सम्प्रति उष्यते।"[१] अतः पाणिनि के पूर्वज निश्चित रूप से शालातुर रहते थे।

गुप्तशिलालेखों में से बलभी से प्राप्त एक शिलालेख में पाणिनीयशास्त्र को 'शालातुरीय तन्त्र' कहा गया है। चीनी यात्री ह्वेन च्वांग ने भी लिखा है कि उसने पाणिनि की प्रतिमा देखी थी। पं० बलदेव उपाध्याय के अनुसार यह स्थान गान्धार प्रदेश में उद्भाण्ड के समीप 'लहुर' है। उद्भाण्ड को इस समय 'ओहिन्द' कहा जाता है जो सिन्धु तथा काबुल नदियों के संगम पर स्थित है।[२]

पाणिनि का वंश—

पाणिनि के वंश के बारे में अत्यल्प सामग्री उपलब्ध है। महाभाष्य में इनकी पूज्य माता का नाम 'दाक्षी' कहा गया है[३]। ऋक्सर्वानुक्रमणी में छन्दःशास्त्र के प्रवर्तक आचार्य पिङ्गल को पाणिनि का अनुज कहा गया है।[४] लक्ष्यग्रन्थात्मक विशालकाय 'सङ्ग्रह' ग्रन्थ के रचयिता व्याडि को 'दाक्षायण' कहा गया[५] है। इस प्रकार दोनों में कुछ सम्बन्ध अवश्य है। युधिष्ठिर मीमांसक दाक्षायण व्याडि को पाणिनि का मामा (मातुल) मानते हैं[६]। परन्तु पं० बलदेव उपाध्याय ममेरा भाई मानते हैं।[७] उपाध्यायजी का कथन ही तर्कसंगत है क्योंकि दक्ष का पुत्र—दाक्षि और पुत्री दाक्षी। दाक्षि का युवापत्य 'दाक्षायण' होता है। पञ्चतन्त्र के प्रसिद्ध कथन से पाणिनि की मृत्यु सिंह द्वारा हुई थी। (सिंहो व्याकरणस्य कर्तुरहरत् प्राणान् प्रियान् पाणिनेः।)

पाणिनि का काल—

पाणिनि का जन्मकाल अतिविवादग्रस्त है। युधिष्ठिर मीमांसक के अनुसार इनका जन्म उस समय हुआ था जब वैदिक संस्कृत ह्रासोन्मुख थी और लौकिक

---

१. महाभाष्य ४।३।९०
२. द्र० 'संस्कृत शास्त्रों का इतिहास' पृ० ४१८। तथा तुलनीय 'संस्कृत व्याकरण का इतिहास' पृ० १८२।
३. सर्वे सर्वपदादेशा: दाक्षीपुत्रस्य पाणिनेः। म० भा० १।१।२०
४. सं० शा० इतिहास पृ० ४१९।
५. शोभना खलु दाक्षायणस्य संग्रहस्य कृतिः। म० भा० २।३।६६
६. संस्कृतव्याकरण का इतिहास पृ० १७९।
७. मेरी दृष्टि में व्याडि पाणिनि के मातुलतनय प्रतीत होते हैं। सं० शा० इतिहास पृ० ४१९।

संस्कृत विकासोन्मुख। यह समय ईसा से लगभग ३००० वर्ष पूर्व होना चाहिये।[1] दूसरे समीक्षक इतनी प्राचीनता के समर्थक नहीं हैं। वे गौतम बुद्ध के समीपकाल में इनका जन्म मानते हैं। पाणिनि ने 'कुमारः श्रमणादिभिः' (पा० सू० २।१।७०) सूत्र में 'श्रमणा' का उल्लेख किया है। यह बौद्ध संन्यासिनी के लिए प्रयुक्त होता है। अतः पाणिनि बुद्ध से परवर्त्ती प्रतीत होते हैं। अन्य आलोचक इस आधार का खण्डन करते हैं।[2] पाणिनि का एक सूत्र है—'निर्वाणोऽवाते' (पा० सू० ८।२।५०)। काशिका आदि में इसके उदाहरण हैं—"निर्वाणोऽग्निः, निर्वाणो दीपः, निर्वाणो भिक्षुः।" यदि पाणिनि बुद्ध के बाद होते तो बौद्धधर्म में प्रसिद्ध 'निर्वाण' का अर्थ लिखते। रहा 'श्रमणा' का प्रयोग, वह तो ब्राह्मणग्रन्थों में भी मिलता है।[3] अतः शब्दविशेष के आधार पर पाणिनि को बुद्ध के पश्चात् मानना ठीक नहीं है। साथ ही, बुद्धवचन सभी पाली में हैं। यह उस समय बोलचाल की भाषा थी। पाणिनि के अनुसार संस्कृत बोलचाल की भाषा थी। यह भाषा का अन्तर भी पाणिनि की पूर्वकालिकता सिद्ध करता है।

डा० वासुदेव-शरण अग्रवाल ने अपने 'पाणिनिकालीन भारतवर्ष' ग्रन्थ में पाणिनि का समय ई० पू० ५०० वर्ष सिद्ध किया है।

पाणिनि की शिक्षा-दीक्षा—

जैसा कि ऊपर लिखा जा चुका है कि पाणिनि का जन्म 'लाहुर' में हुआ था। अतः उसके समीपवर्त्ती 'तक्षशिला' विद्यापीठ में इनका शिक्षाग्रहण प्रतीत होता है। राजशेखर ने पाटलिपुत्र में पाणिनि की विद्वत्ता की परीक्षा का उल्लेख किया है।[4]

यह प्रसिद्धि है कि प्रारम्भ में पाणिनि मन्दबुद्धि छात्र थे। नित्यप्रति के अपमान से दुःखी होकर इन्होंने देवशक्ति का आश्रय लेना निश्चित किया। और आशुतोष भगवान् शंकर की आराधना में लग गये। दीर्घ तपस्या के बाद भगवान् प्रसन्न हुए

---

१. पाणिनि का काल भारतयुद्ध के २०० वर्ष अर्थात् २९०० विक्रम वर्ष पूर्व है। संस्कृत व्याकरण का इतिहास पृ० १९८।

२. द्र० संस्कृत व्याकरण का इतिहास पृ० १८५-८६ और संस्कृत शास्त्रों का इतिहास पृ० ४१७।

३. 'श्रमण' शब्द बुद्धोपज्ञ है यह सिद्धान्त ही मिथ्या है, क्योंकि ब्राह्मणग्रन्थों में इस शब्द का प्रयोग मिलता है। द्र० शतपथब्राह्मण १४ काण्ड, ७ अध्याय, १ ब्राह्मण, २२ कण्डिका। संस्कृत शास्त्रों का इतिहास पृ० ४१७।

४. श्रूयते च पाटलिपुत्रे शास्त्रकारपरीक्षा—अत्रोपवर्षवर्षाविह पाणिनिपिङ्गलाविह व्याडिः। वररुचिपतञ्जली इह परीक्षिताः ख्यातिमुपजग्मुः। राजशेखर।

और आविर्भूत होकर १४ बार अपना डमरू बजाया। इससे पाणिनि को 'अइउण्' आदि चतुर्दशसूत्री का दर्शन हुआ।[१]

यह चतुर्दशसूत्री पाणिनीय व्याकरण की आधारशिला है। इसकी प्राप्ति की कल्पना में मतभेद हो सकता है परन्तु इसकी उपयोगिता निर्विवाद है। इन सूत्रों के द्वारा पाणिनि ने प्रत्याहार-शैली का विकास किया[२] और दो दो अक्षरों की संज्ञाओं (प्रत्याहारों) से अनेक अर्थों का ज्ञान कराया। इनकी इस कल्पना से प्रसन्न होकर समीक्षकों ने मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है। भाष्यकार पाणिनि की प्रशंसा में लिखते हैं—शोमना खलु पाणिनेः सूत्रस्य कृतिः।[३] आकुमारं यशः पाणिनेः"।[४] इनके अनुसार अष्टाध्यायी में कुछ भी व्यर्थ का नहीं है।[५] इसी प्रकार काशिका आदि में भी अनेक प्रशस्तिवचन मिलते हैं[६]।

पाणिनि के ग्रन्थ—

यद्यपि 'पातालविजय' और 'जाम्बवती-परिणय' ये दो नाटक भी पाणिनि की रचना के रूप में उल्लिखित हैं। परन्तु इनकी उपलब्धि न होने से निश्चित रूप से कुछ भी कह सकना कठिन है।

सम्प्रति इनकी अमरकृति 'अष्टाध्यायी' ही है। इसमें आठ अध्याय हैं। प्रत्येक में चार पाद हैं। प्रत्येक पाद में अनेक सूत्र हैं। इसमें कुल सूत्रों की संख्या चार हजार के लगभग है। ऐसा प्रतीत होता है कि पाणिनि के सूत्र को देखकर ही सूत्र का निम्न लक्षण बनाया गया—

अल्पाक्षरमसन्दिग्धं सारवद् विश्वतोमुखम्।
अस्तोभमनवद्यं च सूत्रं सूत्रविदो विदुः॥

पाणिनीय सूत्रों के निम्न छः भेद किये गये हैं—

संज्ञा च परिभाषा च विधिर्नियम एव च।
अतिदेशोऽधिकारश्च षड्विधं सूत्रमुच्यते॥

---

१. नृत्तावसाने नटराजराजो ननाद ढक्कां नवपञ्चवारम्। नन्दिकेश्वरकारिका १
२. वृत्तिसमवायार्थ वर्णोपदेशः। अनुबन्धकरणार्थश्च। म० भा० पस्पशा०।
३. म० भा० २।३।६६
४. म० भा० १।४।८९
५. (क)...तत्राशक्यं वर्णेनाप्यनर्थकेन भवितुम्। म० भा० १।१।१
   (ख) सामर्थ्ययोगान्नहि किञ्चिदस्मिन् पश्यामि शास्त्रे यदनर्थकं स्यात्। म० भा० ६।१।७७
६. महती सूक्ष्मेक्षिका वर्तते सूत्रकारस्य। काशिका ४।२।७४

पाणिनि ने अपनी अष्टाध्यायी बड़ी वैज्ञानिक रीति से सजायी है। स्वरितत्व-प्रतिज्ञा के द्वारा अनुवृत्ति की कल्पना[1], अधिकार[2] सूत्रों की कल्पना और पौर्वापर्य[3] सोच कर तत्तत्कार्य विहित करने के लिए सूत्रों का उपन्यास करना—आदि ऐसी विशेषतायें है जिनसे पाणिनि की विलक्षण प्रतिभा का ज्ञान होता है।

२. आचार्य कात्यायन

पाणिनि ने अपने समय में विद्यमान संस्कृत-साहित्य और प्रयुज्यमान भाषा के शब्दों के विषय में नियम बनाये थे। बोलचाल में प्रयुक्त होने के कारण कुछ नवीन शब्दों का प्रचलन, प्रचलित शब्दों के रूप और अर्थ मे कुछ परिवर्तन स्वाभाविक था। अब इनके साधुत्व के उपपादन की समस्या थी। लोगों ने इस विषय में चिन्तन किया होगा परन्तु उसका कोई विवरण नहीं मिलता है। सम्प्रति आचार्य कात्यायन का ही ज्ञान होता है। इन्होंने पाणिनि के समान सूक्ष्मता को मानकर वार्त्तिकों का प्रणयन किया। इन्होंने उन शब्दों के बारे में नियम प्रतिपादित किये जो पाणिनि के समय में नहीं थे अथवा उनकी दृष्टि में नहीं आ सके थे।

ये बड़े मेधावी प्रतीत होते हैं। इन्होंने पाणिनि जैसे प्रतिभा-सम्पन्न आचार्य के मतों की समीक्षा करने का साहस किया। और पर्याप्त सीमा तक इन्हें सफलता भी मिली। इनके वार्त्तिकों को देखकर ही वार्त्तिक का लक्षण बनाया गया।

उक्तानुक्तदुरुक्तानां चिन्ता यत्र प्रवर्त्तते।
तं ग्रन्थं वार्तिकं प्राहुः वार्त्तिकज्ञाः मनीषिणः॥

यह खेद का विषय है कि इस महान् आचार्य के विषय में हम सर्वथा अज्ञान में हैं। इन्हें पाणिनि से उत्तरवर्त्ती माना जाता है। यदि पाणिनि की न्यूनतम सीमा ई० पू० ५०० वर्ष है तो कात्यायन की ई० पू० ३०० वर्ष।

इनके देश आदि का भी कोई ज्ञान नहीं होता है। महाभाष्य में इन्हें दाक्षिणात्य कहा गया है।[4] ऐसा कहा जाता है कि कात्यायन ने सूत्रकार की आलोचना की है और भाष्यकार ने कात्यायन की।

---

१. प्रतिज्ञानुनासिक्याः पाणिनीयाः॥ 'उपदेशेऽज्०' १।३।२ पर सि० कौ०

२. स्वरितेनाधिकारः। पा० सू० १।३।११ पर काशिका—"स्वरितेनेति 'इत्थम्भूतलक्षणे' तृतीया। स्वरितो नाम स्वरविशेषो वर्णधर्मः, तेन चिन्हेन अधिकारो वेदितव्यः। अधिकारो विनियोगः। स्वरितगुणयुक्तं शब्दरूपमधिकृतत्वादुत्तरत्रोपतिष्ठते।"

३. विप्रतिषेधे परम्। पा० सू० १।४।२। पूर्वत्रासिद्धम्। पा० सू० ८।२।१

४. प्रियतद्धिता दाक्षिणात्याः। म० भा० पस्पशा०।

कात्यायन के अतिरिक्त आचार्य १. सुनाग, २. भारद्वाज, ३. क्रोष्टा, तथा ४. वाडव के भी कुछ वार्तिक मिलते हैं[1]। कुछ विद्वानों द्वारा प्रयास किये जाने पर भी आज तक वार्तिकों के विषय में अपेक्षित ज्ञान सम्भव नहीं हो सका है। महाभाष्य ही इस विषय में आधार माना जाता है।

३. आचार्य पतञ्जलि

पाणिनि तथा कात्यायन दोनों आचार्यों ने अपने मत सूत्र (संक्षिप्त) रूप में व्यक्त किये हैं। उनकी व्याख्या की आवश्यकता का अनुभव स्वयं पाणिनि ने भी किया था। इसीलिए सूत्रों को स्वोपज्ञ वृत्ति भी लिखी थी[2]। किन्तु वह आजकल उपलब्ध नहीं है। सूत्रों की अपेक्षित व्याख्या प्रस्तुत करने का श्रेय आचार्य पतञ्जलि को है। इन्होंने अपने महाभाष्य में रोचक, सुबोध किन्तु गम्भीर शैली में व्याकरणशास्त्रीय पदार्थों का प्रतिपादन किया है। इन्होंने सूत्रों पर लिखे गये वार्त्तिकों को साथ में लेकर उन दोनों की विस्तृत समीक्षात्मक व्याख्या लिखी है। इन्होंने केवल व्याख्या ही नहीं लिखी अपितु अनेक स्थलों पर अपने स्वतन्त्र मत भी प्रस्तुत किये हैं जिन्हें 'इष्टि' कहा जाता है।[3] इनके महाभाष्य में 'आह्निकों' के माध्यम से प्रकरण विभक्त हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि उतना विषय एक दिन में पढ़ाया या पढ़ा जाता था। यह उस युग की अध्ययन की विशेषता प्रकट करता है।

पतञ्जलि का देश (स्थान)—

पतञ्जलि के जन्मस्थान के बारे में कुछ विवाद है। कुछ विद्वानों ने इन्हें

---

१. (क) इह हि सौनागाः पठन्ति—वुग्नश्चाक्रुतप्रसङ्गः। म० भा० ४।३।११५।
(ख) भारद्वाजीयाः पठन्ति—नित्यमकित्त्वमिडाद्योः, क्त्वाग्रहणमुत्तरार्थम्। म० भा० १।२।२। (ग) परिभाषान्तरमिति च कृत्वा क्रोष्ट्रीयाः पठन्ति—नियमादिकोगुणवृद्धी भवतो विप्रतिषेधेन। म० भा० १।१।३। (घ) अनिष्टिज्ञो वाडवः पठति। म० भा० ८।२।१०६ इस पर उद्योत—"प्लुतौ चैच इदुतौ"रिति वार्त्तिकं वाडवस्य।

२. (क) उभयथा ह्याचार्येण शिष्याः प्रतिपादिताः...। महाभाष्यदीपिका १।१।४५
(ख) सूत्रार्थद्वयमपि चैतदाचार्येण शिष्याः प्रतिपादिताः। काशिका ५।१।५०

३. (क) प्राप्तिज्ञो देवानां प्रियः न तु इष्टिज्ञः। म० मा० २।४।५६
(ख) पाणिनीयव्याख्यानभूतत्वेऽपि इष्टयादिकथनेन अन्वाख्यातृत्वाद् अस्य इतर-भाष्यवैलक्षण्येन महत्त्वम्। कैयट १।१।१

कश्मीर का माना है[1]। दूसरे इन्हें काशीक्षेत्र का सिद्ध करते हैं[2]। इनका एक नाम 'गोनर्दीय' है। इस आधार पर इनका जन्मस्थान 'गोनर्द' था। यह पंजाब के किसी स्थान का नाम है, ऐसा कुछ लोग मानते हैं। दूसरे इसे उत्तरप्रदेश के 'गोंडा' को मानते हैं।

पतञ्जलि का काल—

इनका काल अधिक विवादग्रस्त नहीं है क्योंकि इन्होंने वर्तमानकालिकता के उपपादन के प्रसंग में काण्ववंशीय राजा 'पुष्यमित्र' के यज्ञ कराने का उल्लेख किया है[3]। ये स्वयं भी उसमें आचार्य थे। इसी प्रकार लङ्लकार के उपपादन में 'मिनाण्डर' नामक यवन के आक्रमण का उल्लेख किया[4] है। वह अक्रामक शासक बाद में बौद्ध बनकर 'मिलिन्द' नाम से प्रसिद्ध हुआ। उसका शासन काल १४२ ई० पू० के आसपास माना जाता है[5]। इन प्रमाणों के आधार पर इनका जन्मकाल ई० पू० द्वितीय शती माना जाना चाहिये।

महाभाष्य की विशेषता—

संस्कृत साहित्य में 'महाभाष्य' यह गौरवमय पद केवल इन्हीं के भाष्य को प्राप्त है। इसकी अनेक विशेषतायें हैं। इसमें रोचक प्रश्नोत्तर-शैली में व्याकरण जैसे नीरस विषय को भी आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया है। भाषा और शैली सरल होने पर भी भाव समझना कठिन है। पूरा प्रसंग पढ़ जाने पर सामान्यतया आशय ज्ञात नहीं हो पाता है। चिन्तन और मनन की आवश्यकता पड़ती है। तभी वस्तुस्थिति का ज्ञान होता है। इन्होंने पाणिनि अथवा कात्यायन के मतों की व्याख्यामात्र नहीं की है। जहाँ भी किसी के मत में कोई भी अनुपपत्ति प्रतीत हुई उसकी समालोचना करने में संकोच नहीं किया है। इसी लिये अनेक वार्त्तिकों की अनावश्यकता तो सिद्ध की ही है कहीं-कहीं सूत्रों की भी आवश्यकता का निराकरण किया है[6]। इन्होंने भाषा के विषय में लोकव्यवहार को सर्वाधिक मान्यता[7] दी है। आज के भाषा-वैज्ञानिक भी इसी को मानकर चल रहे हैं। इन्होंने अपने भी मत

---

१. संस्कृतव्याकरण का इतिहास पृ० ३१५
२. संस्कृतशास्त्रों का इतिहास पृ० ४४९
३. इह पुष्यमित्रं याजयामः। म०भा० ३।२।१२३
४. अरुणद्यवनः साकेतम्, अरुणद् यवनो माध्यमिकाम्। म० भा० ३।२।१११
५. संस्कृतशास्त्रों का इतिहास पृ० ४५०
६. द्र० अपादानसंज्ञाविषयक सूत्रों पर महाभाष्य।
७. लोकतोऽर्थप्रयुक्ते शब्दप्रयोगे शास्त्रेण धर्मनियमः। म०भा० पस्पशा।

दिये हैं। वे भी सूत्र तथा वार्त्तिक के समान ही प्रामाणिक माने जाते हैं। विवादग्रस्त स्थलों पर इनका मत ही सर्वाधिक मान्य होता है। उसी के अनुसार प्रयोग शुद्ध होता है। इसी लिये यह कहा जाता है "यथोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यम्।" कुछ संकीर्ण व्याख्याकार इस की अपव्याख्या करते हैं। वास्तव में इसका आशय यह है कि विकासशील भाषा में उत्तरवर्त्ती विद्वान् के समय में जो प्रयोग होता है वह उस समय के लिये प्रमाण माना जाता है। इस कथन का यह तात्पर्य नहीं है कि पाणिनि, कात्यायन या पतञ्जलि में किसी का मत कम प्रामाणिक है और किसी का अधिक। इनके अपने मतों के लिये 'इष्टि' शब्द प्रयुक्त होता है।[1]

महाभाष्य में शब्दानुशासन के साथ-साथ व्याकरणदर्शन के विषय भी यत्र तत्र विकीर्णरूप मे हैं[2]। इनका संग्रह करके भर्तृहरि ने 'वाक्यपदीय' का, दीक्षित और कौण्डभट्ट ने 'वैयाकरणभूषण' का तथा नागेश ने 'वैयाकरण-सिद्धान्तमञ्जूषा' का प्रणयन किया। फलतः व्याकरणदर्शन एक व्यवस्थित रूप में प्रतिष्ठित हो गया।

इन तीन मुनियों की कृपा से व्याकरणशास्त्र सर्वाङ्गीण रूप में प्रतिष्ठित हो हो सका है। इसी लिये 'त्रिमुनि व्याकरणम्' ऐसा व्यवहार होता है।

व्याकरणाध्ययन की द्विविध पद्धतियाँ—

पाणिनि की अष्टाध्यायी का अध्ययन प्रारम्भिक काल में बहुत दिनों तक एक रूप में चलता रहा। बाद में उसके स्वरूप में कुछ परिवर्तन होने लगा। फलतः दो पद्धतियों का विकास हुआ—(१) अष्टाध्यायीक्रम और (२) प्रक्रियाक्रम।

(क) अष्टाध्यायी-क्रम—

पाणिनि ने अपनी अष्टाध्यायी जिस रूप और क्रम में बनायी उसी के अनुसार उन्होंने स्वयं भी शिष्यों को पढ़ाया था[3]। वह वृत्ति आज अनुपलब्ध है। वार्त्तिक, भाष्य और काशिका वृत्ति आदि अनेक ग्रन्थ इसी क्रम को मानकर लिखे गये। और अध्ययन भी इसी क्रम को मानकर चलता था। इसके अनुसार पहले सूत्र के अर्थ को अच्छी प्रकार समझा जाता है। बाद में लक्ष्य में उसका समन्वय किया

---

१. प्राप्तिज्ञो देवानां प्रियो न तु इष्टिज्ञः। म० भा० २।४।५६

२. कृतेऽथ पतञ्जलिना गुरुणा तीर्थदर्शिना।
सर्वेषां न्यायबीजानां महाभाष्ये निबन्धने॥ वाक्यपदीय २।४८६

३. (क) ....उभयथा ह्याचार्येण शिष्याः सूत्रं प्रतिपादिताः—केचिदाकडारादेका संज्ञेति, केचित् प्रावकडारात् परं कार्यमिति। म०भा० १।४।१
(ख) शुङ्गाशब्दं स्त्रीलिङ्गमन्ये पठन्ति ततो ढकं प्रत्युदाहरन्ति शौङ्गेय इति। द्वयमपि चैतत् प्रमाणमुभयथासूत्रप्रणयनात्। काशिका ४।१।११

जाता है। इसके लिये पूरी अष्टाध्यायी का अध्ययन करके ही किसी शब्दरूप की साधुता या असाधुता का दृढ़ता से समर्थन किया जा सकता है। इस प्रक्रिया से लाभ तो अवश्यम्भावी है परन्तु इसके लिये पर्याप्त धैर्य, निष्ठा और साहस की आवश्यकता है।

अष्टाध्यायीक्रम में 'महाभाष्य' और वामनजयादित्य की 'काशिका' तथा इस पर लिखी गयीं 'न्यास' और 'पदमञ्जरी' टीकायें प्रमुख हैं। न्यास का दृष्टिकोण सरलरूप में विषय को समझाना है। पदमंजरीकार हरदत्त की दृष्टि बड़ी सूक्ष्म है[1]। ये मूलग्रन्थ की असावधानियाँ प्रकट करने में अपने प्रौढ़ ज्ञान और साहस का परिचय देते हैं।

काशिकावृत्ति पर किसी विद्वान ने हिन्दी व्याख्या नहीं लिखी। यह देखकर प्रस्तुत व्याख्याकार ने एक अपेक्षित योजना बनाकर 'भावबोधिनी' नामक विशद हिन्दी-व्याख्या लिखी। (काशिका का सर्वोत्तम संस्करण 'न्यास', 'पदमञ्जरी' और 'भावबोधिनी' हिन्दी-व्याख्या के साथ प्रकाशित हो रहा[2] है। तीन भाग प्रकाशित हो चुके हैं। भगवत्कृपा से इस कार्य के शीघ्र पूर्ण होने की आशा है।)

काशिका के अतिरिक्त भागवृत्ति, दुर्घटवृत्ति, भाषावृत्ति, भट्टोजिदीक्षित का शब्दकौस्तुभ, विश्वेश्वर सूरि की 'वैयाकरणसिद्धान्त सुधानिधि' और स्वामीदयानन्द सरस्वती का अष्टाध्यायी-भाष्य आदि ग्रन्थ महत्त्वपूर्ण हैं।

अष्टाध्यायी क्रम को मानकर जो लिखा गया वह 'प्राचीन व्याकरण' का विषय माना जाता है।

(ख) प्रक्रिया क्रम—

अष्टाध्यायीक्रम को मान कर लिखित मूल ग्रन्थों और व्याख्या ग्रन्थों से व्याकरण शास्त्र का अध्ययन-अध्यापन चल रहा था। लोग धैर्य और परिश्रम से इसमें लगे हुये थे। उस समय थोड़े से प्रयास से कार्यनिर्वाहक व्याकरणज्ञान प्राप्त करने की रुचि उत्पन्न होने लगी थी। लोग ऐसे ग्रन्थ या पद्धति की सोच रहे थे जो कम समय मे उपयोगी ज्ञानमात्र करा सके। फलतः एक नवीन पद्धति का का प्रयोग किया गया। इसके अनुसार पहले लक्ष्यों को देखा जाने लगा और उसके लिये उपयोगी सूत्रों का विषयविभाजन करके उपन्यास किया जाने लगा। अब सूत्र

---

1. प्रक्रियातर्कगहनप्रविष्टो हृष्टमानसः।
   हरदत्तहरिः स्वैरं विहरन् केन वार्यते ॥ पदमञ्जरी 1.1.14
2. इसका प्रकाशन मेरे सम्पादकत्व में 'तारा प्रिन्टिंग वर्क्स, वाराणसी' से हो रहा है।

नहीं, लक्ष्य प्रधान होने लगे। कारण स्पष्ट था, लोग शब्दों के साधुत्वमात्र की चिन्ता करने लगे थे। शब्दरूपसिद्धि की प्रक्रिया का अध्ययन प्रमुख हो गया।

(१) धर्मकीर्ति—

प्रक्रियाक्रम मान कर लिखा गया सबसे प्राचीन ग्रन्थ धर्मकीर्त्ति द्वारा लिखा हुआ 'रूपावतार' है। इसके मंगलश्लोक में 'सर्वज्ञ' को प्रणाम किया गया है। इससे इसका लेखक बौद्ध प्रतीत होता है। रूपावतार में पदमंजरीकार हरदत्त का उल्लेख है और मैत्रेयरक्षित के तन्त्रप्रदीप में इस ग्रन्थ का उल्लेख है। इस लिये हरदत्त के बाद और मैत्रेयरक्षित के पहले अर्थात् दोनों के मध्य में इनका काल समझना चाहिये। यह समय १२वीं शती का मध्यभाग होता है।

'रूपावतार' में दो भाग हैं। पूर्वार्द्ध में सुबन्त शब्दों की चर्चा है और इसमें आठ अवतार हैं। उत्तरार्ध में तिङन्त और कृदन्त की चर्चा है।

प्रसिद्ध बौद्धदार्शनिक से भिन्न कोई अन्य व्यक्ति इसके लेखक हैं।[1]

(२) विमलसरस्वती—

इन्होंने 'रूपमाला' नामक प्रक्रिया ग्रन्थ लिखा था। इसका समय १४ वीं शती प्रतीत होता है।[2] यह ग्रन्थ पूज्य गुरुवर पं० मुरलीधर मिश्र जीने सम्पादित करके प्रकाशित कराया है।

(३) रामचन्द्राचार्य—

प्रक्रियाक्रम को सुदृढ़ आधार-शिला पर स्थापित करने का श्रेय रामचन्द्राचार्य को है। इन्होंने 'प्रक्रिया-कौमुदी' नामक एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ लिखा था।

रामचन्द्राचार्य शेषवंश के थे। व्याकरणशास्त्र के ज्ञान के क्षेत्र में इस वंश का विशेष योगदान प्रसिद्ध है। इनके पिता कृष्णाचार्य एक प्रौढ़ विद्वान् थे। इनके ताऊ (पिता के बड़े भाई) गोपालाचार्य भी उद्भट विद्वान् थे। इन दोनों से अध्ययन करने का सौभाग्य रामचन्द्राचार्य को मिला था। इन्होंने व्याकरण शास्त्र की 'प्रक्रियाकौमुदी' लिखकर एक क्रान्ति उत्पन्न कर दी। इसके अतिरिक्त 'कालनिर्णय-दीपिका' 'वैष्णवसिद्धान्तदीपिका' ये दो ग्रन्थ भी लिखे थे।

प्रक्रियाकौमुदी पर सबसे पहले विठ्ठलाचार्य ने 'प्रक्रियाकौमुदीप्रसाद' नामक व्याख्या लिखी थी। इसका एक हस्तलेख १५३६ सं० (१४८० ई०) का लिखा हुआ प्राप्त होता है। ये रामचन्द्राचार्य के पौत्र थे। अतः पितामह रामचद्राचार्य

---

१. संस्कृत व्याकरण का इतिहास पृ० ४८१
२. " " " पृ० ४८३

का काल लगभग ७५ वर्ष पूर्व अर्थात् चौदहवीं शती का उत्तरार्ध मानना चाहिये।[1]

प्रक्रियाकौमुदी दो भागों में विभक्त है–पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध। सुबन्त शब्दों के ज्ञान के लिये—संज्ञा, सन्धि, स्वादि, स्त्रीप्रत्यय, विभक्त्यर्थ, समास तथा तद्धित का वर्णन पूर्वार्द्ध में है। उत्तरार्द्ध में तिडन्तों का वर्णन है। इसमें भ्वादि दशगणीय धातु, ण्यन्तादि धातु तथा कृत् प्रत्ययों का विवेचन है। शब्दरूप की प्रक्रिया के लिये उपयोगी सूत्रों का संकलन प्रत्येक प्रकरण में किया गया है। इसमें कुछ अपाणिनीय शब्दों का भी साधुत्व उपपादित किया गया है।[2]

इसकी सबसे प्राचीन व्याख्या लेखक के पौत्र विट्ठलाचार्य ने लिखी। यह 'प्रक्रियाप्रसाद' नाम से प्रसिद्ध है।[3] यह १४५० ई० के आसपास की है। मूल में अनुल्लिखित सहस्रों सूत्रों का यत्र तत्र व्याख्यान करने के कारण यह बहुत विस्तृत हो गयी है। इसके अध्ययन से यह प्रतीत होता है कि इसके पूर्व भी किसी ने प्रक्रिया-कौमुदी पर टीका लिखी थी।

प्रक्रियाकौमुदी की दूसरी टीका 'प्रक्रियाप्रकाश' के लेखक प्रसिद्ध विद्वान् शेषकृष्ण हैं। इसमें विट्ठलाचार्य की प्रक्रियाप्रसाद का खण्डन कई स्थलों पर किया गया है। ये बादशाह अकबर के समकालीन थे। इन्होंने वीरवल (बीरबल) के पुत्र 'कल्याण' को पढ़ाने के उद्देश्य से वीरबल की आज्ञा से इस व्याख्या का प्रणयन किया था।[4] शेषकृष्ण अपने समय के उद्भट विद्वान थे। प्रख्यात नव्य वैयाकरण भट्टोजि दीक्षित ने इन्हीं से व्याकरण शास्त्र का अध्ययन किया था। इन्होंने साहित्य शास्त्रज्ञान में भी व्याकरणज्ञान की परमोपयोगिता मानी है—

रसालङ्कारसारापि वाणी व्याकरणोज्झिता।
श्वित्रोपहतगात्रेव न रञ्जयति सज्जनान्॥[5]

उक्त दो व्याख्याओं के अतिरिक्त चक्रपाणिदत्त का 'प्रक्रियाप्रदीप,' वारणवनेश-कृत 'अमृतासृति,' विश्ववर्मा शास्त्रीकृत 'प्रक्रियाव्याकृति,' नृसिंहकृत 'व्याख्यान',

---

१. संस्कृतव्याकरण का इतिहास पृ० ४८५
२. प्रक्रियाकौमुदी की विशेषताओं के ज्ञान के लिये डा० आद्याप्रसाद मिश्र द्वारा सम्पादित शोधग्रन्थ 'प्रक्रिया-कौमुदीविमर्शः' देखना चाहिये।
३. प्रसाद टीका सहित प्रक्रियाकौमुदी का प्रकाशन बम्बई से के० पी० त्रिवेदी ने प्रथम भाग १९२५ में और द्वितीय भाग १९३१ में कराया।
४. द्र० संस्कृत शास्त्रों का इतिहास पृ० ४९६
५. काव्यमाला (सीरीज) में 'कंसबध' के ७ वें पृष्ठ पर यह श्लोक है। और 'प्रक्रियाप्रकाश' की प्रस्तावना का २४ वां श्लोक है।

जयन्तकृत 'तत्त्वचन्द्र' और विद्यानाथ दीक्षित-कृत 'प्रक्रियारंजन' नामक टीकायें लिखीं गयीं।

(४) भट्टोजि दीक्षित—

अष्टाध्यायीक्रमानुसारी अध्ययन की ओर अरुचि उत्पन्न कराना और प्रक्रिया-क्रमानुसारी अध्ययन की ओर प्रवृत्ति करना जिन विद्वानों का कार्य रहा है उनमें भट्टोजिदीक्षित अग्रणी हैं। इन्होंने अपनी तीक्ष्णबुद्धि और गम्भीर अध्ययन के माध्यम से 'प्रक्रियाक्रम' को जनमानस में दृढ़ता के साथ प्रतिष्ठित कर दिया। इस समय यह स्थिति है कि बहुत से अध्येता इनकी अमर कृति "वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी' को व्याकरण का सर्वस्व मान बैठे हैं। इन लोगों को पाणिनीय व्याकरण के अन्य ग्रन्थों के विषय में न तो कोई जानकारी है और न जानने की उत्सुकता। आज इस सिद्धान्तकौमुदी के आगे सभी प्राचीन ग्रन्थों का महत्त्व क्षीण हो गया है।

दीक्षित का जन्मस्थान—

भट्टोजि दीक्षित मूलतः आन्ध्र के निवासी थे। इन्होंने और इनके भतीजे ने 'कालहस्तीश्वर' की प्रार्थना की है। यह स्थान चित्तूर जिले में है। दीक्षित तैलंग ब्राह्मण थे। इनके वंश में अनेक प्रौढ़ वैयाकरण हुए थे। इनके पिता लक्ष्मीधर भट्ट, अनुज रङ्गोजि भट्ट, पुत्र भानुजि दीक्षित (संन्यासाश्रम का नाम रामाश्रम), भतीजे कौण्डभट्ट, और पौत्र हरिदीक्षित—इन सभी विद्वानों ने व्याकरण शास्त्र के विकास में अविस्मरणीय योगदान किया है।[1]

दीक्षित का जन्मकाल—

भट्टोजि दीक्षित के जन्मकाल के विषय में कुछ मतभेद है। इनके वेदान्त गुरु नृसिंहाश्रम ने १५४७ ई० में अपना 'वेदान्ततत्त्वविवेक' नामक ग्रन्थ लिखा था। इस पर इन्होंने अपनी स्वोपज्ञ व्याख्या 'दीपन' नाम से लिखी थी। भट्टोजि दीक्षित ने 'वाक्यमाला'='दीपनव्याख्या अथवा 'तत्त्वविवेकविवरण' नाम से एक व्याख्या लिखी थी।

दीक्षित के शिष्य नीलकण्ठ शुक्ल ने सं० १६९३ (१६३६ ई०) में 'शब्द-शोभा' नामक ग्रन्थ लिखा था। इस लिये उक्त गुरु और शिष्य के मध्य में दीक्षित का काल होना चाहिये।[2]

वत्सराज ने 'वाराणसी-दर्शनदीपिका' नामक ग्रन्थ में अपने गुरु रामाश्रम

---

१. दीक्षित का वंशवृक्ष—देखिये—संस्कृतशास्त्रों का इतिहास पृ० ५०१

२. द्र० सं० शा० इति० पृ० ५०३

(—भानुजिदीक्षित) तथा उनके पिता भट्टोजिदीक्षित को सादर प्रणाम किया है।[१] इस गून्थ का रचना काल सं० १६९८ (१६४१ ई०) है।

शब्दकौस्तुभ के एक हस्तलेख की प्रति १६३३ ई० की प्राप्त होती है। अतः इसके लेखक को इससे पूर्ववर्त्ती होना चाहिये।

पण्डितराज जगन्नाथ का काल निश्चित है। ये शाहजहाँ के दरबार में रहते थे। बादशाह ने इन्हें 'पण्डितराज' पदवी से विभूषित किया था। शाहजहाँ सं० १६८४ (१६२७ ई०) में गद्दी पर विराजमान थे। पण्डितराज ने प्रख्यात विद्वान शेषकृष्ण के पुत्र वीरेश्वर जिन्हें अमरेश्वर भी कहा जाता था, उनसे विद्याध्ययन किया था। इस प्रकार पण्डितराज से एक पीढ़ी पूर्व में दीक्षित हुये थे।

इन सबके आधार पर यह कहा जा सकता है कि १५५० से १६०.० ई० के आसपास अर्थात् सोलहवीं शती का उत्तरार्ध भट्टोजिदीक्षित का जन्मकाल होना चाहिये।

दीक्षित के गुरु—

भट्टोजि दीक्षित ने उस समय के प्रख्यात विद्वान शेषकृष्ण से व्याकरणशास्त्र और धर्मशास्त्र का अध्यन किया था।[२] प्रसिद्ध वेदान्ती श्री नृसिंहाश्रम से वेदान्त की शिक्षा ली।[३] मीमांसा का अध्ययन अप्पय्य दीक्षित से किया था।[४] इनके न्याय-शास्त्र के गुरु का ज्ञान नहीं होता है। उक्त गुरुओं में से ही किसी से न्याय शास्त्र का अध्ययन किया होगा।

दीक्षित के शिष्य—

भट्टोजिदीक्षित जैसे उद्भट विद्वान् के अनेक शिष्य होना स्वाभाविक था। इनके एक शिष्य वनमाली मिश्र थे। ये महेश मिश्र के पुत्र थे। कुरुक्षेत्र इनका

---

१. भट्टोजिदीक्षितं नत्वा रामाश्रमगुरुं पुनः।
वत्सराजः करोत्येतां काशीदर्पणदीपिकाम्॥

२. इह केचित् (भट्टोजिदीक्षिताः) शेषवंशावतंसानां श्रीकृष्णपण्डितानां चिरार्चितयोः पादुकयोः प्रसादादासादितशब्दानुशासनाः········। (मनोरमा कुचमर्दन)

४. संस्कृत शा० इति० पृ० ५०२

५. अप्पय्यदीक्षितेन्द्रान् अशेषविद्यागुरूनहं नौमि।
यत्कृतिबोधाम्भोधौ विद्वदविद्वद्विभाजकोपाधी॥ (तन्त्रसिद्धान्तं)

निवास-स्थान था[१]। इनके अनेक ग्रन्थ अभी हस्तलेख के रूप में ही हैं। दूसरे शिष्य थे नीलकण्ठ शुक्ल[२]। इन्होंने 'शब्दशोभा नामक ग्रन्थ लिखा था। इनके पिता जनार्दन शुक्ल और माता हीरा थीं। इनके नाना वच्छाचार्य थे। इनके पांच ग्रन्थ हैं।

दीक्षित के प्रसिद्ध शिष्य का नाम वरदराज है। इनकी दोनों कृतियाँ—'लघुसिद्धान्तकौमुदी' तथा 'मध्यसिद्धान्तकौमुदी' अति लोकप्रिय हैं। इसके अतिरिक्त 'सारसिद्धान्तकौमुदी' तथा 'गीर्वाणपदमञ्जरी' ये दो कृतियाँ भी लिखीं। इन्होंने 'मध्यसिद्धान्तकौमुदी' के प्रारम्भ में दीक्षित को गुरु के रूप में प्रणाम किया है—

नत्वा वरदराजः श्रीगुरून् भट्टोजिदीक्षितान्।
करोति पाणिनीयानां मध्यसिद्धान्तकौमुदीम् ॥[३]

वरदराज भी दक्षिण भारत के थे। काशी में जब दीक्षित थे तब ये वहाँ से अध्ययन करने के लिए काशी आये थे। किन्तु तब तक दीक्षित का देहान्त हो चुका था और वे प्रेत बन गये थे। किसी प्रकार दोनों मिले। दीक्षित ने अपना ज्ञान विधिपूर्वक इन्हें दिया जिसके कारण वे प्रेतयोनि से मुक्त हो गये, ऐसी कथा काशी में प्रचलित है। किन्तु इसकी सत्यता सन्दिग्ध है।

अमेरिका में लघुकौमुदी का एक हस्तलेख है जिसका समय १६२४ ई० है। अतः वरदराज का समय १७वीं शती का पूर्वार्द्ध मानना चाहिये।

दीक्षित की कृतियाँ—

भट्टोजिदीक्षित व्याकरण के अतिरिक्त वेदान्त और धर्मशास्त्र के भी विद्वान् थे। इन्होंने विभिन्न विषयों में अनेक ग्रन्थ लिखे।

धर्मशास्त्र—(१) अशौच-प्रकरण, (२) तिथि-निर्णय (३) त्रिस्थलीसेतु।

वेदान्त—(१) वेदान्त-तत्त्वविवेक, (२) दीपन-व्याख्या, (३) अद्वैतकौस्तुभ, (४) तत्त्वसिद्धान्त-चन्द्रिका।

विविध विषय—(१) तन्त्राधिकारनिर्णय, (२) वेदभाष्यसार, (३) तत्त्वसिद्धान्तदीपिका, (४) तैत्तिरीय-सन्ध्याभाष्य।

व्याकरण—(१) शब्दकौस्तुभ, (२) वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी, (३) प्रौढ-

---

१. इति श्रीभट्टोजिदीक्षितशिष्य-कुरुक्षेत्रनिवासि—महेशमिश्रात्मजवनमालिमिश्र-विरचितायां सन्ध्यामन्त्रव्याख्या ब्रह्मप्रकाशिका समाप्ता।

२. शुक्लजनार्दनपुत्रो वच्छाचार्यस्य दौहित्रः।
अभ्यस्तशब्दशास्त्रो भट्टोजिदीक्षितच्छात्रः॥ (शब्दशोभा)

३. मध्यसिद्धान्तकौमुदी-मंगल।

मनोरमा, (४) धातुपाठनिर्णय, (५) लिङ्गानुशासनवृत्ति, (६) वैयाकरणभूषण-कारिका।

'शब्दकौस्तुभ'—यह अष्टाध्यायीसूत्रों की विस्तृत व्याख्या है। इसमें महाभाष्य के विषयों की भी चर्चा है। उसी के समान आह्निकों में विषयविभाजन है। यह इनकी प्रथम प्रौढ रचना है। सिद्धान्तकौमुदी और वैयाकरणभूषणकारिका इसके बाद की रचनायें हैं। सिद्धान्तकौमुदी के अन्त में लिखा है—

इत्थं लौकिकशब्दानां दिङ्मात्रमिह दर्शितम्।
विस्तरस्तु यथाशास्त्रं दर्शितः शब्दकौस्तुभे ॥[१]

वैयाकरणभूषण के प्रारम्भ में यह कारिका है—

फणिभाषितभाष्याब्धेः शब्दकौस्तुभ उद्धृतः।
तत्र निर्णीत एवार्थः सङ्क्षेपेणेह तन्यते ॥[२]

यह दुर्भाग्य का विषय है कि शब्दकौस्तुभ जैसा उपयोगी ग्रन्थ आज पूर्णरूप में उपलब्ध नहीं होता है। केवल तृतीय अध्याय के चतुर्थ आह्निक तक ही उपलब्ध और प्रकाशित हो सका है। इस पर अनेक टीकायें भी लिखीं गयीं।

वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी—

पाणिनीय व्याकरण के प्रक्रियाक्रमानुसारी ग्रन्थों में दीक्षित की 'वैयाकरण-सिद्धान्तकौमुदी' सबसे अधिक प्रसिद्ध, उपयोगी और लोकप्रिय ग्रन्थ है। रामचन्द्राचार्य की 'प्रक्रियाकौमुदी' की उपयोगिता देखकर दीक्षित ने उसकी न्यूनताओं पर गम्भीरता से विचार किया। इसके बाद बड़ी बुद्धिमत्ता और प्रयास के साथ एक ऐसी अमर कृति प्रस्तुत की जिसने अपने तुल्य कोटि के सभी ग्रन्थों की महिमा ही समाप्त कर दी।

सिद्धान्तकौमुदी दो भागों में विभक्त है—(१) पूर्वार्द्ध और (२) उत्तरार्द्ध। पूर्वार्ध में संज्ञा, सन्धि, सुबन्त, स्त्रीप्रत्यय, कारक, समास तथा तद्धित का विवेचन है। उत्तरार्ध में भ्वादिगण-सहित दश गण, ण्यन्तादि-प्रक्रियायें, पूर्वकृदन्त, उणादि और उत्तरकृदन्त। अन्त में अष्टाध्यायी-क्रमानुसार वैदिकी-प्रक्रिया में वैदिक शब्दों पर विचार है। इसके बाद स्वरप्रक्रिया में पुनः अपने ढंग से प्रक्रियानुसारी प्रतिपादन है। इसमें सामान्य स्वर के बाद, धातुस्वर, प्रातिपदिकस्वर, फिट् सूत्र, प्रत्ययस्वर, समासस्वर, तिङन्तस्वर हैं। अन्त में लिङ्गानुशासन है।

मूलकौमुदी में ३३८६ सूत्र हैं। वैदिकीप्रक्रिया में २६३ और स्वरप्रक्रिया-

---

१. सिद्धान्तकौमुदी-उत्तरकृदन्त की समाप्ति पर।
२. वैयाकरणभूषण के प्रारम्भ में।

३२९, कुल योग ३९७८ होता है। इनमें माहेश्वर चतुर्दशसूत्री मिलाने पर ३९९२ और स्वरसिद्धान्तचन्द्रिकानुसार ३९९५ अर्थात् लगभग चार हजार सूत्र हैं।[1] इनमें उणादिसूत्र[2] और फिट्सूत्र[3] सम्मिलित नहीं हैं।

सिद्धान्तकौमुदी की प्रमुख व्याख्यायें :

(क) प्रौढमनोरमा—

सिद्धान्तकौमुदी के प्रणयनकाल में ही दीक्षित ने उस पर एक टीका लिखने का निश्चय कर लिया था, ऐसा प्रतीत होता है। इसीलिए अनेक सामान्य बातें जो मूल ग्रन्थ में स्पष्ट की जा सकतीं थीं उन्हें वहाँ नहीं लिखा गया। उनका विचार था कि सामान्य अध्येता के लिए उपयोगी विचार ही सिद्धान्तकौमुदी में प्रतिपादित किये जांय। बाद में विशेष जिज्ञासुओं के लिए इन्होंने अपनी 'प्रौढमनोरमा' नामक टीका लिखी। इस ग्रन्थ के प्रारम्भ में वेदान्ती होने के नाते परब्रह्म का ध्यान करके अपने गुरु के वचनों के स्मरण के माध्यम से उनका भी स्मरण किया है[4]। यहाँ गुरुवचनों का स्मरण सोद्देश्य है क्योंकि इस व्याख्या में इन्होंने अनेक स्थलों पर अपने गुरु शेषकृष्ण के अपसिद्धान्तों की आलोचना की[5] है। यह ग्रन्थ सामान्य

---

१. चतुःसहस्री सूत्राणां पञ्चसूत्रविवर्जिता।
अष्टाध्यायी पाणिनीया सूत्रैर्माहेश्वरैः सह ॥ स्वरसिद्धान्तचन्द्रिका

२. उणादि पञ्चपादी और दशपादी के रूप में हैं। सिद्धान्तकौमुदी में पञ्चपादी है। इसमें ७५९ सूत्र हैं। इनके प्रणेता शाकटायन माने जाते हैं। द्र० प्रदीप और उद्द्योत ३।३।१।

३. फिट्—प्रातिपदिक। ये ८७ सूत्र हैं। ये स्वरों का विधान करते हैं। इनके प्रणेता शन्तनु हैं। इसलिये इन सूत्रों को 'शान्तनव' कहा जाता है।

४. ध्यायं ध्यायं परं ब्रह्म स्मारं स्मारं गुरोर्गिरः। (प्रौढमनोरमामङ्गल)

५. 'भावप्रकाश' में इसका स्पष्ट उल्लेख है—
गुरुग्रन्थे न्यूनतयैवमुक्तेऽपि न सापगतेति भावः। पृ० ६
अत एव सूत्रावृत्ति गौरवात् सन्दूष्य एकदेशस्यैव तन्त्राद्यन्यतमं प्रकाशितवान् प्रकाशकृदिति चेत् ? तदेतत् खण्डयितुमेव क्रियमाणत्वेन भासमानमपि गुरुद्वेषं निगूहितुं च शङ्कते मूले—स्यादेतदित्यादिना। पृ० १५
करिष्यमाणासकृत् गुर्वादिमतखण्डनसूचिततद्द्वेषनिरासमाह—मूले—यद्यपीति। न केवलं मम तत्रैवाभिनिवेशः, किन्तु यस्य कस्याप्यसदुक्तिनिरास इति सदर्थमात्रग्राहित्वेन न मम स इति भावः। पृ० ३९
—तदाशयः। प्रक्रियाप्रसादकृतोराशय इत्यर्थः। पृ० १०१

अध्येताओं के लिए नहीं है अपितु जो विविध विषयों का अध्ययन और ज्ञान प्राप्त करके प्रौढ मस्तिष्क वाले बन चुके हैं, उन्हीं के बौद्धिक आनन्द के लिये यह रचना की गयी है।

इसकी रचना के कुछ ही काल बाद लोग इसे भी मूलग्रन्थ के समान समझकर पढ़ने लगे। इस पर टीकायें भी लिखीं जाने लगीं।

जैसा कि पहले लिखा जा चुका है कि दीक्षित ने रामचन्द्राचार्य की प्रक्रिया-कौमुदी के अनुकरण पर सिद्धान्तकौमुदी बनायी थी। अतः प्रक्रियाकौमुदी पर लिखी गयी प्रमुख व्याख्याओं का खण्डन प्रौढमनोरमा में किया है। इसमें अपने गुरु शेषकृष्ण द्वारा रचित 'प्रक्रियाप्रकाश' का भी बहुत स्थलों पर खण्डन किया है।[1] इसे देखकर अपने गुरु के पिता के सिद्धान्तों का खण्डन करने वाले दीक्षित पर पण्डितराज जगन्नाथ बहुत क्रुद्ध हुए। और दीक्षित द्वारा गुरुवचनों के खण्डन के कारण उन्हें 'गुरुद्रोही' की उपाधि दे डाली। यही नहीं, प्रौढमनोरमा के खण्डन के लिये इन्होंने 'मनोरमाकुचमर्दन' नामक ग्रंथ लिखा। दीक्षित के शब्दकौस्तुभ का भी खण्डन किया।[2] मनोरमा में प्रक्रियाप्रकाश के जिन दोषों की चर्चा की गयी थी उनका निरकरण चक्रपाणि ने किया। पण्डितराज द्वारा मनोरमा का जो खण्डन किया गया था उसका निराकरण भट्टोजिदीक्षित के पुत्र भानुजिदीक्षित ने 'मनोरमामण्डन' में किया। इस प्रकार दोनों पक्षों से खण्डन-मण्डन चलता रहा। जिन दोषों या अनुपपत्तियों पर अन्य विद्वानों का ध्यान नहीं गया था, उनकी समालोचना शब्दरत्नकार ने प्रबल तर्कों से कर डाली। इसमें भी जो दोष छूट गये उनकी समीक्षा नागेश के शब्देन्दुशेखर आदि में प्रस्तुत की गयी है।

इति भाव इति। कृष्णपण्डितानामिति भावः। पृ० १०२
क्लिश्यन्ते इतीति। प्रकाशकृत इति शेषः। पृ० १३९
(शब्दरत्न) प्राचामिति। प्रकाशकृताम्। पृ० २१५
पररूपमाहुः। प्रकाशकृत इति भावः। पृ० २३४
तदतिरभसात्। तत्=प्रकाशकृदुक्तमित्यर्थः। पृ० ३१७

१. इह केचित् (भट्टोजिदीक्षिताः) ......शेषवंशावतंसानां श्रीकृष्णपण्डितानां चिरायार्चितयोः पादुकयोः प्रसादादासादितशब्दानुशासनास्तेषु पारमेश्वरपदं प्रयातेषु तत्रभवद्भिरुल्लासितं प्रक्रियाप्रकाशं...दूषणैः स्वनिर्मितायां मनोरमाया-माकुल्यमकार्षुः। (मनोरमाकुचमर्दन)

२. इत्थं च 'ओत्' इतिसूत्रस्य कौस्तुभग्रन्थः सर्वोऽप्यसंगत इति ध्येयम्। अधिकं कौस्तुभखण्डनादवसेयम्। (मनोरमाकुचमर्दन)

(ख) तत्त्वबोधिनी—

सिद्धान्तकौमुदी की प्रौढमनोरमा-व्याख्या के बाद दूसरी महत्त्वपूर्ण और लोकप्रिय व्याख्या 'तत्त्वबोधिनी' है। इसके लेखक ज्ञानेन्द्रसरस्वती थे।[१] इन्हें भट्टोजिदीक्षित का समकालिक माना जाता है। यह व्याख्या काशिका[२] के अतिरिक्त मुख्यरूप से दीक्षित की प्रौढमनोरमा पर आधृत है[३]। अतः दीक्षित के अभिप्राय समझाने में सहायक है। कहीं-कहीं काशिका आदि अन्य ग्रन्थों के मत भी उद्धृत हैं। इसमें अपेक्षित विषयों पर ही विस्तार से चर्चा है। सामान्य विषय अविचारित छोड़ दिये गये हैं। इसमें प्रतिपादित सिद्धान्त पण्डितसमाज में पूर्णतया मान्य हैं। विवादनिर्णय के लिये भी इसको कभी-कभी उद्धृत किया जाता है। इस पर अनेक विद्वानों ने टिप्पणियाँ लिखीं।[४]

(ग) शब्देन्दुशेखर—

नव्य वैयाकरणों के अग्रणी विद्वान् नागेश भट्ट ने सिद्धान्तकौमुदी पर गम्भीर व्याख्यायें—(१) 'बृहच्छब्देन्दुशेखर' और (२) 'लघुशब्देन्दुशेखर'—नाम से लिखीं। नागेश महाभाष्य के प्रकाण्ड पण्डित थे।[५] इस लिये इन्होंने अपनी हर व्याख्या में भाष्यज्ञान का प्रदर्शन किया है।

नागेशभट्ट महाराष्ट्रिय ब्राह्मण थे। इनका उपनाम 'काल' था। इनकी माता का नाम 'सतीदेवी' और पिता का नाम 'शिवभट्ट' था।[६] ये अपने माता-पिता के ऊपर अपार श्रद्धा रखते थे। इनकी कोई सन्तान नहीं थी। अतः पितृऋण से मुक्त होने के लिए इन्होंने उनके नामकी प्रायः सर्वत्र (समाप्ति या प्रारम्भ में) चर्चा की है और शब्देन्दुशेखर तथा मञ्जूषा को अपनी सन्तति के रूप

---

१. इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य-श्रीवामनेन्द्रस्वामिचरणसेवक-ज्ञानेन्द्रसरस्वतीकृतायां सिद्धान्तकौमुदीव्याख्यायां तत्त्वबोधिन्याख्यायां कृदन्तप्रकरणम्। समाप्तेयं तत्त्वबोधिनी।

२. प्रत्याहारात्तत् सिध्यतीति काशिकाकाराशयः। 'आदिरन्त्येनसहेता' इस सूत्र पर तत्त्वबोधिनी।

३. प्रौढमनोरमा से तुलना करने पर सुस्पष्ट है।

४. उनमें म० म० शिवदत्तशर्मा की टिप्पणियाँ अत्युपयोगी हैं।

५. (क) पातञ्जले महाभाष्ये कृतभूरिपरिश्रमः। लघुशब्देन्दुशेखरमङ्गलश्लोक १।
(ख) नागेशभट्टो नागेशभाषितार्थविचक्षणः। प्रदीपोद्द्योत-मंगलश्लोक २

६. इति श्रीकालोपनामकशिवभट्टसुतसतीगर्भज-नागेशभट्टविरचिते सिद्धान्तकौमुदीव्याख्याने शब्देन्दुशेखराख्ये पूर्वार्द्धं समाप्तम्।

में उन्हें (और शिवपार्वती को) समर्पित किया है।

नागेश ने भट्टोजिदीक्षित के पौत्र हरिदीक्षित से व्याकरणशास्त्र का अध्ययन किया था।[१] न्याय का अध्ययन रामराम भट्टाचार्य से किया था।[२] इन्होंने अपने इन दोनों गुरुओं के वैदुष्य का उल्लेख किया है।

नागेश के प्रधान शिष्य वैद्यनाथ पायगुण्डे थे।[३] इन्होंने नागेश के प्रायः सभी ग्रन्थों पर उपयोगी व्याख्यायें लिखीं हैं। वैद्यनाथ के पुत्र बालम्भट ने भी नागेश से शिक्षा ग्रहण की थी। बालम्भट ने याज्ञवल्क्य-स्मृति की मिताक्षरा टीका पर लक्ष्मी' नामक व्याख्या लिखी थी।[४] ये अपने समय के प्रधान धर्मशास्त्री थे।

नागेश ने अपने आश्रयदाता शृङ्गवेरपुर के महाराज रामसिंह वर्मा के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की है।

याचकानां कल्पतरोररिकक्षहुताशनात्।
शृङ्गवेरपुराधीशाद् रामतो लब्धजीविकः ॥[५]

नागेश का जन्मकाल विवादग्रस्त है। जयपुर के संस्थापक राजा जयसिंह के अश्वमेध यज्ञ में इन्हें आमन्त्रित किया गया था। किन्तु क्षेत्रसंन्यास-ग्रहण कर लेने के कारण ये उसमें सम्मिलित नहीं हो सके थे। वह यज्ञ पं० बलदेव उपाध्याय के अनुसार सं० १७९९ (१७४२ ई०) में और युधिष्ठिर मीमांसक के अनुसार १७१४ ई० में हुआ था[६]। अतः नागेश अठारहवीं शती के प्रारम्भ में अथवा सत्रहवीं शती के अन्त में हुए थे। (इनके विषय में मेरी सम्पादित 'परमलघु-मञ्जूषा' की भूमिका में विस्तृत जानकारी दी गयी है, वहीं देखना चाहिये।)

शब्देन्दुशेखर के अतिरिक्त नागेश की अनेक कृतियाँ हैं। ये दीर्घजीवी थे। इन्होंने प्रायः प्रत्येक विषय पर ग्रन्थ लिखे हैं।[७] इनके ग्रन्थों की संख्या लगभग एक सौ है। महाभाष्य पर लिखी गयी 'प्रदीपोद्द्योत' अति विस्तृत व्याख्या है। व्याकरण-दर्शन पर इनकी 'मञ्जूषात्रयी' बड़ी प्रामाणिक और उपयोगी मानी जाती

---

१. हरिदीक्षितपादाब्जसेवनावाप्तसन्मतिः। उद्द्योतमङ्गलश्लोक २।
२. न्यायतन्त्रं रामरामाद्वादिरक्षोघ्नरामतः। लघुमञ्जूषा की समाप्ति पर।
३. नमामि दुरिताहरं गुरुवरं सनागेश्वरम्। कलाटीका का मङ्गलश्लोक
४. संस्कृतशास्त्रों का इतिहास पृ० ५५९। संस्कृतव्याकरण का इतिहास पृ० ३९३
५. लघुशब्देन्दुशेखर का मङ्गलश्लोक।
६. द्र० संस्कृतव्याकरण का इतिहास पृ० ३९३ और 'संस्कृतशास्त्रों का इतिहास' पृ० ५२३।
७. सर्वशास्त्रार्थतत्त्वज्ञः सर्वत्र च निबन्धकृत्। लघुमञ्जूषा की समाप्ति पर।

है। 'शब्देन्दुशेखर' व्याख्यान नव्यन्याय की शैली में लिखा गया है। उस पर विद्वानों की विभिन्न व्याख्यायें भी उसी शैली में हैं। आज शेखर का ज्ञान व्याकरण के पाण्डित्य की कसौटी माना जाता है। परिभाषेन्दुशेखर की उपयोगिता सर्वविदित है।[1]

साहित्य के विभिन्न ग्रन्थों पर भी इनकी टीकायें हैं। काव्यप्रकाश पर 'प्रदीपोद्द्योत', रसगङ्गाधर पर 'मर्मप्रकाशिका' टीकायें प्रौढ पाण्डित्य की सूचक हैं। धर्मशास्त्र पर भी इन्होंने अनेक ग्रन्थ लिखे।

ये एकान्त में सारस्वतसाधना के पक्षधर थे। पाण्डित्य-प्रदर्शनार्थ शास्त्रार्थों में जाना इन्हें अच्छा नहीं लगता था[2]।

(घ) अन्य टीकायें—

नागेश के बाद अनेक विद्वानों ने सिद्धान्तकौमुदी की टीकायें लिखीं थी। इनमें नीलकण्ठ वाजपेयी-रचित 'सुखबोधिनी', रामानन्दकृत 'तत्त्वदीपिका', रामकृष्णकृत 'रत्नाकर' रङ्गनाथयज्वाकृत 'पूर्णिमा', कृष्णमित्रकृत 'रत्नार्णव', तिरुमलद्वादशाहयाजी-रचित 'सुमनोरमा' आदि अनेक टीकाओं का उल्लेख प्राप्त होता है।[3]

(ङ) बालमनोरमा—

सिद्धान्तकौमुदी की उपयोगी और महत्त्वपूर्ण व्याख्या 'बालमनोरमा' है। इसके लेखक वासुदेव दीक्षित हैं। इनकी माता का नाम 'अन्नपूर्णा' और पिता का नाम 'महादेव' था। इन्होंने बड़े भाई 'विश्वेश्वर' से विद्याध्ययन किया था। ये तन्जौर के राजा शाहजी आदि के समकालिक थे, ऐसा इन्होंने स्वयं लिखा है[4]। इन राजाओं का समय अठारहवीं शती है। बालमनोरमा टीका में नागेश के प्रदीपोद्द्योत[5],

---

१. इसीलिये इस पर अनेक व्याख्यायें लिखीं जा चुकी हैं।

२. नास्ति तर्के दृढोऽभ्यास इति चिन्त्यं न पण्डितैः।
दृषदोपि हि सन्तीर्णाः पयोधौ रामयोगतः॥ लघुमञ्जूषा की समाप्ति में

३. द्र० संस्कृतव्याकरण का इतिहास पृ० ४९१–९४।

४. श्रीमत्सन्ततसन्तन्यमान ... ... श्रीशाहजी शरभजी-तुक्कोजी-भोसल चोलमहीमहेन्द्रामात्यधुरन्धरस्य-श्रीमत आनन्दराय–विद्वत्सार्वभौमस्याध्वर्युणा......पदवाक्यप्रमाणपारावारीणाग्रजन्म-विश्वेश्वरवाजपेययाजितो लब्धविद्यावैशद्येन ... महादेववाजपेययाजिसुतेन अन्नपूर्णाम्बागर्भजातेन वासुदेवदीक्षित-विदुषा...... बालमनोरमायां......सम्पूर्णम्।

५. भाष्यप्रदीपोद्द्योते च स्पष्ट इत्यास्तांतावत्। 'अकथितं च' सूत्र पर बालमनोरमा।

शब्देन्दुशेखर[1] और मञ्जूषा[2] आदि की अनेक स्थलों पर चर्चा की गयी है। इससे भी इनका काल अठारहवीं शती सिद्ध होता है।

इस व्याख्या की विशेषता नाम से ही स्पष्ट है। इसमें व्याकरण के नीरस और कठिन विषय भी सरल ढंग से समझाने का प्रयास किया गया है। प्रक्रिया समझाने में विस्तार है। लेखक ने पाण्डित्य का प्रदर्शन न करके विषयों के अधिकाधिक स्पष्टीकरण को महत्त्व दिया है। इस कारण साधारण व्याकरणज्ञ भी इसकी सहायता से अपेक्षित ज्ञान प्राप्त कर सकता है। व्याख्याकार अपने उद्देश्य में पूर्ण सफल कहा जा सकता है।

(च) 'लक्ष्मी'—

सिद्धान्तकौमुदी की इस सुन्दर व्याख्या के लेखक पं० सभापति शर्मोपाध्याय थे। इन्होंने प्राचीन विभिन्न व्याख्याओं का आलोडन करके यत्र-तत्र नव्य न्याय की शैली का अवलम्बन करके यह व्याख्या लिखी है। इस व्याख्या से गुरु-परम्पराप्राप्त अनेक विषयों का ज्ञान हो जाता है। परन्तु यह दुर्भाग्य का विषय है कि माननीय उपाध्याय जी सम्पूर्ण सिद्धान्तकौमुदी पर यह टीका नहीं लिख सके। यह 'कारक-प्रकरण' के प्रारम्भ के कुछ अंश तक ही लिखी जा सकी।

पूज्य उपाध्यायजी का जन्म विक्रम सं० १९३७ में भाद्र-शुक्ल-द्वितीया को बलिया जिला में गंगातट पर स्थित 'उदयीछपरा' नामक ग्राम में हुआ था। इनके पिता का नाम पलटोपाध्याय और माता का नाम सखी देवी था। जन्म के छः महीनों के बाद ही माता का देहान्त हो जाने से धात्री ने इनका पालन-पोषण किया। अपने ग्राम से १८९६ ई० में ये काशी आये और पहले देवनारायण त्रिपाठी से अध्ययन किया। इसके बाद में विख्यात विद्वान् श्री दामोदर शास्त्री के शिष्य बन गये। उस समय के प्रख्यात विद्वानों से तत्तद्विषयों का अध्ययन करके आपने प्रौढ पाण्डित्य और शास्त्रार्थयोग्यता प्राप्त की।

आपने १९६४ ई० जून २९ तदनुसार वि० सं० २०२१ आषाढ कृष्णचतुर्थी सोमवार दिन में शरीरत्याग किया।

पं० सभापति शर्मोपाध्याय काशीस्थ बिरला संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य पद पर अनेक वर्षों तक कार्यरत रहे। आपकी शिष्य-परम्परा विशाल है। आपकी कोई सन्तति नहीं थी। लम्बी आयु प्राप्त कर आपने अनेक ग्रन्थों की व्याख्यायें तथा

---

१. ......प्रौढमनोरमायां 'हलन्त्यमि'तिसूत्रे स्थितम्। तद्व्याख्याने शब्दरत्ने शब्देन्दुशेखरे च बहुधा प्रपञ्चितम्। 'षष्ठी स्थानेयोगा' सूत्र पर बालमनोरमा।

२. न सार्वभौमशब्दात् सम्बोधनविभक्तिरिति मञ्जूषायां विस्तरः। 'सम्बोधने च' सूत्र पर बालमनोरमा।

टिप्पणियाँ लिखीं और सम्पादनकार्य किया। 'प्रौढमनोरमा' पर आपकी 'प्रभा' टिप्पणियाँ बहुत उपयोगी हैं। 'लघुमञ्जूषा' पर आपकी 'रत्नप्रभा' टीका और वैयाकरणभूषणसार पर आप द्वारा निर्दिष्ट 'प्रभा' व्याख्या परमोपयोगी है।

प्रौढमनोरमा की व्याख्यायें :—

(क) मनोरमामण्डन—

भट्टोजिदीक्षित ने अपनी सिद्धान्तकौमुदी पर 'प्रौढमनोरमा' नामक व्याख्या लिखी थी।[1] इस प्रौढमनोरमा की गम्भीरता देखकर और पण्डितराज आदि द्वारा किये 'मनोरमाकुचमर्दन' आदि खण्डनग्रन्थों को देखकर भट्टाजिदीक्षित के पुत्र भानुजिदीक्षित ने 'मनोरमामण्डन' नामक एक ग्रन्थ लिखा।[2]

(ख) बृहच्छब्दरत्न, (ग) लघुशब्दरत्न—

भट्टोजिदीक्षित के ही पौत्र हरिदीक्षित ने मनोरमा की विस्तृत व्याख्या 'बृहच्छब्दरत्न' नाम से लिखी। हरिदीक्षित के पिता वीरेश्वर थे। इन्होंने अपने चाचा भानुजिदीक्षित जो बाद मे 'रामाश्रम' नाम से प्रसिद्ध हुए थे, से व्याकरणशास्त्र का अध्ययन किया था। इस बृहच्छब्दरत्न में प्रक्रियाकौमुदी तथा उसके समर्थक विद्वानों के विभिन्न मतों की खूब आलोचना की गयी है[3]। ये दीक्षित के पौत्र थे। अतः इनका जन्मकाल दीक्षित से ६०-७० वर्ष बाद अर्थात् सत्तरहवीं शती का मध्य मानना चाहिए।

बृहच्छब्दरत्न का सम्पादन डा० सीतारामशास्त्री ने किया। यह मूलमात्र 'अव्ययीभाव' तक छपा है[4]।

नव्यवैयाकरणों में अग्रणी नागेश भट्ट हरिदीक्षित के शिष्य थे। नागेश ने इनके महाभाष्यज्ञान की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। 'बृहच्छब्दरत्न' के बाद 'लघुशब्दरत्न'

---

१. 'सिद्धान्तकौमुदीव्याख्यां कुर्मः प्रौढमनोरमाम्' ॥ प्रौढमनोरमामङ्गल।

२. भट्टोजिदीक्षित के पुत्र भानुजिदीक्षित ने अपने पिता के मतों का फिर समर्थन करते हुए 'मनोरमामण्डन' का निर्माण किया। सं० शा० इति० पृ० ५०५।

३. गूढोक्तिग्रथितां पितामहकृतां विद्वत्प्रमोदप्रदां
भक्त्याधीत्य 'मनोरमां' निरुपमाद् 'रामाश्रमात्' सद्गुरोः।
तत्त्वाज्ञानवशात् परेण कलितान् दोषान् समुन्मूलयन्
व्याचष्टे हरिरेष तां फणिमतान्यालोड्य वैरेश्वरिः ॥ (बृहच्छब्दरत्न)

४. यह प्रौढमनोरमा, बृहच्छब्दरत्न और लघुशब्दरत्न के साथ काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से प्रकाशित हुई है।

नामक व्याख्या लिखी गयी। ऐसा कहा जाता है कि नागेशभट्ट ने अपने गुरु के यश को अमर करने के लिए इस ग्रन्थ के कर्ता के रूप में अपने गुरु 'हरिदीक्षित' का नाम लिख दिया है। लघुशब्दरत्न नागेशकृत है—इसका सर्वप्रथम संकेत नागेश के साक्षात् शिष्य वैद्यनाथ पायगुण्डे ने किया है। उन्होंने लघुशब्दरत्न की अपनी 'भावप्रकाश' व्याख्या के मङ्गलाचरण में यह लिखा है—

'गुरुं नत्वा श्रये बद्धरत्नशब्देन्दुशेखरम् ॥'[1]

इसका आशय यह है कि शब्दरत्न और शब्देन्दुशेखर की रचना करने वाले अपने गुरुवर नागेश को प्रणाम करता हूँ। आगे भी 'अत्र यद् वक्तव्यं तदन्यत्रोक्तम्'[2] 'तथान्यत्र निरूपितम्'[3] 'अन्यत्र विस्तरः'[4] इनकी व्याख्या करते हुए यही सिद्ध किया है कि नागेश ने ही 'शब्दरत्न' लिखा। कहीं-कहीं 'गुरुचरणाः', 'गुरुचरणानामाकूतम्' आदि लिखा। नागेश के साक्षात् शिष्य होने के नाते इनका कथन प्रामाणिक मान लेना चाहिये।

यद्यपि परम्परा से अध्ययन करनेवाले शिष्य और गुरु के वचनों में बहुशः साम्य होना सम्भव है। अतः हरिदीक्षित ही इन दोनों व्याख्याओं के लेखक हो सकते हैं। तथापि 'लघु' और 'बृहत्' विशेषणों का प्रयोग करना नागेश की सामान्य बात है। साथ ही जब इन्होंने अपने माता, पिता और आश्रयदाता के प्रति अपनी पूरी निष्ठा व्यक्त की है तो विद्यादाता गुरु का नाम अमर करने के लिए उनका यह प्रयास मानने में कोई अनुपपत्ति नहीं होनी चाहिये।

लघुशब्दरत्न की व्याख्यायें—

लघुशब्दरत्न की भाषा और विषय बड़े ही परिष्कृत रूप में हैं। अनावश्यक शब्दप्रयोग पूर्णतया रोका गया है। अनेक पूर्वपक्षियों या प्राचीनों के मत 'यत्तु' आदि शब्दों से प्रस्तुत किये गये हैं। अतः इसकी व्याख्या की अपेक्षा हुई। फलतः कुछ विद्वानों ने इस दिशा में कार्य किया। इनमें नागेश के साक्षात् शिष्य वैद्यनाथ और भैरव मिश्र प्रमुख हैं। उनकी व्याख्याओं का परिचय यहाँ दिया जा रहा है।

---

१. भावप्रकाश-मङ्गलश्लोक

२. र-प्रत्याहारविषये यद् वक्तव्यं खण्डनं, तच्छब्देन्दुशेखरे उक्तमित्यर्थः। भावप्रकाशः पृ० ५५।

३. अन्यत्र=शब्देन्दुशेखरादौ। भावप्रकाश पृ० ६९।

४. स्पष्टीकृतं चैतद् गुरुचरणैर्धात्वर्थवादे उपसर्गवादे च मञ्जूषायाम्। भावप्रकाश पृ० ९०।

(क) भावप्रकाश–

शब्दरत्न की यह सबसे प्राचीन व्याख्या है। इसके लेखक वैद्यनाथ पायगुण्डे हैं। ये नागेश के साक्षात् शिष्य थे[1]। इसलिए अपने गुरु के ग्रन्थों का आशय इनकी व्याख्याओं से सरलतया समझा जा सकता है। मनोरमा के खण्डन-मण्डन से सम्बद्ध मतमतान्तर तथा शब्दरत्न में कहाँ किस अन्य आचार्य या ग्रन्थ का खण्डन किया जा रहा है—इसका प्रामाणिक ज्ञान इसी व्याख्या से होता है। ग्रन्थ की पङ्क्तियों का शब्दार्थ और भावार्थ दोनों को यथासम्भव समझाने की चेष्टा की गयी है।[2] इस व्याख्या की सहायता से शब्दरत्न का अभिप्राय समझने में बड़ी सहायता मिलती है। आगे के व्याख्याकार इस भावना को छोड़कर केवल शास्त्रार्थयोग्य स्थलों पर ही अपनी प्रतिभा और परिश्रम का प्रदर्शन करने लगे। फलतः अध्येताओं को मूल ग्रन्थ का आशय समझना कठिन होता गया।

वैद्यनाथ पायगुण्डे और इनके पुत्र[3] दोनों ने नागेश से अध्ययन किया था। अतः इनका काल नागेश के कुछ ही बाद समझना चाहिए, अठारहवीं शती का मध्यभाग। इनके पिता का नाम 'महादेव' था। ये भी महाराष्ट्रिय ब्राह्मण थे। इन्होंने शब्दकौस्तुभ पर 'प्रभा', शब्दरत्न पर 'भावप्रकाश', शब्देन्दुशेखर पर 'चिदस्थिमाला', परिभाषेन्दुशेखर पर 'गदा' और 'काशिका', लघुमञ्जूषा पर 'कला', प्रदीपोद्द्योत पर 'छाया' टिप्पणी और व्याख्यायें लिखीं।[4]

(ख) रत्नप्रकाशिका (भैरवी)

वैद्यनाथ पायगुण्डे के बाद जिस विद्वान् ने नागेश के विभिन्न ग्रन्थों पर व्याख्यायें लिखीं वे हैं काशी की महान् विभूति 'भैरव मिश्र'। इनकी व्याख्यायें 'भैरवी' नाम से प्रसिद्ध हैं। ये अगस्त्य कुल में उत्पन्न हुए थे। इनकी माता का नाम 'सीता' और पिता का नाम 'भवदेव मिश्र' था।[5] इन्होंने अपने समय के प्रमुख वैयाकरण अपने पिता से शिक्षा-ग्रहण की थी। ये नागेश से कुछ ही काल बाद के प्रतीत होते हैं। इनकी टीका का एक हस्तलेख १८२४ ई० का मिलता है। इससे इन्हें १९वीं शती के पूर्वार्द्ध अथवा १८वीं के अन्तिम चरण का समझना चाहिये।

---

१. गुरुं नत्वा श्रये बद्धरत्नशब्देन्दुशेखरम्। भावप्रकाश-मङ्गलश्लोक २।
२. भावप्रकाशिकां व्याख्यां कर्तुं बालदयान्वितः॥ भावप्रकाश मङ्गलश्लोक ३।
३. वैद्यनाथ पायगुण्डे का पुत्र बालशर्मा (बालम्भट्ट) भी नागेश का शिष्य था। संस्कृत व्या० इति० पृ० ३९३, द्र० सं० शा० इति० पृ० ५२९।
४. इनमें से अधिकांश प्रकाशित हो चुकीं हैं।
५. नत्वा तातं जगद्वन्द्यं भवदेवाभिधं गुरुम्।
सीताख्यां जननीं कुर्वे भैरवोऽगस्त्यसंभवः॥ शब्दरत्न-भैरवी का मङ्गल।

भैरवी व्याख्या में शब्दरत्न का आशय अच्छी तरह प्रतिपादित किया गया है। कुछ स्थलों पर वैद्यनाथ की व्याख्या की समानता दिखाई देती है। कहीं-कहीं कुछ अन्तर भी है। ऐसा लगता है कि भैरवमिश्र को किसी ऐसे योग्य गुरु का शिष्यत्व प्राप्त था जो नागेश के ग्रन्थों की परम्परानुसारी-व्याख्या में दक्ष था। इनके समय नव्य न्यायशैली का प्रभाव व्याकरण शास्त्र पर अच्छी तरह पड़ चुका था; अतः शब्देन्दुशेखर आदि की टीकाओं में इन्होंने उसका आश्रयण लिया है।

भैरव मिश्र के प्रपौत्र श्रीगणेशदत्तशर्मा मिश्र ने शब्देन्दुशेखर की 'चन्द्रकला' (भैरवी) व्याख्या सं० १९४४ में प्रकाशित करायी। उसकी प्रस्तावना के अनुसार भैरव मिश्र के पिता 'माधव पेशवा' द्वारा सम्मानित किये गये थे। भैरव मिश्र ने १९वीं शती में अस्सी से अधिक वर्षों तक जीवित रहकर अध्यापन और लेखन किया। इन्होंने 'रसगोनगभू' विक्रमवत्सर में श्रावणकृष्णा त्रयोदशी को शरीर-त्याग किया।

(ग) अन्य व्याख्यायें—

भैरवमिश्र के बाद शब्दरत्न की कोई महत्त्वपूर्ण टीका नहीं प्राप्त होती है। अधिकांश विद्वानों ने टिप्पणियाँ ही लिखीं। इनमें पं० गोपालशास्त्री नेने तथा पं० सभापति शर्मोपाध्याय की टिप्पणियाँ प्रकाशित हैं। अन्य साधारण व्याख्यायें भी एक प्रकार से टिप्पणी का ही रूप हैं। ग्रन्थ समझाने की चेष्टा न करके गिने चुने स्थल स्पष्ट करने या शास्त्रार्थोपयोगी अंशमात्र प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

(घ) भावप्रकाशिका (नवीन व्याख्या)

इस प्रस्तुत संस्करण में 'भावप्रकाशिका' संस्कृत-व्याख्या दी जा रही है। इस व्याख्या में यह प्रयास किया गया है कि सिद्धान्तकौमुदी, प्रौढमनोरमा और शब्द-रत्न—इन तीनों का सामञ्जस्य करके विषयों का स्पष्टीकरण किया जा सके। इससे पूर्ववर्ती व्याख्यायें मुख्यरूप से शब्दरत्न का आशय प्रकट करती हैं। किन्तु प्रस्तुत व्याख्या में प्रौढमनोरमा के उन स्थलों का भी स्पष्टीकरण किया गया है जिन्हें शब्दरत्नकार ने छोड़ दिया था। अपेक्षित स्थलों पर सिद्धान्तकौमुदी के अंश भी उद्धृत हैं जिससे पूर्वा-पर प्रसङ्ग समझने में सहायता प्राप्त हो सके। आधुनिक परिष्कार-पद्धति का भी समावेश है। इसमें पाण्डित्य-प्रदर्शन की भावना न रख कर अध्येताओं के लाभ की चिन्ता प्रधान रूप से की गयी है। विवादग्रस्त विषयों के सन्दर्भ में वैद्यनाथ या भैरवमिश्र अथवा दोनों के वचनों को ही प्रमाण मान कर प्रस्तुत किया गया है। अनावश्यक विस्तार का प्रदर्शन न करके केवल उपयोगी अंश ही रखे गये हैं।

प्रौढमनोरमा-शब्दरत्न की हिन्दी व्याख्यायें—

व्याकरणशास्त्र के ग्रंथों की हिन्दी-व्याख्या लिखना अति कठिन कार्य है। उसमें भी नव्यव्याकरण के ग्रंथ जिनमें 'अर्द्धमात्रालाघवेन पुत्रोत्सवं मन्यन्ते वैयाकरणाः' की भावना से कम से कम शब्दों में अधिक से अधिक भाव व्यक्त किये गये हैं, उन पर हिन्दी-माध्यम से भावप्रकाशन-समर्थ व्याख्या लिखना एक बहुत कठिन कार्य है। फिर भी, समय की मांग को देखते हुए हिन्दी-व्याख्यायें लिखीं जा रहीं हैं।

(क) बालप्रकाशिका—

इसके लेखक पं० द्वारिकाप्रसाद शास्त्री हैं। इसमें हिन्दी भाषा में व्यवस्थित रूप से न तो अनुवाद ही है और न व्याख्या। प्रौढमनोरमा और शब्दरत्न को मिला जुलाकर लिखने से विषय स्पष्ट नहीं हो सके हैं। फिर भी प्रथम प्रयास होने से यह भी सराहनीय ही हैं।

(ख) भावबोधिनी—

प्रस्तुत संस्करण में 'भावबोधिनी' हिन्दी व्याख्या दी गयी है। यह व्याख्या प्रौढमनोरमा और शब्दरत्न दोनों पर लिखी गयी है। सिद्धान्तकौमुदी की व्याख्या 'प्रौढमनोरमा' है और उसकी व्याख्या है 'शब्दरत्न'। कई स्थलों पर तीनों को मिलाने पर ही सही आशय प्रकट होता है। अतः तीनों के आशय अलग-अलग [सि०कौ०, मनो०, शब्द०] प्रतीकों से प्रतिपादित किये गये हैं। समझाने में जहाँ अन्य वाक्यादि आवश्यक हुए उनके लिये ( ) और भाव को स्पष्ट करने के लिए [ ] कोष्ठकों का प्रयोग किया गया है। कहीं इनमें कुछ असावधानी भी हो गयी। मूल उद्देश्य ग्रंथ के भाव को अधिक से अधिक स्पष्ट करना रहा है।

अनुवाद में यह ध्यान रखा गया है कि मनोरमा और शब्दरत्न को अलग अलग लिखा जाय। कहीं यदि शब्दरत्न में अतिसामान्य शब्दप्रयोग हुआ है तो उसे मनोरमा के अपेक्षित अंश के साथ ही जोड़कर अनूदित कर दिया गया है। इस लिये बड़े-बड़े स्थलों पर अलग-अलग समझाया गया है और समझाने के पहले ही [मनो०] या [शब्द०] ऐसा संकेत कर दिया गया है। इससे विषय आपस में सङ्कीर्ण नहीं हुए हैं। अध्येता को जिस अंश की व्याख्या या अनुवाद देखना है, वह प्रतीक की सहायता से तत्काल समझ सकता है। जिन विषयों को संक्षेप में समझाना सम्भव नहीं हो सका उन्हें '**विमर्श**' के अन्तर्गत पूर्णतया स्पष्ट किया गया है। अधिक से अधिक स्पष्ट करने के कारण कहीं-कहीं सामान्य पुनरुक्ति भी हो गयी है। पर इसे दूषण न मानकर व्याख्याकार की बाध्यता माननी चाहिये।

विजयादशमी, १९८६

—जयशङ्करलाल त्रिपाठी

संकेत-सूची

का० वा०	=	कात्यायन-वार्तिक
कै० प्र०	=	कैयटीय प्रदीप
गो० ब्रा०	=	गोपथब्राह्मण
पस्पशा०	=	महाभाष्यपस्पशाह्निक
पा० सू०	=	पाणिनीय सूत्र
भावप्रकाश	=	लघुशब्दरत्न की व्याख्या
भैरवी	=	,, ,, ,,
मनो०	=	प्रौढमनोरमा
म० भा०	=	महाभाष्य
महाभा०	=	महाभारत
मा० सू०	=	माहेश्वरसूत्र
शब्द०	=	लघु शब्दरत्न
सं० व्या० इति०	=	संस्कृत व्याकरण का इतिहास
सं० शा० इति०	=	संस्कृत शास्त्रों का इतिहास
सि० कौ०	=	वैयाकरण-सिद्धान्त-कौमुदी

—=*——

[१]

अर्थप्रवृत्तितत्त्वानां शब्दा एव निबन्धनम् ।
तत्त्वावबोधः शब्दानां नास्ति व्याकरणादृते ॥ (वा० प० १।१३)

[२]

यदेकं प्रक्रियाभेदैर्बहुधा प्रविभज्यते ।
तद्व्याकरणमागम्य परं ब्रह्माधिगम्यते ॥ (वा० प० १।२२)

[३]

न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके यः शब्दानुगमादृते ।
अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते ॥ (वा०प० १।१२३)

[४]

तस्माद् यः शब्दसंस्कारः सा सिद्धिः परमात्मनः ।
तस्य प्रवृत्तितत्त्वज्ञस्तद् ब्रह्मामृतमश्नुते ॥ (वा०प० १।१३२)

[५]

साधुत्वज्ञानविषया सैषा व्याकरणस्मृतिः ।
अविच्छेदेन शिष्टानामिदं स्मृतिनिबन्धनम् ॥ (वा० प० १।४२)

सच्छब्दरत्न-

प्रौढमनोरमा

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

सशब्दरत्न-

प्रौढमनोरमा

भावप्रकाशिका-भावबोधिनी-संस्कृत-हिन्दी-व्याख्योपेता

अथ संज्ञाप्रकरणम्

ध्यायं ध्यायं परं ब्रह्म स्मारं स्मारं गुरोर्गिरः।
सिद्धान्तकौमुदीव्याख्यां कुर्मः प्रौढमनोरमाम् ॥ १ ॥

शब्दरत्नम्

शेषविभूषणमीडे शेषाशेषार्थलाभाय ।
दातुं सकलमभीष्टं फलमीष्टे यत्कृपादृष्टिः ॥ १ ॥

भावप्रकाशिका

विश्वेश्वरं सकलविघ्नहरं तथाम्बां बुद्धिप्रदान् गुरुवरांश्च शनिश्च नत्वा ।
श्रीशब्दरत्नयुत-प्रौढमनोरमायाः व्याख्यां तनोम्यनुपमां जयशङ्करोऽहम् ॥

भावबोधिनी

॥ विघ्नविनाशनाय नमः ॥

[मनो०] परब्रह्म का पुनः पुनः ध्यान करके [और] गुरु [शेषश्रीकृष्ण] के वचनों [व्याख्यानों] का पुनः पुनः स्मरण करके [हम भट्टोजिदीक्षित स्वरचित वैयाकरण -] सिद्धान्त-कौमुदी की व्याख्या 'प्रौढमनोरमा' की रचना करते हैं।

[शब्द०] शेष [-नाग के अवतारभूत भगवान् पतञ्जलि] के [द्वारा प्रतिपादित] समस्त पदार्थों [महाभाष्योक्त रहस्यों] का ज्ञान करने के लिये शेषविभूषण [शेष नाग हैं विशिष्ट भूषण=अलङ्कार जिनके ऐसे शिवजी को अथवा शेष=शयनाधाररूप से शेषनाग और वाहनरूप से वि=गरुड हैं भूषण=अलङ्करण जिनके

"ग्रन्थादौ ग्रन्थमध्ये ग्रन्थान्ते च मङ्गलं समाचरेत्" इत्यादिस्मृतिविधिवाक्यात् शिष्टाचारानुमितात् "मङ्गलादीनि मङ्गलमध्यानि मङ्गलान्तानि च शास्त्राणि प्रथन्ते" इत्यादि-महाभाष्याद्युक्तफलकत्वाच्च प्रारिप्सितग्रन्थसमाप्तिप्रतिबन्धकविघ्न-विनाशार्थं समुचितेष्टदेवतास्तुतिरूपं मङ्गलमाचरन् भट्टोजिदीक्षितः शिष्यशिक्षायै निवध्नाति—**ध्यायं ध्यायमिति**। एवमेव शब्दरत्नकारोऽपि शिष्यशिक्षायै निवध्नाति—**शेषविभूषणमीडे इति**।[1]

मूले—परं ब्रह्म ध्यायं ध्यायम्, गुरोर्गिरः स्मारं स्मारं सिद्धान्तकौमुदीव्याख्यां प्रौढमनोरमां कुर्मं इत्यन्वयः। **शब्दरत्ने**—शेषाशेषार्थलाभाय शेषविभूषणम् ईडे। यत्कृपादृष्टिः सकलम् अभीष्टं दातुम् ईष्टे इत्यन्वयः। **शेषविभूषणमिति**—। विशिष्टं विविधं वा भूषणम्—विभूषणम्, शेषः=शेषनाग एव विभूषणं यस्य तं

ऐसे विष्णु] की स्तुति [मैं हरि दीक्षित] करता हूँ। जिन [शिव अथवा विष्णु] की कृपारूपी दृष्टि [भक्तों के] मनोवाञ्छित समस्त फलों को प्रदान करने में समर्थ है।

विमर्श—वैयाकरण-सिद्धान्तकौमुदी के प्रणेता भट्टोजिदिक्षित हैं। वे अपनी कृति के गूढ रहस्यों को स्पष्ट करने के लिए प्रौढ लोगों के लिये यह व्याख्या बना रहे हैं। अपनी विशेषज्ञता द्योतित करने के लिये 'कुर्मः' इस उत्तम पुरुष बहुवचन का प्रयोग किया है। ग्रन्थ के भावीरूप को मस्तिष्क में स्थिर कर लेने के कारण इस व्याख्या का कर्मत्व आदि सम्भव है।

भट्टोजिदीक्षित ने अपनी वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी पर प्रौढमनोरमा व्याख्या लिखी है। इस प्रौढमनोरमा पर इन्हीं के पौत्र हरिदीक्षित ने बृहच्छब्दरत्न नामक प्रौढव्याख्या लिखी है। इन्हीं गुरु हरिदीक्षित के शिष्य नागेशभट्ट ने अपने गुरु के नाम से ही प्रस्तुत लघुशब्दरत्न व्याख्या लिखी है, यह प्रसिद्धि है। इसकी सहायता से सिद्धान्त-कौमुदी के रहस्यों को समझने में अतीव सहायता प्राप्त होती हैं, यह सर्वविदित है।

---

१. अस्यां भावप्रकाशिकाव्याख्यायां प्रौढमनोरमायाः शब्दरत्नस्य चोभयोः ग्रन्थयोः यथाक्रमं व्याख्यानं क्रियते। तत्रेदं सर्वविदितं यदियं प्रौढमनोरमा भट्टोजिदीक्षितेन लिखितायाः स्वीयायाः वैयाकरणसिद्धान्तकौमुद्याः व्याख्यारूपा, प्रौढमनोरमायाश्च व्याख्यानभूतः लघुशब्दरत्नग्रन्थः। एवञ्च सिद्धान्तकौमुदी परममूलम्, प्रौढ-मनोरमामूलम्, शब्दरत्नं च अस्याः व्याख्यानभूतम्। अत्रास्यां व्याख्यायां परममूलशब्देन सिद्धान्तकौमुदी मूलशब्देन च प्रौढमनोरमा प्रस्तूयते इति बोध्यम्।

शिवमित्यर्थः। यद्वा—शेषश्च विश्च इति शेषवी, "अभ्यर्हितं च" इत्यनेन वार्तिकेन शेषशब्दस्य पूर्वनिपातः, तौ भूषणे यस्य तम्, अथवा शेषयुक्तः शेषविरुद्धो वा विः=गरुडः भूषणम् यस्य तम्, पर्यङ्करूपेण वाहनरूपेण च शेषशायिनं गरुड-वाहनं विष्णुमित्यर्थः, एवञ्च श्लेषबलेन शिवं विष्णुञ्चोभयम्, ईडे=स्तौमि, ईड स्तुतावित्यदादौ। कस्मै प्रयोजनाय ? शेषाशेषार्थलाभाय। शेषस्य=शेषावतार-भूतस्य पतञ्जलेः योऽशेषोऽर्थः=सम्पूर्णमहाभाष्यस्थसिद्धान्तः, तल्लाभाय=तज्ज्ञान-प्राप्तये, यद्वा—शेषश्च अशेषश्च—शेषाशेषौ=फणिगरुडौ, नञोऽत्र विरोधार्थत्वा-दिति भावः, तयोः येऽर्थाः=महाभाष्य-गरुडपुराणस्थ-सिद्धान्तास्तेषां लाभायेत्यर्थः। महाभाष्योक्ताः=व्याकरणपदार्थाः, गरुडपुराणोक्तोऽर्थः=सदसद्विवेकः, उभयोर्ला-भायेति भावः। एवञ्चात्र शब्दरत्ने दुराग्रहं परित्यज्य सुष्ठु ज्ञात्वा विचार्य च सदसद्विवेकेनैव सिद्धान्ता वक्ष्यन्ते इति बोध्यम्। इयं च चतुर्थी तादर्थ्ये इति बोध्यम्। यत्कृपादृष्टिः=यस्य शिवस्य विष्णोः वा कृपायुक्ता दृष्टिः, कृपैव दृष्टिर्वा। सकलम-भीष्टं फलं दातुम् ईष्टे=ईश्वरत्वेन स्वातन्त्र्यात् समर्था भवतीत्यर्थः। एवञ्च यस्य तादृशदृष्टेरेवेदृक्षसामर्थ्यमिति तस्य महत्त्वं किं वर्णनीयमिति सर्वोत्कृष्टत्वं तत्रेति सुस्पष्टम्। यत्कृपापूर्वकदृष्ट्या सकलार्थलाभो भवति तेन तदन्तर्गतत्वेन प्रारिप्सित-ग्रन्थस्य निर्विघ्नपरिसमाप्तिरपि भविष्यत्येवेति ध्वनितम्।

ननु ध्यायमित्यादेः घञन्तप्रकृतिकद्वितीयान्तत्वे अभ्यासान्वयद्वितीयानामनुप-पत्तिरत आह—**ध्यात्वेति**। णमुलन्तम्—'ध्यैचिन्तायाम्' इत्यस्माद्धातोः "आभीक्ष्ण्ये णमुल् च" [पा० सू० ३।४।२२] इति णमुल् प्रत्ययः। एवमेव स्मारमित्यत्रापि 'स्मृ चिन्तायाम्' इत्यस्मात् णमुल् प्रत्ययो बोध्यः। अनयोरर्थभेदस्तूपपादयिष्यते।

यः सर्वज्ञः सर्वविद् यस्य ज्ञानमयं तपः।
तस्मादेतद् ब्रह्म नामरूपमन्नं च जायते॥

इति श्रुत्या कार्यब्रह्मणो हिरण्यगर्भस्यापि नपुंसकलिङ्गब्रह्मशब्दवाच्यत्वात् तद्-व्यावृत्तये आह—**परमिति**। ननु ब्रह्मणि किं नाम परत्वम् ? न चान्यत्वम्, भेद-स्यासत्त्वात्, न चोत्कृष्टत्वम्; यत्किञ्चित्-प्रतियोगिकोत्कर्षस्य येन केनचिद् रूपेण सर्वत्र सत्त्वात्, जगदुपादानत्वस्यापि हिरण्यगर्भादावतिप्रसक्तत्वादत आह—**सर्वेति**। एवञ्चेदृशोत्कर्षस्य तदन्यत्रासत्त्वान्नातिप्रसक्तिरिति बोध्यम्। **इदम्**=परम्—इति विशेषणमित्यर्थः। ध्यैस्मृधात्वोस्तुल्यार्थकत्वस्यातिप्रसिद्धत्वात्पौनरुक्तिपरिहारायाह—**ध्यानमिति**। **स्मृत्यनुकूलेति**। स्मृति-जनक-भावनाख्य-संस्कार - रूप-व्यापाररूपमित्यर्थः। **तज्जन्यम्** = उक्तसंस्काररूपव्यापारजन्यस्मरणरूपम्। **विशेषः**-इति। ध्यानस्मरणयोर्भेद इति भावः। ननु सर्वथा पूज्यत्वेन बहुव-

ध्यायं ध्यायमिति। ध्यात्वा ध्यात्वेत्यर्थः, णमुलन्तमेतत्। परं=सर्वं-जगदुपादानम्। कार्यब्रह्महिरण्यगर्भव्यावृत्तये इदम्। ध्यानं चिन्तापरपर्यायं

चनोपादानस्यैवौचित्यादेकवचनोपादानमनुचितमत आह—**एकवचनेने**ति। **एक-स्मादेवे**ति। श्रीकृष्णपण्डिताख्यादेवेत्यर्थः। तस्य सर्वविद्यानिधित्वसूचनद्वारा सर्वोत्कृष्टत्वसूचनेन सर्वपूज्यत्वप्रतिपादनद्वारा ईश्वरस्येवाद्वितीयत्वप्रतिपादनार्थमेक-वचनोपादानं सर्वथा समीचीनमेवेति बोध्यम्। ननु प्रौढानां मनांसि—प्रौढमनांसि, तानि रमयति या सा प्रौढमनोरमा–इत्यर्थस्वीकारे "कर्मण्यण्" [पा० सू० ३।२।१] इत्यस्य जागरूकतया अणो दुर्वारत्वेन "टिड्ढाणञ्०" [पा० सू० ४।१।१५] इति ङीवापत्तिरत आह—**प्रौढाना**मिति। एवञ्च गङ्गाधर इत्यादाविवात्रापि णिजन्तस्य रमयतेः पचादित्वं मूलविभुजादित्वं वा प्रकल्प्य रमयतीति रमा इति अचि के वा प्रत्यये संसाध्य प्रौढमनसां रमा प्रौढमनोरमा इति षष्ठीतत्पुरुषो बोध्यः। वस्तु-तस्तु मनोरमयतीत्यत्र णिच्-कर्मैतदुभयविशिष्टरम्धातोः पचादित्वस्य कल्पनेन अण एवाप्राप्तिरिति ङीबभावोऽपि सुकरः। अत एव येभ्यो विशिष्टेभ्य इष्यते तान् केवलान् पचादिगणे पठित्वा "कर्मोपपदेभ्यश्च ततो णिचश्च" इति पठनीयम्। चकारबलात् पूर्वाननुवर्त्य णिजन्तात् मनोरमा, केवलात् रमा इत्युभयप्रयोगसिद्धिरिति प्राहुः। अत एव मनो रमयतीत्यर्थिकामेवेत्युक्तम्। प्रकृतोपयोगिप्रौढपदार्थतावच्छेदकमाह—**प्रौढत्वञ्चे**ति। दर्शनम्=शास्त्रम्। एवञ्च विविधशास्त्रार्थज्ञा-नोत्तरमेव सकलमहाभाष्यस्य गूढार्थज्ञानं सम्भवति नान्यथा, भाष्ये तत्र तत्र विचार-समये संकलशास्त्रीयविषयाणां ध्वननात्। केचित्तु—सकलपदं महाभाष्ये विशेषणम्। तेन दर्शनार्थज्ञानपूर्वक-सकलमहाभाष्यगूढार्थज्ञानवत्त्वमित्यर्थः फलति। साकल्येन महाभाष्यगूढार्थज्ञाने सत्येव दर्शनानामीषज् ज्ञानेऽपि इयमानन्ददायिका।

एवञ्च (१) विविधदार्शनिकग्रन्थाध्ययनपूर्वकसिद्धान्तकौमुद्यध्येतारोऽधिकारिणः। (२) सिद्धान्तकौमुदीगूढार्थज्ञानं प्रयोजनम्। (३) सिद्धान्तकौमुद्युक्तार्थो विषयः। (४) प्रतिपाद्यप्रतिपादकभावश्च सम्बन्धः—इत्यनुबन्धचतुष्टयं बोध्यमिति तत्त्वविदः।

[शब्द०] ध्यायं ध्यायम्=बार बार ध्यान करके–यह अर्थ है। यह णमुल्प्रत्ययान्तरूप है। [अर्थात् घञ्प्रत्ययान्त द्वितीयान्तरूप नहीं है। अतः द्वित्व में बाधा नहीं है।] पर=सम्पूर्ण जगत् के उपादान, कार्य हिरण्यगर्भ [अर्थ] की व्यावृत्ति=दूर करने के लिये [परम्] यह [ब्रह्म का विशेषण बनाया गया]। [भाव यह है कि केवल ब्रह्म कहने पर हिरण्यगर्भ ब्रह्म भी लिया जा सकता था, अतः 'पर' यह विशेषण प्रयुक्त करके समस्त संसार के उपादान कारणभूत ब्रह्म का उल्लेख किया है।] ध्यान—चिन्तन-रूपी पर्यायवाला, स्मृति का जनकरूप व्यापार [अर्थात् स्मृति का

'ह य व र ट्' (मा० सू० ५)। **हकारोपदेशः अट्अश्हश्इण्ग्रहणेषु**

स्मृत्यनुकुलव्यापाररूपम्। स्मरणं तु तज्जन्यमिति विशेषः। गुरोरित्येक-वचनेन सर्वविद्यालाभ एकस्मादेव गुरोरिति सूचितम्। प्रौढानां मनो रमयतीत्यर्थिकां मनोरमाम्। प्रौढत्वं च सकलदर्शनार्थपूर्वकमहाभाष्य-गूढार्थज्ञानवत्त्वम्।

ननु माहेश्वरसूत्रेषु हकारस्य द्विरुच्चारणमसङ्गतमत आह मूले—**अट्-अश्-हश्-इण्ग्रहणेष्विति।** अट्-अश्-हश्-इणः गृह्यन्ते येषु तेषु—सूत्रेषु इत्यर्थः। अत्र सूत्र-

---

जनक भावनानामक संस्काररूप] है, किन्तु स्मरण तो उससे जन्य=तादृशसंस्कार से जन्य स्मरणरूप है यह [ध्यान और स्मरण में] विशेष=अन्तर है। [अतः किसी एक शब्द के उल्लेख से कार्यनिर्वाह सम्भव न होने के कारण भट्टोजिदीक्षित ने दोनों का उपादान किया है। ध्यायं ध्यायम् के समान स्मारं स्मारम् यहाँ भी णमुल् प्रत्यय ही है। पूज्य होने से वहुवचन का प्रयोग उचित था वह न करके एकवचन के प्रयोग का रहस्य प्रकट करते हैं—] 'गुरोः'='गुरु के' इस एकवचन द्वारा 'एक ही गुरु' अर्थात् शेषश्रीकृष्णपण्डित से ही समस्त विद्याओं का लाभ हुआ [एक ही पण्डित का शिष्यत्व स्वीकार किया]—यह सूचित किया है। प्रौढ़ों के मनों का रमण कराती है=आनन्दित कराती है—इस अर्थ वाली मनोरमा को [बना रहा हूँ]। और [प्रौढों में रहने वाला] प्रौढत्व—दर्शन शास्त्र के अर्थों का ज्ञान करते हुए संपूर्ण महाभाष्य के गूढ अर्थों के ज्ञानवाला होना है। [अर्थात् जो व्यक्ति दर्शनग्रन्थों का अध्ययन एवं ज्ञान प्राप्त करके सम्पूर्ण महाभाष्य के गूढ रहस्यों को समझ चुका है वही यहाँ प्रौढ है। उसके मन को आनन्दित कराने वाली यह रचना है।]

विमर्श—प्रौढमनोरमा—शब्द की व्युत्पत्ति रसगङ्गाधर के समान है। पहले रमयति इस अर्थ में 'नन्दिग्रहिपचादिभ्यो ल्युणिन्यचः' पा० सू० ३।१।१३४ से अच् प्रत्यय अथवा 'मूलविभुजादिभ्यः कः' वार्त्तिक से क=अप्रत्यय करके स्त्रीप्रत्यय करने पर 'रमा' शब्द निष्पन्न होता है। इसके बाद प्रौढमनसां रमा—यह षष्ठीसमास करना चाहिए। शब्दरत्न में 'प्रौढानां मनो रमयति' यह विग्रह नहीं है अपितु तात्पर्यार्थ है। अन्यथा अण् प्रत्यय करने पर ङीप् की आपत्ति आती है। इसका विशेष विवेचन संस्कृत-व्याख्या में देखिये।

[मनो०] हयवरट् [मा०सू० ५]—अट्, अश्, हश् एवम् इण् का ग्रहण जिनमें है उन [सूत्रों] में हकार का ग्रहण कराने के लिये 'ह' का उपदेश=उच्चारण [इस

हकारग्रहणार्थः। अर्हेण, 'अड्व्यवायेऽपि' इति णत्वम्। देवा हसन्ति, 'भोभगो' (पा० सू० ८।३।१७) इति रोर्यत्वम्। देवो हसति, 'हशि च' (पा० सू० ६।१।११४) इत्युत्वम्। लिलिहिढ्वे, लिलिहिध्वे, विभाषेटः' (पा० सू० ८।३।७९) इति वा ढः।

इण्ग्रहणेष्विति। नन्विदं न्यूनम्, अम्ग्रहणेऽपि ग्रहणात्। फलं तु 'बहु-

---

कारमतमनुसृत्य प्रत्याहारचतुष्टयोपादानम्। भाष्यकारमते तु अशि इणि च प्रत्याहारे हकारोपादानमनर्थकमिति अटि हशि चेति प्रत्याहारद्वये एव हकारग्रहणार्थं 'हयवरट्' इति माहेश्वरसूत्रे हकारोपादानं बोध्यम्। **"अड्व्यवायेऽपीति।** "अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवायेऽपि" (पा० सू० ८।४।२) इति सूत्रेण हकारस्य अटि सत्त्वात् तद्व्यवायेऽपि 'अर्हेण' इत्यादिलक्ष्यसिद्धये प्रथमहकारस्योपादानम्। एवमेव अश्-प्रत्याहारेऽपि हकारस्य ग्रहणात् देवा हसन्तीत्यादौ अश्परकत्वात् "भोभगोअघोअपूर्वस्य योऽशि" (पा० सू० ८।३।१७) इत्यनेन रोर्यकारादेशः। हश् प्रत्याहारे हकारस्य सत्त्वात् देवो हसतीत्यादौ हश्परकत्वात् "हशि च" (पा० सू० ६।१।११४) इत्यनेन रोरुकारादेशः। इण् प्रत्याहारे हकारस्य सत्त्वात् लिलिहिढ्वे लिलिहिध्वे इत्यादौ "विभाषेटः" (पा० सू० ८।३।७९) इत्यनेन इणः परो य इट् ततः परस्य लिटो धस्य वा मूर्धन्यादेशः। हयवरडिति माहेश्वरसूत्रे प्रथमहकारस्य प्रयोजनचतुष्टयं मूलकृता प्रदर्शितम्, तत्र न्यूनत्वमाशङ्क्य निराकर्तुमाह शब्दरत्ने—

माहेश्वर सूत्र में] है। अर्हेण—यहाँ 'अट् के व्यवधान में भी' [अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवायेऽपि' [पा० सू० ८।४।२] से णत्व होता है। देवा हसन्ति—यहाँ 'भोभगोअघोअपूर्वस्य योऽशि' [पा० सू० ८।३।१७] से 'रु' का य् होता है। देवो हसति—यहाँ 'हशि च' [पा०सू० ६।१।११४] से 'रु' का उत्व होता है। लिलिहिध्वे लिलिहिढ्वे—में 'विभाषेटः' [पा० सू० ८।३।७९ इण् से परे जो इट् उससे परे 'षीध्वम्', लुङ् तथा लिट् के ध् का वैकल्पिक मूर्धन्य होता है] इससे विकल्प से ढ होता है।

[शब्द०] पूर्वपक्ष—इण्-ग्रहण वाले सूत्रों में—अर्थात् अट्, अश्, हश् और इण् प्रत्याहारों के ग्रहण वाले सूत्रों में—यह कथन न्यून है, क्योंकि 'अम्' प्रत्याहार वाले [पुमः खय्यम्परे पा० सू० ८।३।६] में 'भी [ह का] ग्रहण होता है। इसमें हकार के ग्रहण का फल तो 'बहुपुम्कूह्' इत्यादि में 'पुमः खय्यम्परे' [पा० सू० ८।३।६] इससे रुत्व करना है। [भाव यह है कि बहवः पुमांसो यस्य—इस अर्थ में बहुव्रीहि समास करने पर जब कप् प्रत्यय नहीं होता है क्योंकि 'शेषाद्विभाषा' [पा० सू० ५।४।११४] इसमें 'विभाषा'—विकल्प का ग्रहण है

पुम्क्ह्' इत्यादौ "पुमः खय्यम्" इति रुत्वम्। 'गवित्ययमाह्'त्यादिवत् अपदान्तत्वात्ककारादेर्न जश्त्वमिति चेन्न ; "सुट्तिथोः" इत्यादाविकाराद्यु-

---

न्विदमिति। **इदम्**=उक्तं फलचातुर्विध्यम्। **अम्ग्रहणेऽपि**=अम् प्रत्याहारो गृह्यते यस्मिन् तादृशे "पुमःखय्यम्परे" (पा० सू० ८।३।६) इत्यादावित्यर्थः। **ग्रहणात्**=पुमःरोर्विधाने अम्वाच्यत्वेन निमित्तया हकारग्रहणस्यापेक्षणीयत्वादिति भावः। अमि हकारग्रहणस्य क्लृप्तप्रयोजनाभावादाह—**फलं त्विति**। **बहुपुमिति**।

और 'उरः' प्रभृतिभ्यः' [पा०सू० ५।४।१५१] इसमें एकवचनान्त पुम्स् शब्द का पाठ है तब बहुपुम्स् यह बनता है। इसका अनुकरण किया जायगा और क् ह् इन दोनों का भी अनुकरण किया जायगा। और यहाँ अनुकरण में भेदविवक्षा मानी जायगी। अतः संयोगान्त सकार का लोप 'संयोगान्तस्य लोपः' [पा० सू० ८।२।२३] से हो जायगा। इस प्रकार बहुपुम्+क् ह् इस अवस्था में अम् प्रत्याहार में 'ह्' को मान लेने पर अम्परक खय् [हपरक क्] मिल जाता है। 'पुमः खय्यम्परे' [पा० सू० ८।३।६] से म् का रु होना चाहिए। इसके लिये 'अम् में भी 'ह' का ग्रहण फल है। यहाँ जब क् और ह् दोनों का अलग-२ अनुकरण है तब अनुकार्य अर्थ से क् और ह् दोनों ही अर्थवान् हो जाते हैं अतः प्रातिपदिक संज्ञा, सुविभक्ति एवं हलन्त होने से उसका लोप आदि कर देने पर ये दोनों [क् ह्] पद हो जाते हैं। इनमें क् का जश्त्व और ह् का ढत्व करना चाहिये। ऐसा कर देने पर अम्परक खय् नहीं रह पाता है। अतः यह फल नहीं हो सकता। इस शंका का समाधान करते हैं कि] 'गवित्ययम् आह' इत्यादि के समान अपदान्त होने के कारण जश्त्व नहीं होता है। [भाव यह है कि 'गवित्ययमाह' यहाँ अभेदविवक्षा में अर्थवत्त्वाभाव के कारण प्रातिपदिकत्व एवं स्वाद्युत्पत्ति नहीं होती है, पदसंज्ञा नहीं होती है। इसलिये 'लोपः शाकल्यस्य' पा० सू० ८।३।१९ से अपदान्त 'व्' का लोप नहीं होता है। इसी प्रकार प्रस्तुत स्थल में क् ह् में अभेदानुकरण होने से पदत्व-प्रयुक्त कोई कार्य नहीं होता है। किन्तु बहुपुम् यहाँ सान्तप्रातिपदिक का अनुकरण और भेदविवक्षा है। अतः सकार का संयोगान्त लोप हो जाता है। यहाँ ककार का जश्त्व और हकार का ढत्व—पदान्तत्वप्रयुक्त ये दोनों कार्य नहीं होते हैं। अतः अम्—में हग्रहण का यह फल होना चाहिये।]

उत्तरपक्ष—ऐसा नहीं कह सकते, क्योंकि [सुट् त्थोः यह अनेक व्यञ्जनों का एक साथ उच्चारण न करके] 'सुट्तिथोः' [पा० सू० ३।४।१०७] इत्यादि में इकार आदि [और 'झषस्तथोर्धोऽधः' पा० सू० ८।२।४० में अकार] का उच्चारण

च्चारणेन शास्त्राबोधिताजव्यवहितहल्समुदायस्यासाधुबोधनात्। अत एव "उच्चैरुदात्तः" [पा० सू० १।२।२९] इति सूत्रे भाष्यं "न पुनरन्तरेणाचं व्यञ्जनस्योच्चारणमपि भवति" इति। स्कोरित्यादिस्तु सौत्रः प्रयोगः। अत

बहवः पुमांसो यस्येति बहुव्रीहिः—बहुपुंस् इति। न चात्र कप्प्रत्ययापत्तिः, "शेषाद्-विभाषा" (पा० सू० ५।४।१५४) इत्यत्र विभाषाग्रहणात् "उरः प्रभृतिभ्यः कप्" (पा० सू० ५।४।१५१) इत्यत्रैकवचनान्तस्यैव पुम्स्शब्दस्य पाठाद् बहुवचने तद-भावस्येष्टत्वात्। बहुपुम्स् इत्यत्र "संयोगान्तस्य लोपः" (पा० सू० ८।२।२३) इत्यनेन सकारलोपः। क् इत्यस्य ह् इत्यस्य च प्रत्येकमनुकरणद्वयम्। एवञ्च बहुपुम्+क् ह् इत्यत्र अम्परकखयः सत्त्वेन 'पुमः खय्यम्परे' (पा० सू० ८।३।६) इत्यनेन पुमो मकारस्य रुत्वापत्तिः। ननु प्रत्येकमनुकरणे तयोरनुकरणयोरनुकार्य-रूपौ अर्थौ स्तः, ताभ्यां ककारहकारयोरर्थवत्त्वात् 'अर्थवदधातुः' (पा० सू० १।२।५५) इत्यनेन प्रातिपदिकत्वे सुबुत्पत्तौ हल्ङ्यादिना तस्य लोपे प्रत्येकं पदं जातम्। एवञ्च पदत्वात् ककारस्य जश्त्वे हकारस्य च ढत्वे अम्परकखयोऽभावान्न रुत्वस्य प्राप्तिरत आह—**गवित्ययमाहेति**। अयं भावः—अनुकार्यस्यानुकरणे भेदविवक्षा अभेदविवक्षा चेति पक्षद्वयम्। एवञ्च गवित्ययमाहेत्यादावनुकरणस्थलेऽभेदविवक्षायामनुकरणेनानु-कार्यस्य सादृश्येनैवोपस्थितिर्न तु वृत्त्या, तेनार्थवत्त्वस्याभावात् प्रातिपदिकत्वाभावेन सुबनुत्पत्त्या पदान्तत्वाभावात् 'लोपः शाकल्यस्य' (पा० सू० ८।३।१९) इत्यनेन 'व्' लोपो न। एवमेवात्रापि अनुकरणस्थलेऽपदान्तत्वात् ककारस्य जश्त्वं हकारस्य ढत्वं च न शङ्क्यम्। अभेदपक्षश्च ककारहकारयोरनुकरणे एव न तु बहुपुमित्यस्य ; अत्र तु सान्तप्रातिपदिकस्य 'बहुपुम्स्' इत्यस्यानुकरणं भेदविवक्षा च। अत एव 'संयोगा-न्तस्य लोपः' (पा० सू० ८।२।२३) इत्यनेन सकारलोपः। **सुट्तिथोरिति**। आदिपदद्वयेन 'झषस्तथोर्धोधः' (पा० सू० ८।२।४०) इत्यस्यात्रत्याकारस्य च परिग्रहो बोध्यः। अयं भावः—"सुट्तिथोः" इत्यत्र इकारस्य 'झषस्तथोः' इत्यत्रा-कारस्य चोच्चारणेनेदं बोध्यते यत् शास्त्राबोधिताजव्यवहितहल्समुदायस्य साधुत्वं

करने से यही बोध कराया गया है कि स्वरों से रहित जो व्यञ्जनसमुदाय शास्त्र से बोधित नहीं होता है वह असाधु होता है। अतः बहुपुम् क्ह् यह अनेक व्यञ्जनों का संहिताकार्य अप्रामाणिक है।] [शास्त्र से अबोधित हल्समुदाय असाधु ही होता है] इसीलिए 'उच्चैरुदात्तः' [पा० सू० १।२।२९] इस सूत्र पर भाष्यहै—"अच् के बिना व्यञ्जन का उच्चारण भी नहीं होता है।" 'स्कोः संयोगाद्योरन्ते च' [पा० सू० ८।२।२९] आदि तो सौत्र प्रयोग हैं। [शास्त्र से अबोधित हल्समुदाय

एवाटि हकारप्रयोजनकथनावसरे भाष्ये "शश्छोटि" [पा० सू० ८।४।६३] इत्युपन्यस्य तदुदाहरणं नोपन्यस्तम्। हकारपरशकारासम्भवेन शश्छोटीति प्रसङ्गोच्चारितमिति च कैयटेन व्याख्यातम्। अमि हकारप्रयोजनमिति च भाष्ये नोक्तमिति दिक्॥

नास्ति। **शास्त्राबोधितेति**। अचाऽव्यवहितोऽजव्यवहितः, अजव्यवहितश्चासौ हल्समुदायश्चेत्यजव्यवहितहल्समुदायः। शास्त्रेणाबोधितो योऽजव्यवहितहल्समुदायः,—शास्त्राबोधिताजव्यवहितहल्समुदायः, तस्यासाधुत्वमिति भावः। शास्त्राबोधितत्वञ्च—विधेयतासम्बन्धेन शास्त्रजन्यबुद्धिविषयतात्वावच्छिन्नस्य तदवच्छिन्नाश्रयत्वस्य वा योऽभावस्तद्वत्त्वम्। **बोधनादिति**। एवञ्च यथाऽपभ्रंशे न शास्त्रविषयता तथैव बहुपुम्क्ह् इत्यादावपि न शास्त्रप्रवृत्तियोग्यता। अत एव भाष्ये 'अम्' प्रत्याहारे हकारस्य ग्रहणरूपं प्रयोजनं न प्रदर्शितं न वा ध्वनितम्। वस्तुतस्तु तादृशसमुदायास्तित्वमेव नास्तीत्याह—**अतएवेति**। तादृशहल्समुदास्यासत्त्वस्य सत्त्वे वाऽसाधुत्वस्य बोधनादेवेत्यर्थः। **व्यञ्जनस्येति**। एकस्यापि हल उच्चारणासम्भवेन तादृशहल्समुदायस्य सुतरामुच्चारणमसम्भवमिति तस्य साधुत्वमपि दूरापास्तमिति बोध्यम्। ननु शास्त्राबोधिताजव्यवहितहल्समुदायस्यासाधुत्वाङ्गीकारे तदसाधुत्वं 'स्कोः' इत्यादावतिव्याप्तमत आह—**स्कोरिति**। आदिना 'लोपोव्योर्वलि' अत्रत्यस्य 'व्यो' रित्यस्य सङ्ग्रहः। **सौत्र** इति। एवञ्चात्र शास्त्रबोधितत्वमेवेति भावः। **अत एवेति**। तादृशस्य हल्समुदायस्यासाधुत्वबोधनेन तेषां प्रयोगाणां शास्त्रविषयत्वाभावादेवेत्यर्थः। **हकारेति**। हकारग्रहणप्रयोजनप्रतिपादनकाले इत्यर्थः। **तदुदाहरणमिति**। शश्छोऽटीत्यस्योदाहरणम्। **नोपन्यस्तमिति**। भाष्यकारेणेति शेषः। **हकारपरशकारेति**। **हकारपरेत्यत्र** बहुव्रीहिः—हकारः परो यस्मात् तादृशस्य शकारस्यासम्भवेनेत्यर्थः। असम्भवश्च 'बहुपुम्क्ह्' इत्यत्रोक्तरीत्या बोध्यः। **चेति**। इदं व्याख्यातपदोत्तरं योज्यम्, वाक्यालङ्कारे वा बोध्यम्। **नोक्तमिति**। एवञ्च अमि अशि इणि अत्र सर्वत्र हकारग्रहणस्य प्रयोजनं भाष्यकारमते

असाधु माना जाता है] इसीलिये अट् प्रत्याहार में हकार के प्रयोजनों को कहते समय भाष्य में "शश्छोऽटि' [पा० सू० ८।४।६३] इस सूत्र को उपन्यस्त करके [भी] इसका कोई उदाहरण नहीं दिया गया। और हकारपरक शकार=श्ह् सम्भव नहीं है, इसी लिये यहाँ 'शश्छोऽटि' [पा० सू० ८।४।६३] यह प्रसङ्गतः कहा गया है—ऐसी व्याख्या कैयट ने की है। 'अम् प्रत्याहार में हकार [के ग्रहण] का प्रयोजन है–' यह भाष्य में नहीं कहा गया। [अतः भाष्यविरुद्ध होने से बहुपुम् क्ह् आदि शब्द असाधु हैं, ये फल नहीं माने जा सकते।]

'हल्' (मा० सू० १४)। इदं सूत्रं वल्रल्झल्शलषु हकारग्रहणार्थम्। रुदिहि, स्वपिहि, 'रुदादिभ्यः सार्वधातुके' (पा० सू० ७।२।७६) इति वलादिलक्षण इट्। स्निहित्वा, स्नेहित्वा, 'रलो व्युपधाद्' (पा० सू० १।२।२६) इति वा कित्त्वम्। अदाग्धाम्, 'झलो झलि' (पा० सू० ८।२।२६) इति सकारलोपः। अलिक्षत्, 'शल इगुपधात्' (पा० सू० ३।१।४५) इति क्सः।

इद सूत्रमिति। वलादिप्रत्याहाराश्च रेफेणैव सन्तु। हरन्त्यमित्यत्रा-

---

नास्तीति भाष्यासम्मतप्रयोजनप्रदर्शनमनुचितमिति ध्वनयन्नाह—**दिगिति**।

हरूपाङ्गिनोऽभावेऽङ्गभूतलस्य वैयर्थ्ये सम्पूर्णसूत्रस्यैव वैयर्थ्यं सिद्धमिति सूत्रमेवोपस्थापयति मूले—**इदं सूत्रमिति**। "हल्" इति चतुर्दशसूत्राभावे 'शषसर्' इत्यस्य रेफेणैव प्रत्याहाराः साध्याः। ननु हलिति सूत्राभावे वक्ष्यमाणरीत्यान्योन्याश्रयपरिहारस्य कथमुपपत्तिरत आह—**परिहारस्त्विति**। 'रन्त्यं हर्' इति न्यासे

[मनो०] हल् [मा०सू० १४] यह सूत्र वल्, रल्, झल् और शल् प्रत्याहारों में हकार का ग्रहण कराने के लिये है। रुदिहि स्वपिहि, [इनमें] 'रुदादिभ्यः सार्वधातुके' [पा० सू० ७।२।७६] इससे वलादि [सार्वधातुक] को मान कर होने वाला इट् आगम होता है। स्निहित्वा, स्नेहित्वा [इनमें] 'रलो व्युपधाद्हलादेः संश्च' [पा०सू० १।२।२६ इकार अथवा उकार हैं उपधा में जिसके ऐसे हलादि रलन्त धातु से परे सेट् क्त्वा और सन् प्रत्यय विकल्प से कित् होते हैं] इससे विकल्प से कित् होता है। [अतः वैकल्पिक गुणनिषेध होता है।] अदाग्धाम् [=अदाह्+स्+ताम्] यहाँ 'झलो झलि' [पा० सू० ८।२।२६—झल् से परे स् का लोप होता है झल् परे रहते] से स् का लोप होता है। अलिक्षत् [अलिह्+च्लि+त्] यहाँ 'शल इगुपधादनिटः क्सः' [पा० सू० ३।१।४५ शलन्त इगुपध धातु से परे च्लि का क्स=स होता है] से च्लि का क्स होता है।

विमर्श—माहेश्वर सूत्रों में 'हकार' ही एक ऐसा वर्ण है जिसका दो बार उल्लेख किया गया है 'हयवरट्' और 'हल्'। इन दोनों में उपदेश करने के अलग-अलग फल हैं। प्रथमस्थल के हकारग्रहण का फल चार प्रत्याहारों में ह का ग्रहण कराना है–(१) अट् (२) अश्, (३) हश् और (४) इण्—यह पहले स्पष्ट किया जा चुका है। यहाँ दूसरे स्थल के हकारग्रहण के भी चार प्रयोजन प्रस्तुत किये गये हैं–(१) वल् (२) रल् (३) झल् और (४) शल् प्रत्याहार। इन प्रत्याहारों वाले चार सूत्र और उनके लक्ष्य मनोरमा में प्रस्तुत किये जा चुके हैं।]

[शब्द०] ['हल्' यह सूत्र वल्, रल्, झल् एवं शल् प्रत्याहारों में हकारग्रहण के लिये है। यहाँ यह विचारणीय है कि] वल् आदि [रल्, झल्, शल्]

न्योन्याश्रयपरिहारस्तु "रन्त्यं हर्" इति न्यासेनावृत्त्या हर्प्रत्याहारबोधक-सूत्रसमुदायान्त्यमिदित्यर्थेन वा सुकर इति भावः।

वाक्यद्वयं कल्पनीयम् (१) रन्त्यम् (२) हर्—इति च। अत्र द्वितीयेऽपि वाक्ये अन्त्य-पदस्य सम्बन्धः। अत एव तस्य मध्ये पाठः। 'र्' इति पृथक् पदम्। तेन 'अन्त्यं 'र्' इति स्वरूपम् इत्', तथा 'अन्त्यं हर् इत्'। एवञ्च रेफस्येत्संज्ञायां सिद्धायामित्-पदार्थस्य प्रसिद्धौ "आदिरन्त्यनेन सहेता" (पा० सू० १।१।७१) इत्यनेन 'हर्' पदार्थबोधे जाते द्वितीयवाक्यस्यार्थबोधः सुलभः। एवञ्चान्योन्याश्रयपरिहारः उपपद्यते। अत्र पक्षे रेफस्य प्रश्लेषे गौरवादपाणिनीयत्वाच्चाह—आवृत्येति। 'हरन्त्यमित्यस्यवृत्त्येति भावः। तत्र प्रथमस्य 'हरन्त्यमित्यस्य हयवरडिति हकारमारभ्य दघसरिति रेफपर्यन्तवर्णसमुदाये लक्षणया 'हरः अन्त्यम् इत्' इत्यर्थेन इत्पदार्थज्ञाने जाते 'आदिरन्त्येन सहेता'(पा० सू० १।१।७१) 'इत्यनेन हर्पदार्थस्य ज्ञाने जाते—'अन्त्यः हर्=हर-प्रत्याहारबोध्यः इत्' इत्यर्थः सञ्जायते। एवञ्चान्योन्याश्रयदोष-परिहारः सुकरः। वल् प्रत्याहारे हकारस्य ग्रहणात् 'रुदिहि स्वपिहि' इत्यादौ "रुदादिभ्यः सार्वधातुके" (पा० सू० ७।२।७६) इत्यनेन वलादिनिमित्तक इट् प्रवर्तते। रल् प्रत्याहारे हकारस्य ग्रहणात् 'स्निहित्वा स्नेहित्वा' इत्यादौ "रलो व्युपधाद्धलादेः संश्च" (पा० सू० १।२।२६) इत्यनेन वा कित्त्वम्। झल् प्रत्याहारे

प्रत्याहार रेफ से हो जाँय [अर्थात् वर्, रर्, झर्, शर् ही हो जाँय]। और 'हरन्त्यम्' यहाँ अन्योन्याश्रय दोष का परिहार तो–'रन्त्यं हर्' इस न्यास के द्वारा अथवा आवृत्ति से– 'हर् प्रत्याहार के बोधक सूत्रसमुदाय का अन्त्य इत् होता है–इस अर्थ के द्वारा सरलता से किया जा सकता है— यह भाव है।

विमर्श—यहाँ भाव यह है कि 'हल्' इस सूत्र की आवश्यकता नहीं है। ल् के साथ जितने प्रत्याहार हैं वे सभी र् के साथ बना दिये जाँय—वर्, रर, झर, और शर्। 'हल्' इस चौदहवें सूत्र के रहने पर 'हलन्त्यम्' की आवृत्ति से आगे अन्योन्याश्रय दोष का परिहार बताया गया है। इस पक्ष के अनुसार हल् सूत्र न होने पर 'हलन्त्यम्' के स्थानपर 'रन्त्यं हर्' यह सूत्र कल्पित करना चाहिये। इसमें दो वाक्य हैं—(१) रन्त्यम् (२) हर्। द्वितीय सूत्र में भी 'अन्त्यम्' का सम्बन्ध होता है, इसीलिए 'अन्त्यम्' को मध्य में पढ़ा गया। रन्त्यम्—इसका यह अर्थ है—उपदेश में अन्त्य 'र्' इत् होता है। इस से इत् पदार्थ का ज्ञान हो जाता है। फलस्वरूप "आदिरत्त्येन सहेता" (पा० सू० १।१।७१) का वाक्यार्थबोध उपपन्न हो जाता है। द्वितीय वाक्य 'हर्' है। इसका अर्थ है—उपदेश में अन्त्य हर् इत् होता है। यहाँ हर् प्रत्याहार है उसके अन्त्य वर्ण की

ग्रहणार्थमिति । शषहरित्येव तु नोक्तम्; खरि हकारग्रहणापत्तौ हरिर्हरतीत्यादौ विसर्गापत्तेः ॥

हकारस्य ग्रहणात् 'अदाग्धाम्' इत्यादौ 'झलो झलि'' (पा० सू० ८।२।२६) इत्यनेन झलः=हकारात् परस्य सस्य लोपः । शल् प्रत्याहारे च हकारग्रहणात् 'अलिक्षत्' इत्यत्र 'शल इगुपधादनिटः क्सः'' (पा० सू० ३।१।४५) इत्यनेन शलन्तात् परस्य च्लेः क्सादेश उपपद्यते । ननु द्वितीयहकारस्यैव प्रयोजनान्युक्तानि । एवञ्च सो हकारः 'शषसर्' इत्यस्मिन् सूत्रे सकारानन्तरं पठनीयः, तस्मादन्तिमं हलिति सूत्रं नारम्भणीयमत आह—**शषसहरि**ति । रेफात् पूर्वमेव हकारो न पठित इति भावः । **विसर्गापत्तेरि**ति । तथा पाठे खरि हकारस्य ग्रहणापत्तौ ''खरवसानयोर्विसर्जनीयः''

इत्संज्ञा हो जाती है। इस प्रकार अन्योन्याश्रय दोष का परिहार हो जाता है। इस न्यास की कल्पना में यदि गौरव होता है तो 'हरन्त्यम्' इ की आवृत्ति कर लेनी चाहिए। इनमें आवृत्त 'हरन्त्यम्' में षष्ठीसमास मानकर 'हरः अन्त्यम्' यह विग्रह है। हर् प्रत्याहार-बोधक सूत्रों के समुदाय का अन्त्य इत् होता है। अर्थात् हर् रूपी प्रत्याहार का ज्ञान कराने वाले हयवरट् से लेकर शषसर् तक सूत्रों का जो समुदाय है, उसका अन्त्य इत् होता है। हकार एवं रेफ के बोधक 'हर्' शब्द की स्वघटितत्वसम्बन्ध से हकारादि-रेफान्त सूत्रों के समुदाय में लक्षणा मानकर उक्त अर्थ सम्भव है। इससे जब इत् पदार्थ का ज्ञान हो जाता है तब 'आदिरन्त्येन सहेता' इस सूत्र का वाक्यार्थबोध सम्भव होता है। आवृत्त दूसरे 'हरन्त्यम्' का यह अर्थ होगा—अन्त्य हर्=हर् प्रत्याहारबोध्यवर्ण इत् होता है। इस प्रकार चौदहवें 'हल्' सूत्र की आवश्यकता नहीं है।

उपर्युक्त प्रतिपक्षियों का खण्डन करने के लिए मनोरमाकार ने यह लिखा है कि वल्, रल्, झल् एवं शल्—इन चार प्रत्याहारों में 'ह' रखने के लिये चतुर्दश सूत्र 'हल्' की आवश्यकता है। अन्यथा इनके लक्ष्यों में निर्वाह सम्भव नहीं है।

[शब्द०] (मूल में जो भी प्रयोजन बताये गये हैं वे सभी केवल द्वितीय 'ह' को मानकर ही है। अतः 'शषसर्' इसी सूत्र में 'स' के वाद 'ह' पढ़ देना चाहिये—इस पूर्वपक्ष का खण्डन करते हैं—) 'शषसहर्' यही सूत्र तो नहीं बनाया गया क्योंकि (ऐसा करने पर) खर् प्रत्याहार में भी हकार का ग्रहण होने का प्रसङ्ग आने पर 'हरिर्हरति' आदि में ('खरवसानयोर्विसर्जनीयः' पा० सू० ३।८।१५ से) विसर्ग होने का प्रसंग आता है।

विमर्श—यहाँ का तात्पर्य यह है कि वल्, रल् आदि प्रत्याहारों के अन्तर्गत 'ह' भी आ जाय इसी के लिये चौदहवें सूत्र 'हल्' को बनाया गया। यदि ऐसी बात

हलन्त्यम् (पा० सू० १।३।३)। सूत्रेऽन्त्यमिति। हलि अन्त्यमिति विग्रहे

सप्तमीति। अधिकरणकारकस्य कर्त्राद्यन्वयद्वारा क्रियान्वयादस्ति

पा० सू० ८।३।१५) इत्यनेन हरिर्हरतीत्यादावपि विसर्गप्रसङ्गात् [illegible]-
दित्यर्थः। 'प्रेष्यब्रुवोर्हविषो देवतासम्प्रदाने" (पा० सू० २।३।६१) इत्यादि-
पाणिनीयनिर्देशैर्विसर्गस्य वारणसम्भवेऽपि 'प्रत्यङ्ङ्हसति, सुगण्हसतीत्यादौ शरि
हकारस्यापि ग्रहणात् "ङ्णोः कुक् टुक् शरि" (पा० सू० ८।३।२८) इत्यनेन कुक्-
टुकापत्तिः। "एङ्ह्रस्वात् सम्बुद्धौ" (६।१।६९) इत्यादिनिर्देशैः कुगादिवारण-
सम्भवेऽपि अनेकज्ञाप्यवचनकल्पनापेक्षया हकारस्य पृथक् सूत्रे परत्र पाठ एव लाघव-

---

है तब तो 'शषसर्' इसी में 'ह' को सम्मिलित करके 'शषसहर्' यही एक सूत्र बनाने से काम चल सकता है, अतिरिक्त सूत्र बनाने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे पूर्वपक्ष का निराकरण करने के लिए शब्दरत्न में लिखा है कि 'शषसहर्' यह एक सूत्र बना देने पर उक्त प्रत्याहार के कार्य तो हो जायेंगे परन्तु 'खर्' प्रत्याहार में भी 'ह' का ग्रहण होने लगेगा, जिसके फलस्वरूप 'हरिर् हरति' आदि में 'खरवसानयो-र्विसर्जनीयः' (पा० सू० ८।३।१५) से विसर्ग रोकना सम्भव नहीं हो सकेगा; क्योंकि इसके अनुसार खर् में 'ह' भी आ जायेगा। यहाँ इसके समाधान में यह कहा जा सकता है कि 'प्रेष्यब्रुवोर्हविषो देवतासम्प्रदाने' (पा० सू० २।३।६१) में पाणिनि ने विसर्ग नहीं प्रयुक्त किया है। अतः—हकार परे रहते विसर्ग नहीं होगा—इसमें इस सूत्र को ज्ञापक मान लिया जा सकता है। परन्तु अन्य दोष भी आता है—'प्रत्यङ्ङ्हसति' यहाँ ह्=शर् परे होने से "ङ्णोः कुक् टुक् शरि" (पा० सू० ८।३।२८) से कुक् आगम होने लगेगा। इसको रोकने के लिये यदि 'एङ्ह्रस्वात् सम्बुद्धौ' (पा०सू० ६।१।७९) इस सूत्र को ज्ञापन रूप से प्रस्तुत करें कि 'ह' परे रहते कुक् आदि नहीं होते हैं तो अन्य दोष भी प्रसक्त होने पर उन्हें भी अन्य ज्ञापकों से रोकना पड़ेगा। अतः अनेक वचनों की कल्पना करने की अपेक्षा एक स्वतन्त्र 'हल्' सूत्र में 'ह' का ग्रहण करने में ही लाघव है। अतः यही करना उचित समझा गया।

(मनो०)—हलन्त्यम् (पा० सू० १।३।३) 'हल्' इस सूत्र में अन्त्य 'ल्' इत् होता है। हलि अन्त्यम् (अर्थात् हल् इस सूत्र में अन्त्य ल् इत् होता है)—इस विग्रह में ('सप्तमी शौण्डैः' (पा० सू० २।१।४० के) 'सप्तमी' इस योग-विभाग से अथवा 'सुप्सुपा' (=सह सुपा पा० सू० २।१।४) से समास होता है, यह भाव है। अथवा 'षष्ठी-तत्पुरुष' (—हलः अन्त्यम्) यह है। **[शब्द०]** कर्ता आदि आदि (=कर्म) के माध्यम से अधिकरण कारक का क्रिया में अन्वय होने के कारण

'सप्तमी'ति योगविभागात् 'सुप्सुपा' (पा० सू० २।१।४) इति वा समास इति भावः। यद्वा षष्ठीतत्पुरुषोऽयम्।

सामर्थ्यमिति भावः। अस्य योगविभागस्य भाष्येऽदर्शनादाह—**सुप्सुपेतीति**। अनेनापि साधनस्यागतिकगतित्वादाह—**यद्वेति**। हलो, हलिति सूत्रस्या-

---

मिति तत्त्वविदः। एवञ्च द्वितीयहकारस्य शरादिप्रत्याहारे ग्रहणाभावाय चतुर्दश-सूत्रे एव तत्पाठः समुचित इति निष्कर्षः।

अत्रेदं बोध्यम्—सिद्धान्तकौमुद्यामिदमुक्तम्—"एषामन्त्या इतः।" तत्रेयं जिज्ञासा समुदेति केन सूत्रेणैषामित् संज्ञा जायते—तत्र 'उपदेशेऽन्त्यं हल् इत्' इत्यर्थकं 'हलन्त्यम्' [पा० सू० १।३।३] इति सूत्रं समुपस्थितं भवति। परन्तु वाक्यार्थज्ञाने पदार्थज्ञानं कारणमितिरीत्या हल्पदार्थबोधं विना सूत्रार्थबोधो नोपपद्यते। अत्र 'हल्' पदेन विलेखनार्थक 'हल्' धातोः चतुर्दशस्य 'हल्' इति सूत्रस्य वा ग्रहणं न युज्यते, "न विभक्तौ तुस्माः" (पा० सू० १।३।४) इति परसूत्रवैयर्थ्यप्रसङ्गात्। इदं सूत्रं विभक्तिस्थानां तवर्गसकारमकाराणामित्संज्ञां निषेधति, परन्तु 'प्राप्तौ सत्यां निषेधः' इति न्यायेनेत्संज्ञायाः प्राप्तिः केनापि अवश्यं वक्तव्या। तस्मात् "न विभक्तौ तुस्माः" (पा० सू० १।३।४) इत्यस्य सार्थकतामुपपादयितुं हल् पदेन व्यञ्जनानां ग्रहणं वक्तव्यम्। तादृशो बोधश्च हल्पदे व्यञ्जननिरूपितशक्तिज्ञानमन्तरा न सम्भवति, शाब्दबोधं प्रति शक्तिज्ञानस्य कारणतायाः सर्वसम्मतत्वात्। हल्पदे तादृश-शक्तिज्ञानं च—अन्त्येनेता सहादिर्मध्यगानां स्वस्य च संज्ञा स्यादित्यर्थकेन "आदिरन्त्येन सहेता" (पा० सू० १।१।७१) इति सूत्रेणैव साध्यते, एवञ्च हल्पदार्थ-ज्ञानम् "आदिरन्त्येन" इति सूत्रार्थबोधं विना न सम्भवति। परन्तु "आदिरन्त्येन सहेता" इति सूत्रवाक्यार्थस्य बोधात् पूर्वमित्—पदार्थज्ञानमपेक्षितम्। इत्पदशक्तिज्ञानञ्च "हलन्त्यम्" इति सूत्रवाक्यार्थज्ञानाधीनम्। "हलन्त्यम्" इत्यस्यार्थबोधश्च हल्पदार्थज्ञानाधीनः। एवञ्च यदा लकारस्य इत्संज्ञा तदा

सामर्थ्य है। (अतः सप्तमीसमास हो सकता है) यह भाव है। ('सप्तमी शौण्डैः (पा० सू० २।१।४० में) 'सप्तमी' यह विभाग भाष्य में नहीं देखा गया है। इसलिये **(मनोरमा में)** कहा गया—'सुप्सुपा' से समास होता है। इस 'सुप्सुपा' (पा० सू० २।१।४) से समास करना अगतिकगति है (अर्थात् किसी से समास सम्भव न होने पर ही इस सामान्य सूत्र से समास करना उचित है—) इसलिये (तीसरा पक्ष) कहा गया—यद्वा। अर्थात् यह षष्ठी-समास है—हलः=हल् इस चतुर्दश सूत्र का अन्त्यम्=अन्तिम (वर्ण 'ल्' इत् होता है)—यह विग्रह है, यह इसका

न्त्यमिति, विग्रह इति भावः। "षष्ठी स्थाने" इत्यस्य च "ऊदुपधाया गोहः" [पा० सू० ६।४।८९] इत्यादाविव 'गुणानां च परार्थत्वादि'ति न्यायेन वाऽप्रवृत्तिरिति बोध्यम्।

हल्प्रत्याहारसिद्धिः, यदा च हल्प्रत्याहारसिद्धिस्तदा इत्संज्ञासिद्धिः; अनेन प्रकारेण 'हल्पदार्थज्ञानाधीनमित्पदार्थज्ञानम्, इत्पदार्थज्ञानाधीनञ्च हल्पदार्थज्ञानम्' इति परस्परापेक्षत्वरूपान्योन्याश्रयदोषः प्रसज्यते। यद्यपि सूत्रकारस्य कृते नायं दोषः, किन्तु लक्षणैकचक्षुष्काणामस्माकं कृते अस्त्येव। बोद्धॄणां तु आवृत्त्यैवैकेन वाक्येनानेकार्थबोधः इति सिद्धान्तानुसारं सिद्धान्तकौमुदीकारः 'हलन्त्यम्' इति सूत्रस्य आवृत्तिं कृत्वा आवृत्तस्य प्रथमस्य सूत्रस्य 'उपदेशे हल् सूत्रस्यान्त्यमित्संज्ञं भवति' इत्यर्थकं "हलन्त्यम्" [पा० सू० १।३।३] इति सूत्रं व्याख्यातुं प्रस्तौति मूले—**हलन्त्यमि**ति। ननु 'हलि' इत्यस्य अधिकरणकारके सप्तमीविभक्त्यन्तत्वेन क्रियान्वयौचित्येन अन्त्यपदेन तदभावेऽसामर्थ्यात् समासानुपपत्तिरत आह—**अधिकरणे**ति। **कर्त्राद्यन्वये**ति। आदिना कर्मणः परिग्रहः। अत एव परममूले 'आधारोऽधिकरणम्' (पा० सू० १।४।४५) इति सूत्रव्याख्याने कर्तृकर्मद्वारा क्रियाधारस्यैवाधिकरणत्वमुक्तम्। यद्द्वारा यस्य क्रियाजनकत्वं तद्द्वारा क्रियान्वयस्यौचित्यमिति बोध्यम्। **सामर्थ्य**मिति। हल्पदस्यान्त्यपदस्य चेत्यर्थः। **योगविभाग**स्येति। "सप्तमी शौण्डैः" (पा० सू० २।१।४०) इत्यस्मिन् सूत्रे 'सप्तमी'तियोगविभागस्येत्यर्थः। **सुप्सुपे**ति। 'सह सुपा' (पा० सू० २।१।४) इत्यननेति भावः। **साधन**स्य=समासविधानस्य, हलः=हल् इति चतुर्दशस्य सूत्रस्य अन्त्यमिति भावः। ननु 'हलः अन्त्य'मिति षष्ठीतत्पुरुषस्वीकारे "षष्ठी स्थानेयोगा' (पा० सू० १।१।४९) इति परिभाषया 'हलः स्थाने योऽन्त्यः स इत् स्यात्' इत्यर्थप्रसक्तौ पूर्वोक्तार्थाप्रतीतिरत आह—**षष्ठी स्थाने** इति। अयं भावः—"ऊदुपधायाः गोहः" (पा० सू० ६।४।८९) इत्यस्मिन्

भाव है। (षष्ठी-समास मान लेने पर भी) 'ऊदुपधायाः गोहः' (पा० सू० ६।४।८९) इत्यादि में जैसे 'षष्ठी स्थानेयोगा' (पा० सू० १।१।४९) की प्रवृत्ति नहीं होती है वैसे ही यहाँ भी नहीं होगी (अर्थात् हल् के स्थान पर अन्त्य इत् हो—यह अर्थ नहीं होगा)। अथवा "गुण=संज्ञा एवं परिभाषा शास्त्र परार्थ=विध्यर्थ होते हैं" इस न्याय से (संज्ञा सूत्र में परिभाषा सूत्र की) प्रवृत्ति नहीं होती है, ऐसा समझना चाहिए।

विमर्श—यहाँ रहस्य यह है कि 'हलन्त्यम्' (पा० सू० १।३।३) में 'हल्' शब्द से 'हल् विलेखने'—इस धातु का अथवा चौदहवें 'हल्' इस सूत्र का ग्रहण नहीं

सूत्रे उपधापदस्य श्रवणात् अन्त्यादलःपूर्ववर्णस्योपधासंज्ञकत्वाच्च पष्ठ्या यथाऽवयवावयविभावार्थकत्वस्य निर्णयस्तथा 'हलन्त्यम्' इत्यत्रापि अन्त्यपदश्रुत्या तथैवार्थप्रतीतेः "षष्ठी स्थाने" इति परिभाषाया अप्रवृत्तिः। वस्तुतस्तु इदं संज्ञासूत्रम्, 'षष्ठीस्थाने'

है क्योंकि न 'विभक्तौ तुस्माः' (पा० सू० १।३।४ विभक्तिस्थ तवर्ग, सकार एवं मकार की इत्संज्ञा नहीं होती है) यह सूत्र व्यर्थ होने लगेगा क्योंकि सूत्रोल्लिखित वर्णों की इत्संज्ञा प्राप्त रहने पर ही उनका निषेध चरितार्थ होता है। इस परिस्थिति में यहाँ 'हल्' पद से समस्त व्यञ्जनों को लेना पड़ेगा। परन्तु व्यञ्जनों का ग्रहण तभी सम्भव होगा जब 'हल्' पद का इनमें शक्तिग्रह हो जाय। इसके लिए 'आदिरन्त्येन सहेता' (पा० सू० १।१।७१ अन्त्य इत् के साथ आदि वर्ण अपना और अपने मध्यवर्ती वर्णों का भी बोधक होता है) इस सूत्र का वाक्यार्थबोध होना अपेक्षित है। वाक्यार्थबोध के पहले पदार्थबोध अपेक्षित होता है क्योंकि वाक्यार्थबोध में पदार्थबोध कारण होता है। अतः इस सूत्र का वाक्यार्थबोध करने के पहले इत् पदार्थ का ज्ञान करना आवश्यक है। और इत् पदार्थ का ज्ञान 'हलन्त्यम्' इस सूत्रार्थबोध के बिना सम्भव नहीं है। और इस सूत्र का वाक्यार्थबोध तभी सम्भव है जब हल् पदार्थ का ज्ञान हो जाय।

उपर्युक्त विवेचनानुसार 'ल्' की इत्संज्ञा होने पर 'हल्' प्रत्याहार की सिद्धि और 'हल्' प्रत्याहार के सिद्ध होने पर 'ल्' की इत्संज्ञा की सिद्धि होती है। इस प्रकार हल् पदार्थज्ञान के अधीन है इत् पदार्थज्ञान और इत्पदार्थज्ञान के अधीन है हल्पदार्थज्ञान। अतः परस्परापेक्षत्वरूप अन्योन्याश्रय दोष प्रसक्त होता है।

अन्योन्याश्रय दोष का परिहार करने के लिए अन्तिम 'हल्' सूत्र के लकार की इत्संज्ञा करने के लिये 'हलन्त्यम्' इसमें (दो सूत्रों का) एकशेष कर लिया जाय अथवा तन्त्र से उच्चारण माना जाय अर्थात् हलन्त्यम् हलन्त्यम् ये दो हैं इनमें एक शेष है एक लुप्त है अथवा 'सकृद् उच्चारितः शब्दोऽनेकार्थबोधजनको भवति' इस तन्त्र के अनुसार दो अर्थों का बोध मान लेना चाहिए। इस प्रकार प्रथम वाक्यार्थ यह होता है—'हल्' इस चौदहवें सूत्र का अन्त्य इत् होता है' इस प्रकार 'इत्' पदार्थ का ज्ञान सम्भव हो जाता है। तब 'आदिरन्त्येन सहेता' (पा० सू० १।१।७१) का वाक्यार्थबोध सम्भव हो जाता है। इस प्रकार द्वितीय 'हलन्त्यम्' का वाक्यार्थबोध यह होता है—उपदेश में अन्त्य हल् (हल् प्रत्याहारबोध्य= व्यञ्जन) इत् होता है। अब जस् एवं शस् आदि विभक्तियों (प्रत्ययों) के सकारादि वर्णों की इत्संज्ञा प्राप्त होती है, उसका निवारण करने के लिए 'न विभक्तौ तुस्माः' (पा० सू० १।३।४) यह निषेध चरितार्थ होता है।

स्यादेतत्। हलित्येकदेशस्यैव तन्त्रावृत्त्येकशेषान्यतममस्तु। 'हस्य ल्' तन्त्रावृत्त्येकशेषान्यतममस्त्विति। यद्यपीदृशे विषये उच्चारयितुस्तन्त्रै-

इति च परिभाषासूत्रम्, अनयोः परस्परं गुणप्रधानभावो न युज्यते। इदमुभयं विध्यु-पकारकमेवेति तत्रैवोपस्थितिरत आह—**गुणानाञ्चेति**। "गुणानाञ्च परार्थत्वाद-सम्वन्धः समत्वात् स्यात्" इति हि जैमिनीयं सूत्रम्। गुणत्वे परार्थत्वमसम्वन्धे च समत्वं हेतुरिति बोध्यम्। परार्थत्वात्=तादृशफलवत्प्रधानार्थत्वात्, तादृशविध्युप-कारकत्वात्, गुणानाम्=अङ्गानाम् अफलानाम् अप्रधानानां मिथोऽसम्वन्धः स्यात्। कुतः ? समत्वात्। गुणप्रधानभावेन सर्वत्रान्वयो भवति किन्तु द्वयोः गुणयोः परस्परं द्वयोः प्रधानयोर्वा परस्परं न तथान्वयः, गुणत्वस्य प्रधानत्वस्य चोभयत्र तुल्यत्वात्तथान्वये ·आकाङ्क्षाविरहादिति भावः।

परममूले सिद्धान्तकौमुद्यां 'हलन्त्यम्' इति सम्पूर्णसूत्रस्यैवावृत्तिः कृता। साम्प्रतं तदपेक्षया एकस्य 'हल्' इत्यंशस्यैवावृत्त्याभीष्टसिद्धिरस्त्वित्याशयेन मूले

(=रलौ) च तौ वर्णौ च—यह विग्रह होता है। **(शब्द०)** ऋ+सु, ऌ+सु—इस विग्रह में समास करने पर द्वित्व की विवक्षा में ऋऌ+औ इस स्थिति में "ऋत्यकः" (पा०सू० ६।१।१२८) इससे प्रकृतिभाव के कारण सवर्णदीर्घ न होने पर "ऋतो ङिसर्वनामस्थानयोः (पा०सू० ७।३।११०) इससे ऌ का गुण और (लपर करने पर ऋ अल् औ इसमें "इकोयणचि" (पा०सू० ६।१।७७) से ऋ का यण् र् कर देने पर—'रलौ' इसकी सिद्धि होती है, यह भाव है। **(मनो०)** अथवा उश्च उल्च—इति ऋलोः, तयोः वर्णयोः यह विग्रह है क्योंकि प्रथमान्त से अथवा परिनिष्ठित विभक्ति से विग्रह किया जाता है, यह सिद्धान्त है।" 'ऋत्यकः' सूत्र से प्रकृतिभाव हो जाता है। **(शब्द०)** उश्च उल् च ऋलोः यही शुद्ध पाठ है। 'रलोः' यह पाठ तो (प्रकृतिभावाभावपक्ष में यण् करने पर और) उच्चारणार्थक अकार-विशिष्ट कर देने पर हो सकता है—ऐसा समझना चाहिए। (अथवा तयो-र्वर्णयोः इस विग्रह में 'ऋऌवर्णयोः' यह होता है) यहां "पूरण-गुण-सुहितार्थस-दव्ययतव्य-समानाधिकरणेन" पा० सू० २।२।११) इससे (समानाधिकरणहेतुक) समास का निषेध तो षष्ठीसमास का ही होता है, न कि कर्मधारय का, क्योंकि (विशेषणं विशेष्येण बहुलम्' (पा०सू० २।१।१४) इस सूत्र में 'बहुल' का ग्रहण करने से, भाष्यादि में उदाहृत विषयों में ही कर्मधारय का अभाव होता है, अन्यत्र नहीं, यह भाव है। (अतः 'ऋऌवर्णयोः' यहाँ कर्मधारय का निषेध नहीं होता

नान्यत्रेति भावः। **प्रथमान्तेनेति।** प्रथमोपस्थितत्वादिति भावः। अयं पक्षः "अनेकमन्यपदार्थे" (पा० सू० २।२।२४) इति सूत्रे भाष्ये। **परिनिष्ठितेनेति।** अत्र च "एकविभक्ति चापूर्वनिपाते" (पा० सू० १।२।४४) इति ज्ञापकम्। अन्यथा मालामतिक्रान्त इति विग्रहेऽतिपदस्यापि नियतविभक्त्यन्तत्वेनैक-विभक्तीत्यस्य व्यावर्त्यालाभः। एकस्यानियतविभक्तित्वे हि तद्वारणाय "एकविभक्ति" इति सार्थकम्। परिनिष्ठतविभक्त्या समासे त्वतिक्रान्तम-तिक्रान्तेनेत्यादिक्रमेण तस्यानियतिविभक्तिकत्वं स्पष्टमेव। अत एव "तत्पुरुषे तुल्यार्थं" (पा० सू० ६।२।२) इति सूत्रे भाष्ये परमे कारके परमेण कारकेणेत्यादावतिप्रसङ्गमाशङ्क्य प्रतिपदोक्तपरिभाषया समाहित-मिति भावः।

है। प्रथमतः उपस्थित होने के कारण प्रथमाविभक्त्यन्त से समास होता है, यह भाव है। यह (प्रथमान्तेन विग्रह करके समास होने वाला) पक्ष 'अनेकमन्यपदार्थे' पा० सू० २।२।२४ इस सूत्र पर भाष्य में है। अथवा परिनिष्ठित विभक्ति से समास होता है। इसमें 'एकविभक्ति चापूर्वनिपाते' पा० सू० १।२।२४ यह ज्ञापक है [इस सूत्र में 'एकविभक्तिग्रहण ज्ञापक है।] अन्यथा [परिनिष्ठित विभक्ति से विग्रह न मानने पर] 'मालाम् अतिक्रान्तः' इस विग्रह में अतिपद भी नियत-विभक्त्यन्त है अतः 'एकविभक्ति' [=नियतविभक्तिक] इसके व्यावर्त्य=व्यावर्तनयोग्य कोई नहीं मिलेगा। कारण यह है कि एक के अनियतविभक्तिक होने पर उस [उसकी उपसर्जन संज्ञा] का वारण करने के लिए 'एकविभक्ति' यह सार्थक है। किन्तु परिनिष्ठित विभक्ति से समास में तो [मालाम्] अतिक्रान्तम्, अतिक्रान्तेन' इत्यादि क्रम से [विग्रह होने पर अतिक्रान्तार्थक] 'अति' का अनियतविभक्तिवाला होना स्पष्ट ही है। [परिनिष्ठित विभक्ति से समास होता है] इसीलिए "तत्पुरुषे तुल्यार्थ० [पा० सू० ६।२।२] इस सूत्र पर भाष्य में—परमे कारके, परमेण कार-केण' इत्यादि (कर्मधारय) में अतिप्रसङ्ग की आशंका करके प्रतिपदोक्त परिभाषा से समाधान किया गया है, यह भाव है।

[तात्पर्य यह है कि परमेण कारकेण, परमे कारके यहाँ समास करने पर "तत्पुरुषे तुल्यार्थ-तृतीया-सप्तम्युपमानाव्ययद्वितीयाः कृत्याः" पा०सू० ६।२।२ से पूर्वपद का प्रकृतिस्वर होना चाहिये ऐसी शंका की गई। समाधान यह दिया गया कि तृतीया एवं सप्तमी इन पदों का उपादान करके जहां समास किया जाता है, उन्हीं का प्रतिपदोक्तरूप से ग्रहण होता है वहीं प्रकृतिस्वर होता है। प्रस्तुत स्थल में प्रतिपदोक्तसमास न होने से अतिप्रसङ्ग नहीं हैं। यदि परिनिष्ठित विभक्ति से विग्रह करके समास का विधान ही नहीं माना जायगा तो अतिप्रसङ्ग

नाज्झलौ (पा०सू० १।१।१०)। आकारसहित इति। **अत्र च "काल-समयवेलासु" (पा०सू० ३।३।१६७) इत्यादिनिर्देशः प्रश्लेषे लिङ्गम्। न**

प्रवृत्त्यापत्त्या यणादेशो न स्यादिति चेन्न, प्रत्यासत्त्या ऋकाररूपाज्निमित्तककार्यस्यैव प्रकृतिभावेन प्रतिबन्धात्। **पाठ** इति। ऋल्+ओस् इत्यवस्थायाम् ऋकारस्य प्रकृतिभावेन ऌकारस्य यणादेशेन च तादृशरूपसिद्धेरिति भावः। **बोध्यमिति।** एवञ्च सोऽसाम्प्रदायिकः पाठ इति भावः। ननु 'ऋऌवर्णयोरित्यनुपपन्नम्, 'समानाधिकरणेन षष्ठी न समस्यते' इति षष्ठीसमासस्य निषेधात्। कर्मधारय इत्यपि न, तस्यापि प्रकृते षष्ठ्यन्तपदसम्बन्धितया तेन निषेधस्य प्राप्तेः सम्भवादिति शङ्कां निराकरोति—**पूरणेति। न तु कर्मेति।** "अनन्तरस्य विधिर्वा प्रतिषेधो वेति' न्यायादिति भावः। एवञ्च स सुलभ इति भावः। ननु 'तक्षकस्य सर्पस्य' इत्यादाविव बहुलग्रहणात्तदभावापत्तिरत आह—**बहुलेति। तदभावः**= कर्मधारयस्याभावः। **भाष्योदाहृतेति।** 'यजुषः पीयमानस्य' इत्यादाविति भावः। **नान्यत्रेति।** अत एव 'अन्यस्य पदस्यार्थे' इत्यर्थकान्यपदार्थे इति, 'अस्य वर्णस्येत्यर्थकः 'अवर्णस्ये'ति सूत्रप्रयोगः सङ्गच्छते। मूले **प्रथमान्तेनेति।** प्राथम्येन प्रथमान्तपदानामेवोपस्थितिर्भवतीति तयोरेव विग्रह उचितः। **अयं पक्षः**=प्रथमान्तेन विग्रह इति पक्षः। **भाष्य** इति। तत्र हि उपसर्जनसंज्ञार्थमनेकग्रहणं कर्त्तव्यमि'त्युक्त्वा 'न वैकविभक्तित्वादि'न्यादिना प्रथमान्तेनैव 'चित्रगुश्चित्रगुमित्यादौ विग्रहात् तत्संखण्ड्य 'राजकुमारी राजकुमारीम्' इत्यादावतिप्रसङ्गमाशंक्य एकग्रहणसामर्थ्यात् परिनिष्ठितविभक्त्यापि समास इति तदावश्यकमित्युक्तम्। **अत्र च**=परिनिष्ठित-विभक्त्या समासे चेत्यर्थः। **ज्ञापकमिति।** तत्सूत्रस्थमेकग्रहणं ज्ञापकमित्यर्थः। **अन्यथेति।** तत्पक्षास्वीकारे इत्यर्थः। **एकस्य**—अन्यतरस्येत्यर्थः। **अतिक्रान्तमिति।** मालामिति सम्बन्ध्यते। **तस्य**=अतिक्रान्तार्थकस्यातिशब्दस्येत्यर्थः। **अत एव**=ज्ञापकबलेन परिनिष्ठितविभक्त्या समास इति पक्षस्याङ्गीकारादेवेत्यर्थः। **इत्यादाविति।** कर्मधारय इत्यर्थः। **अतिप्रसङ्गमिति।** तेन सूत्रेण पूर्वपदस्वरप्राप्तिरूपातिप्रसङ्गमित्यर्थः। **प्रतिपदोक्तेति।** तृतीया-सप्तमीति पदोपादानेन विहितसमासयोरेव तया परिभाषया अत्र ग्रहणमित्यर्थः॥

की शंका और प्रतिपदोक्त परिभाषा से वारण करना—ये दोनों ही असंगत हो जायेंगे। अतः परिनिष्ठित विभक्ति से भी समास होना प्रामाणिक है॥]

[मनो०] नाज्झलौ [पा० सू० १।१।१०] आकारसहित अच्—आच्, आच् च् हल् च्—आज्झलौ, न आज्झलौ नाज्झलौ—ये परस्पर सवर्ण नहीं होते हैं। आकार के सहित अच्=आच् इसमें "कालसमयवेलासु तुमुन् (पा० सू० ३।३।१६७)

अत्र[1] चेति। सूत्रे इत्यर्थः। **प्रश्लेषे**=आकारप्रश्लेषे निर्देशा लिङ्गमित्यन्वयः। निर्देशेन आकारहकारयोः सावर्ण्याभावबोधकानुमानिकवचनकल्पनापेक्षया प्रश्लेषे एवं तात्पर्यकल्पनं लघीय इति भावः।

नाज्झलौ (पा०सू० १।१।१०) आकारसहितोऽच् आच्, स च हल् चेत्येतौ मिथः सवर्णौ न स्तः—इति परममूलम्। तदेवाह मूले—**आकारसहित** इति। अत्र आश्च आ३श्च इति औ, दीर्घप्लुतयोर्दीर्घे 'आ' इति प्रातिपदिकाद् 'औ' विभक्तौ इदं रूपम्। आभ्यां सहित इत्यर्थे 'कर्तृकरणे' (पा० सू० २।१।३२) इति समासे 'आसहित' इति। आसहितश्चासौ अच् चेति आच्। आच् च हल् च—इत्याज्झलौ इति। 'तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्' इत्यतः सवर्णमित्यनुवर्तते। तच्च द्विवचनेन पुंलिङ्गत्वेन च विपरिणम्यते। एवञ्च आच् हल् च एतौ मिथः सवर्णौ न स्तः। दीर्घाकारेण प्लुताकारेण वर्णसमाम्नायपठितेन अकारादिस्वरेण च सह हल्वर्णानां सवर्णसंज्ञा न भवतीत्यर्थः। **निर्देशेनेति**। कालसमयवेलास्विति निर्देशेनेत्यर्थः। **प्रश्लेषे** इति। आप्रश्लेषे इति पदच्छेदो बोध्यः। **इति भाव** इति। स्यादेतत्—सर्वत्र हि निषेधस्थले निषेधक-शास्त्रीयोद्देश्यतावच्छेदकावच्छिन्नातिरिक्तत्वेन निषेध्यशास्त्रीयोद्देश्यतावच्छेदकावच्छिन्ने संकोच इति निषेध्यशास्त्राणामप्रामाण्याप्रसक्तये नियमः स्वीक्रियते। ततश्च 'नाज्झलौ' इत्येतन्निषेधशास्त्रीयोद्देश्यता-

---

इत्यादि निर्देश (आकार के) प्रश्लेष में प्रमाण हैं। [शब्द०] यहाँ=इस सूत्र में—यह अर्थ है। प्रश्लेष में—आकारों के प्रश्लेष में निर्देश प्रमाण है—यह अन्वय है। निर्देश के द्वारा आकार और हकार के सावर्ण्याभाव के बोधक आनुमानिक वचन की कल्पना की अपेक्षा (आकारों के) प्रश्लेष में ही तात्पर्यकल्पना करना लघुभूत है, यह भाव है। (दीर्घ एवं प्लुत अकारों का प्रश्लेष सिद्ध करने के लिए—आ३श्च आ३श्च—इति औ, आभ्यां सहितः—इति आसहितः, आसहितः अच्—इति आच्—यह मध्यमपदलोपी समास है। आच् च हल् च—इति आज्झलौ, न आज्झलौ—इति नाज्झलौ यह पद बना है। यहां दीर्घ 'आ' का प्रश्लेष मानने के कारण ही 'वेलासु' यह निर्देश उपपन्न होता है। अन्यथा 'ह्' से 'आ' का ग्रहण मान लेने पर 'स्' का 'ष्' होने लगेगा। दीर्घ 'आ' का प्रश्लेष मान लेने पर सावर्ण्यनिषेध होने से षत्व नहीं होता है। प्लुत आ३ का भी प्रश्लेष माना जाता है, यह सिद्ध करते हैं—)

---

१. 'अत्र चेति—इत्यारभ्य लघीय इति भावः' इत्यन्तः पाठो बहुषु संस्करणेषु प्रमादात् परित्यक्तः। भावप्रकाशभैरव्यादिसम्मतत्वादत्र संयोजित इति बोध्यम्।

चैवमपि यिया३सो—इत्यादौ "गुरोरनृत" (पा०सू० ८।२।८६) इति प्लुता-दाकारात्परस्य सनः सस्य षत्व स्यादेवेति वाच्यम्। आश्च, आ३श्चेति द्वन्द्वे सवर्णदीर्घेण दीर्घात्परत्र प्लुतोऽपि प्रश्लिष्यत इति व्याख्यानात्।

व्याख्यानादिति। एवं व्याख्याने मानं तु प्रयत्नभेदेन "नाज्झलौ" त्येतत्प्रत्याख्यानपर भाष्यम्। तद् ध्वनयन् वक्ष्यति—सूत्रं माऽस्त्विति भाष्ये स्थितमिति।

वच्छेदकावच्छिन्नमच्त्वं हल्त्वं च, तदवच्छिन्नातिरिक्तत्वेन तुल्यास्य-सूत्रेसङ्कोचे अजामज्भिः हलां हल्भिरपि सवर्णसंज्ञा न स्यात्। सूत्रं तु दीर्घादीनां ग्रहणक-शास्त्रस्य 'नाज्झलौ' इति सूत्रेऽप्रवृत्त्या तत्रत्याच्पदेनाग्रहणात्तत्र चरितार्थमिति चेत्? अत्रोच्यते, अज्भिन्नेन तुल्यास्यप्रयत्नमज्भिन्नं सवर्णम्, हल्भिन्नेन तुल्यास्यप्रयत्नं हल्भिन्नं सवर्णं भवतीति आवृत्त्या 'तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णमि'ति सूत्रस्यार्थद्वयकरणेनादोषात्। 'नाज्झलौ' इति तात्पर्यग्राहकम्, अत्र प्रथमवाक्यार्थेन हलां द्वितीयेन चाचां सवर्णसंज्ञा बोध्यते इत्यन्यत्र विस्तर इत्याहुः।

मूले—न चैवमपि = निर्देशबलेनाकारप्रश्लेषसिद्धावपि। मूले—षत्वं स्यादेवेति। प्लुताकारस्य सावर्ण्यनिषेधाभावात् हकारग्रहणेन ग्रहणसम्भवादिणः परत्वोपपाद-नादिति भावः। एवं व्याख्यान इति। भेदेन ईषद्विवृत-विवृतावित्येवंरूपेण व्याख्याने इति भावः। भाष्यमिति। प्रयत्नभेदे सति सावर्ण्याभावः सूत्रप्राप्त्य-भावप्रयोज्य एव भवति, यदा तु न प्रयत्नभेदकल्पना तदा चेत् सावर्ण्यम्, तदा फलभेदः स्पष्ट एव। एवञ्च फलभेदे प्रत्याख्यानासम्भवेन भाष्यासङ्गतिः स्पष्टा एवेति बोध्यम्। वक्ष्यतीति। अत्रैवाग्रे मूले इत्यर्थः।

[मनो०] इस सूत्र में 'आ' (दीर्घ) का प्रश्लेष मान लेने पर भी 'यिया३ सो' यहाँ पर "गुरोरनृतोऽनन्त्यस्याप्येकैकस्य प्राचाम्" पा०सू० ८।२।८६ इससे प्लुत आकार से परे सन् के स का षत्व होना ही चाहिए (क्योंकि प्लुत आ के सवर्ण का निषेध नहीं है)—ऐसा नहीं कहना चाहिए, क्योंकि आ३श्च, आ३श्च यहाँ (दीर्घ और प्लुत आकारों के) द्वन्द्व में सवर्णदीर्घ के द्वारा दीर्घ के बाद प्लुत का भी प्रश्लेष है, ऐसा व्याख्यान किया गया है। (शब्द०) इस प्रकार के (प्रश्लेष-सम्बन्धी) व्याख्यान में (ईषद्विवृत और विवृत इन) प्रयत्नों के भेद से "नाज्झलौ" पा०सू० १।१।१० इस सूत्र का प्रत्याख्यान-सम्बन्धी भाष्य प्रमाण है। इस आशय को ध्वनित करते हुए (आगे प्रौढमनोरमा में) कहेंगे—"नाज्झलौ" यह सूत्र न रहे, ऐसा

यणादिकमिति । शीतलशब्दे सवर्णदीर्घ आदिशब्दार्थः ।

शीतलशब्दे इति । शस्य ईकारे परे, दधीतीकारस्य शकारे परे चेत्यर्थः । न च शीङः शकारोच्चारणेन तच्छकारस्येकारे न दीर्घ इति वाच्यम्, शीतलशब्दे शीङोऽभावात् । किं तु श्याधातोः क्ते "द्रवमूर्त्तिस्पर्शयोः श्यः" (पा० सू० ६।१।२४) इत्यनेन सम्प्रसारणे "श्योऽस्पर्शे" (पा०सू० ८।२।४७) इत्युक्तेर्नत्वाभावे च निष्पन्नाच्छीतशब्दात्सिध्मादित्वाल्लचि शीतलशब्द इत्यदोषात् । शीतशब्दो हि सिध्मादिषु गणरत्ने वृत्तौ च पठचते । किं च, तेनापूर्ववचनकल्पनापेक्षया सूत्रोदाहरणत्वमेव युक्तमिति भावः ।

[परममूले—नाज्झलौ मिथः सवर्णौ न स्तः । तेन दधीत्यस्य हरति, शीतलं षष्ठं सान्द्रमित्येतेषु परेषु] **यणादिकं** न इति । अत्रादिपदेन शकारेकारयोः सवर्णदीर्घो न भवतीति बोध्यम् । दधि+शीतलमित्यत्रापि सवर्णदीर्घो न भवतीत्यपि

भाष्य में स्थित है ।" **(मनो०)** (सवर्णदीर्घ का निषेध हो जाने से दधि के आगे हरति, षष्ठम् और सान्द्रम् शब्दों के रहने पर यण् नहीं होता है और दधि के आगे शीतलम् रहने पर सवर्णदीर्घ नहीं होता है—यही लिखते हैं ।) यण् आदि नहीं होते हैं । यहाँ 'शीतलम्' शब्द परे रहते सवर्णदीर्घ नहीं होता है, यह 'आदि' का अर्थ है । **(शब्द०)** शीतलम् में श् का ई (श्+ईतलम्) परे रहते और दधि इसके इकार का शकार परे रहते (सवर्णदीर्घ नहीं होता है) यह अर्थ है । (पूर्वपक्ष)—शीङ् के शकार का उच्चारण करने से (अर्थात् सवर्णदीर्घ न करने से) इसके शकार का ईकार परे रहते दीर्घ नहीं होता है । (उत्तरपक्ष)—ऐसा नहीं कहना चाहिए, क्योंकि शीतल शब्द में 'शीङ्' धातु नहीं है । (अतः शकारोच्चारण-सामर्थ्य से सवर्णदीर्घ नहीं रोका जा सकता ।) किन्तु (गत्यर्थक श्यैङ्=) श्या धातु से 'क्त' प्रत्यय करने पर "द्रवमूर्तिस्पर्शयोः श्यः" (पा०सू० ६।१।२४) इससे (य् का) सम्प्रसारण और पररूप होने पर "श्योऽस्पर्शे" पा०सू० ८।२।४७ ऐसा सूत्रकथन होने के कारण निष्ठा=त का नत्व न करने पर निष्पन्न 'शीत' शब्द से "सिध्मादिभ्यश्च" पा०सू० ५।२।९७ इस सूत्र से 'लच्' प्रत्यय करने पर 'शीतल' शब्द बनता है, इस प्रकार कोई दोष नहीं है । (यद्यपि सिध्मादिगण में सर्वत्र शीत शब्द का पाठ नहीं मिलता है तथापि) गणरत्न और काशिका वृत्ति में सिध्मादिगण में 'शीत' शब्द पठित है । (अतः लच् होने में बाधा नहीं है ।) और भी, उस निर्देश से (शकार अच्-कार्य का निष्पादक नहीं होता है—इस प्रकार के) अपूर्व वचन की कल्पना करने की अपेक्षा इस शीतल शब्द का "नाज्झलौ" सूत्रसम्बन्धी उदाहरण बनना ही (लाघव के कारण) उचित है, यह भाव है ।

अत्रेति । **अत्रैवेत्यर्थः ।**

अत्रैवेति । ग्राहकसूत्र एवेत्यर्थः । अत्र च "उर्ऋत्" (पा० सू० ७।४।७) इति सूत्रे तपरत्वं मानम् । तद्धि चुरादिण्यन्तात्कृतधातोर्लुङ्यचीकृतदित्यत्र दीर्घर्कारस्य स्थाने ह्रस्व एव यथा स्यादित्यर्थम् । पूर्वेणात्राण्ग्रहणे तूद्देश्येन विधेयेन च ऋकारेणानण्त्वाद्भिन्नकालाग्रहणेन न तस्य स्थानित्वं न वा आदेशत्वं प्रसक्तमिति व्यर्थं तत्स्यात् ।

बोध्यं तदाह—**दधीत्यस्य** । सूत्राभावे ह्रस्वेकार-शकारयोः सावर्ण्याच्छस्याक्त्वेन दीर्घप्राप्तिः, नाज्झलाविति सूत्रसत्त्वे तु तयोः सावर्ण्यनिषेधेन शस्यानक्त्वात् तद-प्राप्तिरिति भावः । **शकारोच्चारणेने**ति । अन्यथा शकारोच्चारणवैयर्थ्यप्रसङ्ग इति भावः । शीतलशब्दस्य व्युत्पत्ति प्रदर्शयति—**श्याधातो**रिति । **सम्प्रसारण** इति ।

[मनो०] (अणुदित् सवर्णस्य चाप्रत्ययः पा०सू० १।१।६९ अविधीयमान अण् और उदित् सवर्णसंज्ञक होने चाहिए) यहाँ ही = इसी सूत्र में (अण् परवर्ती ण् से लेना चाहियें) यह अर्थ है । **[शब्द०]** इस ग्राहक सूत्र में ही अण् परवर्त्ती ण् से लेना चाहिए, यह अर्थ होता है । और इसमें (अर्थात् परवर्ती ण् से अण् के ग्रहण में) 'उर्ऋत्' पा०सू० ७।४७ इसमें तपर होना प्रमाण है । क्योंकि वह तपरकरण इसलिए किया गया है जिससे चुरादिगणीय णिजन्त कृत् धातु से लुङ् लकार में 'अचीकृतत्' यहाँ दीर्घ ॠकार के स्थान पर ह्रस्व ऋकार ही हो, इसके लिए हैं । "अणुदित्" इस सूत्र में पूर्व 'ण्' से अण् का ग्रहण करने पर तो उद्देश्य और विधेय दोनों ऋकारों के द्वारा, अण् न होने से भिन्नकाल वाले का ग्रहण न होंने से, उस (भिन्नकाल वाले) का न तो स्थानी (उद्देश्य) होना प्रसक्त होता और न आदेश (विधेय) होना प्रसक्त होता, इसलिए वह तपरकरण व्यर्थ हो जाता । [भाव यह है कि चङ्परक णि परे रहने पर उपधाभूत दीर्घ ॠकार के स्थान पर "उर्ऋत्" पा० सू० ७।४।७ यह सूत्र ऋत् = ह्रस्व ऋकार आदेश करता है । यदि अण् प्रत्याहार पूर्व ण् अर्थात् 'अइउण्' तक ही सीमित रहता तो 'ऋ' अण् से बाहर हो जाती । उसमें सवर्णग्राहकता न होने से भिन्नकाल वाले का ग्रहण ही नहीं किया जाता । इसलिए भिन्नकाल वाला ॠ न तो स्थानी बनता और न आदेश । तब उसका निवारण करने के लिए किया गया तपरकरण व्यर्थ होकर यही ज्ञापित करता है कि "अणुदित्" इस सूत्र में पर अर्थात् 'लण्' के 'ण्' से अण् प्रत्याहार बनता है । इस प्रकार ऋ भी सवर्णग्राहक हो जाता है । अतः भिन्नकाल वाले दीर्घ ॠ का ग्रहणवारण करने के लिए तपरकरण चरितार्थ होता है ।]

इदं पूर्वंरूपस्याप्युपलक्षणम्। **अदोषादिति**। शकारोच्चारण-वैयर्थ्यापत्ति-रूपदोषा-भावादित्यर्थः। **सिध्मादिष्विति**। सिध्मादिगणे शीतशब्दस्य पाठात् 'सिध्मा-दिभ्यश्च' (पा०सू० ५।२।९७) इत्यनेन मतुबर्थे लचि प्रत्यये शीतलशब्दस्य व्युत्पादन-मिति भावः। ननु एतादृशक्लेशेन शीतलशब्दसाधनापेक्षया शीङ्धातोरेव रूपमस्तु, एवञ्चोक्तज्ञापकं सुस्थिरमेवेत्यत आह—**किञ्चेति**। **तेनेति**। शीङः शकारोच्चा-रणेनेति भावः। **अपूर्ववचनेति**। 'शकारोऽच्कार्यानिष्पादक' इति वचनान्तर-कल्पनापेक्षयेति भावः। **सूत्रेति**। नाज्झलाविति सूत्रोदाहरणत्वमिति भावः। **तस्य**=शीतशब्दस्येत्यर्थः।

'अणुदित् सवर्णस्य चाप्रत्ययः' (पा०सू० १।१।६९) इति सूत्रं व्याख्यातुमुपक्रमते परममूले—'अन्यथा दीर्घादीनामिव ऌकारादीनामपि ग्रहणकशास्त्रबलादच्त्वं स्यात्। तथाहि अणुदिति।' **अत्रेति**। 'अणुदित् सवर्णस्येति' सूत्रे अण् प्रत्याहारः लण्सूत्र-स्थणकारेणैव ग्राह्यः। **तत् हि**=तपरत्वं हीत्यर्थः। अयं भावः—'उॠत्' (पा०सू० ७।४।७) इति सूत्रमुपधाया ॠवर्णस्य स्थाने 'ॠत्' इत्यादेशविधानं करोति चङ्परे णौ। कृत्धातोः चुरादित्वात् स्वार्थे णिचि लुङि उपधाया दीर्घॠकारस्य स्थाने ह्रस्वॠकारस्य विधानं सङ्गच्छते। **अत्र**=अणुदित् सूत्रे इत्यर्थः। **तस्य**=ॠकार-स्येत्यर्थः। **तत्**=तपरत्वमित्यर्थः। **तस्य**=ऌकारस्येत्यर्थः। **तद्ग्रहणे**=ऌकार-ग्रहणे इत्यर्थः। **एवं ज्ञापितेऽपीति**। परेण णकारेणाण्-ग्रहणमिति ज्ञापितेऽपीत्यर्थः। **भाव्यमानेति**। भाव्यमानोऽण् सवर्णान्न गृह्णातीति परिभाषयेति भावः। **तद्-वैयर्थ्यम्**=तपरकरणवैयर्थ्यं स्वांशे चारितार्थ्याभावात्। तथा च ज्ञापनासम्भव इति भावः। **स्वरूपाभ्यनुज्ञेति**। अभ्यनुज्ञानं प्रतिप्रसवः। यदि अनेन सूत्रेणादेश-विधानं न स्यात् तदा 'अचीकृतत्' 'अवीवृधत्' 'अमीमृजत्' इत्यादिषु इररारा॒म् प्रवृत्तिः स्यादिति दीर्घॠकारस्य स्वरूपोपलम्भो न स्यात्, इराद्यादेशेनापहारात्। सति त्वस्मिन् दीर्घस्वरूपोपलम्भ इति स्वरूपाभ्यनुज्ञेति भावः। **अविधेयत्वादिति**। अयं भावः—ज्ञापकस्थले सर्वत्र चत्वारोंऽशाः—(१) वैयर्थ्यम्, (२) ज्ञापनम्, (३) स्वांशे चारितार्थ्यम्, (४) फलमन्यत्रेति च। प्रकृते 'अणुदित् सवर्णस्ये' ति सूत्रे अण् प्रत्याहारो यदि पूर्वणकारेण गृह्यते तदा ॠकारस्य तेन ग्रहणाभावात् तत्र सवर्णग्राहकसूत्रस्याप्रवृत्त्या 'उॠत्' इति सूत्रे उद्देश्येन सवर्णस्याग्रहणे ह्रस्व-ॠकारस्यैव स्थानिता तत्रान्तरतम्यात् आदेशस्यापि ह्रस्वस्यैव सम्भवेन दीर्घस्य व्यावृत्त्यर्थं कृतं तपरकरणं व्यर्थं भवत् ज्ञापयति—यदस्मिन सूत्रे परणकारेण अण् प्रत्याहारस्य ग्रहणमिति। परणकारेणाण्-प्रत्याहारग्रहणे ॠकारस्यानण्त्वात् तेन सवर्णानां ग्रहणे सति उद्देश्यविधेयाभ्यामुभाभ्यामपि दीर्घादीनां बोधे ह्रस्वस्य ह्रस्वो दीर्घस्य दीर्घ आदेश आन्तरतम्याद् भवतीति आदेशान्तर-व्यावृत्त्यर्थंतत्रमात्रं नत्व-

न च तपरसूत्रेण ऌकारग्रहणार्थं तत्, स्थानेऽन्तरतमपरिभाषया ॠकारस्थाने तस्य वारणेन तद्ग्रहणे फलाभावात्। न चैवं ज्ञापितेऽपि भाव्यमानत्वात्सवर्णग्रहणाप्रसक्तेस्तद्वैयर्थ्यम्, तपरत्वाभावे आदेशान्तर-निवृत्त्यर्थत्वेन स्वरूपाभ्यनुज्ञानार्थतयाऽपूर्वबोध्यत्वाभावेनाविधेयत्वात्। कृते तु तपरत्वे भाव्यमानताऽपीत्यन्यदेतत्।

पूर्वबोध्यत्वम्, 'इदमो मः' इतिवद् इति विधेयत्वाभावेन 'अप्रत्यय' इति निषेधा-प्रवृत्तौ प्रसक्तदीर्घादि-व्यावृत्त्या तपरकरणस्य चारितार्थ्यम्। अन्यत्र फलन्तु 'सय्यँन्ता' इत्यादौ अनुनासिकमकारस्य स्थानेऽनुनासिको वकार इत्याहुः।

[पूर्वपक्ष]—"तपरस्तत्कालस्य" पा० सू० १।१।७० इस सूत्र से ऌकार का ग्रहण कराने के लिए वह (तपरकरण) है, [क्योंकि इस सूत्र में भी अण् की अनुवृत्ति होती है। पर णकार से अण् के ग्रहण में तो दीर्घ की व्यावृत्ति के द्वारा चरितार्थ होता हुआ ऌकार के ग्रहण के लिए उपपन्न होता है।] [उत्तर-पक्ष]—ऐसा नहीं कहना चाहिए, क्योंकि "स्थानेऽन्तरतमः" पा० सू० १।१।५० इस परिभाषा सूत्र के बल से ॠकार के स्थान पर उस ऌकार का वारण हो जाने से उस ऌकार के ग्रहण में कोई फल नहीं है। (अतः ऌकार-ग्रहणार्थं तपर मानना ठीक नहीं है।) [पूर्वपक्ष]—इस प्रकार (परवर्त्ती ण् से अण् के ग्रहण के] ज्ञापित हो जाने पर भी (भाव्यमानेन सवर्णानां ग्रहणं न—इस परिभाषा के कारण भाव्यमान होने से (ॠकार के) सवर्णग्रहण की प्रसक्ति नहीं होती है अतः (अपने विषय में चरितार्थ न होने से) तपरकरण व्यर्थ है। [उत्तरपक्ष] ऐसा नहीं कहना चाहिए क्योंकि तपरत्व न होने पर अन्य आदेश की निवृत्ति के लिए होने से स्वरूप की अभ्यनुज्ञा के लिए होता है, अतः अपूर्वबोध्य न होने से (वह ॠ) विधेय नहीं होता है। किन्तु तपरत्व कर देने पर वह ॠ भाव्यमान भी होता है; यह अलग विषय है।

विमर्श–तात्पर्य यह है कि तपरत्व के अभाव में "उॠत्" पा० सू० ७।४।७ इस सूत्र से ॠ आदेश का विधान नहीं किया जायगा तो अचीकृतत्, अवीवृधत् अमी-मृजत् आदि में ऋ के स्थान पर क्रमशः इर्, अर् एवम् आर् की प्रवृत्ति होने लग जायगी। इस प्रकार इन आदेशों के द्वारा अपहृत हो जाने से दीर्घ ॠकार के स्वरूप की उपलब्धि नहीं हो सकती। किन्तु 'उॠत्' पा० सू० ७।४।७ इस सूत्र के बनाने पर तो दीर्घ ॠ के स्वरूप की उपलब्धि होगी, अन्य आदेशों की निवृत्ति होगी। इस प्रकार तपरत्व के अभाव में अर्थात् 'उॠः' इत्याकारक सूत्र रहने पर 'ॠ' अपूर्वबोध्य न होने से विधेय नहीं माना जा सकता। इस स्थिति में विधेयता=भाव्यमानता के अभाव में 'ॠ' सवर्णों का ग्राहक होने लगेगा,

यद्यपीति। ग्रहणकशास्त्रस्याद्याप्यनिष्पत्तेरिति भावः।

अनिष्पत्तेरिति। 'वर्णानामुपदेशस्तावत्तदुत्तरकालमित्सञ्ज्ञा तदुत्तरम् "आदिरन्त्येन" [पा० सू० १।१।७१] इति प्रत्याहारस्तदुत्तरकाला सवर्णसंज्ञा, तदुत्तरकालम् "अणुदित्" [पा० सू० १।१।६९] इति, एतेन समुदितेनान्यत्र सवर्णानां ग्रहणम्' इतिवाक्यापरिसमाप्तिन्यायादित्यर्थः।

परममूले—"नाज्झला" विति सावर्ण्यनिषेधो यद्यप्याक्षरसमाम्नायिकानामेव तथापि हकारस्याकारो न सवर्णः, तत्राकारस्यापि प्रश्लिष्टत्वात्। तेन 'विश्वपाभिः' इत्यत्र 'हो ढः' इति ढत्वं न भवतीति।' ननु ग्रहणकशास्त्रस्य पाणिनिना पठितत्वात्तस्यानिष्पत्तिरिति कथनमयुक्तमत आह—**वर्णानामिति**। 'आदिरन्त्येने'

क्योंकि 'अप्रत्ययः' यह निषेध नहीं लागू होगा। इस स्थिति में विधेय ऋ भी सवर्णग्राहक होने लगेगा और ह्रस्व के स्थान पर दीर्घ ॠ आदि भी होने लगेंगे, उनकी व्यावृत्ति के लिए तपरकरण चरितार्थ होता है। यह तभी सम्भव हो जाता है जब अण् परवर्त्ती णकार से लिया जाय। यदि पूर्व णकार से लेंगें, 'ऋ' सवर्ण का ग्राहक नहीं होगा, अतः दीर्घादि की निवृत्ति के लिए किया गया तपरकरण व्यर्थ हो जायगा। व्यर्थ होकर ही यह ज्ञापित करता है कि परवर्त्ती णकार से ही अण् लेना चाहिए। अतः तपरकरण चरितार्थ है।

परन्तु 'उऋ॑त्' सूत्र में जब तपरकरण है तब तो दीर्घादि ॠकारों का ग्रहण न होने पर दीर्घादि के स्थान पर भी ह्रस्व ऋ के विधान से अपूर्वबोध्यता के कारण 'ॠ' भाव्यमान हो जाता है। अतः 'अप्रत्ययः' यह निषेध प्रवृत्त हो जाता है। इस प्रकार से भी दीर्घादि की व्यावृत्ति की जा सकती है। यह दूसरा उपाय भी है। अतः कोई दोष नहीं है।

[मनो०] ('नाज्झलौ' पा०सू० १।१।१० यह निषेध यद्यपि अक्षर-समाम्नायस्थ वर्णों का ही होता है,) क्योंकि इस समय तक (अर्थात् सवर्णसंज्ञा के निषेधकशास्त्र प्रणयन के अवसर तक) ग्रहणक शास्त्र ('अणुदित्' पा० सू० १।१।९) की निष्पत्ति नहीं हो पाती है, यह भाव है। **(शब्द०)** अनिष्पत्ति है क्योंकि सर्वप्रथम (१) वर्णों का उपदेश है, (२) उपदेश=वर्णोच्चारण के बाद इत्संज्ञा, (३) इत्संज्ञा के बाद "आदिरन्त्येन सहेता" पा० सू० १।१।७१ इससे प्रत्याहार, इसके बाद (४) सवर्ण-संज्ञा, (५) सवर्ण-संज्ञा के बाद में "अणुदित् सवर्णस्य चाप्रत्ययः" पा०सू० १।१।७१ (इससे सवर्ण का ग्रहण होता है), इस समुदित वाक्य से भिन्न में सवर्णों का ग्रहण होता है, इस प्रकार के वाक्यापरिसमाप्ति न्याय के अनुसार ग्राहक शास्त्र की निष्पत्ति नहीं हो पाती है, यह अर्थ है।

अयं भावः--"आदिरन्त्येन" इति प्रत्याहारसिद्धौ "नाज्झलौ" [पा०सू० १।१।१०] इत्येतद्वाक्यार्थबोधे सति, निर्णीततद्विषयपरिहारेण सवर्णपदबोध्यत्वनिश्चये "अणुदित्" इत्यनेन तावतां ग्रहणं बोध्रनीयम्। अन्यथा बाधकसम्भावनया तुल्यास्यसूत्रजशक्तिग्रहेऽप्रामाण्यसन्देहेन तच्छास्त्रजबोधानापत्तिः। न चैतद्वाक्यार्थबोधात् प्राक् तन्निश्चय इति।

भाव यह है—"आदिरन्त्येन सहेता" पा०सू० १।१।७१ इससे प्रत्याहार के सिद्ध हो जाने पर "नाज्झलौ" (पा०सू० १।१।१०) इस सूत्र का वाक्यार्थ-बोध होने पर निर्णीत जो 'नाज्झलौ' इसका विषय, उसे छोड़कर सवर्णपद से बोध्य है, यह निश्चय हो जाने पर "अणुदित्" इस सवर्णबोधक सूत्र से उनका ग्रहण समझना चाहिए (क्योंकि अपवाद के विषय को छोड़कर ही उत्सर्ग शास्त्र की प्रवृत्ति मानी जाती है।) अन्यथा (अर्थात् यदि 'नाज्झलौ' इस अपवाद वाक्य के अर्थ का पर्यालोचन नहीं करते हैं तो) बाधक की सम्भावना से 'तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्' पा० सू० १।१।९ इस सूत्र से जन्य शक्तिग्रह में अप्रामाण्य के सन्देह के कारण उस ('अणुदित् सवर्णस्य') शास्त्र से जन्य बोध नहीं हो सकेगा। (क्योंकि अप्रामाण्य-ज्ञान से अनास्कन्दित=अनाक्रान्त शक्तिग्रह ही शाब्द-बोध का हेतु माना जाता है।) क्योंकि 'नाज्झलौ' इस अपवाद वाक्यार्थ-बोध के पहले उस (सवर्ण पदार्थ) का निश्चय नहीं हो पाता है।

[यहाँ का तात्पर्य यह है कि 'अणुदित्' सावर्णस्य चाप्रत्ययः इस सूत्रस्थ 'अण्' पदार्थ का ज्ञान करने के लिए यह प्रक्रिया मानी जाती है—(१) सर्व प्रथम 'अइउण्' इत्यादि सूत्रों से वर्णों का ज्ञान हो। (२) इसके बाद "हलन्त्यम्" पा०सू० १।३।३ से "लण्" सूत्र के णकार की इत्संज्ञा का ज्ञान हो। (३) इत्संज्ञा के ज्ञान के बाद "आदिरन्त्येन सहेता" पा०सू० १।१।७१ इससे अण् पद की शक्ति का ज्ञान होता है। (४) इसके बाद "तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्" पा०सू० १।१।९ और 'नाज्झलौ' पा०सू० १।१।१० इन दोनों से सवर्णसंज्ञा और निषेध का ज्ञान होता है। (५) इस सबके बाद "अणुदित् सवर्णस्य" सूत्रवाक्य के अर्थ का ज्ञान होता है। "तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्" इस उत्सर्ग सूत्र की प्रवृत्ति में 'नाज्झलौ' पा० सू० १।१।१० इस अपवाद के विषयभूत लक्ष्यों का ज्ञान आवश्यक होता है। इस प्रकार अपवाद के विषयों को छोड़कर ही उत्सर्ग शास्त्र की प्रवृत्ति करनी चाहिए। ऐसा न करने पर तो अपवाद के विषय में भी 'तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्' पा०सू० १।१।९ इस सूत्र की प्रवृत्ति यदि पहले ही हो जाती है तब 'भुक्तवन्तं प्रति मा भुङ्क्थाः' इस न्याय के अनुसार अब 'नाज्झलौ'

यत्तु—निषेधवाक्यार्थबोधात्पूर्वं विधेर्वाक्यार्थबोध एव नेति । तन्न, पदार्थोपस्थितौ वाक्यार्थबोधे बाधकाभावात् । निषेधस्य प्रतियोगिज्ञानोपपादकतया विध्यपेक्षत्वेऽपि विधेस्तदपेक्षत्वे मानाभावाच्च ।

त्येतत्सूत्रव्याख्यानावसरे व्याख्यातमेतत् । नन्वेतादृशक्रमेण वाक्यार्थनिष्पत्तावन्यत्र "अस्य च्वौ" इत्यादौ सवर्णग्रहणवत् 'नाज्झलौ' वित्यत्रापि ग्राहकशास्त्रप्रवृत्तिः कथं न भवतीत्यत आह—**अयं भाव** इति । **एतत्**=नाज्झलावित्येतत् । **परिहारेणे**ति । अपवादविषयपरिहारेणैव उत्सर्गशास्त्रस्य प्रवृत्त्यङ्गीकारादिति भावः । **निश्चय** इति । अनेन ततः प्राक् तस्य सामान्यतो बोधोऽस्त्येवेति सूचितम् । **अन्यथे**ति । 'नाज्झलौ' वित्येतन्निषेधवाक्यार्थापर्यालोचने । **तच्छास्त्रजे**ति । 'अणुदित्' शास्त्रजेत्यर्थः, अप्रामाण्यसन्देहस्य प्रतिबन्धकत्वादिति भावः । **न च**=न हीत्यर्थः । **एतद्वाक्यार्थे**ति । 'नाज्झलावित्येतत्' वाक्यार्थेत्यर्थः । **तन्निश्चयः**=सवर्णपदबोध्यनिश्चय इत्यर्थः । तदानीं तु स भवति विषयभेदेन बाधकासम्भावनया प्रतिबन्धकाप्रामाण्यसन्देहाभावादिति भावः । तथा च तुल्यास्य-सूत्रार्थबोधस्य निषेधबोधात् प्रागावश्यकत्वेपि तन्निश्चयाभावात्तत्र तदप्रवृत्तिरिति तत्त्वमिति प्राहुः । **विध्यपेक्षत्वेऽपी**ति । अभावज्ञाने प्रतियोगिज्ञानस्य कारणत्वस्य सर्वलोकतन्त्रप्रसिद्धत्वादिति भावः । **तदपेक्षत्वे**=निषेधापेक्षत्वे इत्यर्थः । **षत्वमि**ति । अत्र षत्वस्या-

---

की कोई उपयोगिता नहीं रह पाती है। इसलिए यही मानना आवश्यक है कि अपवाद के विषयभूत लक्ष्यों को छोड़कर ही उत्सर्ग शास्त्र की प्रवृत्ति होती है। 'नाज्झलौ' इस सूत्र वाक्यार्थज्ञान के पहले सवर्णपदार्थ का निश्चय नहीं होता है। इस प्रकार सवर्णग्रहण नहीं होता है।]

जो यह कहते हैं—(नाज्झलौ पा०सू० १।१।१० इस) निषेधवाक्य के अर्थज्ञान के पहले (तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम् पा० सू० १।१।९ इस) उत्सर्गविधि का वाक्यार्थबोध ही नहीं होता है—वह ठीक नहीं है क्योंकि पदार्थों की उपस्थिति=बोध हो जाने पर वाक्यार्थबोध में बाधक नहीं होता है (अर्थात् प्रतिबन्धकबाध-बुद्धि न रहने पर वाक्यार्थबोध न मानने में कोई प्रमाण नहीं है।) और निषेध को प्रतियोगिज्ञान के अपवादकत्वेन विधि की अपेक्षा होने पर भी विधि को निषेध की अपेक्षा होने में कोई प्रमाण नहीं है। (अभावज्ञान में प्रतियोगी का ज्ञान कारण होता है यह तो सर्वत्र मान्य है परन्तु विधि को निषेध की अपेक्षा करके ही बोध होता है, ऐसा नहीं देखा जाता है। अतः विधिवाक्यार्थ-बोध न मानना ठीक नहीं है।)

"हो ढः" (पा० सू० ८।२।३१) इत्युपलक्षणं, रमास्वित्यत्र षत्वं, वागाशीरित्यत्र "झयो हः" (पा० सू० ८।४।६२) इत्याकारस्य घकारः, दासीष्टेत्यादौ "दादेः" (पा. सू. ८।२।३२) इति घत्वं च नेति बोध्यम्।

यदि तु विवृतमूष्मणामित्यत्र ईषदित्यनुवर्त्य, स्वाराणां चेत्यत्र निवर्त्य, प्रयत्नभेदो व्याख्यायते, तदा "नाज्झलौ" इति सूत्रं माऽस्त्विति भाष्ये स्थितम् ॥

रमास्वित्यत्र षत्वमिति। सर्वस्याप्येकया युक्त्या वारणेनापाद्यमानेऽर्थे न्यायानादरादेवमुक्तम् ॥

भाष्ये स्थितमिति। अनेनाकारप्रश्लेषे मानं दर्शितम्।

सिद्धत्वादादौ ढत्वम्, ततः 'षढोः कः सि' इति कत्वम्, ततः षत्वस्य प्राप्तिरिति प्रक्रिया बोध्या। वस्तुतस्तु ढत्वादीमसिद्धत्वात् संयोगान्तलोप सर्वत्र प्राप्नोतीति वक्तुचितम्। **एकया युक्त्येति।** आकार-प्रश्लेषरूपया युक्त्येत्यर्थः। **न्यायानादरादिति।** न्यायस्य=पूर्वत्रासिद्धमिति युक्तेः प्रवृत्तिविषयेऽनादरादित्यर्थः।

[मनो०] [हकार का आकार सवर्ण नहीं होता है क्योंकि 'नाज्झलौ' पा० सू० १।१।१० इसमें आकार का भी प्रश्लेष है। इसलिए "हो ढः" पा०सू० ८।२।३१ यहाँ ह पद से बोध्य का विधीयमान ढत्व 'विश्वपाभिः' यहाँ आकार का नहीं होता है क्योंकि 'ह' के अण् होने पर भी आकार के साथ इसकी सवर्णता न होने के कारण आकार ह-पद-बोध्य नहीं होता है।] 'हो ढः' (पा०सू० ८।२।३१) यह उपलक्षण (अर्थात् अन्य का भी सूचक) है—रमासु यहाँ (आ से ह का ग्रहण न होने से "आदेशप्रत्यययोः" पा०सू० ८।३।५९ इससे) षत्व, वागाशीः यहाँ (आ को ह् मानकर) "झयो होऽन्यतरस्याम्" (पा०सू० ८।४।६२) इससे 'आ' कार का घकार और 'दासीष्ट' इत्यादि में 'दादेर्धातोर्घः' (पा०सू० ८।२।३२) इससे (आ को ह मानकर आकार का) घत्व नहीं होता है, ऐसा समझना चाहिये। **(शब्द०)** रमासु यहाँ षत्व नहीं होता है—आदि जो कहा है वहाँ सभी दोषों का आकार-प्रश्लेषरूपी एक ही युक्ति से वारण हो जाने से आपद्यमान अर्थ में न्याय का अनादर करने से ऐसा कहा है। [अर्थात् ये सभी दोष त्रैपादिक होने से 'पूर्वत्रासिद्धम्' पा० सू० ८।२।१ से असिद्ध हो जाते हैं किन्तु इस युक्ति को आदर न देते हुए ही मनोरमाकार ने इतने दोष प्रस्तुत किये हैं। वास्तव से इन ढत्वादि के असिद्ध हो जाने पर केवल संयोगान्तलोप-प्राप्तिरूप दोष ही रहता है।]

(मनो०) किन्तु यदि ऊष्मों का विवृत यत्न होता है यहाँ 'ईषद्' इसकी अनुवृत्ति करके और और, स्वरों का विवृत होता है' इसमें 'ईषद्' की निवृत्ति करके (स्वरों

"वृद्धिरादैच्" (पा. सू. १।१।१) ।। ऐजिह द्विमात्र एव, तात्परत्वात्, तेन कृष्णैकत्वमित्यत्र त्रिमात्रो न । एवमुत्तरसूत्रेऽपि । तेन गङ्गोदकमित्यादौ त्रिमात्रो न ।।

मूले—**यदि त्विति** । ऊष्मणामीषद्विवृत्तं स्वराणां विवृतं प्रयत्नं स्वीकृत्येत्यर्थः । **आकारेति** । प्लुताकारेत्यर्थः । **मानं दर्शितमिति** । आरम्भपक्षे दीर्घकारस्य हकारेण सावर्ण्यं प्रसज्यते, प्रत्याख्यानपक्षे च प्रयत्नभेदेन न तयोस्तदिति फलभेदेन

तथा ऊष्मों के) प्रयत्नभेद की व्याख्या कर ली जाती है (अर्थात् ऊष्म=शषसह का ईषद्विवृत और स्वरों का विवृत यह अलग-अलग प्रयत्न मान लिया जाता है,) तब 'नाज्झलौ' पा० सू० १।१।१० यह सूत्र न रहें, ऐसा भाष्य में स्थित है। (अर्थात् भिन्न-भिन्न प्रयत्नवाला होने के कारण अच् प्रत्याहार से बोध्य वर्णो की हल् प्रत्याहार से बोध्य वर्णों के साथ सवर्ण संज्ञा प्राप्त ही नहीं होती है। उसके निषेध के लिए 'नाज्झलौ' यह सूत्र अनावश्यक है।) [शब्द०] इससे प्लुत आकार के प्रश्लेष में प्रमाण दिखाया है। (यहाँ शब्दरत्न का रहस्य यह है कि 'नाज्झलौ' इस सूत्र के आरम्भपक्ष में वर्णसमाम्नाय से बहिर्भूत दीर्घ आकार का हकार के साथ सावर्ण्य प्रसक्त होता है और 'नाज्झलौ' इस सूत्र के प्रत्याख्यानपक्ष में दोनों के प्रयत्नभेद के कारण इन दोनों का सावर्ण्य नहीं होता है। इस स्थिति में आरम्भपक्ष एवं प्रत्याख्यान-पक्ष में फलभेद होने से प्रत्याख्यान असङ्गत होने के कारण इस भाष्य-प्रामाण्य से आरम्भपक्ष में 'आकार' का प्रश्लेप मानना आवश्यक है। इसी प्रकार प्लुत आकार का भी प्रश्लेप करना चाहिये। प्रश्लेष मानने पर ही फलभेद न हो सकने से प्रत्याख्यान की संगति सम्भव है।)

[मनो०] वृद्धिरादैच् (पा०सू० १।१।१) [आत् तथा ऐच् की वृद्धि संज्ञा होती है।] [इस सूत्र में ऐच् (ऐ औ) दो मात्राओं वाला ही (लिया जाता है), क्योंकि 'त्' अर्थात् 'आत्' के 'त्' के बाद है (क्योंकि 'तपरस्तत्कालस्य' पा०सू० १।१।७० में तः परो यस्मात् सः, तात्परश्च—तपरः ये दोनों विग्रह किये जाते हैं।) इस कारण 'कृष्णैकत्वम्' यहाँ (एकमात्रिक अ+द्विमात्रिक ऐ=) तीन मात्राओं वाला 'ऐ' वृद्धि आदेश नहीं होता है। इसी प्रकार उत्तर सूत्र (अदेङ् गुणः पा०सू० १।१।२ में भी 'त्'=अत् से पर होने के कारण एङ् (द्विमात्रिक ही लिया जाता है) इसी कारण गङ्गा+उदकम् यहाँ (द्विमात्रिक आ+एकमात्रिक उ=) तीन मात्राओं वाला 'ओ' गुण नहीं होता है।

"भूवादयो धातवः" (पा. सू. १।३।१) ।। भूश्च वाश्चेति द्वन्द्वः। आदि-शब्दयोर्व्यवस्थाप्रकारवाचिनोरेकशेषः। भूवौ आदी येषामिति बहुव्रीहिः। भूप्रभृतयो वासदृशाः। सादृश्यं च क्रियावाचकत्वेनेत्यभिप्रेत्याह—क्रियावाचिन इति।

प्रत्याख्यानासङ्गत्या तद्भाष्यप्रामाण्येनारम्भपक्षे आकारः प्रश्लेपणीय इति। एवं प्लुताकारोऽपि प्रश्लेपणीयः एतद्भाष्य-प्रामाण्यादिति भावः।

[मनो०] भूवादयो धातवः (पा०सू० १।३।१) (क्रियावाचक भ्वादिगणों में पठित भू आदि शब्दों की धातुसंज्ञा होती है।) भूश्च वाश्च यह [भूवौ] द्वन्द्व है। व्यवस्थावाची 'आदि' शब्द का और प्रकारवाची 'आदि' शब्द का एकशेष है। [अर्थात् आदिश्च आदिश्च इति आदी—इसमें प्रथम 'आदि' का अर्थ व्यवस्था= आद्यवयव है और द्वितीय 'आदि का' अर्थ प्रकार=सादृश्य है। भूवौ आदी येषां ते भूवादयः—यह बहुव्रीहि है। भूप्रभृति वासदृश (शब्दों की धातु संज्ञा होती है) यहाँ सादृश्य—क्रियावाचकत्वरूप से लिया जाता है। इसी आशय से (सिद्धान्त-कौमुदी में) लिखा है—क्रियावाचक भ्वादि शब्दों की धातु संज्ञा होती है।

[यहाँ तात्पर्य यह है कि भूश्च वाश्च इति भूवौ, आदिश्च आदिश्च यहाँ एकशेष करने पर—आदी। भूवौ आदी येषां ते—भूवादयः धातवः। एकशेष में जो प्रथम 'आदि' शब्द है वह व्यवस्था=आद्यवयव का वाचक है और इसका 'भू' के साथ अन्वय होता है। इसलिए 'भूप्रभृतयः' यह अर्थ होता है। द्वितीय 'आदि' शब्द प्रकार=सदृश का वाचक है और उसका 'वा' के साथ अन्वय होता है। अतः 'वासदृशाः' यह अर्थ होता है।

यहाँ विचारणीय यह है कि एकधर्मावच्छिन्न का एकधर्मावच्छिन्नमें एक-धर्मावच्छिन्न संसर्ग से अन्वय होना सहविवक्षा है। सहविवक्षा में ही द्वन्द्व होता है। परन्तु प्रस्तुत स्थल में 'भू' शब्द का आद्यावयवार्थक 'आदि' शब्द में निष्ठत्व सम्बन्ध से और 'वा' शब्द का सादृश्यार्थक 'आदि' शब्द में प्रतियोगित्व-सम्बन्ध से अन्वय होता है। इस प्रकार एकधर्मावच्छिन्न संसर्ग से अन्वय न होने से सहविवक्षा नहीं है अतः द्वन्द्व नहीं होना चाहिए। इसके अतिरिक्त प्रथम 'आदि' शब्द का अर्थ व्यवस्था है और द्वितीय आदि शब्द का अर्थ 'सादृश्य' है इसमें विपरीत क्रम से भी अन्वय हो सकता है—'भू' का सादृश्यार्थक में और 'वा' का आद्यार्थक में।

इस शंका का समाधान यह है कि "आद्यन्तौ टकितौ" पा०सू० १।१।४६ के समान ही यहाँ भी समुदाय में अन्वय करके "यथासंख्यमनुदेशः समानाम्" पा०सू० १।३।१०) के आधार पर बाद में अलग-अलग अन्वय करना चाहिये। यहाँ 'भूवा' इस

मूले—**उत्तरसूत्रेऽपीति**। 'अदेङ् गुणः' इति सूत्रेऽपीत्यर्थः, तत्रापि तात्परत्वेन द्विमात्रिकस्यैवैङो ग्रहणमिति भावः।

'भूवादयो धातवः' (पा०सू० १।३।१) क्रियावाचिनो भ्वादयो धातुसंज्ञाः स्युः—इति वृत्तिः। मूले—**व्यवस्थेति**। व्यवस्थावाची=अवयववाचीत्यर्थः, प्रकार-वाची=सदृशवाचीत्यर्थः। उभयार्थकयोरादिशब्दयोरेकशेषः। तत्र भू शब्देन सम्बद्धः आदिशब्दो व्यवस्थावाची वाशब्देन च सम्बद्धः प्रकारवाची। तत्र भू-शब्दो द्विविधः—भूम्यर्थकः, सत्तार्थकश्चेति। एवं वा-शब्दोऽपि विकल्पार्थको गत्याद्यर्थकश्च। तत्र द्विविधस्यापि वा-शब्दस्य लिङ्ग-सङ्ख्यानन्वय्यर्थबोधकतया असत्त्ववाचित्वेन तत्सा-हचर्याद् भूशब्दोऽसत्ववाची सत्ताद्यर्थक एव गृह्यते। स च क्रियावाची। एतत्साह-चर्यात् वाशब्दोऽपि गत्याद्यर्थक एव गृह्यते। तत्सादृश्यं च क्रियावाचकत्वेनैव बोध्यम्। एतदेवाभिप्रेत्य मूले उक्तम्—**सादृश्यं च क्रियावाचकत्वेनेति**। नन्वेवं सादृश्यस्य 'तद्भिन्नत्वे सति तद्गतभूयोधर्मवत्त्वमिति' लक्षणेन वाभिन्नत्वं वाधातौ न स्यात्। एवञ्च वा शब्दस्य धातुसंज्ञा न स्यादत आह—**वाधाताविति**। **प्रयोग-भेदेनेति**। 'वाति, वातः' इत्यादिषु वातीत्येतद्घटकवाशब्दस्य यथा क्रियावाचकत्वं

समुदाय का 'आदि' समुदाय में स्वविशिष्टत्व-सम्बन्ध से अन्वय होता है। सम्बन्ध-घटक वैशिष्ट्य स्वघकाभिन्नघटितत्व—स्वघटक-प्रतियोगिक-सादृश्यवद्घटित्व—इन दो सम्बन्धों से समझना चाहिए। समन्वय—स्वम्=भूवा समुदाय, तद्घटक से अभिन्न 'आदि' है, उससे घटित है और स्वघटक=वा शब्द, तत्प्रतियोगिक सादृश्य-वान् आदि है, तद्घटितत्व भी आदिसमुदाय में मिल जाता है। इस प्रकार साहित्य सम्भव होने से द्वन्द्व में बाधा नहीं है।

अथवा 'भूवादयः' इसमें तन्त्रेण उच्चारण मानकर दोनों भूवा शब्दों का व्यवस्थारूपार्थक 'आदि' में अन्वय होता है और दोनों का प्रकाररूपार्थक 'आदि' में अन्वय होता है। इस प्रकार समुदाय का समुदाय में अन्वय हो जाने से दोष नहीं है।

भू शब्द दो प्रकार का है (१) भूमि अर्थवाला और सत्ता अर्थवाला। वा शब्द भी दो अर्थों वाला है (१) विकल्प अर्थवाला और (२) गति अर्थवाला। यह दोनों प्रकार का 'वा' शब्द लिङ्ग एवं संख्यादि के अनन्वयी अर्थ का बोधक है अतः असत्त्ववाची है। इसके साहचर्य से 'भू' शब्द भी असत्त्ववाची सत्तार्थक ही लिया जाता है और ऐसा वह क्रियावाचक ही है। इस 'भू' के साहचर्य से 'वा' शब्द भी क्रियावाची ही लिया जाता है। इसी आशय से मनोरमा में लिखा गया

क्रियावाचिनः किम् ? 'याः पश्यसि' इत्यादौ धातुत्वं मा भूत् । सति हि तस्मिन्, "आतो धातोः" (पा. सू. ६।४।१४०) इति स्यात् ।

सादृश्यं चेति । वाधातौ वासादृश्यं च प्रयोगभेदेन वोध्यम् ।

तथा 'वातः' इत्येतद्घटक-वाशब्दस्यापि 'प्रत्युच्चारणं शब्दो भिद्यते' इति सिद्धान्तादिति भावः ।

अत्रेदं बोध्यम्—ननु एकधर्मावच्छिन्नस्य एकधर्मावच्छिन्नसंसर्गेण एकधर्मावच्छिन्नेऽन्वयः सहविवक्षा=साहित्यम्, सहविवक्षायामेव द्वन्द्वः । प्रकृते च भूशब्दस्य आद्यार्थक-आदिशब्दे निष्ठत्व-सम्बन्धेन, वा-शब्दस्य सादृश्यार्थक-आदिशब्दे प्रतियोगित्व-सम्बन्धेन चान्वयेन उक्तरीत्याऽन्वयाभावेन सहविवक्षाया अभावान् द्वन्द्वोऽनुपपन्नः । किञ्चैकपदोपस्थापितार्थद्वयस्य परस्परमभेदान्वयस्याव्युत्पन्नतया भू प्रभृतयो वा-सदृशाः इत्येवमभेदान्वयोऽपि दुर्लभ इति चेन्न, 'आद्यन्तौ टकितौ' इत्यत्रेव भूवा-समुदायस्य आदि-समुदायेऽन्वयं स्वविशिष्टत्व-सम्बन्धेन कृत्वा समासे पुनर्यथासङ्ख्यसूत्र-सामर्थ्येन यथासङ्ख्यमन्वयः । प्रकृते सम्बन्ध-घटक-वैशिष्टयञ्च—स्वघटकाभिन्न-घटितत्व-स्वघटक - प्रतियोगिक-सादृश्यवद्घटितत्वोभयसम्बन्धेन । स्वम्=भूवासमुदायः, तद्घटकाभिन्न आदिस्तद्घटितत्वम्, स्वघटको वाशब्दस्तत्-प्रयोगिक-सादृश्यवानादिस्तद्घटितत्वमपि आदिसमुदाये सुलभम् । एवञ्चोक्त-व्युत्पत्तिप्रवृत्त्या द्वन्द्व-साधुत्वमिति दिक् ।

मूले—**याः पश्यसीति ।** क्रियावाचित्वस्याभावे 'याः' इत्यत्रापि धातुत्वापत्त्याऽऽलोपापत्तेरिति भावः । **निषेधादिति ।** अजनिष्ठान्यनिरूपित-व्यवधानाभावनिमित्तके कार्ये कर्त्तव्ये वहिरङ्ग-परिभाषा न प्रवर्तते इति तदर्थात् । **ततोऽ-**

है--सादृश्यं च क्रियावाचकत्वेन] **(शब्द०)** 'वा' धातु में 'वा' का सादृश्य प्रयोग-भेद से मान लेना चाहिये । (तात्पर्य यह है कि 'तद्भिन्नत्वे सति तद्गतभूयोधर्मवत्त्वम् सादृश्यं' है । इसलिए 'वा' धातु में 'वा' भिन्नता किस प्रकार होगी ? अतः 'वा' की धातुसंज्ञा नहीं होनी चाहिये । इस शंका का उत्तर यह है कि वाति में जैसे 'वा' शब्द क्रियावाचक है वैसे ही 'वातः' का 'वा' शब्द भी क्रियावाचक है क्योंकि 'प्रत्युच्चारणं शब्दाः भिद्यन्ते' यह न्याय है । अतः 'वा' में वा शब्द का सादृश्य सम्भव है । **(मनो०)** क्रियावाची की धातुसंज्ञा होती है—इसे मानने का क्या फल है ? 'याः पश्यसि' आदि में (या) धातु न होने लग जाय (इसके लिए क्रियावाचित्व कहा गया है । यहाँ 'या' शब्द क्रियावाची नहीं हैं अतः धातुसंज्ञा नहीं होती है ।) धातु संज्ञा हो जाने पर "आतो धातो" (पा०सू० ६।४।१४०) यह सूत्र

आतो धातोरिति। न च स्त्र्यर्थनिमित्तकटापो बहिरङ्गासिद्धत्वम्। "नाजानन्तर्ये" (परि० ५१) इति निषेधात्। ततोऽपि बहिर्भूतसंख्यानिमित्तकविभक्तिनिमित्तकभसञ्ज्ञानिमित्तकत्वेन लोपस्य बहिरङ्गत्वाच्च, अर्थनिमित्तकबहिरङ्गत्वस्याभावाच्च।

प्रवृत्त होगा (और फलस्वरूप 'आ' का लोप होने लगेगा।) (**शब्द०**) (पूर्वपक्ष) स्त्री अर्थ में होने वाला टाप् (लोप की अपेक्षा) बहिरंग होने से असिद्ध हो जाता है—(उत्तरपक्ष) ऐसा नहीं कहना चाहिए क्योंकि 'नाजानन्तर्ये बहिष्ट्वप्रक्लृप्तिः' इस परिभाषा से निषेध हो जाता है। (इस परिभाषा का भावार्थ यह है कि अच् निष्ठ—अन्यनिरूपित व्यवधानाभाव को मानकर होने वाले कार्य की कर्तव्यता में 'असिद्धं बहिरङ्गमन्तरङ्गे' इस परिभाषा की प्रवृत्ति नहीं होती है। 'आतो धातोः' पा०सू० ६।४।१४० में 'भस्य' पा०सू० ६।४।१२९ का अधिकार है। यकारादि अजादि प्रत्यय का आक्षेप होता है। लोप में सप्तम्यन्त निमित्त है अस् प्रत्यय, उससे अव्यवहित पूर्ववर्त्ती अच् है आ, इसे उद्देश्य मानने वाला अन्तरङ्ग 'आतो धातोः' से विहित लोप है। इसके करने में बहिरङ्ग टाप् असिद्ध नहीं होता है। अतः लोपप्राप्ति सम्भव है। इसे वारण करने के लिए क्रियावाचकत्व विशेषण आवश्यक है।] और उस टाप् से भी लोप बहिरंग होता है क्योंकि वह लोप बहिर्भूत संख्यानिमित्तक, विभक्तिनिमित्तक एवं भसंज्ञानिमित्तक है (क्योंकि पहले लिङ्गबोध हो जाने के बाद ही संख्यादिबोध के लिए विभक्ति आती है और उस में भ संज्ञा का ज्ञान होता है। इसको निमित्त मानकर होने वाला लोप बहिरंग है।) और अर्थनिमितक बहिरङ्गत्व नहीं होता है। (तात्पर्य यह है कि शब्दशास्त्र में शब्द की प्रधानता रहती है। अतः 'बहिरंग' और 'अन्तरंग' शब्दों में अंग से शब्दरूप निमित ही लिया जाता है। इसीलिए "स्थानिवदादेशोऽनल्विधौ" इस सूत्र पर लिखित "त्रयादेशे स्रन्तस्य प्रतिषेधो वक्तव्यः" यह वार्त्तिक संगत होता है। यह वार्त्तिक 'त्रि+आम्' इस स्थिति में त्रयादेश और तिस्रादेश इन दोनों के प्राप्त होने पर परवर्त्ती होने से तिसृ आदेश में स्थानविद्भाव से त्रिशब्दत्व लेकर त्रय आदेश का वारण करने के लिए है। परन्तु यदि अर्थनिमित्तक बहिरङ्गत्व का भी आश्रयण लिया जायगा तब तो तिस्र आदेश स्त्रीत्वनिमित्तक होने से बहिरङ्ग होता है अतः अन्तरङ्ग होने से पहले त्रय आदेश करने पर उसके बाद तिसृ आदेश की प्रवृत्ति होने पर 'लक्ष्ये लक्षणं सकृदेव प्रवर्त्तते' इस न्याय से पुनः 'त्रय' आदेश प्राप्त ही नहीं होता है। अतः स्थानिवद्भाव का प्रतिषेध करना व्यर्थ हो जाता है।अतः अर्थकृत बहिरङ्गत्व नहीं लिया जाता है। शब्दशास्त्र में शब्द

नाप्ययं लाक्षणिकः ।

पीति । टापोऽपीत्यर्थः । लिङ्गबोधोत्तरमेव सङ्ख्योपस्थितेस्तस्यास्तत्त्वमिति भावः । अयं भावः—टापो लिङ्गापेक्षा, तच्च लिङ्गं प्रथमत उपस्थितं भवति सङ्ख्या तु तदुत्तरं प्रतीता भवतीति टाप एवान्तरङ्गत्वमिति भाव । ननु भत्वावच्छिन्नं प्रति विभक्तित्वेन कारणतेत्येवं कार्यकारणभावो न सम्भवति, 'वृषण्वसुः' 'वृषणश्वः' इत्यत्र व्यभिचारात् । यदि भसंज्ञा-सामान्यं प्रति विभक्तेर्निमित्तत्वाभावेऽपि लोपविधायक-शास्त्र-प्रवृत्ति-हेतु-भसंज्ञा-विभक्ति-निमित्तिकैवेति विभाव्यते, तदा 'याः पश्यसी' त्यादौ भसंज्ञानिमित्त-विभक्तिनिमित्तकाच्-पररूपनिमित्तकत्वेन टापो लोपाद् बहिरङ्गत्वमपि सम्भाव्यत इत्यत आह—**अर्थनिमित्तकेति** । अयं भावः—शब्दशास्त्रे शब्दस्य प्राधान्याद् 'असिद्धं बहिरङ्गम्' इति परिभाषा-घटकनिमित्तबोधकाङ्ग-शब्देन शब्दरूपं तद् गृह्यते इति नियमः । अत एव 'त्रयादेशे स्रन्तस्य प्रतिषेधो वक्तव्यः' इति स्थानिवत्-सूत्र-वार्तिकं सङ्गच्छते । तद्धि त्रि आम् इति स्थिते त्रयादेशतिस्रादेशयोः प्राप्तयोः परत्वात् तिस्रादेशे स्थानिवद्भावेन त्रिशब्दत्वमादाय त्रयादेशवारणायास्ति । अर्थनिमित्तक - बहिरङ्गत्वाश्रयणे तु तिस्रादेशस्य स्त्रीत्वनिमित्तकत्वेन बहिरङ्गतया अन्तरङ्गत्वात् पूर्वं त्रयादेशे ततस्तिस्रादेशप्रवृत्तौ 'लक्ष्ये लक्षणं सकृदेव प्रवर्तते' इतिन्यायेन पुनस्त्रयादेशाप्राप्त्या तद्व्यर्थत्वात् । एवञ्च अन्तरङ्गपरिभाषायामङ्ग-शब्देन शब्दरूपं निमित्तमेव गृह्यते, शब्दशास्त्रे तस्यैव प्राधान्यात् । तेनार्थ-निमित्तकस्य न बहिरङ्गत्वमिति सिध्यति । अत एव 'न तिसृचतसृ' इति निषेधश्चरितार्थः । अन्यथा स्त्रीत्वरूपार्थ-निमित्तक-तिस्रादेशापेक्षयाऽन्तरङ्गत्वात् पूर्वं दीर्घे ततस्तिस्रादेशे लक्ष्ये लक्षण - न्यायेन पुनर्दीर्घाप्रवृत्तौ तद्वैयर्थ्यं स्पष्टमेवेत्याहुः ।

लाक्षणिक इति । लक्षणम्=लक्षण-प्रतिपदोक्त-परिभाषा । तत्रत्यैकदेशानु-

---

की प्रधानता के कारण 'अङ्ग' शब्द से शब्दरूपी निमित्त लेना उचित है । ऐसा मानने के कारण ही "न तिसृचतसृ" पा० सू० ६।४।४ यह निषेध भी सार्थक होता है । क्योंकि यहाँ भी स्त्रीत्वरूप अर्थनिमित्तक 'तिसृ' आदेश की अपेक्षा अन्तरंग होने से पहले दीर्घ कर लेने पर उसके बाद तिसृ आदेश करने पर 'लक्ष्ये लक्षणं सकृदेव प्रवर्तते' इस न्याय से दूसरी बार दीर्घ की प्राप्ति नहीं होती है, अतः "न तिसृचतसृ" पा० सू० ६।४।४ से दीर्घ का निषेध करना व्यर्थ हो जाता है। इससे स्पष्ट है कि शब्दनिमित्तक ही बहिरङ्गत्वादि लिया जाता है।]

और 'याः पश्यसि' का 'या' शब्द लाक्षणिक='लक्षणप्रतिपदोक्तयोः प्रतिपदोक्तस्यैव ग्रहणम्' इस परिभाषा का विषय भी नहीं है, क्योंकि—

नकारजावनुस्वारपञ्चमौ झलि धातुषु।
सकारजः शकारश्चे षाट्टवर्गस्तवर्गजः ॥ १ ॥

इत्यभियुक्तोक्तेर्भ्वादिषु लाक्षणिकानामपि दर्शनेन तद्विषये तत्परिभाषाया अप्रवृत्तेः। "आतो धातोः" [पा० सू० ६।४।१४०] इत्यत्र प्रतिपदोक्त आकारो गृह्यत इति तु वक्तुमप्यशक्यम्, 'पशुषः' इत्यसिद्ध्यापत्तेः। पशुं सनोतीति विट् "विड्वनोः" [पा० सू० ६।४।४१] इत्यात्वम्।

करणात् सत्या भामेत्यादिवत् वा, वार्त्तिकादिवत् परिभाषाया अपि लक्षणत्वाद् वा। 'तत् अर्हतीत्यर्थे तदर्हति' इति ठञ्, तस्य न्यायस्याविषय इत्यर्थः। यथाश्रुतं सर्वथा न युक्तम्, ब्रह्मणा वचनशतेनापि 'या' शब्दस्य लाक्षणिकत्वस्यानिवार्यत्वादिति भावः। कारिकार्थः—धातुषु झल्परौ अनुस्वारपञ्चमौ नकारजौ=नकारस्थाने आदेशतया उत्पन्नौ—यथा स्रन्सु अञ्चु इत्यादौ। चे=चकारे परे शकारः

धातुओं में (१) झल् परे रहते जो अनुस्वार पञ्चम वर्ण हो जाते हैं वे नकार के स्थान पर होने वाले हैं। (२) चकारपरक शकार सकार के स्थान पर होने वाला है। (३) रेफ तथा षकार के बाद वाला टवर्ग तवर्ग के स्थान पर होने वाला है। [इनके क्रमशः उदाहरण—[१] स्रंसु, अञ्चु [२] व्रश्च्, [३] उर्णुञ्, ष्ठा] इस प्रकार का आचार्यों का कथन होने से भू आदि शब्दों में लाक्षणिक=लक्षण से निष्पन्न शब्दों का भी दर्शन होने से उस धातुसंज्ञा के विषय में "लक्षण और प्रतिपदोक्त में प्रतिपदोक्त का ही ग्रहण करना चाहिये" इस परिभाषा की प्रवृत्ति नहीं होती है। "आतो धातोः" पा० सू० ६।४।१४० इस सूत्र में प्रतिपदोक्त आकार ही लिया जाता है, यह तो कहना भी सम्भव नहीं है क्योंकि ["अद्भिवदत्राभावात्" पा० सू० ६।४।२२ सूत्रभाष्य में प्रयुक्त] 'पशुषः' इसकी सिद्धि नहीं हो सकेगी। पशु सनोति—[पशु का दान करता है—√षणु दाने का प्रयोग है] इसमे [पशुम् उपपद षणु=सन् धातु से 'जनसनखनक्रमगमो विट्' पा० सू० ३।२।६७ से] विट् प्रत्यय होता है और "विड्वनोरनुनासिकस्यात्" पा० सू० ६।४।४१ से अनुनासिक=न् का 'आ' होता है। [इस प्रकार पशुसा में मूर्धन्यादेश करने पर पशुषा यह रूप होता है। द्वितीया-बहुवचन में पशुषा+शस्=अस् में "आतो धातोः" सूत्र से आलोप और विसर्गादि कार्य करने पर 'पशुषः' यह रूप होता है। यहाँ लोप के पूर्व 'पशुषा' इसमें प्रतिपदोक्त 'आ' नहीं अपितु लक्षणवश बनाया हुआ है। तब भी लोप करके भाष्यकार ने प्रयोग किया है। अतः प्रतिपदोक्त परिभाषा की प्रवृत्ति यहाँ नहीं माननी चाहिए।]

भ्वादयः किम् ? हिरुक्, पृथगित्याद्यव्ययानां, शिश्ये इति भावार्थ-

---

"आतोऽनापः" इति वार्त्तिकमते तु विकल्पार्थकनिपातवाशब्दस्य धातुत्वे प्रातिपदिकत्वाभावात्सुबभावे पदत्वानापत्तिर्दोषः । क्रियात्वं—साध्यत्वेन प्रतीयमानत्वम् । साध्यत्वं चोत्पाद्यमानत्वमेवेत्यन्यत्र विस्तरः ।

सकारजः=दन्त्यसकारस्थाने आदेशतया जातः, यथा व्रश्चेत्यादौ । षात्=रेफष-काराभ्यां परः टवर्गः तवर्गजः=तवर्गस्य स्थाने आदेशतया जात इत्यर्थः । **लाक्षणि-कानामपीति** । अपिना प्रतिपदोक्तानां समुच्चयः । **तद्विषये**=धातुसंज्ञाविषये । **तत्परिभाषायाः**=लक्षण-प्रतिपदोक्त-परिभाषाया इत्यर्थः । **पशुष** इति । 'असिद-वदत्राभावात्' इति सूत्रभाष्यस्थोऽयं प्रयोगः । द्वितीया बहुवचने षष्ठ्येकवचने वा रूपमिति बोध्यम् । 'पशुषा' इत्यत्राकारः लाक्षणिकः, सस्य स्थाने षकारादेश-विधानादिति भावः । अत्र धातुसंज्ञासत्वादेव 'आतो धातोः' इत्यनेनाकारलोप-सम्भवः । वार्त्तिकमते मूलोक्त-दोषाभावादाह—**आतोऽनाप** इति । **पदत्वानापत्ति-रि**ति । देवदत्तः पचति वा गच्छति वेत्यत्र निघातानापत्तिः । किञ्च पदत्वाभावेऽ-साधुत्वेनाप्रयोगापत्तिरिति भावः । ननु क्रियावाचिन इत्युक्तावपि वातीत्यत्र विकल्प-यतीत्यत्रेव च निपातवाशब्दादपि विकल्परूपा क्रिया प्रतीयत एवेत्यत आह— **क्रियात्वञ्चे**ति । **उत्पाद्यमानत्वमेवे**ति । तद्रूपेणैव बोधात्, प्रकृते तु न तथा प्रतीतिः, शब्दशक्तिस्वभावात् । **अन्यत्रे**ति । लघुमञ्जूषायां धात्वर्थवादे उपसर्ग-

---

[क्त्वः श्नः आदि शब्दरूपों की सिद्धि के लिए "आतो धातोः" इस सूत्र के स्थान पर] "आतोऽनापः" [आप् से भिन्न आकार का लोप होता है] इस वार्त्तिक के मत में तो विकल्प अर्थवाले निपात 'वा' शब्द की धातुसंज्ञा होने पर प्रातिपदिक न होने से सुप् न होने पर पदसंज्ञा न होना दोष आता है । [इसके फलस्वरुप 'वा गच्छति' आदि प्रयोगों में "तिङ्ङतिङः" (पा० सू० ८।१।२८) इस सूत्र से अतिङन्त से परे न होने से तिङन्त का निघात नहीं हो सकेगा । यद्यपि 'विकल्पयति' शब्द से जैसे विकल्परूप क्रिया अर्थ प्रतीत हो जाता है उसी प्रकार 'वा' शब्द से भी प्रतीति होती है । अतः क्रिया की प्रतीति होती है अतः धातुसंज्ञा की प्रसक्ति होती है तथापि] क्रियात्व साध्यत्वरूप से प्रतीयमान होना है। और साध्यत्व उत्पाद्यमानत्व ही है यह अन्यत्र [मञ्जूषादिग्रन्थों में] विस्तृत रूप से [प्रतिपादित] है ।

[मनो०] भ्वादिग्रहण का क्या फल है ? 'हिरुक्' आदि अव्ययों और 'शिश्ये'

तिङन्तस्य च मा भूत् ।

हिरुगित्यादि । एषां क्रियासमानाधिकरणत्वाल्लिङ्गाद्यनन्वयित्वाच्च तदर्थस्य क्रियात्वमित्यभिमानः । एषामव्ययेषु पाठस्तु अप्रातिपदिकत्वेऽप्यकजर्थः स्यात् । एतेन—तेषु पाठसामर्थ्याद्धातुत्वाभाव—इत्यपास्तम् । नन्वेषां क्रियाकाङ्क्षादर्शनेन न क्रियावाचकत्वमत आह—**शिश्ये इति ।**

कालोऽपि धात्वर्थ एवेति न क्रियावाचकत्वहानिः । तस्य च धातुत्वे

वादे चेति बोध्यम् । ननूक्तरीत्या हिरुगाद्यर्थस्य क्रियात्वाभावादेव धातुसंज्ञा नैव भविष्यतीत्यत आह—**एषामिति । तदर्थस्य**=एतद्द्योत्यस्य वर्जनाद्यर्थस्येत्यर्थः ।

नन्वेषां धातुत्वे प्रातिपदिकत्वाभावादेव सुबभावे सिद्धेऽव्ययेषु पाठवैयर्थ्यापत्तिरत आह—**एषामिति । सामर्थ्या**दिति । एवञ्च नेदं प्रत्युदाहरणं युक्तमिति तद्भावः । **अपास्तमि**ति । प्रधानबाधकल्पनापेक्षयाऽधिकृत-विशेषणबाधकल्पनस्यैव न्याय्यत्वादिति भावः । ननु तिङन्तात् कालस्यापि प्रतीत्या क्रियामात्रवाचकत्वाभावेन न दोषः, तत्त्वं च 'सर्वं वाक्यं सावधारणम्' इति न्यायेन लब्धमत आह—**कालोऽपी**ति । **तस्य**=शिश्ये इति तिङन्तस्य । ननु 'अशिति' इति पर्युदासेनात्वादेशस्य

इस भावार्थक तिङन्त की धातु संज्ञा न होने लग जाय [इसको रोकने के लिए भ्वादि का ग्रहण है । अतः 'भू आदि के सदृश' ऐसा अर्थ मान लेने पर इनका ग्रहण नहीं होता है ।]

[शब्द०] ये हिरुक् आदि शब्द क्रिया-समानाधिकरण [क्रिया के समानार्थक] हैं और लिङ्ग आदि के अन्वय वाले नहीं हैं इसलिये इनके [द्योत्य वर्जनादि] अर्थ क्रिया होते हैं, यह [मनोरमाकार का] अभिमान है । अव्ययों के मध्य में इन हिरुक् आदि का पाठ तो इनके प्रातिपदिक न होने पर भी 'अकच्' करने के लिये होगा । [क्योंकि "अव्ययसर्वनाम्नामकच् प्राक्टेः" [पा० सू० ५।३।७१] से अकच् करने के लिये अव्यय होना आवश्यक है ।] इस प्रकार के कथन से—"उन अव्ययों में पाठ के सामर्थ्य से [इन हिरुक् आदि की] धातुसंज्ञा नहीं होती है—यह कथन परास्त हो गया । [क्योंकि अव्ययों में पाठ अकच् करने के लिए है, व्यर्थ नहीं है ।] हिरुक् आदि को अन्य क्रिया की आकाङ्क्षा होते देखी जाती है इस कारण इनकी क्रिया-वाचकता नहीं है—इसलिये [मनोरमा में] कहते हैं—शिश्ये [इस भावार्थक तिङन्त की धातुसंज्ञा न होने लगे, इसलिये भ्वादि का गहण है ।]

काल भी धात्वर्थ ही होता है इसलिये क्रियावाचकता की हानि नहीं है । [भाव यह है कि 'पञ्चकं प्रातिपदिकार्थः' इससे जैसे स्वार्थ, द्रव्य, लिङ्ग, संख्या एवं कारक

"आदेच उपदेश" [पा० सू० ६।१।४५] इत्यात्वं स्यात्। तद्धि अनैमित्तिकं धातुत्वनिमित्तकं चेति स्पष्टमेव। अत्र च प्रत्ययस्यैव धातुत्वापत्तिर्बोध्या, तिङन्तस्य तूपदेशाभावान्नात्वप्रसक्तिरित्याहुः।

ननु षष्ठे प्रकृतसूत्रे धातुग्रहणासम्बन्ध उक्तो भाष्ये इति न तद् धातुत्वनिमित्तकम्, किं चाशितीति प्रसज्यप्रतिषेधेऽपि शित्परत्वयोग्यस्यैवात्वविधानान्नात्रात्वप्रसक्तिः। अपि च 'वा' सादृश्यमन्यानभिहितक्रियावाचक-

---

को माना जाता है। इसी प्रकार 'पञ्चकं धात्वर्थः' भी है इससे फल, व्यापार, काल, संख्या एवं कारक—ये पाँच धातु के ही अर्थ होते हैं। तिङ् तो केवल द्योतक होते हैं अतः धात्वर्थ काल आदि का वाचक होने से इसकी क्रियावाचकता, एवं धातुसंज्ञा सम्भव ही है।] और 'शिश्ये' इसकी धातुसंज्ञा होने पर "आदेच उपदेशेऽशिति" पा० सू० ६।१४५ इससे 'ए' का 'आ' होने लगेगा। क्योंकि वह आत्व अनैमित्तिक और धातुत्वनिमित्तक है, यह स्पष्ट ही है। [भाव यह है कि "आदेच उपदेशेऽशिति" इसमें "अशिति" यह प्रसज्य-प्रतिषेध है, शित् परे रहते आत्व नहीं होता है—यह अर्थ है, अतः इसमें किसी पर-निमित्त की आवश्यकता नहीं है। और 'गोभ्याम्' आदि में भी आत्व न होने लगे, इसलिए धातुत्व को निमित्त मानना आवश्यक है। इसके लिए "लिटि धातोरनभ्यासस्य" पा० सू० ६।१।८ सूत्र से 'धातोः' की अनुवृत्ति मानी जाती है। अतः 'शिश्ये' में आत्व की प्रसक्ति अवश्यम्भावी है।] और यहाँ 'शिश्ये' में प्रत्यय का ही धातुत्व होने का प्रसङ्ग समझना चाहिये क्योंकि तिङन्त-समुदाय का उपदेश होता नहीं है अतः आत्व की प्रसक्ति नहीं है, ऐसा कहते हैं। [शब्दरत्नकार का रहस्य यह है कि 'शिश्ये' इस तिङन्त-समुदाय की धातुसंज्ञा करने पर कोई दोष नहीं है क्योंकि तिङ् प्रत्यय एक बार हो चुका है अतः दूसरी बार होना सम्भव नहीं है। और आत्व की आपत्ति भी सम्भव नहीं है क्योंकि यहाँ समुदाय उपदेशावस्था का नहीं है। इसलिये 'यहाँ त=एश् प्रत्यय की ही धातु संज्ञा होने लगेगी, वह न हो सके, इसी के लिये 'भ्वादि' का ग्रहण है।]

षष्ठ अध्यायस्थ "आदेच उपदेशेऽशिति" इस सूत्र में धातुग्रहण का असम्बन्ध भाष्य में कहा गया है अतः वह आत्व धातुत्व-निमित्तक नहीं है। और भी, 'अशिति' इसके प्रसज्यप्रतिषेध रहने पर भी शित्परत्वयोग्य [=जिसके बाद में शित् प्रत्यय आने की योग्यता रहती है उस] का ही आत्वविधान किया गया है [और 'शिश्ये' में शित्प्रत्ययपरत्वयोग्यता नहीं है।] अतः इसमें आत्व की प्रसक्ति नहीं है। और भी, अन्य के द्वारा अनभिहित क्रियावाचकत्वरूप

स्तम्भ्वादीनामुदित्करणेन सौत्राणां धातुत्वं ज्ञाप्यते। चुलुम्पादीनां तु "बहुलमेतन्निदर्शनम्" [धा० पा०] इति गणसूत्रेण सङ्ग्रहः।

त्वेनेति न दोषोऽत आह—**चेति**।

सूत्रशेषभाष्योक्तेष्वाणवयति, वट्टयतीत्यादिषु च धातुत्वे शास्त्रविषयतया साधुत्वापत्तिरिति तद्व्यावृत्तये तदिति भावः।

सनैमित्तिकत्वादत्राप्राप्तिरत आह—**तद्धीति**। **अनैमित्तिकमिति**। परनिमित्ताभाववदित्यर्थः। 'अशिति' इति प्रसज्यप्रतिषेधः—शिति आत्वं न भवतीत्यर्थः। **अत्र** च=शिश्ये इत्यत्र चेत्यर्थः। **षष्ठे**=अध्याये। **प्रक्सूत्रे**=आदेच-सूत्रे, **तद्**=आत्वादेशविधानमित्यर्थः। **नात्र**=न शिश्ये इत्यत्रेत्यर्थः। वस्तुतः क्रियावाचकत्वमेव नेत्याह—**अपि** चेति। **वासादृश्यमिति**। भ्वादीनामिति शेषः। **वाचकत्वेनेति**। स्वीक्रियते इति शेषः। **न दोषः**। शिश्ये इत्यादौ धातुत्वापत्तिरूपदोषो नेति भावः। **सूत्रशेषेति**। भूवादिसूत्रेत्यर्थः। **साधुत्वापत्तिरिति**। गर्ग्यादीनां प्रातिपदिकत्ववारणाय 'यत् किञ्चिच्छास्त्र—बोधितसाधुत्ववत्येव लक्ष्ये लक्षणप्रवृत्तिः' इति नियमात् लाघवात् धातुसंज्ञाविधायकस्य 'भूवादयो धातवः' इत्यस्यैवावृत्त्या 'भूवादयः साधवः' 'ते च धातुसंज्ञकाः' इत्येवंरूपेणोभयविधायकत्वस्वीकारेण धातुसंज्ञाप्रवृत्तौ साधुत्वं स्यात्, एवञ्च यज्ञादावपि तेषां प्रयोगापत्तिरिति भावः। **तद्व्या-**

से 'वा' का सादृश्य [भ्वादि का] है, इसलिए [शिश्ये यहाँ] धातुत्वापत्तिरूप दोष नहीं है इसलिए [मनोरमा में] कहते हैं—"और" [भावार्थ तिङन्त की]।

"भूवादयो धातवः" पा० सू० १।३।१ इस सूत्र पर अन्तिम भाष्य में कहे गये [आज्ञापयति इस अर्थ वाले] 'आणवयति' और [वर्तयति इस अर्थ वाले] 'वट्टयति' आदि में, धातुत्व होने पर शास्त्र का विषय बन जाने से साधुत्व की आपत्ति आती है [इसके फलस्वरूप यागादि कार्यों में भी इन शब्दों के प्रयोग का प्रसङ्ग आने लगेगा[अतः इसको रोकने के लिए 'भ्वादि' यह है, यह भाव है। [चूँकि ये आणवयति आदि भ्वादिगण के अन्तर्गत नहीं हैं अतः इनकी धातुसंज्ञा नहीं होती है इसी के लिए भ्वादि का ग्रहण है।]

सम्भव है। जैसा कि 'अमि पूर्वः' यहाँ है। [**शब्द०**] रूप का ग्रहण उत्तर सूत्रों [ओमाङोश्च, उस्यपदान्तात्, अतो गुणे] में अनुवृत्ति के लिये है इस कारण अद्यश्र्यात् [अद्य + आ + ऋश्यात्' मे 'ओमाङोश्च' से पररूप के बाद गुण होता है।] भिन्द्युः [भिद् + लिङ् = झि = जुस् = उस्, यामुट् = यास् आगम्, श्नम् = न–अलोप भिन्द् + यास् + उस् सलोप के वाद भिन्द्या + उस् में 'उस्यपदान्तात्' से 'आ' का पररूप होता है।] पचन्ति [पच् + लट् = झि = अन्ति, शप् = अ पच + अन्ति में 'अतो गुणे' से पररूप होता है।] 'अतो गुणे' इस उत्तर सूत्र के लिये है, यह कहीं कहीं अशुद्ध पाठ है। [क्योंकि अन्य दो सूत्रों में इसका सम्बन्ध नहीं हो सकेगा।] रूपग्रहण का प्रयोजन चिन्तनीय है। 'शिवाय' इसमें 'अणोऽप्रगृह्यस्या-नुनासिकः' इससे अनुनासिक होने पर उस [शिवाय] के अनुकरण करने पर उस [अनुकरणविषयीभूत शिवाय शब्द] से परे 'ओम्' इसका 'ओमाङोश्च' इस सूत्र से पररूप [की प्राप्ति] में अनुनासिक न हो इसके लिये—परवर्त्ती का जिस प्रकार का रूप होता है। उसी प्रकार का रूप जैसे हो सके—इसके लिये 'रूप' का ग्रहण है [अर्थात् पूर्ववर्त्ती 'शिवाय' के अनुनासिक अकार में सादृश्यप्राप्त अनुनासिक न हो, परवर्ती का जैसा अनुनासिक रूप है, वैसा ही हो—इसके लिये 'रूप' का ग्रहण है। केवल 'पर' रहने पर यहाँ अनुनासिक भी हो सकता था] —ऐसा 'ऐऔच्' इस माहेश्वर सूत्र के भाष्य और कैयटप्रदीप में स्पष्ट है—ऐसा नहीं कहना चाहिये, क्योंकि 'तृज्वत्क्रोष्टुः' इस सूत्र की भाष्योक्ति रीति से

गुणस्य शब्दत्वादिवद्रूपत्वाभावेन रूपग्रहणेनाव्यावृत्तेः। रूपशब्देन च श्रावणज्ञानविषयोऽवयवसंस्थानवान्। अत एव तृज्वत्सूत्रे न हि स्वरो रूपवानित्युक्तम्। वर्णरूपावयवसंस्थानमेव शब्दस्य रूपं तद्वत्तयैव शब्दस्य रूपमिति व्यवहारः, स्वरस्तु न तद्वानिति शब्दत्वादिवन्न स शब्दस्य रूपमिति तदर्थः। तत्र सूत्रे रूपातिदेशे स्वरातिदेशो न स्यादित्युपक्रम्येदमुक्तम्। परः किंगुणको भवतीत्याकांक्षायां स्थानिगुणक इति लभ्यते। तत्रोभयगुणकस्यासम्भवादेकस्थान्यन्तरतमत्वात्तद्गुणकस्यैवोपस्थित्या च तस्यैव सिद्धेश्च। परशब्देन प्रयोगस्थस्योपस्थितस्य ग्रहणं, प्रयोगे च गुणो भेदक एव। शास्त्रे परमुच्चा-

---

इति। **उत्तरार्थमिति**। 'एङि पररूपम्' इत्युत्तरवर्तिषु (१) ओमाङोश्च' (२) उस्यपदान्तात्, (३) अतो गुणे (पा० सू० ६।१।९५-९७) इति सूत्रेष्वनुवृत्त्यर्थम् परग्रहणम्। **तेन**=अनुवर्तनेन। **गुणस्य**=अनुनासिकत्वह्रस्वत्वादः शब्दत्वादिवत् शब्दरूपत्वाभावेनेत्यर्थः। **अव्यावृत्तेरिति**। गुणविशिष्टस्येति भावः। **अत एव**= तस्याग्रहणादेव। **तस्यैव**=शुद्धस्यैव, **भेदकः**=विभिन्नकार्यसम्पादकः। **अत एव**= सति सम्भवे उभयगुणकस्य स्वीकारादेव। **स्वरित** इति। स्वरितस्य समाहाररूपतयोभयगुणकत्वात् सम्भव इति भावः।

शब्दत्व आदि के समान [अनुनासिक] गुण भी रूप नहीं होता है इस लिये 'रूप'-ग्रहण के द्वारा उस [अनुनासिकत्व गुण] का रोका जाना सम्भव नहीं है। और 'रूप' शब्द से श्रावण [श्रवणग्राह्य] ज्ञान का विषय अवयवसंस्थानवाला [लिया जाता] है। [रूप से अवयवसस्थानवान् का ग्रहण होता है] इसीलिये 'तृज्वत्क्रोष्टुः' इस भाष्य में 'स्वर रूपवाला नहीं होता है' ऐसा कहा गया है। वर्णरूप अवयवसंस्थान ही शब्द का रूप होता है, तद्वत्ता=वर्णरूप अयवयव संस्थान वाला होने के कारण ही 'शब्द का रूप' यह व्यवहार होता है परन्तु स्वर तो तद्वान्=अवयवसंस्थान वाला नहीं होता है, इस लिये जैसे शब्दत्व शब्द का रूप नहीं होता है वैसे ही वह [अनुनासिकत्वादि गुण] भी रूप नहीं है, यह उस भाष्य का अर्थ है। इस [तृज्वत्०] सूत्र में रूप का अतिदेश होने पर स्वर का अतिदेश नहीं होगा—'यह उपक्रम करके यह [पूर्वोक्त] कथन है। 'परवर्ती' किस गुणवाला होता है? इस आकाङ्क्षा में [दोनों] स्थानियों के गुणवाला होता है–ऐसा ज्ञात होता है। उस [पूर्वोक्त लक्ष्य] में दोनों स्थानियों के गुणवाला सम्भव नहीं है और एक स्थानी अर्थात् परवर्ती निरनुनासिक स्थानी का सदृशतम होता है इस कारण उस परवर्त्ती निरनुनासिक= शुद्ध के गुणवाले की ही उपस्थिति होने से और उस शुद्ध की सिद्धि होने से [अर्थात् अनुनासिक की व्यावृत्ति हो जाने से] 'पर' शब्द से प्रयोग में स्थित उपस्थित का ग्रहण होता है। और प्रयोग में गुण भेदक—विभिन्न व्यवहारों का

रितो गुणोऽभेदको न तु प्रयोगे इति परशब्देनोपस्थितानानुनासिकस्यैवैक-स्थान्यन्तरतमत्वाद्विधिः। यत्र तु स्थानिद्वयगुणकसम्भवस्तत्र स एव। अत एव स्वरितान्तसुब्रह्मण्याशब्दस्य निपातत्वादुदात्तेन ओंशब्देन "ओमाङो—" (पा०सू० ६।१।९५) इत्येकादेशः सुब्रह्मण्योमिति स्वरित इति "तस्यादित—"(पा० सू० १।२।३२) इति सूत्रे भाष्यकैयटयोरुक्तम्। "ऐऔज्" इति सूत्रे एकादेशे "आद्गुणः" (पा०सू० ६।१।८७) इत्यादौ दीर्घग्रहणं कर्तव्यं त्रिमात्रचतुर्मात्रा आदेशा मा भूवन्निति वार्त्तिककृतोक्ते "अकः सवर्णे–" (पा०सू० ६।१।१७१) इत्यत्र योगविभागेन "एकः पूर्वपरयोः" (पा०सू० ६।१।८४) इति यो निर्दिष्टः स दीर्घ इति व्याख्याने पचन्तीत्यत्र दोषमाशङ्क्यैकदेशिनोक्तं—रूपग्रहणात् परस्य यादृशं रूपमित्यादि भाष्ये, तत्तु

सम्पादक ही होता है। लेकिन शास्त्र में उच्चारित गुण अभेदक होता है। न कि प्रयोग में, [अर्थात् शास्त्र में उच्चारित गुण कभी कभी विवक्षित नहीं भी होता है परन्तु प्रयोग में तो उच्चारित गुण विवक्षित ही होता है] इस लिए 'पर' शब्द से उपस्थित अननुनासिक=शुद्ध का ही, एक स्थानी के अन्तरम=सदृशतम होने से, विधान होता है। परन्तु जहाँ दोनों स्थानियों के गुणोंवाला सम्भव रहता है वहाँ दोनों के गुणों वाला ही होता है। [सम्भव रहने पर दोनों के गुणों वाला ही होता है] इसीलिये [सुब्रह्मणि साधु—इस अर्थ में यत् प्रत्यय होने से तित् प्रत्ययान्त मानकर] स्वरितस्वरान्त 'सुब्रह्मण्या' शब्द का, निपात होने से उदात्त 'ओम्' शब्द के साथ 'ओमाङोश्च' (पा० सू० ६।१।९५) सूत्र से पररूप एकादेश 'सुब्रह्मण्योम्' यह स्वरित होता है, यह तस्यादितः (पा०सू० १।२।३२) इस सूत्र पर भाष्य और कैयट प्रदीप में कहा गया है। [भाव यह है कि स्वरित में उदात्त एवम् अनुदात्त दोनों का समाहार होने से दोनों के गुणोंवाला सम्भव हो जाता है।) 'ऐ औच्' [मा०सू० ४] इस मूत्र पर भाष्य में कहा गया है—'[एकादेश का विधान करने वाले] 'आद्गुणः' (पा०सू०६।१।८७) इत्यादि सूत्रों में 'दीर्घ' का ग्रहण करना चाहिये जिससे तीन मात्रावाले और चार मात्रा वाले आदेश न हों—' ऐसा वार्त्तिककार द्वारा कहे जाने पर 'अकः सवर्णे दीर्घः' (पा०सू०६।१।१७१) इसमें योग-विभाग के द्वारा 'एकः पूर्वपरयोः' (पा० सू० ६।१।८४) इस [के अधिकार] में जो निर्दिष्ट है वह दीर्घ होता है' ऐसे व्याख्यान मे 'पचन्ति' यहाँ दोष की आशंका करके एकदेशी ने कहा—'[रूप-का ग्रहण करना चाहिये क्योंकि] 'रूप' का ग्रहण होने से परवर्त्ती का जैसा रूप होता है वैसा ही हो [दूसरे प्रकार का न हों]—वह सब तो ह्रस्वत्व के रूपत्व के अभिमान से कहा गया है। [अतः सिद्धान्तकथन नहीं है।] सिद्धान्तपक्ष में तो

नियोगोऽवधारणमिति । यदाहुः—

अनवक्लृप्तौ यदा दृष्टः पररूपस्य गोचरः ।

ह्रस्वत्वस्य रूपत्वाभिमानेन । सिद्धान्ते तु स्पष्टार्थमेव रूपग्रहणमिति तत्रैव भाष्ये सूचितम् । "इको गुण—" (पा०सू० १।१।३) इति सूत्रस्थकैयटस्तु चिन्त्य एव । तत्र हि—इक्परिभाषाऽभावे जनेर्गुणोऽनुनासिकः स्यादिति शङ्किते पररूपेण शुद्धो भविष्यतीति भाष्ये उक्तम् । तस्य मदुक्तरीत्या उपपत्तेः । "ऐऔच्" इतिसूत्रस्थकैयटस्तु पूर्वपक्षोपपादकत्वान्न स्वार्थसाधक इति दिक् ॥

'एवे चानियोगे' इति वार्त्तिकस्थं नियोगपदार्थं निरूपयति **मूले-नियोगोऽवधारणमिति** । मूले **एतेनेति** । अवधारणार्थस्वीकारेण । **पूर्वनिपातापत्तिरिति** । विशेषणत्वेन वार्त्तिकशब्दस्यैव पूर्वनिपातप्रसङ्ग इति भावः ।

'रूप' का ग्रहण स्पष्टता के लिये है—यह वहीं [ऐऔच्—इस सूत्र पर महाभाष्य में] सूचित किया गया है । 'इको गुणवृद्धी' (पा०सू० १।१।३) इस सूत्रभाष्य पर कैयट का कथन तो चिन्त्य ही है । क्योंकि वहाँ भाष्य में "इक् परिभाषा के अभाव में जन् धातु का गुण अनुनासिक होने लगेगा—ऐसी शंका करने पर पररूप के द्वारा शुद्ध वर्ण हो जायगा—यह भाष्य में कहा गया है ।

[भाव यह है कि 'एको गुणवृद्धि' इस परिभाषा में इक् के ग्रहण के तीन प्रयोजन बताये गये हैं—(१)आकार की निवृत्ति, (२) सन्ध्यक्षर की निवृत्ति। और (३) व्यंजन की निवृत्ति । अर्थात् इन तीनों को गुण या वृद्धि का स्थानी नहीं माना जा सकता । यदि यह परिभाषा नहीं होगी तो 'जन्' के 'न्' का 'अ' भी गुण माना जायगा और उस 'न्' के अनुनासिक होने से 'अ' भी अनुनासिक होने लगेगा । समाधान यह दिया गया कि "जनेर्डः" (पा० सू० ३।२।९७) इससे जो 'ड' प्रत्यय होता है, उसके अवशिष्ट 'अ' के साथ पररूप होने के कारण यह 'अ' भी शुद्ध हो जायगा । इस कारण 'मन्दुरजः' आदि में अनुनासिक 'अ' नहीं होगा ।]

इस भाष्य की उपपत्ति मेरी रीति से हो जाती है । 'ऐ औच्' [मा० सू० ४] इस सूत्रभाष्य का कैयट-प्रदीप तो पूर्वपक्ष का उपपादक है । इस लिये यह स्वार्थ का साधक नहीं हो सकता, यह दिग्दर्शन है ।

[मनो०] ['एवे चानियोगे' अवर्ण के बाद 'एव' शब्द रहने पर नियोगभिन्न अर्थ में पररूप एक आदेश होता है'—यह वार्त्तिक का अर्थ है ।] नियोग= अवधारण=अवश्यम्भाव है । जैसा कि कहा गया है—

अनवक्लृप्ति=अनिश्चय अर्थ में जब 'एव' शब्द देखा जाता है तब वह पररूप

एवस्तु विषयो वृद्धेर्नियमोऽयं यदा भवेत् ॥ १ ॥ इति ।

एतेन 'नियोजनं=नियोगो=व्यापार इति' व्याख्यानं परास्तम् । "यदैव पूर्वं ज्वलने शरीरे" "ममैव जन्मान्तरपातकानाम्" इत्यादिप्रयोगविरोधात्, उदाहृतवृत्तिस्थश्लोकविरोधात् । "लङः शाकटायनस्यैव" (पा० सू० ३।४।१११) "तपस्तपःकर्मकस्यैव" (पा० सू० ३।१।८८) इत्यादिसौत्रप्रयोगविरोधाच्च । यत्तु—श्लोकवार्त्तिकमिदमित्याहुः, तद्रभसात् ।

शकन्ध्वादिष्विति । शकन्ध्वादिविषये तत्सिद्ध्यनुगुणं पररूपं वाच्यमित्यर्थः । अत एवाह—तच्च टेरिति ॥

नावक्लृप्तौ यदेति पाठे न छन्दोभङ्गः । तद्रभसादिति । वृत्तौ भवमिति व्याख्याने वार्त्तिकशब्दस्य पूर्वनिपातापत्तिरित्याहुः ।

का गोचर=विषय बनता है । किन्तु जब नियम अर्थ में 'एव' शब्द देखा जाता है तब वह वृद्धि का विषय बनता है । [अतः पररूप होने पर अनिश्चय अर्थ और वृद्धि होने पर निश्चय अर्थ की प्रतीति होती है ।]

इस वचन के द्वारा—'नियोजन=नियोग=व्यापार है—'यह व्याख्यान निरस्त हो गया । कारण यह भी है 'यदैव पूर्वं ज्वलने शरीरे' [यदा+एव] 'ममैव जन्मान्तरपातकानाम्' [मम+एव] इत्यादि [वृद्धियुक्त] प्रयोगों से विरोध है । और ऊपर उदाहृत वृत्तिस्थ श्लोक से भी विरोध है । और 'लङः शाकटायनस्यैव' (पा० सू० ३।४।१११) 'तपस्तपःकर्मकस्यैव' (पा०सू० ३।१।८८) इत्यादि में सूत्रसम्बन्धी [वृद्धिघटित] प्रयोगों के साथ विरोध होता है ।

[शब्द०] ['अनवक्लृप्तौ यदा दृष्टः' इस मूलस्थ पाठ में नौ अक्षर होने से छन्दोभंग है ।] 'नावक्लृप्तौ यदा दृष्टः' ऐसा पाठ करने पर [आठ अक्षर होने से] छन्दोभंग नहीं है । [शब्दरत्न के इस कथन से यह ज्ञात होता है कि मूल में 'अनवक्लृप्तौ यदा दृष्टः' ऐसा ही पाठ था । अतः प्रौढमनोरमा के कुछ संस्करणों में 'नावक्लृप्तौ' यह पाठ रखना प्रामादिक है । क्योंकि यदि यही पाठ होता तो शब्दरत्नकार को परामर्श देने की आवश्यकता नहीं पड़ती ।]

[मनो०] किसी ने इस कारिका को श्लोकवार्त्तिक कहा है वह रभस से [शीघ्रता से अविचारित प्रयोग] है । [शब्द०] वृत्ति में होने वाला—इस व्याख्यान में वार्त्तिक शब्द का पूर्वनिपात होने लगेगा । [कारण यह है कि उस अर्थ में वार्त्तिक शब्द विशेषण बन जाता है अतः यौगिक अर्थ में उसका पूर्वनिपात प्रसक्त होगा । परन्तु शब्दरत्नकार का यह कथन ठीक नहीं है क्योंकि पूर्वनिपात प्रकरण अनित्य है । अतः पूर्वनिपात नहीं भी होगा ।]

[मनो०] 'शकन्धु' शब्द जिस गण का आदि शब्द है उस गण में पठित शब्दों

यदि तु "आत्" इत्यधिकारादकारस्यैवेष्येत तर्हि 'मनीषा' इति न सिद्ध्येत् ।

केचित्तु—मनः पतच्छब्दयोः पृषोदरादित्वादन्त्यलोपेऽकारस्यैव पररूपमाहुः ।

शकानां = देशविशेषाणामन्धुः = कूपः—शकन्धुः ।

विषय इति । शकन्ध्वादिष्विति विषयसप्तमीति भावः । **अत एवाहेति ।** ईदृशव्याख्यानतो लब्धमाहेत्यर्थः ।

आहुरिति । अत्रारुचिवीजं तु वचनद्वयव्यापारो व्यर्थः, पृषोदरादित्वाट्टिलोपेनैव सिद्धेरिति । **देशविशेषाणामिति ।** देशविशेषशब्दस्य यौगिकत्वेन जातिवाचकत्वाभावात् "विशेषणानां चाजातेः" (पा० सू० १।२।५२) इति

का सिद्धि के अनुरूप पररूप कहना चाहिये—यह इस वार्तिक का अर्थ है। इसीलिए [सिद्धान्त-कौमुदी में] कहते हैं—और वह पररूप 'टि' का ही होता है। ['अचोऽन्त्यादि टि' पा० सू० १।४।६४ के अनुसार अन्त्य अच् तथा अन्त्य अच् और और उसके बाद वाला हल्—इनका समुदाय 'टि' कहा जाता है। इस केवल टि का पररूप होता है। सम्पूर्ण शब्द का नहीं।]

[शब्द०] शकन्ध्वादिषु' यह विषय अर्थ में सप्तमी है—यह भाव है। इसीलिये सिद्धान्तकौमुदी में कहा है—इस मनोरमोक्त व्याख्यान से लब्ध अर्थ वहाँ कहा है—यह अर्थ है।

[मनो०] यदि [आद् गुणः' पा० सू० ६।१.८७ घटक] 'आत्' इस अधिकार से केवल 'अ' का ही पररूप इष्ट है तब तो 'मनीषा' यह नहीं सिद्ध हो सकता। [कारण यह है कि मनस् + ईषा यहाँ 'अ का नहीं अपितु अस् = टि का पररूप होने पर ही रूप सिद्ध होता है।]

कुछ लोग [प्रक्रियाकौमुदीकार आदि]—मनस् और पतत् शब्दों को 'पृषोदरादीनि यथोपदिष्टम्' ६।३।१०९ के अन्तर्गत मानकर अन्त्य = 'स्' और 'त्' का लोप करके केवल 'अ' का ही पररूप होता है—ऐसा कहते हैं।

[शब्द०] इस कथन में अरुचि का वीज तो यह है कि दो वचनों का व्यापार करना व्यर्थ है क्योंकि पृषोदरादि होने से टि का लोप कर देने से ही रूप सिद्ध हो जाता है। [पृषोदरादिगण में पठित शब्दों की निपातनात् सिद्धि की जाती है। इनमें (१) एकबार अन्त्य का लोप करना (२) पुनः अ का पररूप करना—इन दो व्यापारों की कल्पना में गौरव स्पष्ट ही है।]

[मनो०] शक = देशविशेष का अन्धु = कुआँ। **[शब्द०]** देशविशेषवाचक शब्द यौगिक है, अतः जातिवाचक नहीं हैं अतः 'विशेषणानां चा जातेः' (पा० सू०

कर्काणां राज्ञामन्धुः। बदरीवाचो तु कर्कन्धूशब्दो दीर्घान्तः "अन्धूदृन्भू—(उ० सू०)" इत्यादिना उणादिषु वक्ष्यते।

अटतीत्यटा पचाद्यच्। कुलस्य अटा कुलटा। ईष उञ्छे, ईष गत्यादिषु। आभ्यां—"गुरोश्च हलः (पा० सू० ३।३।१०३) इत्यप्रत्यये ईषा। मनस ईषा मनीषा। हलस्य ईषा हलीषा=लाङ्गलदण्डः। मूर्द्धन्योपधः।

न निषेध इति बोध्यम्। कुलस्याटेति। कर्मणः शेषत्वविवक्षायां षष्ठी। अन्यथा कर्मण्यणि कुलाटीति स्यादिति भावः।

शकन्ध्वादिष्विति वार्त्तिकलक्ष्यं प्रस्तौति मूले—शकानामिति। कुलटेति। कुलानीति कर्मणः उपपदत्वं स्वीकार्य समासाङ्गीकारे 'कर्मण्यण्' इति सूत्रेण अणि, णित्वान्ङीपि कुलाटीति रूपापत्तिरिति भावः।

१।२।५२) इससे निषेध नहीं होता है—यह समझना चाहिए। [भाव यह है कि शकानां राज्ञां निवासः—इस अर्थ में 'शक' शब्द से 'अण्' प्रत्यय होता है और उसका लुप्=लोप हो जाता है। इसलिए लुप् प्रत्ययार्थ के विशेषण 'शक' शब्द में भी प्रकृति=मूलभूत शब्द के सदृश ही लिङ्ग और वचन होते हैं—अतः 'देशविशेषाणाम्' यह बहुवचन ठीक ही है।]

[मनो०] कर्कसंज्ञक राजाओं का अन्धु=कुआँ। बेर=फलवाची कर्कन्धू शब्द दीर्घ ऊकारान्त है 'अन्धूदृन्भू०' [उणादि सूत्र १।९४] इत्यादि सूत्र से उणादि में कहा जायगा।

[मनो०] कुलटा की व्युत्पत्ति—अटति इति अटा [अट् धातु से—] 'नन्दिग्रहिपचादिभ्यो ल्युणिन्यचः' (पा० सू० ३।१।१३४) सूत्र से अच् प्रत्यय [और स्त्रीलिङ्ग में टाप्=आ प्रत्यय करने पर] अटा। कुलस्य अटा [यहाँ समास और विभक्ति का लोप करने पर कुल+अटा यहाँ 'अ' का पररूप करके]—कुलटा बनता है। [घर घर घूमने वाली व्यभिचारिणी स्त्री]।

[शब्द०] कुलस्य अटा—इस विग्रह में कर्म की शेषत्वविवक्षा में षष्ठी विभक्ति है। ऐसा न मानने पर [कुलानि अटति ऐसा मानने पर कर्म उपपद मानकर 'कर्मण्यण्' (पा० सू० ३।२।१) सूत्र से अण् प्रत्यय करने पर ['टिड्ढाणञ्' पा० सू० ४।१।१५ से ङीप् होने से और णित् मानकर उपधावृद्धि होने से] 'कुलाटी' ऐसा होने लगता, यह भाव है।

[मनीषा की सिद्धि मनो०] 'उञ्छ अर्थ में इष् धातु है' 'गति आदि अर्थों में ईष् धातु है'। इन दोनों धातुओं से 'गुरोश्च हलः' (पा० सू० ३।३।१०३)—सूत्र द्वारा 'अ' प्रत्यय करने [टाप्=आ करने] पर 'ईषा' यह बनता है। मनसः ईषा [—इस विग्रह में समास करके विभक्तिलोप करने पर मनस्+ईषा यहाँ

यस्तु—

प्रभुशङ्करयोरीशः स्त्रियां लाङ्गलदण्डके ॥

इति रभसकोशात् तालव्योपधस्तस्मिन् परे "आद्गुणः" (पा० सू० ६।१।८७) इत्येव भवति–हलेशा । पतन्नञ्जलिर्यस्मिन् नमस्कार्यत्वादिति पतञ्जलिः ।

मार्तण्ड इति । केचिदत्र सवर्णदीर्घमाहुः । 'परा मार्ताण्डमास्थत्', 'पुनर्मार्ताण्डमाभरत्', 'विश्वो मार्ताण्डोऽव्रजदि'त्यादि–वैदिकप्रयोगास्तेषामनुकूलाः ॥

ओत्वोष्ठयोरिति । अकारस्य ओत्वोष्ठयोश्चैकत्र समासे स्थितौ सत्या-

---

टि=अस् का पररूप करने पर] 'मनीषा' [शब्द बनता है । इसी प्रकार] हलस्य ईषा [–यहाँ भी समास विभक्तिलोप और टि का पररूप करने पर]— हलीषा [बनता है इसका अर्थ है—] लाङ्गलदण्ड । [हल के बीच में लगी हुई लकड़ी । लोकभाषा में 'हरीस' कहा जाता है ।] इसकी उपधा में मूर्धन्य 'ष' है ।

'प्रभू और शंकर अर्थ में 'ईश''शब्द है और लाङ्गलदण्ड अर्थ में स्त्रीलिङ्ग (ईशा) शब्द है ।'

इस रभसकोष के अनुसार तालव्य शकार-उपधा वाला जो 'ईशा' शब्द है, इसके परे रहने पर तो 'आद्गुणः' (पा० सू० ६।१।८७) इससे गुण ही होता है— हलेशा । [अतः पररूपघटित 'हलीशा' यह अशुद्ध समझना चाहिये ।] नमस्कार योग्य होने के कारण गिर रही हैं अञ्जलियाँ जिस पर—वह 'पतञ्जलि' है । [बहुव्रीहि समास करने पर विभक्ति का लोप हो जाने पर पतत्+अञ्जलि यहाँ। टि=अत् का पररूप होने पर 'पतञ्जलि' [महाभाष्य के प्रणेता ।] बनता है ।

मार्तण्डः । [शकन्ध्वादिगण आकृतिगण है अतः आकृति देखकर अपठित शब्द भी इसी में मानकर पररूप करना चाहिये । इसका उदा० मार्तण्डः है । मृतम् अण्डं यस्य सः—इस विग्रह में समास और विभक्तिलोप करने पर मृत+अण्ड इस स्थिति में सवर्णदीर्घ का बाध करके पररूप होने से 'मृतण्डः' बनता है । मृतण्डाद् आगतः इस अर्थ में अण् प्रत्यय, आदिवृद्धि, रपर आदि कार्य करने पर 'मार्तण्डः' बनता है । मार्तण्ड=सूर्य ।]

कुछ लोग यहाँ सवर्णदीर्घ कहते हैं [और मृताण्डः यह मानते हैं]—इनके समर्थन में ये वैदिक प्रयोग हैं—'परा मार्ताण्डमास्थात्', 'पुनर्मार्ताण्डमारभत्', विश्वोमार्ताण्डोव्रजत्' ।

'समासघटक 'ओतु' और 'ओष्ठ' शब्द परे रहते विकल्प से पररूप होता है ।'

मिदं प्रवर्तते । तेनेह न, वृषलसुतौष्ठव्रणस्ते इति ।।

अव्यक्तशब्दं व्याचष्टे—ध्वनेरिति । अनुकरणस्येति । परिस्फुटाकारादिवर्णस्येति भावः । तस्य चानुकरणत्व किञ्चित्साम्येन बोध्यम् ।

यत्तु प्राचोक्तम—अतः किम् ? दकारान्ते मा भूदिति । यच्च व्याख्यातं—दकारान्त इति रूपान्तरोपलक्षणं वटक्, मरुत् इत्यादेरपीति, 'तन्निस्सारम् ।

किंचित्साम्येनेति । तदभावे हि भग्नदन्ताद्युच्चारिताव्यक्तशब्दे एव स्यादव्यक्तत्वं चार्थबोधाजनकत्वेनापि वक्तुं शक्यमित्याहुः ।

'अव्यक्तानुकरणस्यात इतौ' (पा० सू ६।१।९८) इति सूत्रं स्पष्टयितुमाह मूले-अव्यक्तशब्दमिति ।

अकार का और ओतु तथा ओष्ठ की एक ही स्थान पर समास में स्थिति होने पर यह वार्तिक प्रवृत्त होता है । इस कारण यहाँ नहीं होता है-· ·लसुतौष्ठव्रणस्ते' । [हे वृपलसुत ! तुम्हें ओष्ठव्रण है । यहाँ समास नहीं, व्यास है । अलग-अलग पद हैं । अतः पररूप न होकर वृद्धि ही होती है ।]

['अव्यक्तानुकरणस्यात इतौ' पा०सू० ६।१।९८ ध्वनि के अनुकरण का जो 'अत्' शब्द इसके बाद 'इति' परे रहते पररूप एकादेश होता है । यह सूत्रार्थ है–] सूत्र में प्रयुक्त अव्यक्त शब्द की व्याख्या करते हैं–ध्वनि के।) अनुकरण का=परिस्फुट अकारादि वर्ण का—यह अर्थ है। कुछ सादृश्य लेकर उस ध्वनि को अनुकरण समझना चाहिये। (भाव यह है कि अस्पष्ट ध्वनि का अनुकरण स्पष्ट ध्वनि कैसे होगा, क्योंकि जैसा अनुकार्य होता है वैसा ही अनुकरण होता है ? इसका समाधान यह है कि यहाँ शब्दत्व अंश में ही समानता मानकर अनुकरणत्व समझना चाहिये, पूर्ण साम्य अनिवार्य नहीं है। [शब्द०] कुछ ही साम्य से अनुकरणत्व है। क्योंकि उस=अनुकरणत्व के अभाव में टूटे हुए दाँत वाले पुरुष आदि के द्वारा उच्चारित अव्यक्त शब्द के अनुकरण में ही (अनुकरणत्व) होगा, न कि ध्वनि के अनुकरण में अतः शब्दत्वादि कुछ ही अंश में साम्य लेना चाहिये। यहाँ अव्यक्तत्व अर्थबोध के अजनकत्वरूप से भी कहा जा सकता है, ऐसा कहते हैं। (इस कारण केवल टूटे हुए दाँत वाले पुरुष आदि के द्वारा उच्चारित शब्द में ही अव्यक्तत्व न हो, किसी भी ध्वनि में हो सके–इसीलिये कौमुदीप्रतिपादित अर्थ लेना चाहिये।)

[मनो०] किसी प्राचीन आचार्य ने जो यह कहा—'अत् का हो' यह किस लिए है ?। दकारान्त (=अद्) में पररूप न हो। (यह फल है।)' और जो यह व्याख्या की गई—'दकारान्त का न हो—यह अन्य रूपों का उपलक्षण है—वटक्, मरुत् इत्यादि का भी पररूप हो जाय।' ये दोनों बातें निस्सार हैं क्योंकि ('अत्

प्रश्नस्य' दान्त इत्युत्तरस्य च निरालम्बनत्वात्।

यत्तु व्याचख्युः—"अतो गुणे" (पा० सू० ६।१।९७) इत्यतोऽत इत्यनुवर्त्य शब्दाधिकाराश्रयणात्सिद्धमिति प्रश्नः। यदा जश्त्ववशाद्दान्तत्वं तदाऽपि स्यात्पुनरद्ग्रहणे तु श्रौततान्तत्वस्य विवक्षणान्नेत्युत्तरमिति।

तच्चिन्त्यम्।

निरालम्बनत्वादिति। अद्ग्रहणं तद्भिन्नव्यावृत्यर्थमित्यस्य वालैरपि सुज्ञेयत्वेनात किमिति प्रश्नस्य, दान्ते मा भूत्, वटक्, मरुदित्यत्र च मा भूदिति उत्तरस्य च निरालम्बनत्वमित्यर्थः। शब्दाधिकारेति। तदाश्रयणाच्चाच्छब्दस्येत्यर्थो भविष्यतीति भावः। तदाऽपि स्यादिति। एकदेशविकृतन्याये-नाच्छब्दत्वादिति भावः। जश्त्वशास्त्रस्येति। अनुकार्यानुकरणयोर्भेदे पदान्त-

---

का' यह किस लिए है—ऐसा) प्रश्न और दकारान्त का न हो—यह उत्तर—ये दोनों ही बातें निराधार हैं। (शब्द०) प्रश्न और उत्तर दोनों का कोई आलम्बन=आधार नहीं है, क्योंकि) 'अत्' का ग्रहण उससे भिन्न की व्यावृत्ति के लिए है—यह बात तो बालक=साधारण व्यक्ति भी सरलता से समझ सकता है इसलिए 'अत् का' यह किसलिये है ?' ऐसा प्रश्न करना और 'दकारान्त में न हो', तथा 'वटक्', 'मरुत्' इनमें भी न हो—यह उत्तर देना दोनों निराधार हैं, यह अर्थ है।

(मनो०) (किसी ने प्रश्न तथा उत्तर की) जो यह व्याख्या की है—'अतो गुणे' (पा० सू० ६।१।९७) सूत्र से 'अतः' इसकी अनुवृत्ति करके शब्द का अधिकार (अनुवृत्ति) मानकर सिद्ध है (अर्थात् 'अत्' इत्याकारक शब्द की अनुवृत्ति है न कि 'अत्' से बोध्य एकमात्रिक 'अ' की अनुवृत्ति होती है। अतः 'अत्' का पररूप सिद्ध हो जाता है।) इसलिए प्रश्न किया गया है। किन्तु जब जश्त्व के कारण दकारान्तत्व हो जाता है तब भी पररूप होने लगता [क्योंकि 'एकदेशविकृतम् अनन्यवत्' इस न्याय से 'अद्' में भी 'अत्' का ज्ञान सम्भव था। अतः पररूप सम्भव था, दुबारा 'अत्' का ग्रहण किस लिए किया गया, इसका उत्तर यह है कि] पुनः 'अत्' का ग्रहण करने पर तो श्रौत=सुनाई देने वाला तकारान्त ही विवक्षित है अतः [दकारान्त का पररूप] नहीं होता है [इसके लिए 'अत्' का ग्रहण है]—यह उत्तर है [शब्द०] ['अतो गुणे' सूत्र से अनुवृत्त 'अतः' का] शब्दाधिकार मानने से 'अत्' इस शब्दरूप का पररूप होता है, यह अर्थ होगा, यह भाव है। उस समय भी होगा क्योंकि दकारान्त=अद् में भी 'एकदेशविकृत अन्य के समान नहीं होता है' इस न्याय से 'अद्' में भी 'अत्' शब्द का ज्ञान हो जाता है, यह भाव है।

[मनो०] उपर्युक्त व्याख्यान भी चिन्तनीय है [शब्द०] क्योंकि अनुकार्य तथा अनुकरण में भेद में पदान्त होने के कारण जश्त्व करने पर भी—इतना आदि

जश्त्वशास्त्रस्यासिद्धत्वेन पररूपस्यैव प्रवृत्तेः। "नाम्रेडितस्य-" (पा० सू० ६।१।९९) इति निषेधे पटत्पटदित्युदाहरणस्यासम्बद्धत्वापत्तेश्च। तत्र हि भवदुक्तरीत्या प्राप्तिरेव नास्ति, दान्तत्वात्। एतेनानुकार्यानुकरणयोरभेदविवक्षया विभक्त्यभावेन गवित्ययमाहेतिवदपदत्वात् पटत् इतीत्यत्र जश्त्वं नेति ग्रन्थोऽपि प्रत्युक्तः, उत्तरग्रन्थविरोधात्।

तया जश्त्वेऽपीत्यादिः। तदसिद्धत्वेनात एव सत्त्वादिति भावः। ननु पुनरद्ग्रहणाज्जश्त्वासिद्धत्वमपि बाध्यतामत आह—**नाम्रेडितेति**। **उदाहरणस्य-** वृत्त्यादिस्थस्य। **अनुकार्यानुकरणयोरिति**। सर्वत्र जश्त्वप्राप्त्योदाहरणासम्भवाशङ्कायां ह्येतदुक्तं तैरिति बोध्यम्। **उत्तरग्रन्थेति**। नाम्रेडितस्येत्यस्य पटत्पटदितीत्युदाहरणपरग्रन्थेत्यर्थः। ननु स ग्रन्थो जश्त्वासिद्धत्वेन

में जोड़कर [**मनो०**] जश्त्व के विधायक शास्त्र के असिद्ध हो जाने से 'अत्' ही रहता है अतः पररूप की ही प्रवृत्ति होती है। [**शब्द०**] [अनुवृत्ति से निर्वाह के सम्भव रहने पर भी] पुनः इस सूत्र में 'अतः' का ग्रहण करने से जश्त्व की असिद्धि का बाध करिये [अर्थात् जश्त्व को सिद्ध ही मानिये। अतः वहाँ 'अद्' का पररूप नहीं होगा]—इसके लिए [**मनो०** में] कहते हैं—'नाम्रेडितस्यान्त्यस्य तु वा' (पा० सू० ६।१।९९) इससे (पररूप का) निषेध होने पर पटत्पटदिति यह वृत्ति आदि में स्थित उदाहरण असम्बद्ध होने लगेगा। कारण यह है कि (प्राप्ति रहने पर ही निषेध होता है परन्तु) आपके अनुसार तो पटत्पटद्+इति में पररूप की प्राप्ति ही नहीं है क्योंकि यह दकारान्त है। [अतः उस सूत्र के उदाहरणरूप में इसको मानना ठीक नहीं है। सर्वत्र जश्त्व की प्राप्ति रहने के कारण उदाहरण ही असम्भव हो जायगा—इस शंका समाधान कर रहे हैं—) इस पूर्वोक्त कथन से—अनुकार्य एवम् अनुकरण में अभेदविवक्षा करने से विभक्ति नहीं आयेगी इसलिये 'गवित्ययमाह' इसके समान पद न होने से [पदान्त न होने से] पटत्+इति इसमें जश्त्व नहीं होगा—इस ग्रंथ=कथन का भी खण्डन हो गया। [**शब्द०**] सर्वत्र जश्त्व की प्राप्ति के कारण (दकारान्त हो जाने से) उदाहरण असम्भव होने की आशंका में प्राचीनों ने ऐसा कहा है—ऐसा समझना चाहिये। [**मनो०**] क्योंकि उत्तर ग्रन्थ का विरोध है। [**शब्द०**] 'नाम्रेडितस्य०' (पा० सू० ६।१।९९) इस सूत्र का पटत्-पटदिति—इस उदाहरणपरक ग्रन्थ से विरोध है—यह अर्थ है।

उस (शंका-समाधानपरक) ग्रन्थ को—जश्त्व के असिद्ध हो जाने से—लगाना चाहिए। (भाव यह है कि जश्त्व के असिद्ध होने में तकारान्त की विवक्षा में 'अत्' ही रहता है, जिससे पररूपविधि प्राप्त होती है, अतः उसका निषेध संगत

जश्त्वस्यासिद्धतया पररूपेणैव बाधाच्च ।

ननु तदपि नित्यं तथा च कथं पररूपविरहेण प्रयोग इति चेन्न । अलौकिक प्रक्रियावाक्यमिदमिति स्वयमेव व्याख्यातत्वात् । संहिताया अविवक्षायां तत्सम्भवाच्चेति दिक् ॥

योज्य इति चेत्तत्राह—जश्त्वेति । तस्यासिद्धतया पररूपेणैव भवितव्यमिति जश्त्वस्याप्रवृत्तिलक्षणो बाधः । एवं च यदा जश्त्ववशाद्दान्तत्वमिति ग्रन्थासंगतिरिति सेयमुभयतः स्पाशा रज्जुरिति भावः ।

दिगिति । दिगर्थस्तु अपदान्तादित्यनुवृत्त्यैव जश्त्वविषये व्यावृत्तिसिद्धेः पुनरद्ग्रहणं व्यर्थमेव । एतेन पुनरद्ग्रहणं श्रौततान्तत्वविवक्षाद्वारा जश्त्वाविषयेऽभेदविवक्षायामेव यथा स्यान्न तु भेदविवक्षायां जश्त्वविषय इत्यर्थ·

होता है—) ऐसा यदि कहते हो तो इस पर (मनोरमाकार) यह कहते हैं–[मनो०] और जश्त्व के असिद्ध हो जाने से पररूप के द्वारा ही जश्त्व का बाध हो जाता है । [शब्द०] जश्त्व के असिद्ध होने से पररूप ही होना चाहिए, इस प्रकार जश्त्व का अप्रवृत्तिलक्षण बाध होता है । और इस प्रकार (जश्त्व की प्रवृत्ति न होने पर) 'जब जश्त्व के कारण दकारान्त हो जाता है' इस ग्रंथ की संगति नहीं होती है, इसलिये दोनों ओर बांधने वाली रस्सी है, दोनों कथनों में आपत्ति है, यह भाव है ।

[मनो०] पूर्वपक्ष—वह पररूप भी नित्य है, तब पररूप के बिना कैसे प्रयोग होगा अर्थात् पररूप-घटित ही प्रयोग होगा ? [उत्तरपक्ष–] ऐसा यदि कहो तो नहीं कह सकते, क्योंकि उन्होंने स्वयं यह व्याख्या की है वह लौकिक प्रक्रिया वाक्य है । और संहिता की अविवक्षा में वह दकारान्त प्रयोग भी सम्भव हो जाता है, यह दिग्दर्शन है । [शब्द०] दिक् पद का अर्थ तो यह है कि 'अपदान्तात्' इसकी अनुवृत्ति से ही जश्त्व के विषय में (पररूप की) व्यावृत्ति सिद्ध हो जाने से पुनः 'अद्' का ग्रहण व्यर्थ ही है । (अर्थात् अपदान्त में 'अत्' का ही पररूप होता है । इस प्रकार अपदान्त में पररूप और पदान्त में जश्त्व—इन दोनों का क्षेत्र अलग-अलग हो जाता है । इस स्थिति में अनुवृत्ति द्वारा ही 'अत्' का ज्ञान संभव हो सकता था, पुनः 'अत्' का ग्रहण करना व्यर्थ सिद्ध होता है ।) इस (कथन) से (इस सूत्र में) पुनः 'अत्' का ग्रहण—श्रौत तकारान्तत्व की विवक्षा के द्वारा जश्त्व के अविषय में अभेद-विवक्षा में ही जिस प्रकार (पररूप) हो सके, जत्व के विषय में भेदविवक्षा में न हो सके—इस अभिप्राय वाला है –यह कथन निरस्त हो हो जाता है; क्योंकि हमारे (दीक्षितादि के) मत में तो 'अत्' का ग्रहण शब्दा-

"अकः सवर्णे" (पा० सू० ६।१।१०१) ।। अचि पर इति । यदा तूष्मणामीषद्विवृतत्वमाश्रित्य "नाज्झलौ" (पा० सू० १।१।१०) इति सूत्रं प्रत्याख्यायते तदा इहाचीति नानुवर्तनीयम् । 'अकोऽकि दीर्घ' इति सुवचम् ।

वर्णद्वयं द्विमात्रमिति । यत्तु प्राचा व्याख्यातं— दीर्घे प्राप्ते ह्रस्व ऋकारः लृकारश्च विधीयत इति तद्भाष्यकैयटादिविरोधादुपेक्ष्यम् ।।

कमित्यपास्तम् । ममाद्ग्रहणं तु शब्दाधिकारानित्यत्वज्ञापनार्थमिति दिक् ।।

सुवचमिति । जातिपक्षाश्रयणे यथासङ्ख्येनेष्टसिद्धेरिति भावः । एवं रीत्या यथासंख्यम् "इको यणचि" (पा०सू० ६।१।७७) इत्यत्रापि बोध्यमिति

अकः सवर्णे दीर्घः (पा० सू० ६।१।१०१) इति सूत्रे 'अचि' इत्यस्यानुवृत्तिं निराकरोति—नानुवर्तनीयमिति । ऊष्मणामीषदविवृतप्रयत्नत्वम्, स्वराणाञ्च विवृत-

---

धिकार की अनित्यता को ज्ञापित करने के लिये है, (किसी अन्य प्रयोजन की कल्पना व्यर्थ है) यह दिग्दर्शन है ।

[मनो०] सवर्ण अच परे रहते अक् का दीर्घ एकादेश होता है । परन्तु जब ऊष्म=श, ष, स, ह का ईषद्विवृतत्व मानकर 'नाज्झलौ' (पा० सू० १।१।१०) इसका प्रत्याख्यान कर दिया जाता है, तब इस सूत्र में 'अचि' इसकी अनुवृत्ति नहीं करनी चाहिये 'अकोऽकि' (अक् परे रहते अक् का सवर्ण दीर्घ होता है)—यही कहना ठीक है । [शब्द०] [व्यक्तिपक्ष में अनन्त होने से उनका ज्ञान सम्भव न होने पर भी] जातिपक्ष के आश्रयण में यथासंख्य से ही इष्ट की सिद्धि हो जाती है, यह भाव है । [अर्थात् अकारादि का क्रमशः आकारादि ही सवर्णदीर्घ हो जाता है, यह भाव है ।] इसी रीति से 'इको यणचि' (पा० सू० ६।१।७७) यहाँ भी यथासंख्य समझना चाहिये, यह सूचित किया है ।

विमर्श—मनोरमाकार का तात्पर्य यह है कि स्वरों तथा ऊष्म व्यञ्जनों का विवृत प्रयत्न मानने पर स्वर के समान प्रयत्नवाला होने से ऊष्म व्यंजन भी सवर्ण होने लगेगा—इस आपत्ति को रोकने के लिये 'अच् एवं हल् परस्पर सवर्ण नहीं होते हैं 'इत्यर्थक 'नाज्झलौ' यह सूत्र बनाया गया । परन्तु जब ऊष्म वर्णों का ईषद्विवृत प्रयत्न मान लिया जाता है तब तो भिन्न प्रयत्नवाला होने से ऊष्म व्यञ्जन आदेश प्राप्त ही नहीं होते हैं अतः अच् के ग्रहण की आवश्यकता नहीं है' अक् के बाद अक् रहने पर सवर्ण दीर्घ होता है' यही कहना पर्याप्त है ।

[मनो०] ['ऋति ऋ वा' लृति लृ वा' इन दोनों वचनों में] द्विमात्रिक दो वर्ण विधेय हैं । किसी प्राचीन आचार्य ने यह व्याख्या की है—दीर्घ प्राप्त रहने पर ह्रस्व ऋकार और लृकार का विधान किया जाता है'—यह उस भाष्य एवं कैयट

"एङः पदान्तात्" (पा० सू० ६।१।१०९) ॥ "ङसिङसोश्च" (पा० सू०

सूचितम् । तद्भाष्येति । "तुल्यास्य" (पा० सू० १।१।९) सूत्रस्थभाष्येत्यर्थः । तत्र हि "अकः सवर्णे–" (पा० सू० ६।१।१०१) इति सूत्रेणैतद्वार्तिकान्यथासिद्धिरुद्भविता ॥

प्रयत्नत्वमिति भाष्योक्तपक्षाङ्गीकारे कुमारी+शेते इत्यादौ ईकारशकारयोः प्रयत्नभेदेन सावर्ण्याभावादत्र सूत्रे 'अचि' इत्यस्यानुवृत्तिर्व्यर्थेति भावः । 'सवर्णे' इत्यस्य ग्रहणमनपेक्षितमिति प्रतिपादयति मूले—**'अकोऽकि' सुवचमिति** । यथासंख्यमन्वयाद् अकारादकारे, इकारादिकारे, उकारादुकारे ऋकारादृकारे, लृकाराद्लृकारे च परे पूर्वपरयोः दीर्घः एकादेशः स्यादित्यर्थेन जातिपक्षाश्रयणेन सकललक्ष्यसिद्धेः सवर्णग्रहणं न कर्त्तव्यं भवतीति मूलकाराभिप्रायः । अन्यत्रापीयं रीतिः सम्भवतीति प्रतिपादयति शब्दरत्ने—**इको यणचीत्यत्रापि** बोध्यमिति । एवञ्च तत्सूत्रप्रवृत्तिविषये विविधचर्चानपेक्षितेति तद्भावः ।

आदि के विरोध के कारण उपेक्षणीय है । **[शब्द०]** 'तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णम्' (पा०सू० १।१।९) इस सूत्र पर स्थित भाष्य से विरोध है, यह अर्थ है, क्योंकि वहाँ भाष्य में 'अकः सवर्णे' पा०सू० ६।१।१०१] इस सूत्र से उक्त वार्त्तिकों की अन्यथासिद्धि की उद्भावना की गई है ।

विमर्श—यहाँ भाव यह है कि 'ऋति सवर्णे ऋ वा' 'लृति सवर्णे लृ वा' ये दो वार्त्तिक हैं । इनका अर्थ है—'अक् के बाद सवर्ण ऋकार रहने पर विकल्प से 'ॠ' होता है ।' इसी प्रकार 'अक् के बाद सवर्ण लृकार रहने पर विकल्प से 'ॡ' होता है ।' यहाँ विलक्षण वर्णद्वय किये जाते हैं । यह नृसिंह के समान एक विलक्षण 'ॠ' होता है जिसमें दो रेफ रहते हैं इसी प्रकार एक विलक्षण 'ॡ' होता है । जिसमें दो ल् रहते हैं । इनमें विलक्षण ॠ के मध्य में दो रेफ होते हैं, उनकी आधी+आधी मात्रा मिलाकर एक मात्रा होती है । इन दोनों रेफों के दोनों ओर विधीयमान ह्रस्व ऋकारांशों की आधी+आधी मात्रा मिलाकर एक हो जाती है । इसी प्रकार दूसरे विधेयभूत 'ॡ' के मध्य में दो लकार होते हैं, उनकी आधी+आधी मात्रा मिलाकर एक मात्रा और दोनों ओर विद्यमान लृकारांशों की आधी+आधी मात्रा मिलाकर एक मात्रा हो जाती है । इस प्रकार दो दो मात्राओं वाले ये विलक्षण दो वर्ण विधेय समझने चाहिये ।

[मनो०] 'एङः पदान्तादति' (पा० सू० ६।१।१०९) [पदान्त एङ् से परे अत्=अ होने पर दोनों के स्थान पर पूर्वरूप एकादेश होता है । 'ङसि' और ङस्' का अकार बाद में रहने पर पूर्वरूप एकादेश होता है—इस अर्थवाले] 'ङसिङसोश्च'

६।१।११०) इत्यस्यारम्भादस्य पदान्तविषयत्वे लब्धे उत्तरार्थं पदान्तादिति स्पष्टार्थमिहैव कृतम् ॥

"सर्वत्र विभाषा गोः" (पा० सू० ६।१।१२२) यद्यपि छन्दसीति न प्रकृतम्, तथापि "यजुष्युरः" (पा० सू० ६।१।११७) इत्यादिप्रक्रमाच्छन्दस्यं-वेदमिति सम्भाव्येत, अतः सर्वत्रेत्युक्तम् । तद्व्याचष्टे—लोके वेदे चेति । इह "एङ" इत्यनुवृत्त्यैङन्तस्य गोरिति व्याख्येयम् । तेनेह न—चित्रग्वग्रमिति ।

आरम्भादिति । अपदान्ताच्चेन् ङसिङसोरेवेति नियमादिति भावः । **उत्तरार्थमिति** । "इकोऽसवर्णे" (पा० सू० ६।१।१२७) इत्याद्यर्थम् । **स्पष्टार्थमिति** । विभक्तौ चेन्ङसिङसोरेवेति (विपरीत) नियमशङ्कावारणार्थमिति भावः ॥

एङः पदान्तादति (पा० सू० ६।१।१०९) इति सूत्रे पदान्तग्रहणं व्यर्थमत आह मूले—**उत्तरार्थमिति** ।

(पा०सू० ६।१।११०) इस सूत्र की रचना करने के कारण [अर्थात् इस सूत्र की प्रवृत्ति अपदान्त के विषय में ही होने के कारण] प्रस्तुत सूत्र पदान्तविषयक ही है, ऐसा सिद्ध हो जाने पर उत्तरवर्ती सूत्र 'इकोऽसवर्णे शाकल्यस्य' (पा० सू० ६।१।१२७) में 'पदान्ताद्' की आवश्यकता होने से, स्पष्टता के लिये, इसी सूत्र में ['पदान्तात्' का] ग्रहण कर दिया गया है। **[शब्द०]** आरम्भसामर्थ्य से। अपदान्त से परे अकार का पूर्वरूप हो तो 'ङसि' तथा 'ङस्' के ही 'अ' का हो (अन्य 'अ' का नहीं)—इस नियम से [प्रस्तुत सूत्र की पदान्तविषयता सिद्ध हो जाती है] यह भाव है। **(मनो०)** स्पष्टता के लिये=**(शब्द०)** विभक्ति परे रहते यदि पूर्वरूप हो तो 'ङसि' तथा 'ङसि' के 'अ' का ही हो—ऐसे विपरीत नियम की शंका का वारण करने के लिये ('एङः पदान्तादति' इसी सूत्र में 'पदान्तात्' का ग्रहण) किया गया है--यह भाव है।

सर्वत्र विभाषा गोः । [पा० सू० ६।१।१२२ लोक और वेद में एङन्त गो शब्द का विकल्प से प्रकृतिभाव होता है, पदान्त में, अत् [अ] परे रहते । **मनो०]** यद्यपि इस सूत्र में 'छन्दसि=वेद में' इसका प्रकरण नहीं है तथापि 'यजुष्युरः' (पा० सू० ६।१।११७) इत्यादि अर्थात् 'यजुर्वेद में' ऐसा प्रकरण होने से वेद में ही इसकी प्रवृत्ति की सम्भावना होने लगेगी [इसको रोकने के लिये] 'सर्वत्र'=लोक वेद में—ऐसा कहा गया। इसी की व्याख्या [सिद्धान्तकौमुदी में] कहते हैं—लोक में और वेद में [एङन्त गो शब्द का अत् परे रहते विकल्प से प्रकृतिभाव होता है।] इस सूत्र में ['एङः पदान्तादति' पा०सू० ५।१।१०९ सूत्र से] 'एङः' इसकी अनुवृत्ति करके ऐङन्त 'गो' शब्द का प्रकृतिभाव होता है, ऐसी व्याख्या करनी चाहिये।

प्रतिपदोक्तस्य एङो ग्रहणान्नेह—हे चित्रगोऽग्रम् ।

इत्यनुवर्त्येति । षष्ठ्या विपरिणमय्येत्यपि बोध्यम् । **प्रतिपदोक्तस्येति** । एङ्ग्रहणावृत्येति भावः, प्रतिपदोक्तपरिभाषया वा । वर्णग्रहणे तदप्रवृत्तिज्ञापकस्य तदनित्यतामात्रज्ञापकत्वम् । ध्वनितं चेदम् "ओत्" (पा० सू० १।१।१५) सूत्रे भाष्ये । "एङः पदान्तात्" (पा० सू० ६।१।१९) इत्यत्र तु "हलोऽनन्तराः" (पा० सू० १।१।७) इत्यादिनिर्देशान्न प्रतिपदोक्तग्रहणम् ।

सर्वत्र विभाषा ।। शब्दरत्ने—**तदप्रवृत्तीति** । 'आदेच उपदेशेऽशिति' (पा० सू० ६।१।४५) इति सूत्रे उपदेशग्रहणस्येति भावः । **इदम्**=वर्णग्रहणे तत्प्रवर्तनम् ।

[**शब्द०**] पञ्चम्यन्त 'एङः' को षष्ठ्यन्त रूप से बदल कर [पूर्वोक्त अर्थ करना चाहिये]—यह भी समझना चाहिए । [**मनो०**] इस कारण यहाँ नहीं होता है—चित्रग्वग्रम् । [चित्रगु+अग्रम् यहाँ गो का ह्रस्व होने से एङन्त 'गो' शब्द नहीं है । अतः प्रकृतिभाव नहीं होता है ।] प्रतिपदोक्त 'एङ्' का ग्रहण होने से यहाँ नहीं होता है—हे चित्रगोऽग्रम् । [प्रतिपदोक्त=साक्षाद् उच्चारित एङन्त नहीं है, अपितु सम्बोधन में गुण करने पर चित्रगु का चित्रगो बना है । अतः पूर्वरूप ही होता है ।] [**शब्द०**] एङ्ग्रहण की आवृत्ति के द्वारा अथवा प्रतिपदोक्त परिभाषा के कारण [प्रतिपदोक्त एङन्त गो लिया जाता है]—यह भाव है । [भाव यह है कि जैसे 'दादेर्धातोर्घः' (पा० सू० ८।२।३२) इस सूत्र में 'दादेः' इसकी आवृत्ति के द्वारा यह अर्थ किया जाता है—उपदेश में दकारादि जो धातु उसके 'ह' का 'घ' होता है । उसी प्रकार यहाँ भी एङ् की आवृत्ति के द्वारा यह अर्थ होता है—प्रतिपदोक्त जो एङन्त गो शब्द उसी का प्रकृतिभाव होता है । अथवा 'लाक्षणिक=सूत्रादि की प्रवृत्ति से निष्पन्न और प्रतिपदोक्त के मध्य में प्रतिपदोक्त का ही ग्रहण होता है' इस परिभाषा के अनुसार प्रतिपदोक्त 'गो' एङन्त ही लिया जाता है ।] 'वर्णग्रहण में यह परिभाषा प्रवृत्त नहीं होती है' इसके ज्ञापक को इस परिभाषा की अनित्यता में ही ज्ञापक समझना चाहिए । [इस लिये कहीं-कहीं वर्णग्रहण में भी इस प्रतिपदोक्त परिभाषा की प्रवृत्ति होती ही है ।] 'ओत्' (पा० सू० १।१।१५) सूत्र पर भाष्य में इस आशय को ध्वनित किया गया है । [वहाँ भाष्य में 'अनदः अदः समभवत्—अदोऽभवत्' में प्रकृतिभाव का वारण करने के लिये 'ओतश्च्विप्रतिषेधः' इस वार्तिक की अन्यथासिद्धि इसी परिभाषा से की गयी है । अतः इस परिभाषा की अनित्यता स्पष्ट है ।] 'एङः पदान्तादति' (पा० सू० ६।१।१९) इसमें तो 'हलोऽनन्तराः संयोगः' (पा० सू० १।१।७) आदि सूत्रों में [किये गये पूर्वरूप] निर्देश के कारण प्रतिपदोक्त एङ् का ग्रहण नहीं किया जाता है ।

प्रकृतिभाव इति। "प्रकृत्याऽन्तः पादम्" (पा० सू० ६।१।११५) इति सूत्रात्प्रकृत्येत्यनुवृत्तेः। यद्यपि भाष्ये "इको गुणवृद्धी", (पा० सू० १।१।३) इति सूत्रे "नान्तः पादम्" इति पाठः स्थितः। षाष्ठभाष्येऽप्येवम्। तथापि शाकलसूत्रे "ह्रस्वश्च" इति चकारेण "प्रकृत्या इत्यनुकृष्यते" इति भाष्यदर्शनात् "प्रकृत्यान्तः पादम्" इति पाठोऽपि साधुरेव। "न" इति पाठे तु "सर्वत्र" इति सूत्रेण पूर्वरूपमेव विकल्प्येतेत्यर्थ्यम् ॥

अत्र च स्थानिवत्सूत्रस्थ भाष्यं मानमित्यन्यत्र विस्तरः। पूर्वरूपमेवा। पूर्वरूपमपीत्यर्थः। गोशब्दस्य यद्यत्प्राप्तं तन्नेति व्याख्यानेन "नान्तः पादम्" इत्यनेनैव पूर्वत्वादिक विकल्पेन निषिध्येतेत्यर्थः। तेनावादेशोऽपि न।

नन्वेवम् 'एङः पदान्तादति' इति सूत्रेऽपि तत्प्रवृत्त्यापत्तिरत आह—इत्यादिनदंशाल्विधि। अत्र चेति। प्रकृतसूत्रे प्रतिपदोक्तपरिभाषायाः प्रवृत्तौ चेत्यर्थः। अन्यत्रेति। उद्द्योतादावित्यर्थः।

[अर्थात् उस पूर्वरूप के लिये सभी प्रकार का 'एङ्' लिया जाता है।] और यहां [प्रस्तुत सूत्र में प्रतिपदोक्त परिभाषा की प्रवृत्ति होने में] तो 'स्थानिवदादेशोऽनल्विधौ' (पा० सू० १।१।५६) इस सूत्र का भाष्य प्रमाण है, इसका विस्तृत विवेचन अन्यत्र [उद्द्योतादि में] किया गया है।

[मनो०] 'प्रकृतिभाव होता है। क्योंकि 'प्रकृत्यान्तः पादमव्यपरे' (पा० सू० ६।१।११५) इससे 'प्रकृत्या' की अनुवृत्ति होती है। यद्यपि 'इको गुणवृद्धी' (पा० सू० १।१।३) इस सूत्र के भाष्य में यह पाठ है "नान्तः पादम्"। और षाष्ठ भाष्य (पा० सू० ६।१।११५) में भी "नान्तःपादगत्यायोः" ऐसा ही पाठ मिलता है तथापि 'इकोऽसवर्णे शाकल्यस्य ह्रस्वश्च' (पा० सू० ६।१।१२७) इसमें चकार के बल 'प्रकृत्या' इसका अनुकर्षण होता है, ऐसा भाष्य में देखा गया है, इस लिये 'प्रकृत्यान्तः पादम्' यह पाठ भी शुद्ध ही है। (प्रकृत्या के स्थान पर) 'न' ऐसा पाठ मानने पर तो 'सर्वत्र विभाषा गोः" इस सूत्र से पूर्वरूप का ही विकल्प होने लगता—ऐसा समझना चाहिये। [भाव यह है कि पूर्वरूप के वैकल्पिक निषेध से उसका वैकल्पिक विधान फलित होता है।] [शब्द०] पूर्वरूप का ही विकल्प = पूर्वरूप का भी विकल्प होने लगेगा—यह अर्थ है। [एव=अपि के अर्थ में है।] गो शब्द का जो जो प्राप्त होता है वह वह नहीं होता है—इस व्याख्यान से 'नान्तः पादम्' (पा० सू० ६।१।११५) इसी से पूर्वत्व आदि का विकल्प से निषेध होता, यह अर्थ है, जिससे अव् आदेश भी नहीं होता है।

विमर्श—रहस्य यह है कि 'प्रकृत्यान्तः पादमव्यपरे' ऐसा अथवा 'नान्तः

"अवङ् स्फोटायनस्य" (पा० सू० ६।१।१२९) अत्राप्येङन्तस्य गोरिति व्याख्येयम् । अगिति सूत्रयितुमुचितम् । विभाषानुवृत्तेः स्फोटायनग्रहणं

एङन्तस्य गोरिति । प्रतिपदोक्तस्यैङ इत्यपि बोध्यम् ।

ननु "गोरग्वचनं स्वरसिद्ध्यर्थमन्यथावङ् कदाचिदन्तोदात्तोऽपि स्याद्" इत्येतत्सूत्रस्थभाष्यप्रामाण्याच्चित्रग्वग्रमित्यत्रावङभावोऽस्तु तत्रावङो रूपे विशेषस्य स्पष्टत्वात् । चित्रगोऽग्रमित्यत्रावङभावकल्पने किंमानमिति, चेन्न ।

अवङ् स्फोटायनस्य ॥ किं मानमिति । तस्यापि गवाग्रतुल्यत्वादिति भावः ।

पादमव्यपरे' ऐसा सूत्रपाठ है । भाष्य में 'नान्तः पादमव्यपरे' ऐसा ही मिलता है और काशिका आदि में 'प्रकृत्यान्तःपादमव्यपरे' ऐसा पाठ मिलता है । प्रथम पाठ के अनुसार ऋक्पादके मध्य में स्थित 'एङ्' का प्रकृतिभाव होता है अत् परे रहते, किन्तु वकारपरक और यकारपरक अत् परे रहने पर नहीं होता है । दूसरे पाठ के अनुसार 'पूर्व प्राप्त नहीं होता है' यह अर्थ है । इस पाठ के अनुसार जैसे इस सूत्र से पूर्व प्राप्त कार्य का निषेध होता है वैसे ही 'सर्वत्र विभाषा गोः' में भी 'न' का सम्बन्ध होने पर 'पूर्व प्राप्त विकल्प से नहीं होता है' यही अर्थ होगा । इस स्थिति में न पूर्वरूप होगा और न अव् आदेश । इस प्रकार निषेध का विकल्प करने पर विधान का विकल्प फलित होता है । इसी आशय से प्रौढ़मनोरमा में कहा गया है—'पूर्वरूपमेव विकल्प्यते ।' शब्दरत्नकार एव=अपि अर्थ में मानते हैं ।

[मनो०] "अवङ् स्फोटायनस्य" (पा० सू० ६।१।१२९) इस सूत्र में भी 'एङः' इसका सम्बन्ध होने से 'एङन्त गो शब्द का [अवङ् होता है]'—यह व्याख्या करनी चाहिये । [शब्द०] प्रतिपदोक्त 'एङ्' का (ही)—यह भी समझना चाहिये । [मनो०] 'अक्' इतना सूत्र बनाना उचित है । 'विभाषा' इसकी अनुवृत्ति होने के कारण 'स्फोटायन' का ग्रहण पूजा=सम्मानार्थ है । [शब्द] अवङ् आदेश न करके 'गो' का अक् आगम करना स्वरसिद्धि के लिये है, अन्यथा [अक् ऐसा न करने पर] अवङ् आदेश कभी अन्तोदात्त भी होने लगेगा [अर्थात् व्युत्पत्तिपक्ष और अव्युत्पत्तिपक्ष मानकर पर्याय से कभी आद्युदात्त होने लगेगा],—इस प्रकार के प्रस्तुत सूत्र के भाष्य में स्थित प्रमाण के कारण 'चित्रग्वग्रम्' यहाँ अवङ् का अभाव हो, अवङ् न हो, क्योंकि अवङ् के रूप में अन्तर स्पष्ट है । [अर्थात् 'अवङ्' करने पर 'चित्रगवाग्रम्' और अक् करने पर 'चित्रग्वग्रम्' ऐसे भिन्न भिन्न दो रूप होने लगेंगे । अतः प्रतिपदोक्त एङ् ही लेना चाहिये ।] चित्रगो+अग्रम् यहाँ अवङ् के अभाव की कल्पना में क्या प्रमाण है [अर्थात् यह भी गवाग्रम् के समान ही है]—

उपदेशे आद्युदात्तत्वनिपातनेमावङन्यासस्थापनपरभाष्यस्य मानत्वात्। चित्रगोशब्द आमन्त्रिताद्युदात्तत्वेनान्तानुदात्तस्तत्राकि तस्यागमानुदात्तत्वे उभयोरनुदात्तयोरेव श्रवणं स्यात्। आद्युदात्तत्वनिपातने तु गकाराकारस्योदात्तस्येति विशेषः स्पष्टः।

न च गवाक्ष इत्यदाववङ आद्युदात्तस्य श्रवणं मा भूदिति तस्योपदेशिवद्भावो वाच्य इति समासान्तोदात्तादिवामन्त्रिताद्युदात्तादपि प्रागवङ्स्वरप्रवृत्तौ पश्चादामन्त्रितस्वरे स्वरभेदाभाव इति वाच्यम्, गवाक्ष इत्यादौ समानकालप्रवृत्तिकस्य परत्वेन प्रथमं प्राप्तस्य समासस्वरस्य प्रागप्रवृत्तौ उपदेशिवद्भाववचनचारितार्थ्येनाङ्गसञ्ज्ञासापेक्षबहिरङ्गगुणापेक्षयाऽन्तरङ्ग-

---

निपातनेति। एकश्रुत्या सूत्रपाठे न्याय्ये प्रकृतितः प्राप्ते स्वरे उच्चारणीये वा यत्नेनाद्युदात्तोच्चारणमन्तोदात्तत्वबाधकमिति भावः। एतदेवोपपादयति—**चित्रगोशब्द**—इत्यादिना। **आमन्त्रितेति।** षाष्ठेन 'आमन्त्रितस्य च' इति सूत्रेण आद्यु-

---

...ऐसा यदि कहते हो, तो ठीक नहीं, क्योंकि उपदेश में [अवङ् का] आदिउदात्त निपातन के द्वारा 'अवङ्' इस न्यास की स्थाना का समर्थक भाष्य ही प्रमाण है। 'चित्रगो' [सम्बोधनान्त=] आमन्त्रित आद्युदात्त होने से ['आमन्त्रितस्य च' (पा० सू० ६।१।१९७ सूत्र के द्वारा। अतः 'अनुदात्तं पदमेकवर्जम्' (पा० सू० ६।१।१५८ सूत्र से शेषनिघात से] अन्त अनुदात्त है, उस चित्रगो + अग्रम् में अक् आगम करने पर उस आगम के अनुदात्त होने पर [क्योंकि आगम अनुदात्त है अतः] दोनों [गव] अकारों का अनुदात्तों का ही श्रवण होगा, दोनों अकार अनुदात्त ही सुनाई देंगे। परन्तु आद्युदात्तत्व [भाष्योक्त अवङ् का आद्युदात्त] निपातन करने पर तो गकार के अकार का उदात्त श्रवण होगा, यह भेद=अन्तर स्पष्ट है, [अतः फलभेद के कारण वार्त्तिक का प्रत्याख्यान करना कहाँ तक उचित है ? अतः उक्त कल्पना आवश्यक है।]

[अवान्तर पूर्वपक्ष—] 'गवाक्षः' आदि में आद्युदात्त अवङ् का श्रवण न हो—इसके लिये उस का 'उपदेशिवद्भाव कहना चाहिये' इस कारण समासान्त उदात्त के समान आमन्त्रित आद्युदात्त से भी पहले अवङ् के स्वर की प्रवृत्ति हो जाने पर बाद में आमन्त्रित स्वर के होने पर स्वरभेद नहीं होता है, [उत्तरपक्ष] ऐसा नहीं कहना चाहिये, क्योंकि 'गवाक्षः' इत्यादि में समानकाल में प्रवृत होने वाले, परवर्त्ती होने से पहले प्राप्त होने वाले समासस्वर की प्रवृत्ति न होने पर 'उपदेशिवद्भाववचन' के चरितार्थ हो जाने से, अंग संज्ञा की अपेक्षा रखने वाले [= जिस प्रत्यय के परे रहते अंग संज्ञा होती है, उसकी अपेक्षा रखने वाले] बहिरंग

त्वात्पूर्वमेवामन्त्रितस्वरप्राप्त्या तदप्रवृत्तिसंपादनेऽस्य सामर्थ्याभावात्। तद् ध्वनयन्नाह–**अगितोत्यादि** । यथान्यासे त्वाद्युदात्तनिपातनोपदेशिवद्भावयोः करणे गौरवादस्यौचित्यमिति भावः। स्थानिवत्सूत्रे भाष्येऽप्युक्तं "गोः पूर्वत्वे स्थानिवत्त्वप्रतिषेधो वक्तव्यः"। चित्रग्वग्रं "सर्वत्र विभाषा गोः" (पा० सू० ६।१।१२२) इति पूर्वत्वं प्राप्नोति। नैष दोषः, "एङः" इति वर्त्तते, तत्र "अनल्विधौ" इति प्रतिषेधो भविष्यति। एवन्तर्हि चित्रगोऽग्रमित्यत्र प्राप्नोति' इति। अत्र पूर्वत्वशब्देन तदपवादप्रकृतिभावावङौ, विनिगमनाविरहात्। "सर्वत्र"—(पा० सू० ६।१।१२२) इति "अवङ्—" (पा० सू०

[सम्बोधन–] गुण की अपेक्षा अन्तरंग होने से पहले ही आमन्त्रित स्वर की प्राप्ति रहने के कारण उस [आमन्त्रित] स्वर की अप्रवृति कराने में इस [उपदेशिवद्भाववचन=पहले अवङ्स्वर बाद में समासस्वर के कथन] में सामर्थ्य नहीं है। इसी को ध्वनित करते हुए (**मनो०**) में कह रहे हैं—'अक्' इसी को सूत्र बनाना उचित है। वैसा मूल रूप ['अवङ् स्फोटायनस्य' ऐसा] रखने पर तो आदि का उदात्तत्व-निपातन और उपदेशिवद्भाव करना इनमें गौरव है [अर्थात् पहले 'अवङ्' आदेश करने और दुबारा समासस्वर करने में गौरव स्पष्ट है।] इस लिये 'अक्' यह आगम करना उचित है, यह भाव है। 'स्थानिवदादेशोऽनल्विधौ' [पा० सू० १।१।५६] इस सूत्र पर भाष्य में भी कहा है—"गो शब्द के पूर्वत्व=पूर्वरूप करने में स्थानिवद्भाव का प्रतिषेध करना चाहिये, 'चित्रग्वग्रम्' यहाँ 'सर्वत्र विभाषा गोः' [पा० सू० ६।१।१२२] इस सूत्र से पूर्वरूप प्राप्त होता है। [यहाँ भाष्य में 'पूर्व' शब्द से पूर्वरूप का अपवाद प्रकृतिभाव समझना चाहिये, यह प्रकृतिभाव वैकल्पिक है। अभावपक्ष में [पूर्वरूप प्राप्त होता है यह भाव है]। यह दोष [पूर्वरूप के अपवाद प्रकृतिभाव की और विकल्पपक्ष में पूर्वरूप की प्राप्ति रूप दोष] नहीं है, क्योंकि ['एङः पदान्तादति' इस सूत्र से] 'एङः' इसकी अनुवृत्ति होती है, इसमें 'अनल्विधौ' [अल्विधि में स्थानिवद्भाव नहीं होता है।] इससे प्रतिषेध हो जायेगा। [भाव यह है कि 'चित्रगु' में अल्विधि होने से अतिदेश द्वारा एङन्तत्व सम्भव नहीं है। अतः अलग से निषेध कहना अनावश्यक है।] यदि ऐसा है तो 'चित्रगो+अग्रम्' यहाँ [प्रकृतिभाव] प्राप्त होता है। [लाक्षणिक होने से इस गो शब्द का स्वतः प्रकृतिभाव प्राप्त न रहने पर भी स्थानिवद्भाव से प्राप्त होता है, उसका प्रतिषेध कहना चाहिये।] यहाँ भाष्य में 'पूर्वत्व' शब्द से पूर्वरूप के अपवाद प्रकृतिभाव और अवङ् दोनों समझने चाहिये; क्योंकि किसी एक के समर्थन में कोइ विनिगमना नहीं है। "सर्वत्र विभाषा गोः" [पा० सू० ६।१।१२२] यह 'अवङ् स्फोटायनस्य' [पा० सू० ६।१।१२३] इसका भी

पूजार्थम् । गवीति । यत्तु प्राचा-गवे इति प्रत्युदाहृतम् । तन्न । सत्यप्यवङि "अतो गुणे" (पा० सू० ६।१।७७) इति पररूपेण रूपसिद्धेः । न च सत्यवङि ङेर्यादेशः स्यात्, स्त्रियां तु टाप् स्यादिति वाच्यम् । सन्निपातपरिभाषया यादेशटापोः सुसमाधानत्वात् । न च साऽनित्येति वाच्यम्, तावताप्यौ-

६।१।१२३) इत्यस्याप्युपलक्षणम् । अत एव प्रकृतिभावे इति त्यक्त्वा पूर्वत्वे इत्युक्तं वार्तिके भाष्ये च । चित्रगोशब्दस्य लाक्षणिकत्वेऽपि स्थानिवत्त्वात्प्राप्तौ तत्प्रतिषेधः कृतः । एङः प्रतिपदोक्तत्वाश्रयणे तु तन्न कार्यमिति लाघवमिति दिक् । टाप्स्यादिति । ङीष उपलक्षणमिदम् । इष्टसिद्धेरिति ।

दात्ते कृते 'अनुदात्तं पदमेकवर्जम्' इति सूत्रेणान्तानुदात्तत्वमिति बोध्यम् । तस्य= निपातनेन साधितायुदात्तत्वस्य । अस्य= उपदेशिवद्भाववचनस्य । यथान्यासे=

उपलक्षण=बोधक है। इसी कारण वार्तिक और भाष्य में 'प्रकृतिभाव' इसको छोड़कर 'पूर्वत्वे' ऐसा कहा गया है। चित्रगो इस शब्द के लाक्षणिक होने पर भी स्थानिवद्भाव से ['पूर्वत्व' की] प्राप्ति में ['अनल्विधौ' इसके द्वारा] उसका प्रतिषेध कहा गया है। एङ् के प्रतिपदोक्तत्व का आश्रयण करने पर तो वह ['गोः पूर्वत्वे प्रतिषेधो वक्तव्यः' यह वचन] नहीं करना चाहिये, यह लाघव है, यह दिग्दर्शन है। [इस प्रकार इस सूत्र में 'एङ्' की अनुवृत्ति और उसकी प्रतिपदोक्तता माननी चाहिये ।]

[मनो० पदान्त में—इसका क्या फल है–] गवि [गो + ङि = इ] । [यहाँ पदान्त 'ओ' नहीं है, अतः 'अवङ्' आदेश न होकर 'अव्' होता है ।] किसी प्राचीन आचार्य ने इसका प्रत्युदाहरण 'गवे' यह दिया है । परन्तु यह ठीक नहीं है, क्योंकि अवङ् आदेश हो जाने पर भी [गो + ङे = गव + ए में] 'अतो गुणे' (पा० सू० ६।१।७७) इस सूत्र से पररूप के द्वारा ['गवे' इस] रूप की सिद्धि हो जाती है। अवङ् होने पर [अकारान्त मान कर] 'ङे' के स्थान पर 'य' आदेश होने लगेगा और स्त्रीलिङ्ग में टाप् होने लगेगा। [शब्द०] यह ङीष् का उपलक्षण है—[मनो०] ऐसा नहीं कहना चाहिये, क्योंकि 'सन्निपात' परिभाषा के बल से 'य' आदेश और 'टाप्' का समाधान करना सम्भव है। [भाव यह है कि गो + ङे यहाँ ङे=ए को निमित्त मानकर होने वाला अवङ् आदेश अपने उपजीव्य 'ए' के बिनाश का कारण नहीं बन सकता। परिभाषा का रूप यह है 'सन्निपातलक्षणो विधिरनिमित्तं तद्विघातस्य'। अतः यह परिभाषा लागू होने से 'य' आदेश नहीं होता है।] प्रस्तुत परिभाषा अनित्य है—यह नहीं कहना चाहिये, क्योंकि औत्सर्गिक इसकी प्रवृत्ति से इष्टसिद्धि हो जाती है। [शब्द०] 'गवि' इसके स्थान पर 'गवे' यह होने लगेगा–

त्सर्गिकत्वात्प्रवृत्त्येष्टसिद्धेः। गवाक्ष इति। गवामक्षीवेति विग्रहः। "अक्ष्णोऽदर्शनात्" इत्यच् समासान्तः। वातायने रूढोऽयम्। पुंस्त्वं लोकात्॥

"इन्द्रे च" (पा० सू० ६।१।१२४)। आरम्भसामर्थ्यान्नित्यमिदम्। "इन्द्रे च नित्यम्" इति पाठस्तु भाष्यासम्मतत्वादुपेक्षितः॥

गवीत्यस्य स्थाने गवे इति स्यादिति तद्ग्रन्थव्याख्यानमपि न समञ्जसम्॥

भाष्यासंमतत्वादिति। "इन्द्रे इति सामर्थ्यान्नित्यम्" इति तदुक्तेरिति भावः॥

'अवङ् स्फोटायनस्य' इति रूपे इत्यर्थः। अस्य=अगागमस्य। मूले—पररूपेण रूपसिद्धेरिति। गो+ङे=गो+ए, ओकारस्यावङि गव+ए इत्यत्र वृद्धिं बाधित्वा पररूपेणेष्टरूपसिद्धेरिति भावः। सुसम्भाधानत्वादिति। अच्-परत्वमाश्रित्य जायमानोवङ् इत्यादेशः अचः=एकारस्य विघाते=यादेशे कर्तव्ये निमित्तं नैव भविष्यतीति भावः।

इन्द्रे च॥ सामर्थ्यादिति। 'अवङ् स्फोटायनस्य' इतिसूत्रेणैव निर्वाहसम्भवे-

---

यह प्रक्रियाकौमुदी का व्याख्यान भी ठीक नहीं है। [क्योंकि यहाँ सन्निपातपरिभाषा की प्रवृत्ति हो जाने से गुण नहीं हो सकता।]

[मनो०] गवाक्षः। गवाम् अक्षि इव-यह विग्रह है। [गो शब्द किरणों का वाचक है] 'अक्ष्णोऽदर्शनात्' [पा० सू० ५।४।७६] इससे समास के अन्त में 'अच्' प्रत्यय होता है। [इ का लोप करने पर गवाक्षः बनता है।] यह शब्द वातायन=झरोखा अर्थ में रूढ़ है। लोकव्यवहार से पुल्लिङ्गत्व है। [व्यवस्थित-विभाषा के कारण इसमें एक ही रूप होता है।]

इन्द्रे च। (पा० सू० ६।१।१२४) [और 'इन्द्र' शब्द परे रहते 'गो' के 'ओ' का अवङ् आदेश होता है।] [मनो०] इस सूत्र को बनाने के कारण इसे नित्य समझना चाहिये। [यदि विकल्प इष्ट होता तो 'अवङ् स्फोटायस्य' इसी से दोनों रूप बन जाते। अतः इसे नित्य विधायक मानना चाहिये।] 'इन्द्रे च नित्यम्' ऐसा न्यास तो भाष्य से असम्मत होने के कारण उपेक्षित कर दिया गया।" [शब्द०] 'इन्द्रे च' इस सूत्र बनाने के सामर्थ्य से यहाँ नित्य की प्रतीति हो जाती है,' ऐसा भाष्य में कहा गया है, यह भाव है।

विमर्श—यहाँ तक अच् के स्थान पर होने वाले सन्धिकार्यसम्बन्धी सूत्रों तथा लक्ष्यों पर चर्चा हो चुकी है। आगे प्रकृतिभाव-विषयक चर्चा की जा रही है। इसमें अच्-सन्धि-प्रयुक्त-कार्य प्राप्त होते हैं, परन्तु उन्हें रोक कर प्रकृति=अपना

[अथ प्रकृतिभावः]

एहि कृष्णेति। "दूराद्धूते च" (पा० सू० ८।४।८४) इति प्लुतः।

यत्तु—कृष्ण३ एहीति प्राचोक्तं, तन्न। "दूराद्धूते च" (पा० सू० ८।२।८४) इत्यादौ "वाक्यस्य टेः–" (पा० सू० ८।२।८२) इत्यधिकारात्।

प्लुत इति। प्रकृतिभाववचनसामर्थ्यादेव प्लुतस्य तत्र नासिद्धत्वमिति भावः।

मूलरूप, भाव=हो जाता है, कोई विकार नहीं होता है, इस प्रकृतिभाव के लिये प्रगृह्य तथा प्लुत संज्ञाओं की आवश्यकता होती है। अतः तत्सम्बन्धी सूत्र प्रस्तुत हैं–

[मनो० 'प्लुतप्रगृह्या अचि नित्यम्' (पा० सू० ६।१।१२५ अच् परे रहने पर प्लुत तथा प्रगृह्य संज्ञावाले शब्दों का प्रकृतिभाव होता है। उदा०] एहि कृष्ण३ [=आगच्छ कृष्ण३+अत्र गौः चरति यह लक्ष्य है। दूर से बुलाने में प्रयुक्त वाक्य की टि=अन्तिम स्वर का प्लुत होता है–इस अर्थवाले] 'दूराद्धूते च' (पा० सू० ८।२।८४) सूत्र से प्लुत होता है।

किसी प्राचीन आचार्य ने 'कृष्ण३+एहि' यह उदाहरण दिया है, वह ठीक नहीं है, क्योंकि 'दूराद्धूते च' आदि सूत्रों में 'वाक्यस्य टेः' (पा० सू० ८।२।८२ वाक्य की टि का उदात्त होता है—) यह अधिकार है। [शब्द०] यहाँ प्रकृतिभाव-विधायक वचन के कारण ही प्लुत असिद्ध नही होता है, यह भाव है।

विमर्श—यहाँ यह ध्यान देने का विषय है कि प्लुत तथा प्रगृह्य संज्ञा के विधायक सूत्र त्रिपादी के हैं और प्रकृतिभाव का विधायक प्रस्तुत सूत्र सपादसप्ताध्यायी का है। अतः 'पूर्वत्रासिद्धम्' (पा० सू० ८।२।१) इस प्रसिद्ध सूत्र के अनुसार त्रिपादी द्वारा विहित प्लुत-प्रगृह्यसंज्ञक स्थलों पर सपादसप्ताध्यायी के सूत्र द्वारा प्रकृतिभाव नहीं होना चाहिये, ऐसी शंका हो सकती है।

उक्त शंका का समाधान यह है कि त्रिपादी के सूत्रों द्वारा विहित प्लुत एवं प्रगृह्य को मानकर ही प्रकृतिभाव किया गया है, यह विधान व्यर्थ होने लगेगा। अतः विधान-सामर्थ्यवश असिद्धत्व नहीं माना जाता है। यही तात्पर्य ऊपर शब्दरत्न की पंक्ति से भी स्पष्ट है।

["इकोऽसवर्णे शाकल्यस्य ह्रस्वश्च" (पा० सू० ६११२७) असवर्ण अच् परे रहते पदान्त दीर्घ इक का विकल्प से प्रकृतिभाव होता है और ह्रस्व होता है। इसका उदाहरण है—चक्री+अत्र। इसमें ह्रस्व और प्रकृतिभाव करने पर चक्रि अत्र यह रूप होता है, पक्ष में यण् होने पर चक्र्यत्र, ये दो रूप होते है।] [मनो०]

चक्रचत्रेति। इह "स्कोः-" (पा० सू० ८।२।२९) इति कलोपो न। यणः कार्यकालपक्षे बहिरङ्गपरिभाषयासिद्धत्वात्। स्थानिवद्भावाच्च। "पूर्वत्रासिद्धीये न" इति तु नास्ति। "तस्य दोषः संयोगादिलोप-"इत्याद्युक्तेः॥

"दूराद्धूते च" (पा० सू० ८।२।८४) हूतमाह्वानं तच्च सम्बोधनमात्रोपलक्षणमित्यभिप्रेत्याह-दूरात्सम्बोधन इति। उपलक्षणतया व्याख्यानस्य फलमुदाहरति—सक्तून् पिबेत्यादि॥

"गुरोरनृतः"। (पा० सू० ८।२।८६) अपिशब्दो गुरोरगुरोश्च टेः प्लुतार्थः। देवदत्तेति। अस्यैहीत्यादिः। एवमग्रेऽपि। सर्वः प्लुतः इति।

उपलक्षणेति। एवं चासत्यप्याह्वाने भवतीति भावः।

एहीत्यादिरिति। "वाक्यस्य टेः" (पा० सू० ८।२।८२) इत्युक्तेरिति

चक्रचत्र इसमे 'स्कोः संयोगाद्योरन्ते च' (पा० सू० ८।२।२९) से 'क' लोप नहीं होता हैं। [पदान्त में तथा झल् परे रहते जो संयोग उसके आदि में विद्यमान सकार तथा ककार का लोप होना चाहिये। इस लोप के न होने का उपपादन करते हैं—] क्योंकि कार्यकालपक्ष में अन्तरंग लोप की कर्तव्यता में, 'असिद्धं बहिरङ्गमन्तरङ्गे' इस परिभाषा से बहिरङ्ग यण् असिद्ध हो जाता है और स्थानिवद्भाव हो जाता है। [फलतः संयोगादि 'क' नहीं मिल पाता है।] यहाँ 'पूर्वत्रासिद्धीये न स्थानिवत्' [त्रिपादीस्थ कार्य की कर्तव्यता में स्थानिवत् नहीं होता है] यह वचन लागू नहीं होता है, क्योंकि 'संयोगादिलोप, लत्व और णत्व आदि करने में उक्त परिभाषा का दोष=बाध है,' ऐसा [भाष्यादि में] कहा गया है।

विमर्श—'तिरश्चा' आदि में श्चुत्व की सिद्धि होती है—इस शब्दरत्न का भाव यह है--'तिरः अञ्चति' इस विग्रह में क्विप् प्रत्ययादिप्रक्रिया के बाद तृतीया एकवचन में 'तिरस्+अञ्च्+टा=आ' यहाँ न्=ञ् के लोप के बाद 'अचः' ६।४।१३८ सूत्र से 'अ' का लोप होता । इसलिए 'तिरसस्तिर्यलोपे' इससे 'तिरि' आदेश नहीं होता है । अब 'तिरस्+च्+आ' यहाँ श्चुत्व करके 'श्' बनता है—'तिरश्चा' । यहाँ स्थानिभूत अच् से पूर्वत्वेन दृष्ट 'स्' का श्चुत्व करना है परन्तु नहीं होता है ? क्योंकि 'पूर्वत्रासिद्धीये न स्थानिवत्' इसकी प्रवृत्ति हो जाती है । क्योंकि त्रिपादीस्थ श्चुत्व की कर्तव्यता में सपादसप्ताध्यायीस्थ अलोप का स्थानिवद्भाव नहीं होता है । और तिरस् का 'स्' पदचरमावयव है उसकी श्चुत्वविधि करनी है । अतः 'न पदान्त०' से स्थानिवद्भाव का प्रतिषेध भी हो जाता है ।

अतः ज्ञापन को विशेष-सापेक्ष मानकर स्थानिवद्भाव और उसका प्रतिषेध लक्ष्यानुसार ही मानना चाहिये ।

नन्वेवं मातुः कार्यमित्यादौ षत्वं स्यादिति चेन्न,

मातुः कार्यमिति । सिद्धान्तव्याख्यानेऽप्यत्र दोषः । तथा हि—सकारसन्निधावकारो नैव प्रत्ययः, समुदायनिवेशितत्वात्प्रत्ययत्वस्येति तदादेशस्योरः प्रत्ययत्वाभावेन विसर्गस्य तत्सम्बन्धित्वाभावात् । यस्तूत्वे कृतेऽवशिष्टः सकारः प्रत्ययसञ्ज्ञकः, स लुप्त एव ।

न च "अन्तादिवच्च" (पा० सू० ६।१।८५) इत्यस्य पूर्वस्य परस्य समुदायस्यान्तादिभ्यां वर्णाभ्यां पृथगवस्थिताभ्यां ये व्यवहाराः प्रत्ययत्वादयस्ते एकादेशविशिष्टस्यापीत्यर्थादुर्सित्यत्र प्रत्ययत्वस्य सुलभतया एकदेशविकृतन्यायेनोरित्यस्य प्रत्ययतया न दोष इति वाच्यम्, त्रिपाद्या असिद्ध-

---

मूले—**नन्वेवमिति** । प्रत्ययभिन्नस्येति रीत्या सामानाधिकरण्येन व्याख्याने इत्यर्थः । **षत्वं स्यादिति** । विसर्गस्य प्रत्ययभिन्नत्वादित्यर्थः । शब्दरत्ने **तदादेशस्य**=अकारादेशस्य ।

[**मनो०**] शंका—ऐसा [सामानाधिकरण्येन अन्वय मानकर—प्रत्ययाभिन्न विसर्ग का 'ष्' होता है—ऐसी व्याख्या] मानने पर 'मातुः कार्यम् इत्यादि' में षत्व होने लगगा, [क्योंकि प्रत्ययरूप विसर्ग से भिन्न का षत्व होता है । इस पक्ष के अनुसार यहाँ प्रत्ययरूप विसर्ग नहीं है ।] [शब्द०] सिद्धान्तव्याख्यान [प्रत्यय की प्रत्ययावयव में लक्षणा करके प्रत्ययावयवभिन्न विसर्ग का 'ष्'-इस] में भी 'मातुः कार्यम्' में दोष है । वह इस प्रकार है—[अस् में] 'स्' के सन्निधान में केवल 'अ' प्रत्यय नहीं है क्योंकि प्रत्ययत्व तो पूरे 'अस्' इस समुदाय में रहने वाला है, इस कारण उस 'अ' के स्थान पर ['ऋत उत्' सूत्र से] होने वाला 'उर्' यह भी प्रत्यय नहीं हो सकता, इस कारण [रेफ के स्थान पर होने वाला] विसर्ग प्रत्यय का सम्बन्धी नहीं हो सकता । [इससे स्पष्ट है कि यहाँ विसर्ग न तो प्रत्ययरूप है और न प्रत्ययसम्बन्धी रूप किन्तु इससे भिन्न ही है । षत्व होना चाहिये ।] अकार का उकार करने पर शेष बचा हुआ जो 'स्' प्रत्ययसंज्ञक है उसका तो ['रात् सस्य" सूत्र से] लोप हो ही चुका है ।

यह कि 'अन्तादिवच्च' इस सूत्र का—पूर्व एवं पर समुदाय के पृथगवस्थित अन्त तथा आदि वर्णों से प्रत्ययत्व आदि जो व्यवहार होते हैं वे एकादेशविशिष्ट के भी होने चाहिए—यह अर्थ होने से 'उर्स्' इसमें प्रत्ययत्व सुलभ है [क्योंकि 'ऋत उत्' सूत्र मातृ+अस् में ऋ तथा अ दोनों का 'उ' एकादेश करता है और 'उरण् रपरः' से रपर होकर उर्स् बनता है । अतः "अस्" का प्रत्ययत्व 'उर्स्' में आ सकता है ।] इस लिये 'एकदेशविकृतमनन्यवत्' इस परिभाषा से 'उर्' यह भी प्रत्यय हो जाता है, इस कारण [षत्वापत्तिरूप] दोष नहीं है—ऐसा नहीं कहना चाहिए,

त्वेन तत्रान्तवत्त्वाप्रवृत्तेः ।

स्थानिवत्त्वेन तु न निर्वाहः, उपात्तस्य स्थानिनोऽकारस्य प्रत्ययत्वा-भावात् । प्रत्ययसम्बन्धित्वं तु न स्थानिवत्त्वलभ्यम्, अशास्त्रीयत्वात् । "सर्वे सर्वपदादेशा" इति न्यायेन मातृ असित्यस्य स्थानित्वेऽप्यसित्यस्य स्थानित्वा-लाभेनोर्सित्यस्य प्रत्ययत्वमलभ्यमिति । एतदेवाभिप्रेत्य प्रकृतसूत्रे "उरण् रपरः" (पा० सू० १।१।५१) इति सूत्रे च भाष्ये उक्तम् "इह कस्मान्न भवति—पितुः करोति, "अप्रत्ययस्य" इति षत्वं प्राप्नोति, अप्रत्ययविसर्ज-नीयस्येत्युच्यते, प्रत्ययविसर्जनीयश्चायं, लुप्यतेऽत्र प्रत्ययविसर्जनीयो "रात्सस्य" (पा० सू० ८।२।२४) इति । लुप्यतेऽत्रेत्यादेरयमर्थः— प्रत्यय-विसर्जनीयत्वेन यस्तवाभिमतः स लुप्यते=न दृश्यते, स्थानिनः प्रत्ययस्यैव

क्योंकि 'अन्तवद्भाव' की कर्तव्यता में त्रिपादी के असिद्ध हो जाने से उसमें अन्त-वद्भाव की प्रवृत्ति नहीं होगी ।

स्थानिवद्भाव से [प्रत्ययत्व का] निर्वाह नहीं होता है, क्योंकि उपात्त स्थानी अकार प्रत्यय नहीं है । [अपि तु 'अस्' इतना प्रत्यय है । यह कि 'अ' प्रत्यय भले न हो किन्तु 'अस्' प्रत्यय का सम्बन्धी=अवयव तो है ही, ऐसा भी कहने से कोई लाभ नहीं है क्योंकि] प्रत्ययसम्बन्धित्व का लाभ तो स्थानिवद्भाव से नहीं हो सकता क्योंकि यह [प्रत्यय-सम्बन्धित्व] शास्त्रीय धर्म नहीं है । [और अशास्त्रीय धर्म का अतिदेश नहीं होता है ।] 'सभी आदेश सम्पूर्ण पद के स्थान पर ही होते हैं, अवयवों के स्थान पर नहीं' इस [भाष्योक्त] न्याय द्वारा 'मातृ+अस्' इसके स्थानी बन जाने पर भी केवल 'अस्' इतना तो स्थानी नहीं बन सकता, इस कारण 'उस्'' इतना प्रत्यय नही माना जा सकता । [भाव यह है कि 'मातुः' इस का स्थानी 'मातृ+अस्' इतना है न कि केवल 'अस्', अतः प्रत्ययत्व का अतिदेश नहीं हो सकता ।] उपर्युक्त आशय को मानकर ही प्रस्तुत सूत्र में और 'उरण् रपरः' इस सूत्र के भाष्य में यह कहा गया है—"पितुः करोति—इसमें ["इदु-दुपधस्य०' सूत्र से षत्व] क्यों नहीं होता है ? क्योंकि 'अप्रत्ययस्य' इसके द्वारा षत्व की प्राप्ति होती है । 'अप्रत्ययविसर्ग का' ष होता है—यह कहा गया है । और यह तो प्रत्यय विसर्ग है । [अतः षत्व कैसे होगा ?] यहाँ 'रात् सस्य' इस सूत्र से प्रत्यय विसर्ग का लोप हो जाता है । इस भाष्य में 'लुप्त हो जाता है' इत्यादि का यह अर्थ है—प्रत्ययविसर्गरूप से जो [विसर्ग] तुम्हारा अभिमत है, वह लुप्त हो जाता है=नहीं दिखाई देता है, क्योंकि स्थानी प्रत्यय 'स्' का ही

कस्कादिषु भ्रातुष्पुत्र-शब्दस्य पाठेन ङसिङसोः अत उकारात्परस्य षत्वं नेति ज्ञापनात् ।

लोपादिति बोध्यम् । **ज्ञापनादिति** । त्रिपाद्यामप्यन्तवत्त्वप्रवृत्तिज्ञापनद्वारेति भावः । अत एवामी, क्षीरपेणेत्यादौ मीत्वणत्वे सिद्धचतः । अत्रैकारस्याद-स्सम्बन्धित्वं पे इत्यस्यैकाजुत्तरपदत्वं चान्तवद्भावाधीनमिति बोद्धयम् ।

'सर्वे सर्वपदादेशाः' इतिन्यायानुसारिणामाशङ्कां निराकर्तुमाह—न च **'अन्तादिवच्चे'** ति । **प्रत्ययत्वस्येति** । तदवयवसस्य प्रत्ययतया तदादेशस्य विसर्गस्य तत्त्वसत्त्वेनेति भावः । **न दोष** इति । विसर्गस्य प्रत्ययावयवत्वान्न षत्वापत्तिरित्यर्थः । **तत्रेति** । कर्तव्ये इति शेषः । **यः**=विसर्जनीयः । प्रत्ययस्यैव=सस्यैव । **ज्ञापनद्वारेति** । एतेन मुख्यं ज्ञाप्यमिदमेव, षत्वाभावस्त्वार्थिक इति मूलोक्तज्ञापनादित्यस्यार्थिकार्थबोधनादित्यर्थः सूचितः । एवञ्च 'उर्' इत्यस्य प्रत्ययतया तत्सम्बन्धित्वेन तद्भेदाभावेनान्यत्र षत्वाभावः, स्वस्मिन् चारितार्थ्यं च युक्तमेवेति भावः । **अत एवेति** । त्रिपाद्यामन्तादिवद्भावस्य प्रवृत्तिस्वीरादेव । **अत्र**=उभयत्र । **अनेनेति** । 'अतीवे' ति कथनेन, लक्षणया सामानाधिकरण्यस्यैवेत्यर्थः । **मूले**=सिद्धान्तकौमुद्यामित्यर्थः । **दिगिति** । दिगर्थस्तु पञ्चम्यन्तपाठो भाष्यसम्मत एवोचितः ॥

लोप होता; ऐसा समझना चाहिये । [इस भाष्यकथन से यह स्पष्ट है कि 'भातुः' पितुः' आदि का विसर्ग प्रत्ययविसर्ग नहीं है, उससे भिन्न है, अतः षत्व प्राप्त होता है । उसका वारण ज्ञापन के द्वारा करना चाहिये ।]

समाधान—[यहाँ तक षत्वापत्ति दोप स्थिर हो चुका । अब समाधान करते हैं—**मनो०**] 'कस्कादिगण में 'भ्रातुष्पुत्र' शब्द के पाठ से यह ज्ञापित होता है—ङसि तथा ङस् के अकार के स्थान पर होने वाले उकार के बाद वाले विसर्ग का 'ष्' नहीं होता है । [**शब्द०**] त्रिपादी में भी अन्तवद्भाव की प्रवृत्ति के ज्ञापनद्वारा उपर्युक्त ज्ञापन होता है—यह भाव है । [रहस्य यही है कि त्रिपादी में भी अन्तवद्भाव अतिदेश होता है । षत्व नहीं होता है—यह यो फलितार्थकथन समझना चाहिये । त्रिपादी में भी अन्तादिवद्भाव की प्रवृत्ति होती है ।] इसी लिये 'अमी' तथा 'क्षीरपेण' आदि में मीत्व तथा णत्व सिद्ध रहते हैं । इनमें 'ए' का अदस्सम्बन्धी होना तथा 'पे' इसका एकाजुत्तरपद होना अन्तवद्भाव के अधीन है, यह समझना चाहिये ।

[भाव यह है कि अदस् + जस् = अद + ई = अदे यहाँ 'ए' रूप एकादेश में पूर्वान्तवद्भाव से ही अदस्सम्बंधित्व आता है, तभी 'एत ईद् बहुवचने' इससे ईत्व

एवं च 'अप्रत्ययस्य' इत्येतदपि व्यधिकरणमेवेति हरदत्तेनोक्तं नातीवादर्तव्यम् ।

व्यधिकरणमेवेति । प्रत्ययस्य सम्बन्धी यो विसर्गस्तस्य नेत्यर्थं इति तद्भावः अगत्या च वाक्यभेदाऽसमर्थसमासवैयधिकरण्यान्वयरूपदोषत्रयसहनमिति तदभिमानः । नातीवेति । वैयधिकरण्यान्वयफलस्य कविभिः कृतमित्यादेः प्रत्ययसम्बन्धिभिन्नस्य विसर्गस्येत्येवं लक्षणया सामानाधिकरण्येनापि संग्रहसम्भवादिति भावः । व्याख्यादर्शोक्तसामानाधिकरण्ये तु

मत्वादि कार्य होते हैं । इसी प्रकार क्षीर पिवति—इस विग्रह में निष्पन्न 'क्षीरप' से टा=इन=क्षीरप=क्षीरपेण बनता है । यहाँ 'पे' इसमें 'पूर्वान्तवद्भाव द्वारा ही एकाजुत्तरपदत्व उपपन्न होने से णत्व हो पाता है । इसी प्रकार मातृ+अस्=मातुर्स् यहाँ परादिवद्भाव से 'उर्स्' में प्रत्ययत्व सम्भव है । इसलिये 'स्' लोप कर देने पर भी 'उर्' इसमें स्थानिवद्भाव से प्रत्ययत्व है । इसी का आदेशभूत विसर्गान्त 'उः' भी प्रत्यय है । इस प्रकार यह विसर्ग प्रत्ययावयव ही है, इसके लिये अतिदेश की आवश्यकता नहीं है]

[**मनो०**] और इस प्रकार [कस्कादिगण में पठित 'भ्रातुष्पुत्र' में विहित षत्व से अन्यत्र षत्व नहीं होता है—ऐसा ज्ञापन होने पर] 'अप्रत्ययस्य' यह भी व्यधिकरण ही है—यह पदमजरीकार हरदत्त का कथन अधिक आदरयोग्य नही है । [**शब्द०**] प्रत्यय का सम्बन्धी जो विसर्ग उसका 'ष्' नहीं होता है [यह व्यधिकरणान्वय में] अर्थ है, यह उसका भाव है । और [कविभिः कृतम् इत्यादि में षत्ववारण की] कोई गति=उपाय न होने से (१) वाक्यभेद, (२) असमर्थ-समास तथा (३) वैयधिकरण्येन अन्वय—इन तीन दोषों को सहन करना पड़ता है—यह [मनोरमाकार का] अभिमान है । [भाव यह है कि लक्षणा द्वारा प्रत्यय पद 'प्रत्ययसम्बन्धी' का बोधक हो जाता है इसलिये लक्षणाश्रयणरूप एक पददोष मानने में लाघव है । अन्यथा पूर्वोक्त तीन वाक्यदोष आते हैं । अतः जब लाघव से निर्वाह सम्भव है तब 'गत्यन्तराभावात् दोषत्रयसहनम्' यह कहना उचित नहीं है ।] व्यधिकरण है—आदि हरदत्त का मत अधिक आदरयोग्य नहीं है क्योंकि वैयधिकरण्येन अन्वय के फल 'कविभिः कृतम्' इत्यादि का संग्रह तो—'प्रत्ययसम्बन्धी से भिन्न विसर्ग का 'षत्व' होता है—इस प्रकार लक्षणा करके सामानाधिकरण्येन भी सम्भव हो जाता है, यह भाव है ।] [और पर्युदास नञ् मान लेने पर वाक्यभेद आदि तीन दोष भी मानने नही पड़ते हैं । व्याख्यादर्श में बतायी गयी रीति से सामानाधिकरण्य में तो लेशमात्र भी उस [हरदत्तोक्त व्यधिकरणान्वय] का आदर

मातुरिति। अत्र हि "ऋत उत्" (पा० सू० ६।१।१११) इत्येकादेशशास्त्रं विसर्गं प्रति परम्परया प्रयोजकम्। आकरे तु "एकादेशशास्त्रनिमित्तात्" इति प्रचुरः पाठः। तत्र एकादेशशास्त्रं निमित्तं यस्य उकारस्य तस्मादित्यर्थः॥

लेशतोऽपि तदादराभावादतीवेत्यसङ्गतमेव स्यादिति। अनेनोक्तव्याख्याया एव स्वाभिमतत्वं सूचितवानित्यलम्।

परम्परयेति। एकादेशशास्त्रसम्पन्नरेफस्थानिकत्वेन विसर्गस्यैकादेशशास्त्रनिमित्तकत्वमितिभावः। प्रचुरः पाठः इति। ओषधीस्कृधीत्यादौ शसैकादेशे "कः करत्करतिकृधि—" (पा० सू० ८।३।५०) इति षत्वनिवृत्तिश्च

नहीं होता है, इसलिये 'अतीव' यह [मनोरमा का कथन] असंगत होने लगेगा। ['नातीवादर्तव्यम्'] इस कथन से उक्त व्याख्या=लक्षणा द्वारा सामानधिकरण्येन अन्वय का स्वाभिमत होना [दीक्षित ने] सूचित किया है, विस्तार अनावश्यक है।

विमर्श—शब्दरत्नकार का तात्पर्य यह प्रतीत होता है कि यद्यपि मनोरमाकार ने व्याख्यादर्शोक्त रीति से सामानाधिकरण्य की स्पष्ट चर्चा की है परन्तु यदि इनको यह सामानाधिकरण्य स्वीकृत होता तो हरदत्तोक्त वैयधिकरण्य का स्पष्ट खण्डन कर देते। परन्तु ऐसा न करके 'नातीवादर्तव्यम्' इतना ही कहा है। इससे यह ध्वनित होता है कि दीक्षित को उक्त दोनों मत अभीष्ट नहीं हैं। इस स्थिति में 'प्रत्यय' पद की 'प्रत्ययावयव' में लक्षणा करके सामानाधिकरण्येन अन्वय ही उनका अपना मत प्रतीत होता है।

[मनो० एकादेशशास्त्रनिमित्तक विसर्ग का 'ष्' नहीं होता है क्योंकि कस्कादिगण में 'भ्रातुष्पुत्र' शब्द का पाठ है। इसलिये यहाँ ष नहीं होता है—] मातुः कृपा। मातृ+ङस्=अस् यहाँ 'ऋत उत्' यह एकादेशविधायक शास्त्र विसर्ग के विधान में परम्परया प्रयोजक होता है। [शब्द०] एकादेशशास्त्र के कारण होने वाले रेफ के स्थान पर होने वाले विसर्ग के प्रति एकादेश शास्त्र निमित्त हो जाता है, यह भाव है। [मनो०] महाभाष्य में तो 'एकादेशशास्त्रनिमित्त से' [परे विसर्ग का 'ष' नहीं होता है] ऐसा प्रचुर पाठ मिलता है। वहाँ 'एकादेशशास्त्र है निमित्त जिसका ऐसे उकार से परे' [विसर्ग का ष नहीं होता है, यह बहुव्रीहि मानकर] ऐसा अर्थ होता है। [शब्द०] प्रचुर पाठ है [अर्थात् 'इदुदुपधस्य' तथा 'उरण् रपरः' सूत्रभाष्य में अनेक स्थलों पर 'एकादेशशास्त्रनिमित्तात्' ऐसा पाठ है] 'ओषधीस्कृधि' इत्यादिमें [ओषधी+शस् में] शस्=अस् में ई के साथ पूर्वसवर्णदीर्घ एकादेश [तथा रुत्व, विसर्ग करने पर ओषधीः इस] में 'कः करत्करतिकृधि०'

तत्फलमुक्तम् ।

मूले तु तस्य फलस्य च्छान्दसत्वात् "छन्दसि वाऽप्र" (पा० सू० ८।३।४९) इत्यतः "इणः षः" (पा० सू० ८।३।३९) इत्यस्य निवृत्त्याऽदोषाच्च षष्ठ्यन्तमेव पठितमिति दिक् ॥

इत्यादि सूत्र से प्राप्त षत्व की निवृत्ति इस [भाष्यवचन] का फल कहा गया है।

[भाव यह है कि 'कः करत्' आदि सूत्र में 'इणः षः' तथा 'सः' इनका सम्बन्ध होता है। 'कः करत्' आदि शब्द परे रहते 'अदिति' से भिन्न शब्द के विसर्ग का 'इण्' से परे होने पर 'ष' अन्यथा 'स' होता है—यह उसी प्रकार होता है जिस प्रकार 'कस्कादिषु च' में होता है। अतः कौमुदी का कथन असंगत नहीं है।]

मूल [कौमुदी] में उस [पञ्चम्यन्त पाठ] का फल वेदसम्बन्धी है। इसलिये और 'छन्दसि वाऽप्राम्रे डितयोः' इस सूत्र से 'इणः षः' इसकी निवृत्ति हो जाती है, इसलिये [षत्वापत्ति] दोष नहीं है, इस कारण [एकादेशशा· मित्तकस्य—ऐसा] षष्ठ्यन्त ही पढ़ दिया, यह दिग्दर्शन है।

विमर्श—भाष्य में 'एकादेशशास्त्रनिमित्तात्' यह पञ्चम्यन्त पाठ है और सिद्धान्तकौमुदी में 'एकादेशशास्त्रनिमित्तकस्य' यह षष्ठ्यन्त पाठ है। इसकी संगति कैसे होती है? भाष्य में पञ्चम्यन्त पाठ का फल 'औषधीस्कुधि' में 'कः करत्' सूत्र से प्राप्त षत्व का वारण करना है। इसका उपपादन ऊपर किया जा चुका है। शब्दरत्नकार के मत में 'कस्कादिषु' इस सूत्र के समान 'कः करत्' सूत्र भी 'ष्' तथा 'स्' दोनों आदेश करता है। यहाँ भाष्यवचन से षत्व का वारण करने के बाद 'विसर्जनीयस्य सः' से 'स्' होकर उक्त रूप बनता है। परन्तु शब्दरत्नकार के इस कथन से 'कः करत्' इस सूत्र की सिद्धान्तकौमुदी की वृत्ति से विरोध होता है क्योंकि उसमें केवल 'स्' होना लिखा है।

इसका समाधान यह है कि उक्त सूत्र का सत्वविधान और षत्वाभावविधान रूप फल वैदिक प्रयोगों के लिये हैं। यहाँ 'छन्दसि वाऽप्र०' सूत्र से ही 'इणः षः' की निवृत्ति हो जाने के कारण केवल 'स' का विधान लिखा गया है। उस सत्व का का निषेध प्रस्तुत भाष्यवचन से होता है। इसके बाद 'विसर्जनीयस्य सः' से विसर्ग का 'स्' हो जाता है।

'एकादेश शास्त्र है निमित्त जिस विसर्ग का उसका 'स' नहीं होता' यह षष्ठ्यन्त का अर्थ उपपन्न हो जाता है। एकादेश शास्त्र है निमित्त जिसका ऐसे उकार से परे विसर्ग का 'स्' नहीं होता है—यह पञ्चम्यन्त पाठ भी उपपन्न हो जाता है। वास्तव में पञ्चम्यन्त पाठ ही उचित है। सिद्धान्तकौमुदी की वृत्ति प्राचीन काशिका आदि वृत्तिग्रन्थ पर आधृत समझनी चाहिये।

मुहुः कामेति । इह "कुप्वोः ≍क≍पौ" (पा० सू० ८।३।३७) इति प्रवर्तते । वृत्तौ मुहुस्कामेति सकारः क्वचित् पठ्यते, तत्प्रामादिकमिति हरदत्तः ।

"द्विस्त्रिश्चतुरिति" (पा० सू० ८।३।४३) इह द्वित्रिभ्यां सुजन्ताभ्यां साहचर्यात् चतुःशब्दोऽपि सुजन्त एव ग्रहीष्यते । कृत्वोऽर्थग्रहणं ज्ञापकम्— साहचर्यं न सर्वत्र व्यवस्थापकमिति ।

प्रामादिकमिति । पदादित्वेन "सोऽपदादौ" (पा० सू० ८।३।३८) इत्यस्याप्राप्तिरिति भावः ॥

साहचर्यमिति । न च रामलक्ष्मणावित्यादौ दृष्टसाहचर्यसम्बन्धस्याभिधानियामकत्वं दृष्टम् । न चैषां क्वापि साहचर्यसम्बन्धो गृहीत इति कथमेतदिति वाच्यम्, 'पञ्चम्यपाङ्परिभिः" (पा० सू० २।३।१०)

[मनो०] 'मुहुष् के विसर्ग के षत्व का प्रतिषेध कहना चाहिये' इसका उदा० मुहुः कामा । इसमें 'कुप्वोः ≍ क ≍ पौ च' इसकी प्रवृत्ति होती है । काशिका वृत्ति में कहीं-कहीं 'मुहुस्कामा' यह सकारघटित प्रयोग मिलता है, वह प्रामादिक है, ऐसा [पदमंजरीकार] हरदत्त का कथन है । [शब्द०] पदादि कवर्ग परे होने से 'सोऽपदादौ' इस (सत्वविधायक) की प्राप्ति ही नहीं है, यह भाव है ॥

[द्विस्त्रिः । ८।३।४३] कृत्वसुच् प्रत्यय का अर्थ = कृत्वोऽर्थ = क्रिया का बार-बार होना, इस अर्थ में विद्यमान द्विस्, त्रिस् तथा चतुर् शब्दों के विसर्ग का विकल्प से 'ष' होता है कवर्ग पवर्ग परे रहते ।] इस सूत्र में सुच्प्रत्ययान्त 'द्विः, त्रिः'—इनके साहचर्य के कारण 'चतुः' शब्द भी सुच्-प्रत्ययान्त ही लिया जायगा । कृत्वोर्थं—का ग्रहण ज्ञापक बनता है—'साहचर्य सर्वत्र व्यवस्थापक नहीं होता है ।' [द्विस्, त्रिस् शब्द सुजन्त ही हैं । चतुर् सुजन्त और असुजन्त दोनों प्रकार का है । साहचर्य के बल से 'चतुर्' भी सुजन्त ही लिया जायगा । 'कृत्वोऽर्थे' इसके ग्रहण का क्या फल है क्योंकि सुच् प्रत्यय उसी अर्थ में विहित है ? यहां 'कृत्वोऽर्थे' यह 'चतुर्' का विशेषण बनकर यह ज्ञापित करेगा कि 'साहचर्य सर्वत्र नियामक नहीं माना जाता है ।' इसीलिये 'चतुष्कपालः' में वैकल्पिक 'ष' न होकर नित्य 'ष्' "इदुदुपधस्य" से होता है ।] [शब्द०] 'राम-लक्ष्मणौ' इत्यादि में (लोक में) देखे गये साहचर्य सम्बन्ध को अभिधा (शक्ति) का नियामक होना देखा जाता है, किन्तु इन सुच् प्रत्ययान्तों 'द्विः' आदि का साहचर्य तो कहीं भी नहीं देखा गया है, अतः यह [साहचर्य का अर्थनियामकत्व] कैसे होगा ? यह नहीं कहना चाहिए क्योंकि 'पञ्चम्यपाङ्परिभिः' इस सूत्र से लक्षण आदि अर्थों के

इत्यनेन लक्षणादिद्योतकपरियोगे पञ्चमीशङ्कायां "यद्यप्ययं परिर्दृष्टापचारो वर्जने चावर्जने च, अयं खल्वपशब्दोऽदृष्टापचारो वर्जनार्थ एव कर्मप्रवचनीयस्तस्य कः सहायो भवितुमर्हति अन्यो वर्जनार्थात्। यथाऽस्य गोः सहायेनार्थ इति गौरेवानीयते नाश्वो न गर्दभः" इति "कर्मप्रवचनीययुक्ते" (पा० सू० २।३।८) इति सूत्रस्थभाष्येण सदृशानामेव प्रयोगे सहायत्वमित्यर्थस्य प्रतिपादनेनाक्षतेः। परिभाषायां सहचरितशब्देन सदृशस्यैव ग्रहणं सहचरस्य भावः साहचर्यम्। सहचरणं च सदृशयोरेवेति साहचर्यशब्देन सादृश्यमुच्यते। सदृशयोरेव सहविवक्षा तयोरेव च सहप्रयोगः। रामलक्ष्मणावित्यादावपि सादृश्यमेव नियामकमिति दिक्।

अभिधानियामकत्वमिति। तदुक्तं हरिणा—

संसर्गो विप्रयोगश्च साहचर्यं विरोधिता।
अर्थः प्रकरणं लिङ्गं शब्दस्यान्यस्य सन्निधिः॥

द्योतक 'परि' शब्द के योग में पञ्चमी की शंका में—'यद्यपि यह परि शब्द [अनियतार्थक कर्मप्रवचनीय] दृष्टापचार=व्यभिचरित अर्थवाला देखा गया है—वर्जन में और वर्जन से भिन्न [लक्षणादि] अर्थों में। परन्तु यह 'अप' शब्द अव्यभिचरित अर्थ वाला केवल वर्जन अर्थ में है। [अन्य अर्थ में नहीं।] यह 'अप' शब्द वर्जन अर्थ में ही कर्मप्रवचनीय है। इस कारण इस 'अप' का वर्जनार्थक 'परि' को छोड़कर दूसरा [किस अर्थ वाला] सहायक हो सकता है? जैसे 'बैल को सहायक से काम है'–यह कहा जाने पर [दूसरा] बैल ही लाया जाता है न कि घोड़ा या गधा"—इस प्रकार के 'कर्मप्रवचनीययुक्ते द्वितीया' इस सूत्र पर स्थित भाष्य के द्वारा—सदृशों के प्रयोग में ही सहायत्व है' इस अर्थ का प्रतिपादन होने से कोई दोष नहीं रहता है। [सहचरितासहचरितयोः सहचरितस्यैव ग्रहणम्—इस] परिभाषा में 'सहचरित' शब्द से 'सदृश' का ही ग्रहण होता है, सहचर का भाव=साहचर्य [साथ में चलने वाला होना], और साथ में चलना तो सदृश (वस्तुओं) का ही होता है, इस कारण 'साहचर्य' शब्द से 'सादृश्य' अर्थ कहा जाता है। [इसी कारण लोक में यह प्रसिद्ध है—'समानशीलव्यसनेषु सख्यम्'।] दो सदृश पदार्थों की ही सहविवक्षा [=एक साथ कहने की इच्छा] होती है, और उन सदृश अर्थवालों का ही एक साथ में प्रयोग होता है। 'रामलक्ष्मणौ' [राम और लक्ष्मण] इत्यादि में भी सादृश्य ही (अर्थ=दशरथापत्य का) नियामक होता है, यह दिग्दर्शन है।

तेन "दीधीवेवीटाम्" (पा० सू० १।१।६) इत्यत्र धातुसाहचर्येऽपि आगमस्येटो ग्रहणम्। उभयत्रविभाषा चेयम्। चतुरित्यस्य "इदुदुपधस्य—" (पा० सू० ८।३।४१) इति प्राप्ते, इतरयोस्त्वप्राप्ते। न च तयोरपि इसुसोः सामर्थ्ये" (पा० सू० ८।३।४४) इत्यनेन सिद्धिः शङ्क्या, इसः प्रत्ययस्य अर्थवतश्च तत्र ग्रहणात्।

चतुष्कपाल इति। 'इदुदुपधस्य" (पा० सू० ८।३।४१) इति नित्यं षः।

अर्थवतश्चेति। प्रतिपदोक्तस्य चेत्यपि बोद्धव्यम्। नित्यं ष इति। भाष्य-प्रामाण्येनात्राव्युत्पत्तिपक्षस्यैवाङ्गीकारेण व्युत्पत्तिपक्षे प्रत्ययसम्बन्धित्वात्

सामर्थ्यमौचिती देशः कालो व्यक्तिः स्वरादयः।

शब्दार्थस्यानवच्छेदे विशेपस्मृतिहेतवः॥ (वा.प. २।३१५-१६)

एषाम=सुजन्तद्विरादीनाम्। **दृष्टापचारः**=दृष्टव्यभिचारः' अनियतार्थकः कर्मप्रवचनीय इत्यर्थः। **तयोरेव**=सदृशयोरेव।

(रहस्य यह है कि भर्तृहरि ने वाक्यपदीय में अर्थनियामक 'संसर्गो विप्रयोगश्च' इत्यादि कारिका द्वारा बताये हैं उसकी व्याख्या में हेलाराजादि ने 'पञ्चम्यपाङ्परिभिः' इस सूत्र को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है और कहा है कि वर्जनार्थक 'अप' शब्द के साहचर्य के कारण यहाँ 'परि' शब्द भी वर्जनार्थक ही लिया जाता है। शब्दरत्न का विवेचन इसी पर पर आधृत है।)

[मनो०] साहचर्य सर्वत्र व्यवस्थापक नहीं होता है, इसी लिये 'दीधीवेवीटाम्' इस सूत्र में धातु के साहचर्य रहने पर भी आगम 'इट्' का ही ग्रहण होता है, धातु का नहीं। प्रस्तुत सूत्र उभयत्रविभाषा है, क्योंकि 'चतुः' शब्द के विसर्ग का तो षत्व 'इदुदुपधस्य' से प्राप्त है (क्योकि इसमें अप्रत्यय रेफ का विसर्ग है।) किन्तु 'द्विः' तथा 'त्रिः' इन दोनों का षत्व अप्राप्त है (क्योंकि इनमें प्रत्यय विसर्ग है।) इस स्थिति में इसमें विभाषा प्राप्त होती है। यह कि इन दोनों द्विस् तथा त्रिस् के विसर्ग का भी षत्व 'इसुसोः सामर्थ्ये' से होता है, ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि इस सूत्र में 'इस्' प्रत्यय हो और वह भी अर्थवान हो, वही लिया जाता है। (और इनमें केवल 'स्' प्रत्यय है।) [शब्द०] अर्थवान् और प्रतिपदोक्त 'इस्' प्रत्यय का ग्रहण समझना चाहिये।

[मनो०] चतुष्कपालः। (कृत्वसुच् अर्थ में वर्तमान चतुर् आदि के विसर्ग का ही वैकल्पिक ष होता है। अतः यहाँ नहीं होता है। अपितु) "इदुदुपधस्य चाप्रत्ययस्य' इससे नित्य 'ष्' होता है। [शब्द०] भाष्य के प्रामाण्य से इस 'चतुः शब्द में—या सूत्र में अव्युत्पत्तिपक्ष ही स्वीकार किया गया है' इसलिये—

व्यपेक्षाविरहेऽपीति । तिष्ठतु सर्पिष्कुण्डिकामानयेत्यादावित्यर्थः । व्यपेक्षायामिति । इदं सर्पिष्कुण्डिकाया इत्यत्रेत्यर्थः ।

यत्तु पारायणिका आहुः—"कस्कादिषु सर्पिष्कुण्डिकादीनां पाठ उत्तरपदस्थत्वेऽपि षत्वार्थः" इति, तद् भाष्यविरोधादुपेक्ष्यम् ।

अयःसहितेति । न त्वयसो विकारः, "जानपद—" (पा० सू० ४।१।४२) इति ङीष्प्रसङ्गात् । अयस्कर्णीति । अय इव कर्णौ यस्याः । "नासिकोदरौष्ठ—" (पा० सू० ४।१।५५) इत्यादिना ङीष् ।

कथ षत्वमिति न शङ्कयम् । अतएव "चतुष्पाद्भ्यो ढञ्" (पा० सू० ४।१।१३५) इत्यादिनिर्देशसंगतिः । इत्यर्थ इति । अत्रत्यन्तत्त्वं पूर्वं सूचितम् ।

तद्भाष्येति । "अनुत्तरपदस्थस्य" इति किं परमसर्पिःकुण्डिकेति "नित्यं समासे—" (पा० सू० ८।३।४५) इति सूत्रस्थभाष्येत्यर्थः ।

'व्युत्पत्तिपक्ष में प्रत्ययसम्बन्धी होने से कैसे 'ष्' होता है—यह शंका नहीं करनी चाहिये । (अव्युत्पत्तिपक्ष माना गया है) इसी लिये 'चतुष्पाद्भ्यो ढञ्' आदि निर्देश संगत होते हैं । (इसी प्रकार 'चतुष्पञ्चाशत्' इस की संगति है ।) (कस्कादिगण में सर्पिष्कुण्डिका' शब्द का पाठ यह ज्ञापित करने के लिये है कि असमास में और) व्यपेक्षा के अभाव में भी [मनो०] 'तिष्ठतु सर्पिष्कुण्डिकामानय' इत्यादि में षत्व के लिये है, यह अर्थ है । और व्यपेक्षा में—'इदं सर्पिष्कुण्डिकायाः' यहाँ नित्य षत्व होता है, यह अर्थ है । [शब्द०] यहाँ का तत्त्व पहले ('इदुदुपधस्य' इस सूत्र की व्याख्या में) सूचित किया जा चुका है ।

[मनो०] पारायणिकों ने जो यह कहा है ।—"कस्कादिगण में 'सर्पिष्कुण्डिका' आदि शब्दों का पाठ, उत्तरपदस्थ रहने पर भी, षत्व के लिये हैं" वह कथन भाष्यविरोध के कारण उपेक्षणीय है । [शब्द०] 'अनुत्तरपदस्थ का' इसके ग्रहण का क्या प्रयोजन है ? परमसर्पिः कुण्डिका' (इसमें ष न हो)—ऐसा 'नित्यं समासेऽनुत्तरपदस्थस्य' इस सूत्र पर स्थित भाष्य से विरोध के कारण [पारायणिकों का कथन उपेक्षणीय है,]—यह अर्थ है ।

('अतः कृकमिकंस० ८।३।४६ अकारोत्तरवर्त्ती अनव्यय विसर्ग का नित्य 'ष' होता है समास में करोति आदि शब्द परे रहते । किन्तु उत्तरपदस्थ का नहीं होता है ।) [मनो०] अयः सहिता कुशा—इस अर्थ में 'अयस्कुशा' बना है, [शब्द०] 'अयस्कुशा' इस आबन्तप्रयोग से सूचित अर्थ को और अधिक स्पष्ट करने के लिये लिखा है—[मनो०] न कि 'अयस् का विकार है' क्योंकि विकार अर्थ में 'जानपदकुण्ड०" इस सूत्र से ङीष् का प्रसंग है । अयस्कर्णी—अयः के समान हैं कान

"अधःशिरसी" ॥ (पा० सू० ८।३।४७) एतयोरिति । सूत्रे तु षष्ठ्याः स्थाने प्रथमा बोद्धव्या । अधस्पदमिति । मयूरव्यंसकादित्वात्समासः । शिरस्पदमिति । षष्ठीसमासः ।

॥ इति विसर्गसन्धिः ॥

———*———

आबन्तप्रयोगसूचितार्थं स्फुटप्रतिपत्तये आह—नत्वयस इत्यादि ॥

॥ इति विसर्गसन्धिः ॥

———*———

आबन्तेति । आबन्तं यत्सूत्रे "अतः कृकमि" इत्यत्र 'कुशेति, तदनुवादः ारममूले कुशेति कृतो विशेष्यबोधनाय न त्वयसो विकार इत्यर्थः ।

॥ इति जयशङ्करलालत्रिपाठि-विरचितायां 'भावप्रकाशिका'-व्याख्यायां विसर्गसन्धिः ॥

जिसके वह । यहाँ 'नासिकोदरोष्ठ'० इत्यादि सूत्र से ङीप् होता है ।

विमर्श—अयः सहिता कुशा—इस विग्रह में 'शाकपार्थिवादीनां सिद्धये उत्तरपदलोपो वक्तव्यः' से समास और 'सहिता' का लोप हो जाता है । यज्ञ में उद्गाताओं की स्तोत्रगणना के लिये गूलर [उदुम्बर] की लकड़ी से बनी शलाका 'कुशा' कही जाती है । आयस् = लोह-सहित कुशा = गणना की शलाका—यह अर्थ है । 'अयसः विकारः कुशा' इस अर्थ में तो ङीप् होने के कारण 'अयस्कुशी' ऐसा होना चाहिये था । अतः यहाँ टाप् प्रत्यय के कारण 'सहित अर्थ वाली' लेना है, विकार अर्थवाली नहीं ॥

[अधश्शिरसी पदे । ८।३।४७ अधस् तथा शिरस् के विसर्ग का 'स्' होता है ['पद' शब्द पर रहते ।] [मनो०] 'एतयोः' इस षष्ठी के अर्थ में सूत्र में 'अधश्शिरसी' यह प्रथमा का प्रयोग है । 'अधस्पदम् । [पदस्य अधः इस अर्थ में] 'मयूरव्यंसकादयश्च' इससे समास होता है । [और 'अधः' का पूर्वनिपात होता है ।] शिरस्पदम् [शिरसः पदम्—यह] षष्ठी-समास है । [अथवा शिरसि पदम्—इस सप्तमी अर्थ में 'सह सुपा' से समास है ।]

(मनो०) ॥ इस प्रकार विसर्गसन्धि समाप्त हुई ॥

(शब्द०) ॥ इस प्रकार विसर्गसन्धि समाप्त हुई ॥

विमर्श—यद्यपि 'सन्धानम् = सन्धिः, संहिता यह अभिप्राय है तथापि लक्षणा से सन्धि शब्द सन्धिनिमित्तक कार्य का भी प्रत्यायक होना है । इसलिये विसर्गसन्धि-का तात्पर्य है—विसर्गसंहितानिमित्तक कार्य, वह यहाँ समाप्त हुआ, यह तात्पर्य है ।

॥ इस प्रकार जयशङ्करलाल त्रिपाठि-विरचित 'भाव-बोधिनी' हिन्दी-व्याख्या में सशब्दरत्न प्रौढमनोरमा की विसर्गसन्धि समाप्त हुई ॥

———*———

अथ स्वादिसन्धिप्रकरणम्

"ससजुषो रुः" (पा० सू० ८।२।६६) पदस्येत्यनुवृत्तं ससजूर्भ्यां विशेष्यते, विशेषणेन तदन्तविधिः। न च सजूःशब्दांशे 'ग्रहणवता प्रातिपदिकेन तदन्तविधिर्नास्ति' इति निषेधः शङ्क्यः, तस्य प्रत्ययविधिविषयत्वात्।

तस्य प्रत्ययविधौति। अतएव "येन विधिः" (पा० सू० १।१।७२) इति सूत्रे भाष्ये प्रत्ययविधिभिन्ने "अप्तृन्" (पा० सू० ६।४।११) इत्यादौ गृह्यमाणप्रातिपदिकेनापि तदन्तविधिप्रतिपादनं स्वसा परमस्वसेत्युदाहृतं च सङ्गच्छते। अस्य "समासप्रत्ययविधौ—" इति निषेधानुवादकताया एव

ससजुषोः रुः। पदान्तस्य सस्य 'सजुष्' शब्दस्य च रुः स्यादिति वृत्तिः। मूले—अनुवृत्तमिति। 'पदस्य' (८।१।१६) इति सूत्रमिति भावः। ग्रहणवतेति। सूत्रादौ पठ्यमानं प्रतिपदिकमात्मान्तस्य बोधकं न भवतीत्यर्थः। तस्य=ग्रहणव-

---

[मनो०] अब स्वादिसन्धि प्रारम्भ होती है—

[प्रातिपदिकसंज्ञक 'शिव' शब्द से 'स्वौजसमौट् ४।१।२ से 'सु'=स् प्रत्यय करने पर 'शिवस्+अर्च्यः' इस स्थिति में—]

ससजुषोः रुः। इसमें 'पदस्य' ८।१।१६ यह अनुवृत्त होता हुआ स् तथा सजुष् से विशेषित किया जाता है [अर्थात् 'पदस्य' यह विशेष्य बनता है और स् तथा 'सजुष्' विशेषण बनते हैं।] और विशेषण से तदन्तविधि होती है। [क्योंकि 'येन विधिस्तदन्तस्य' यह परिभाषा है।] 'ग्रहणवाले=पठित प्रातिपदिक से तदन्तविधि नहीं होती है' इस परिभाषा से 'सजुष्' शब्दांश में तदन्तविधि नहीं होगी, यह शंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि यह परिभाषा केवल प्रत्ययविधि के विषय में प्रवृत्त होती है। [यहाँ प्रत्ययविधि न होने से इस परिभाषा की प्रवृत्ति नहीं होने से तदन्तविधि में बाधा नहीं है।] [शब्द०] इसी कारण 'येन विधिस्तदन्तस्य' इस सूत्र पर भाष्य में प्रत्ययविधि से भिन्न 'अप्तृन्' इत्यादि [उपधादीर्घविधायक] सूत्र में गृह्यमाण प्रातिपदिक से भी तदन्तविधि का प्रतिपादन और 'स्वसा' 'परमस्वसा' ये उदाहरण संगत होते हैं। [यदि निषेध सार्वत्रिक होता तो 'परमस्वसा' में भी दीर्घ नहीं हो पाता।] और इस [तदन्तविधिनिषेधक उक्त] परिभाषा को "समास तथा प्रत्ययविधि में तदन्त विधि नहीं होती है" इस निषेधवचन का अनुवाद [पुनः कथन] करने वाली

सान्तं सजुष्शब्दान्तं च यत्पदं तस्य रुः स्यात्, स चालोऽन्त्यस्य। एवं स्थिते फलितमाह—पदान्तस्येति। सजुष्शब्दस्येति। तदन्तस्य पदस्येत्यर्थः। तेन 'सजुषः' इत्यादौ नातिप्रसङ्गः। न च सजूरित्यत्राव्याप्तिः 'व्यपदेशिवद्-

युक्तत्वाच्च।

यत्तु—अस्य ज्ञापकं "सपूर्वाच्च" (पा०सू० ५।२।८७) इति सूत्रम्। अन्यथा "पूर्वादिनिः" (पा० सू० ५।२।८६) इत्यत्र तदन्तविधिनैव सिद्धे किं तेन? तत् "प्रत्ययविधौ प्रतिषेधः" इत्यस्यैव ज्ञापकमिति वक्तुं शक्यम्। अत एव तदन्तविधिसूत्रभाष्ये "समास—"इत्यादिनिषेधवदस्य न कथनमिति

तेति वचनस्य। शब्दरत्ने—अत एव=ग्रहणवतेति वचनस्य प्रत्ययविधिमात्रविषयत्वादेवेत्यर्थः। संगच्छते इति। यदि तस्य वचनस्य सर्वत्र प्रवृत्तिः स्यात्तदा भाष्योक्तं 'परमस्वसा' इत्युदाहरणं संगतं न स्यादिति भावः। अस्य=ग्रहणवतेति वचनस्य। अन्यथा—तत्परिभाषानङ्गीकारे। तेन='सपूर्वाच्च' इति सूत्रेणे-

मानना ही ठीक है।

जो यह कहते हैं कि—'सपूर्वाच्च' यह इस [ग्रहणवता०] परिभाषा में ज्ञापक है। क्योंकि ऐसा न मानने पर तो 'पूर्वादिनिः' इसमें तदन्तविधि मानने से ही [कृतपूर्वी कटम् आदि में 'पूर्व' शब्दान्त से भी इनि प्रत्यय] सिद्ध हो जाने पर इस 'सपूर्वाच्च' सूत्र की क्या आवश्यकता? परन्तु यह ['सपूर्वाच्च'] सूत्र 'प्रत्ययविधि में तदन्तविधि नहीं होती है' इसी का ज्ञापक है, यह कहा जा सकता है। [न कि सर्वत्र तदन्तविधि नहीं होती—इसका ज्ञापक है। 'प्रत्ययविधौ तदन्तविधिर्न' इसी वचन से 'ग्रहणवता प्रातिपदिकेन तदन्तविधिर्न' यह वचन भी गतार्थ है, अतिरिक्त नहीं है।] इसी लिये 'येनविधिस्तदन्तस्य' (१।१।७२) इस सूत्र पर भाष्य में 'समास और प्रत्ययविधि में तदन्तविधि नहीं होती है।' इस निषेध के समान 'ग्रहणवता प्रातिपदिकेन तदन्तविधिर्न' यह वचन नहीं कहा गया है, यह समझना चाहिये।

[मनो० पूर्वोक्त रीति से 'सजुष्' प्रातिपदिक में भी तदन्तविधि हो जाने से] सकारान्त और सजुष्शब्दान्त जो पद उसका 'रु' होता है, [और यह सम्पूर्ण पद के स्थान पर न होकर] 'अलोऽन्त्यस्य' (१।१।५२) के अनुसार अन्त्य अल् वर्ण [स्, ष्] का ही होता है। ऐसा हो जाने पर जो अर्थ फलित हुआ उसे [सिद्धान्तकौमुदी में] लिखा है—पदान्त 'स्' का 'रु' होता है। और 'सजुष' शब्द का=सजुष्शब्दान्त पद का 'रु' होता है—यह अर्थ है। इस लिये सजुषः' में [इस सजुष्+अस् में 'ष्' के रुत्व की] अतिव्याप्ति नहीं है। ऐसा मान लेने पर 'सजूषः' इसमें अव्याप्ति होने लगेगी क्योंकि [यहाँ तो अकेला 'सजुष्' शब्द है और]

द्भावोऽप्रातिपदिकेन' इति निषेधादिति वाच्यम्, "येन विधिः" इति सूत्र शब्दकौस्तुभेऽस्य प्रत्याख्यातत्वात् ।

बोद्धयम् । प्रत्याख्यातत्वादिति । अस्याः फलाभावात् । "सूत्रान्ताट्ठक्" (पा०सू० ४।२।६०) "दशान्ताड्डः" (पा० सू० ५।२।५२) इत्यादावन्तग्रहण-सामर्थ्येन व्यपदेशिवद्भावाप्रवृत्तेरिति भावः ।

ननु "एकगोपूर्वात्—" (पा० सू० ५।२।११) इत्यस्य केवलैकशब्दगो शब्दयोरप्रवृत्त्यर्थं साऽऽवश्यकी, "सूत्रान्तात्—" (पा० सू० ५।२।४४) "दशान्तात्" (पा० सू० ५।२।४५) इत्यर्थं च । तत्रान्तग्रहणं तु प्रत्यय-विधौ तदन्तग्रहणनिषेधात्तदन्ते प्रवृत्त्यर्थमावश्यकमिति न तत्सामर्थ्याद्व्यपदे-शिवद्भावाप्रवृत्तिर्वक्तुं शक्या ।

त्यर्थः । तत् = 'सपूर्वाच्च' इति सूत्रम् । अस्य = ग्रहणवतेति वचनस्य । मूले— अस्य = 'व्यपदेशिवद्भावोऽप्रातिपदिकेनेति वचनस्य । शब्दरत्ने - अस्याः = 'व्यप-

---

'प्रातिपदिक से व्यपदेशिवद्भाव नहीं होता है' इस परिभाषा से व्यपदेशिवद्भाव का निषेध हो जाने से केवल 'सजुष्' 'सजुष्शब्दान्त' नहीं है अर्थात् तदन्तविधि का निषेध हो जाता है—ऐसा नहीं कहना चाहिए, क्योंकि 'येन विधिस्तदन्तस्य' इस सूत्र की व्याख्या में 'शब्दकौस्तुभ' में इस वचन ['व्यपदेशिवद्भावोऽप्रातिपदिकेन'] का प्रत्याख्यान किया गया है । [शब्द०] क्योंकि इस वचन का कोई फल नहीं है । कारण यह है कि ['क्रतूक्थादि–] सूत्रान्ताट्ठक्' (४।२।६०) और 'दशान्ताड्डः' ५।२।४५ आदि सूत्रों में 'अन्त'-ग्रहण के सामर्थ्य से (प्रातिपदिक में) व्यपदेशिवद्भाव की प्रवृत्ति नहीं होती है, यह भाव है ।

[यदि प्रातिपदिक के ग्रहण में भी तदन्तविधि होती तो केवल 'सूत्र' ही 'सूत्र और सूत्रान्त दोनों का बोधक हो जाता, 'दश' ही दश और दशान्त दोनों का बोधक हो जाता । इन सूत्रों में 'अन्त' ग्रहण व्यर्थ हो जाता है वही ज्ञापित करता है कि प्रातिपदिक ग्रहण में व्यपदेशिवद्भाव नहीं होता है ।]

यह कि—'एकगोपूर्वाट्ठञ् नित्यम्' यह सूत्र केवल 'एक' तथा 'गो' शब्द में [ठञ् के लिये] प्रवृत्त न हो, इसके लिये वह ['व्यपदेशिवद्भावोऽप्रातिपदिकेन'] परिभाषा आवश्यक है । [अन्यथा केवल 'एक' भी 'एकपूर्व' और 'गो' भी 'गोपूर्व' बनने लगेगा ।] और 'सूत्रान्ताट्ठक्' तथा 'दशान्ताड्डः' इनके लिये भी वह आवश्यक है । (तब अन्तग्रहण का क्या फल है ?) इन सूत्रों में अन्तग्रहण तो प्रत्ययविधि में तदन्तविधि का निषेध होने से तदन्त = सूत्रान्त और दशान्त में प्रत्ययविधान करने के लिये आवश्यक है, इस लिये 'अन्तग्रहणसामर्थ्य से व्यपदेशि-वद्भाव की प्रवृत्ति नहीं होती है' यह नहीं कहा जा सकता । [अर्थात् 'अन्तग्रहण

न च भयाढ्यादाविव "सूत्रान्तात्—" इत्यादौ विशेषणविशेष्यभावव्यत्यासेन सिद्धेऽन्तग्रहणसामर्थ्यं सूपपादमिति कौस्तुभोक्तरीत्या निर्वाहः। "समासप्रत्ययविधौ—" इत्यादीनां सूत्रशब्दादेर्विशेष्यत्वे तात्पर्यग्राहकत्वस्य सत्त्वेन विपरीतस्य तस्य वक्तुमशक्यत्वात्।

न चास्यां मानाभावः। "पूर्वात्सपूर्वादिनिः (पा० सू० ५।२।८६)

चरितार्थ है, ज्ञापक नहीं बन सकता।]

यह कि 'भय' 'आढ्य' आदि के समान 'सूत्रान्ताट्ठक्' इत्यादि में विशेषण-विशेष्यभाव के व्यत्यास [वैपरीत्य] से सिद्ध हो जाने पर अन्तग्रहण का सामर्थ्य सरलतया उपपादित किया जा सकता है—इस प्रकार की शब्दकौस्तुभोक्त रीति से निर्वाह हो जाता है—ऐसा नहीं कहा जा सकता, क्योंकि 'समास और प्रत्ययविधि में तदन्त का प्रतिषेध होता है' इत्यादि वचनों की 'सूत्रादि' शब्दों की विशेष्यता में तात्पर्यग्राहकता है, इस कारण विपरीत विशेष्यविशेषणभाव नहीं कहा जा सकता।

विमर्श—यहाँ आशय यह है कि 'मेघर्तिभयेषु कृञः' (३।२।४३) यह सूत्र 'मेघ, ऋति, और भय' शब्द उपपद रहते 'कृ' धातु से खच् प्रत्यय करता है। इसमें 'कर्मणि' की अनुवृत्ति होती है और यह विशेष्य बनता है, भय आदि विशेषण बनते हैं। इस प्रकार विशेषणभूत 'भय' से तदन्तविधि करके 'भय' और भयशब्दान्त 'अभय' दोनों का ग्रहण होने से 'भयङ्करः' तथा 'अभयङ्करः' ये रूप होते हैं। किन्तु 'मेघ' तथा 'ऋति' विशेषण नहीं बनते हैं, अतः उनसे तदन्तविधि नहीं होती है।

इसी प्रकार 'आढ्य सुभग०' आदि सूत्र में भी अनुवृत्त 'कर्मणि' यह विशेष्य होता है और 'आढ्यादि' विशेषण। विशेषण से तदन्तविधि करके आढ्य उपपद 'कृ' से ख्युन् करने पर 'आढ्यङ्करणम्' तथा तदन्त 'स्वाढ्य' उपपद 'कृ' से भी ख्युन् करके 'स्वाढ्यङ्करणम्' ये दोनों शब्द बनते हैं।

उक्त विवेचन का सारांश यह है कि अनुवृत्त पद भी कभी विशेष्य होता है और कभी विशेषण। इसलिये सूत्र को विशेषण बनाकर तदन्तविधि करके 'सूत्रान्त' [सग्रहसूत्र, कल्पसूत्र आदि] से प्रत्यय होता है। इसलिये अन्तग्रहण व्यर्थ है। उसके ग्रहणसामर्थ्य से 'व्यपदेशिवद्भावोऽप्रातिपदिकेन' इसकी प्रवृत्ति नहीं हो सकती—यह कहना तर्कसंगत नहीं है, क्योंकि 'समासप्रत्ययविधौ प्रतिषेधः' 'ग्रहणवता प्रातिपदिकेन तदन्तविधिर्नास्ति' आदि विधियाँ यही ज्ञान कराती हैं कि 'सूत्र' आदि शब्द विशेष्य ही रहते हैं विशेषण नहीं बनते हैं। अतः 'सूत्रान्त' और 'दशान्त' में अन्तग्रहण चरितार्थ है, इसको ज्ञापक नहीं माना जा सकता।

[शब्द०] 'व्यपदेशिवद्भावोऽप्रातिपदिकेन' इसमें कोई प्रमाण नहीं है, ऐसा नहीं

इत्येकयोगेन सिद्धे पृथग्योगकरणस्य मानत्वात्। न च "इष्टादिभ्य" (पा० सू० ५।२।८८) इत्यत्रानुवृत्त्यर्थं तथा पाठः। अत एवानिष्टीत्यादिसिद्धिरिति वाच्यम्, ज्ञापकपरभाष्यप्रामाण्येनानिष्टीत्यादिप्रयोगाणाम-निष्टत्वात्। एकयोगेऽपि तत्रैव स्वरितत्वबलेन तावत एवोत्तरत्रानुवृत्तौ बाधकाभावाच्च। व्यपदेशिवद्भावस्य प्रातिपदिके निषेधस्वीकारादेव "नान्तादसंख्यादेः-" (पा०सू० ५।२।४९) इति चरितार्थम्। अन्यथा पञ्चमः इत्यादावपि व्यपदेशिवद्भावेन संख्यादित्वात्तद्वैयर्थ्यं स्पष्टमेवेत्यरुचेराह—

देशिवद्भाव' इति परिभाषाया इत्यर्थः। **सा**=व्यपदेशिवदिति परिभाषा। **तत्र**=उक्तसूत्रयोः। **तस्य**=विशेष्यविशेषण - भावस्य। **अस्याम्**=व्यपदेशिवद्भावोऽप्रातिपदिकेनेति परिभाषायामित्यर्थः। **तथा पाठः**=पृथक् सूत्रपाठ इत्यर्थः। **अत एव**='सपूर्वादि'त्यस्यानुवृत्तेरेवेत्यर्थः। ननु तत्र तादृशोक्त्य-

---

कहना चाहिये, क्योंकि 'पूर्वात्सपूर्वादिनिः' इस प्रकार के एक सूत्र से ही सम्भव रहने पर 'सपूर्वाच्च' यह अलग सूत्र बनाना ही इसमें प्रमाण है। [यदि प्रातिपदिक मे भी व्यपदेशिवद्भाव होता तो 'पूर्व' को ही पूर्वसहित भी मानकर कृतपूर्वी' आदि सिद्ध हो जाते। यह सूत्र व्यर्थ होकर उक्त परिभाषा में ज्ञापक होता है।] यह कि—'इष्टादिभ्यश्च' इस सूत्र में अनुवृत्ति के लिए 'सपूर्वात्' यह पृथक् पाठ है। इसीलिये [इष्टी के समान] 'अनिष्टी' आदि प्रयोगों की सिद्धि होती है, [अतः पृथग्योगकरण सार्थक है, व्यर्थ नहीं है। वह इस परिभाषा में ज्ञापक नहीं बन सकता]—ऐसा नहीं कहना चाहिए क्योंकि ('येन विधिस्तदन्तस्य' इस) ज्ञापक, सूत्र पर स्थित भाष्य के प्रामाण्य से 'अनिष्टी' इत्यादि प्रयोग ही इष्ट नहीं है। और ['एकयोगनिर्दिष्टानामेकदेशोऽप्यनुवर्तते' इसके अनुसार] एक सूत्र होने में भी 'सपूर्वात्' इतने अंश में ही स्वरितत्व की प्रतिज्ञा के कारण इतने अर्थात् 'सपूर्वात्' की ही अग्रिम सूत्र में अनुवृत्ति में कोई बाधक नहीं है। [अतः यह योगविभाग परिभाषा का ज्ञापक होता है।] प्रातिपदिक में व्यपदेशिवद्भाव का निषेध माना ही जाता है, इसी कारण "नान्तादसंख्यादेर्मट्" यह सूत्र चरितार्थ है, अन्यथा 'पञ्चमः' इत्यादि में भी व्यपदेशिवद्भाव से संख्यादि [संख्या है आदि में जिसमें ऐसा] होने से इस सूत्र का वैयर्थ्य स्पष्ट ही है। [यदि प्रातिपदिक में भी व्यपदेशिवद्भाव होता तो केवल 'पञ्चन्' भी संख्यादि [संख्यावाची है आदि में जिसके ऐसा] बन जाता। असंख्यादि नहीं मिलता, सूत्र व्यर्थ होने लगता है। वही प्रातिपदिक में व्यपदेशिवद्भाव के निषेध को सूचित करता है]—इसी अरुचि के कारण

'व्यपदेशिवद्भावोऽप्रातिपदिकेन' इति; 'ग्रहणवता—' इति च परिभाषाद्वयमपि प्रत्ययविधिविषयकमिति "दिव उत्" (पा० सू० ६।१।१३१) सूत्रे कैयटहरदत्ताभ्यामुक्तत्वाच्च । एवं च परमसजूर्भ्यामित्याद्यपि निर्बाधम् । एवं स्थिते 'इह सजुष्शब्देन तदन्तविधिर्ने'ति प्राचामुक्तिरापातत इत्यवधेयम् ॥

व्यपदेशिवद्भाव इत्यादि । दिव उत्सूत्रं यत्रेति बहुव्रीहिणा तत्सूत्रघटिते पादे इत्यर्थः । एवं च "दिव उत्" (पा० सू० ६।१।१३१) इति सूत्रे हरदत्तेन "इन्द्रे च" (पा० सू० ६।१।१२४) इति सूत्रे कैयटेनोक्तमिति भावः । "येन विधिः—" (पा० सू० १।१।७२) इति सूत्रे कैयटेन सूत्रोपात्तान्तादिशब्दविषयतास्येति वदता स्पष्टमेव प्रत्ययविधिविषयतोक्ता । "असमासे निष्कादिभ्यः" (पा० सू० ५।१।२०) इति सूत्रे भाष्ये कैयटे च स्पष्टमनयोः प्रत्ययविधिविषयतोक्तेति दिक् । इत्याद्यपीति । आदिना सजूर्भ्यामिति ॥

भावात् कैयटहरदत्तमतकथनमसङ्गतमत आह—'दिव उत्' सूत्रं यत्रेति बहुव्रीहिणेत्यादि ॥

[मनो०] में कहा है—'प्रातिपदिक से व्यपदेशिवद्भाव नहीं होता है' और 'ग्रहणवान् = गृह्यमाण प्रतिपादिक से तदन्तविधि नहीं होती है' ये दोनों ही परिभाषायें प्रत्यय-विधि-विषयिणी हीं हैं, यह 'दिव उत्' इस सूत्र पर कैयट और हरदत ने कहा है ।

[शब्द०] 'दिव उत्' सूत्रे'='दिव उत्' सूत्र है जिसमें' इस बहुव्रीहि के द्वारा इस सूत्र से घटित पाद में– यह अर्थ है । क्योंकि 'दिव उत्' इस सूत्र [की काशिकावृति की पदमञ्जरी] में हरदत्त ने और 'इन्द्रे च' इस सूत्र के भाष्य पर कैयट ने कहा है, यह भाव है । 'येनविधिस्तदन्तस्य' इस सूत्र (के भाष्य) में कैयट ने—'सूत्रान्तात्' आदि सूत्र में उपात्त 'अन्त' 'आदि' शब्दों का विषय यह [व्यपदेशिवद्भावोऽप्रातिपदिकेन] है' ऐसा कहते हुये इस न्याय की प्रत्ययविधि-विषयता स्पष्ट रूपेण कही है । 'असमासे निष्कादिभ्यः' इस सूत्र में और भाष्य में स्पष्ट रूप से इन दोनों परिभाषाओं की प्रत्ययविधिविषयता [प्रत्ययविधि में ही प्रवृत्ति] कही है, यह दिग्दर्शन है । [मनो० इस प्रकार प्रत्ययविधि न होने से 'सजुष्' से भी तदन्तविधि होती है ।] इस स्थिति में 'सजूर्भ्याम्' 'परमसजूर्भ्याम्' इत्यादि सभी शुद्ध हैं । [परमसजुष्+भ्याम् 'ससजुषोः रुः' इससे 'ष्, का 'रु'=र करने पर 'रेफान्त की उपधा का दीर्घ र्वोरुपधायाः' सूत्र से होता है ।] इस स्थिति में 'इस सूत्र में सजुष्' शब्द से तदन्तविधि नहीं होती है' यह प्राचीन आचार्यों की उक्ति आपाततः [अविचारपूर्वक शीघ्रता में] है, यह समझना चाहिये ॥

"भोभगो" (पा० सू० ८।३।१७)। 'असन्धिः सौत्र इति । भगो-अघोशब्दयोरोकारस्याकारस्य च पूर्वरूपं सौत्रत्वान्नेत्यर्थः। यदि तु भोस्, भगोस्, अघोस् इति सान्तं रान्तं वा अनुकृत्य भो इत्यादीनां त्रयाणामलोऽन्त्यस्य यः स्यादपूर्वस्य रोश्चेति व्याख्यायते, तर्हि असन्धिर्न्याय्य एव।

ननु सान्तानुकरणे 'विभाषा भवत्—" इति वार्तिकनिष्पन्नानां ग्रहणं न स्यादत आह—रान्तं वेति। कृतरुत्वानुकरणमित्यर्थः। अलोऽन्त्यस्येति। न च भो राजसे इत्यादौ "रो रि" (पा० सू० ८।३।१४) इति लोपे कृते एकदेशविकृतन्यायेन भोः शब्दत्वादन्त्यस्यौकारस्य यत्वापत्तिरिति वाच्यम्, तेषामभिधाने एषां रोरपूर्वस्य च रोरिति व्याख्यानेनादोषो बोद्धव्यः। अत्र पक्षेऽघोशब्दान्तद्वंद्वे षष्ठ्याः सौत्रो लुक् बोद्धव्यः।

भो-भगो० [भो. भगो, अघो—ये जिसके पूर्व में है ऐसे 'रु' का 'य्' होता है, अश् परे रहते ।] [मनो०] 'भगो' तथा 'अघो' इन शब्दों के ओकार तथा अकार [इसी प्रकार 'अघो' तथा 'अपूर्वस्य' के ओकार और अकार] का पूर्वरूप सौत्र प्रयोग होने से नहीं होता है, यह अर्थ है। ['सूत्रे कृतः' अथवा 'सूत्रेण निर्वृत्तः' इस अर्थ में अण् प्रत्यय करने पर 'सौत्रः' बना है।] भोस्, भगोस्, अघोस्—ऐसे सकारान्त का अथवा भोर्, भगोर्, अघोर्—ऐसे रेफान्त का अनुकरण करके 'भो' आदि तीन शब्दों के अन्त्य अल् [स् या र] का य् होता है और अपूर्वक रु सम्बन्धी रेफ का य् होता है [अश् परे रहते]—यह व्याख्या यदि की जाय तब तो सन्धि न होना ही उचित है।

[शब्द०] सकारान्त का अनुकरण मानने पर 'विभाषा भवद्भगवदघवच्चास्यान्यतरस्याम्' इस वार्तिक से निष्पन्न शब्दों का ग्रहण नहीं हो सकेगा, इस कारण मनोरमा में लिखा है—'अथवा रान्त का अनुकरण' इत्यादि। किया गया है रुत्व जिसका उसका अनुकरण—यह अर्थ है। अन्त्य अल् का य् होता है। यह कि— भोर् + राजसे' यहाँ 'रो रि' सूत्रसे 'र्' का लोप कर देने पर 'एकदेश से विकृत अन्य के समान नहीं हो जाता है' इस परिभाषा से अन्त्य अल् 'ओ' का यत्व प्रसक्त होता है—ऐसा नहीं कहना चाहिये, क्योंकि [आवश्यक होने से] इसके अभिधान में इन तीनों के 'रु' का तथा अपूर्वक 'रु' का 'य्' होता है इस व्याख्यान से दोष नहीं है। [क्योंकि य् का लोप हो जाता है। अतः 'ओ' के यत्व की आपत्ति नहीं आती है।] इस [कृतरुत्व के अनुकरण] पक्ष में 'अघो' शब्द के अन्त में अर्थात् 'भोभगोअघो' इस द्वन्द्व में षष्ठी विभक्ति का सौत्र अलुक् समझना चाहिये। [अर्थात् दो अर्थ करने के लिये दो पद मानने होंगे—(१) 'भो भगो अघो' इस द्वन्द्व में सौत्र षष्ठीलुक् है, (२) अपूर्वस्य। ऐसा मानकर ही उक्त अर्थ सम्भव है।]

युक्तं चैतत् । अन्यथा विभोरिदं, सुप्रभा गौर्यस्य स सुप्रभगुस्तस्य सुप्रभगोरिदं, रघोरिदमित्यत्रापि यत्वापत्तेः । भवति ह्ययं भोशब्दादिपूर्वो रुः । न चात्र भोशब्दादेर्लाक्षणिकत्वादग्रहणम् । "विभाषा भवद्भगवदघवतामोच्चावस्य" इति वार्तिकेन निष्पन्नानां भवदादिप्रकृतिकानां भोकब्दादीनामपि लाक्षणिकत्वाविशेषात् । अनर्थकत्वमप्युभयत्र तुल्यम्, रुविशिष्टानामेवार्थवत्त्वात् ।

ननु रोरुकारस्यानुबन्धत्वाद्रफमात्रं विसर्गस्य स्थानि; तथा च "अनल्विधौ" इति स्थानिवद्भावो न स्यादित्याशङ्क्याह—न ह्ययमिति ।

[मनो० भो भगो अघो में सान्त अथवा रान्त का अनुकरण मानकर इन तीनों के अन्त्य अल् का 'य्' और अपूर्वक रु का 'य्' होता है—अर्थ करना चाहिये ।] और यह ठीक भी है । अन्यथा (षष्ठ्यन्त) 'विभोर् इदम्' तथा 'सुप्रभा गौः यस्य सः [सुन्दर प्रभा वाली गाय है जिसकी वह] सुप्रभगुः, उसका 'सुप्रभगोर् इदम्' और 'रघोर् इदम्' इनमें भी यत्व की आपत्ति होगी क्योंकि इनमें भो-भगो-अघोपूर्वक 'रु' हो जाता है । [अतः इन शब्दों का अनुकरण मानना ही उचित है ।] यह कि--इनमें 'भो' शब्द आदि लाक्षणिक [सूत्र द्वारा निष्पन्न] हैं, इस कारण ['लक्षणप्रतिपदोक्तयोः प्रतिपदोक्तस्यैव ग्रहणम्' इस परिभाषा के कारण] इनका ग्रहण नहीं होगा, ऐसा नहीं कहा जा सकता, क्योंकि 'विभाषा भवद्भगवदघवतामोच्चावस्य' इस वार्त्तिक से निष्पन्न, भगवद् आदि शब्दरूप प्रकृति वाले 'भो' आदि शब्द भी लाक्षणिक हो जाते हैं, अतः इनमें कोई अन्तर नहीं है, अनर्थकता भी दोनों की समान है, क्योंकि रुविशिष्ट ही अर्थवान् होते हैं । [अतः केवल 'भो' आदि अनर्थक ही है । अतः सान्त अथवा कृतरुत्व वाले रान्त भोर् भगोर् अघोर् का अनुकरण ही मानना तर्कसंगत है । इनका अन्त्य अल् वह 'स्' हो या 'र्', उसका 'य्' और अपूर्वक रु का 'य्' होता है—यही अर्थ ठीक है ।]

यह कि, 'रु' का उकार तो अनुबन्ध है अतः केवल 'र्' विसर्ग का स्थानी है । इस प्रकार [अल्-मात्र-स्थानिकविधि होने से] यह अल्विधि है 'अनल्विधौ' इससे स्थानिवद्भाव नहीं हो सकता—इस प्रकार की शंका करके [सिद्धान्तकौमुदी में] कहा गया कि—यह अल्विधि नहीं है । [क्योंकि 'रु' इस समुदाय का 'यू' किया जा रहा है । अश् परे रहते ही यह 'य्' होता है । यदि 'अशि' यह नहीं होगा तो देवास्+सन्ति यहाँ भी स् का रु और इसका 'य्' होने लगेगा । यह 'यत्व' त्रिपदीस्थ है और विसर्ग सपादसप्ताध्यायीस्थ । अतः इस की दृष्टि में यत्व असिद्ध हो जायेगा, विसर्ग मिलने लगेगा । इस विसर्ग का

यथाऽग्रहीदित्यत्र "ग्रहोऽलिटि" (पा० सू० ७।२।३७) इति दीर्घस्य स्थानिवद्भावेनेट्त्वात् "इट ईटि" (पा०सू० ७।२।२८) इति प्रवर्तते। एवमिहापि विसर्गस्य रुत्वाद्यत्वं प्रवर्ततेति भावः। तथा च स्थानिवत्सूत्रे भाष्यम्—"विशिष्टं ह्ययेषोऽनलमाश्रयते इट नाम" (म० भा० १।१।५६) इति। इतोऽपि हेतोर्धात्वङ्गेत्यादिपरिगणनमशुद्धमित्यवधेयम्।

अवधेयमिति। यदि "ग्रहोऽलिटि" (पा० सू० ८।२।२८) इति सूत्रे इटः स्थानित्वेन निर्देश इति तत्रानलाश्रयणम्, प्रकृते तु विसर्गे रेफस्यैव स्थानित्वाद्वैषम्यम्, "अनल्विधौ" इत्यस्य स्थान्यल्वृत्तिधर्माश्रये स्थानि-

---

भो-भगो-अघो-अपूर्वस्य योऽशि। एतत्पूर्वकस्य रोर्यादेशः स्यादशि परे—इति वृत्तिः। मूले—अत्र=भोभगो इति सूत्रे। अत्र सूत्रे 'अशि' इति ग्रहणस्य फलं—'देवास्सन्ति' इति परममूले उक्तम्। अत्र सस्य रुत्वे विसर्गे सत्त्वे च रूपं सिध्यति। अश्परक-रोरभावाद् यत्वं न भवति। ननु 'देवार् सन्ति' ति दशायां यत्वस्या-

---

स्थानिवद्भाव करके रुत्व करने से 'य्' की अतिप्रसक्ति होती है। वह न हो, इसके लिए सूत्र में 'अश्परे' यह है। 'देवास् सन्ति' में अश् नहीं है। यत्व की आपत्ति नहीं है। चूंकि 'रु' इस समुदाय का यत्व करना है अतः अल्मात्रविधि न होने से स्थानिवद्भाव में कोई बाधा नहीं है, ऐसा समझना चाहिये।]

जिस प्रकार 'अग्रहीत्' इस में 'ग्रहोऽलिटि' इस सूत्र से विहित दीर्घ 'ई' का स्थानिवद्भाव से इट्त्व मानकर 'इट ईटि' यह सूत्र प्रवृत्त होता है। [और अग्रह् ई+स् ईत् में 'स्' लोप करता है।] इसी प्रकार यहाँ 'देवास्सन्ति' [देवाः सन्ति] में भी विसर्ग का [स्थानिवद्भाव करके] रुत्व करके यत्व की प्रवृत्ति होने लगेगी, [वह न हो सके इसके लिये सूत्र में 'अशि' इसका ग्रहण है] यह भाव है। जैसा कि 'स्थानिवदादेशः' (१।१।५६) सूत्र पर भाष्य है—"यह ['इट ईटि' सूत्र सकार का लोप करने में] विशिष्ट अनल् इट् का आश्रयण करता है।" इससे भी (अर्थात् इट् के आदेश ईट् का संग्रह न हो सकने के कारण भी) 'धात्वङ्गकृत्तद्धिताव्ययसुप्तिङ्पदादेशाः स्थानिवत्' यह प्राचीनोक्त परिगणन अशुद्ध है, ऐसा समझना चाहिए।

[शब्द०] प्राचीनोक्त परिगणन अशुद्ध समझना चाहिए। यदि 'ग्रहोऽलिटि' इस सूत्र में 'इट्' का स्थानीरूप से निर्देश है इसलिये उसमें अल्मात्र का आश्रयण नहीं है परन्तु प्रस्तुत स्थल पर [देवाः सन्ति में] तो विसर्ग में रेफ [अल्मात्र] का ही आश्रयण होने से भेद है। [दृष्टान्त में इट्=अल्-समुदाय स्थानी है और विसर्ग में अल्मात्र रेफ स्थानी है। अतः भेद स्पष्ट है।]—'अनल्विधि में' इसके

सम्बन्ध्यल्वृत्तिधर्माश्रये च नेत्यर्थं तत्र स्थान्यल्रेफवृत्ति रुत्वं स्थानिवत्त्वेन दुर्लभमल्विधित्वात् । स्पष्टं चेदं प्रकृतसूत्रे भाष्ये इत्युच्यते–तदा पयःस्वित्यत्र यत्ववारणायाशीति । तत्र हि "रोः सुपि" (पा० सू० ८।३।१६) इति विसर्गः । नियमशास्त्राणां च विधिमुखेनैव[1] प्रवृत्तिरिति तत्र रुविशिष्टः

सिद्धतया विसर्ग एव स्यादिति 'अश्' ग्रहणं व्यर्थमिति शंकां निराकर्तुं परममूले उक्तम् – 'यद्यपीह यत्वस्याद्धित्वाद् विसर्गो लभ्यते, तथापि विसर्गस्य स्थानिवद्भावेन रुत्वाद् यत्वं स्यात् ।' अयं भावः–स्थानिवदादेशोऽनल्विधौ' इति सूत्रेण उकारेत्संज्ञक-रुत्वरूपस्य विसर्ग-स्थानिवृत्तधर्मस्य विसर्गे तदभावति तत्प्रकारक ज्ञानविषयत्वरूपाति-देशाद् विसर्गस्यापि रो रूपत्वाद् यत्वं स्यात्तद्वारणाय 'अशि' इति ग्रहणं बोध्यम् । **न ह्ययमल्विधिः**, रोरिति समुदायरूपाश्रयणात् । तेन 'अनल्विधा'विति निषेधो न प्रवर्तेत, उक्त लक्ष्ये यत्वापत्तिः स्यादिति तद्वारणार्थम् 'अश्' इत्यस्य ग्रहणमावश्यकम् । मूले **धात्वङ्गेत्यादि** । 'स्थानिवत्' सूत्रे प्राचोक्तम् 'धात्वङ्गकृत्तद्धिताव्ययसुप्तिङ्प-दादेशाः' इतिपरिगणनमशुद्धम् । शब्दरत्ने––**तत्र**=='इट ईटि' इति सूत्रे । **प्रकृते**= भोभगो–इति सूत्रे । **वैषम्यमिति** । अत्र अल्मात्राश्रयणमिति भावः । **नेत्यर्थं** इति । स्थानिवद्भावो नेत्यर्थः । **तत्र**–देवाः सन्तीति लक्ष्ये । **दुर्लभमिति** । एवञ्च प्रकृतलक्ष्ये स्थानिवत्त्वस्याप्रसक्त्या 'अशि' इत्यस्य ग्रहणं व्यर्थमिति भावः । **तदा**=उक्तलक्ष्ये स्थानिवद्भावाप्रवृत्त्या दोषाभावे इत्यर्थः । **तत्र**=पयः सु इति

(१) 'स्थानी अल्वृत्ति धर्म का आश्रय लेकर होने वाली विधि में' और (२) 'स्थानी का सम्बन्धी=अवयव जो अल् तद्वृत्ति धर्म को मानकर होने वाली विधि में स्थानि-वद्भाव नहीं होता है'—ये दो अर्थ हैं, इनमें स्थानी अल् रेफ में रहने वाला धर्म रुत्व स्थानिवद्भाव से लाना दुर्लभ है, क्योंकि अल्मात्रविधि है, यह सब प्रस्तुत सूत्र पर भाष्य में कहा गया है—ऐसा यदि कहा जाय तब तो—'पयः सु' इसमें यत्व का वारण करने के लिए [सू० में] 'अशि' इसका ग्रहण है । क्योंकि यहाँ 'रोः सुपि' इस सूत्र से विसर्ग होता है । [इसलिये यहाँ अनल्विधि होने से स्थानिव-द्भाव करके 'यत्व' की अतिप्रसक्ति है । उसके वारण के लिए 'अशि' का ग्रहण है ।] और नियमशास्त्रों की विधिमुखेन [विधान करते हुए] ही प्रवृत्ति होती है, इस प्रकार वहाँ 'पयः सु' में 'रु' यह उत्वविशिष्ट रेफ ही स्थानी है इसलिए

१. विधिमुखेनैवेति । नियामकशास्त्राणां द्विधाप्रवृत्तिः–1. विधिमुखेन, २. निषेधमुखेन च तत्र यदि नियम्यशास्त्रीयोद्देश्यतावच्छेदकव्याप्यम्, नियामकशास्त्रीयोद्देश्य-तावच्छेदकव्यापकञ्च यद्रूपं तद्रूपावच्छिन्नातिरिक्तत्वेन नियम्यशास्त्रीयोद्देश्यता-वच्छेदकावच्छिन्ने सङ्कोच'तदा नियामकशास्त्रस्य विधिमुखेन प्रवृत्तिः, यथा

स्थानीति तद्वृत्तिरुत्वस्य स्थानिवत्त्वेन लाभः सुकरः। यदि तु "रोः सुपि"

स्थानिवद्भाव से उस रु में रहने वाले रुत्व का लाभ सरलतया हो जाता है। किन्तु

पदत्वयोग्यपूर्वोत्तरभागघटितसमुदायत्वावच्छिन्नातिरिक्तत्वेन अर्थवत्-सूत्रीयार्थवत्त्वावच्छिन्ने संकोचे वाक्यस्येव समासस्यापि प्रातिपदिकत्वाप्राप्त्या विधिमुखेन प्रवृत्तिः। निषेधमुखेन प्रवृत्तौ तु नियामकशास्त्रीयोद्देश्यताप्रयोजकपदस्य स्वार्थभिन्नं यत् नियम्यशास्त्रीयोद्देश्यतावच्छेदकव्याप्यनियामकशास्त्रीयोद्देश्यतावच्छेदकव्यापकरूपाच्छिन्नं तत्र भवतीत्यस्य न भवतीत्यर्थे लक्षणा, यथा समासभिन्नं यत् पदत्वयोग्यपूर्वोत्तरभागघटितसमुदायत्वावच्छिन्नं तत्प्रातिपदिकसञ्ज्ञं न भवति इत्यर्थेन वाक्यस्य प्रातिपदिकत्वाभावः समासस्य च तत्त्वं सिद्ध्यति। तत्र सति सम्भवे विधिमुखेनैव प्रवृत्तिः।

निषेधमुखेन प्रवृत्तेः स्वार्थहानि-परार्थकल्पना-शास्त्रबाधरूपदोषत्रयग्रस्तत्वात्। विधिमुखेन प्रवृत्तौ, निषेधार्थकत्वं तु उक्तरीत्या सङ्कोचेनफलितार्थमादायैव।

